
नई दिल्ली, गुरुवार
6 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



मोदी चुने गए राजग के नेता 1
जज को फैसले के राजनीतिक असर की समझ होना जरूरी: जस्टिस चंद्रचूड़ 3



********

**67** सीटें आप को वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में और वर्ष 2020 के चुनाव में 62 सीटें मिली थीं

**2** हजार वोट की सिर्फ बढ़त मिली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विधानसभा क्षेत्र नई दिल्ली में आप प्रत्याशी को इस लोकसभा चुनाव में

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 6 जून, 2024
www.jagran.com

# सौरभ, आतिशी और गहलोत अपने क्षेत्र में भी नहीं दिला सके बढ़त

- इन तीन मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र में पिछड़े आइएनडीआइए प्रत्याशी
- भाजपा प्रत्याशियों को 52 विधानसभा क्षेत्रों में मिली बढ़त
- सरकार के स्वास्थ्य और शिक्षा माडल मतदाताओं पर बेअसर


सौरभ भारद्वाज


आतिशी


कैलाश गहलोत

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। गठबंधन के प्रत्याशी अधिकांश आप विधायकों के साथ ही दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी और कैलाश गहलोत के विधानसभा क्षेत्रों में बुरी तरह से पिछड़ गए। भाजपा इसे आप सरकार के मंत्रियों के प्रति जनता की नाराजगी बता रही है।

सौरभ भारद्वाज के पास स्वास्थ्य मंत्रालय जैसा महत्वपूर्ण विभाग है। आप सरकार दावा करती है कि उनका स्वास्थ्य माडल विश्वस्तरीय है। स्वास्थ्य मंत्री भी अक्सर मीडिया के सामने आकर अपने विभाग की उपलब्धियां रखते हैं, लेकिन उनके विधानसभा क्षेत्र ग्रेटर कैलाश के लोग उनके काम से असंतुष्ट दिखे। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र आता है। यहां से आप के प्रत्याशी सोमनाथ भारती लगभग 18 हजार मतों से पिछड़ गए। भाजपा का कहना है कि दिल्ली दिल्ली के अस्पतालों सुविधाओं का अभाव, भ्रष्टाचार के आरोप, मोहल्ला क्लीनिक में व्यस्था नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। यही कारण है कि स्वास्थ्य मंत्री सौरभ अपने क्षेत्र में भी पार्टी को जीत नहीं दिला सके।

इस समय शिक्षा, बिजली, जल सहित कई महत्वपूर्ण विभाग आतिशी संभाल रही हैं। वह दक्षिणी दिल्ली में आने वाले कालका विधानसभा क्षेत्र की विधायक हैं। उनका क्षेत्र में भी आप प्रत्याशी सही राम लगभग 12 हजार मतों से पिछड़ गए। भाजपा का कहना है कि आतिशी दिल्लीवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में असफल रही हैं। इस समय दिल्ली के कई क्षेत्रों में गंभीर जल संकट है। बिजली की मांग बढ़ने पर बिजली कटौती की समस्या भी हो रही है। शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी ठीक नहीं है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी महाबल मिश्रा लगभग 28 हजार मतों से पीछे रहे हैं। दिल्ली में बदहाल परिवहन व्यस्था से लोगों की नाराजगी की यह झलक है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विधानसभा क्षेत्र नई दिल्ली में आप प्रत्याशी को मात्र दो हजार वोट की बढ़त मिली। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के विधानसभा क्षेत्र बाबरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी को 16 हजार से अधिक और खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन के विधानसभा क्षेत्र बल्लीमरान से 29 हजार से अधिक मतों से बढ़त मिली। भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर का कहना है कि दिल्ली सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। यही कारण है कि दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी और कैलाश गहलोत को उनके क्षेत्र के लोगों ने नकार दिया है। मुख्यमंत्री भी अपने क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी को सिर्फ दो हजार की बढ़त दिला सके। गोपाल राय और इमरान हुसैन के क्षेत्र में अवश्य गठबंधन के प्रत्याशी को अच्छी बढ़त मिली है, क्योंकि वहां मुस्लिम मतदाता अधिक हैं। उन्हें भ्रमित कर भाजपा के विरोध में खड़ा किया गया है। दिल्ली के लोग भाजपा के साथ हैं और उसके प्रत्याशियों को 52 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर निश्चिंत है आप

संजीव गुप्ता • जागरण

- आप बोली, लोकसभा में भाजपा जबकि विधानसभा में आप को वोट की परंपरा
- कहा, केजरीवाल जेल से बाहर नहीं आए तो भी उनके नाम पर ही वोट मिलेगा


आम आदमी पार्टी मुख्यालय • जागरण आर्काइव

> आम आदमी पार्टी चुनाव दर चुनाव मजबूत हो रही है। उसका वोट शेयर भी बढ़ रहा है। रही बात विधानसभा चुनाव की तो उसे लेकर कहीं कोई उलझन नहीं है। लोकसभा में भाजपा तो दिल्ली में आप। केजरीवाल जेल में रहें या बाहर, दिल्ली की जनता एक बार फिर से उन्हें ही अपना मुख्यमंत्री चुनेगी।
> -**गोपाल राय**, प्रदेश संयोजक, आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली:** कांग्रेस से गठबंधन के बावजूद आप लोकसभा चुनाव में राजधानी की एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर पाई। लेकिन तब भी पार्टी हतोत्साहित नहीं बल्कि उत्साहित है। पार्टी नेताओं का कहना है कि आप का वोट प्रतिशत बढ़ा है तो कई सीटों पर पार्टी ने भाजपा को कड़ी टक्कर भी दी है। पार्टी छह-सात माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी निश्चिंत है। पार्टी नेताओं की मानें तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर न आने की स्थिति में भी चुनाव में वोट उन्हीं के नाम पर पड़ेगा।

जेल के बदले वोट अभियान को लेकर पूछे जाने पर वरिष्ठ पार्टी नेता इसे असफल नहीं बताते। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव में पहले दो बार भी भाजपा को ही सर्वाधिक वोट मिले थे। इस बार भी वही हुआ। लेकिन इस अभियान की सफलता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि आप उम्मीदवारों ने खूब मजबूती से चुनाव लड़ा और भाजपा को कड़ी टक्कर दी। आलम यह रहा कि भाजपा भी कुछ सीटों को लेकर संशय में थी। विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस से गठबंधन करने या नहीं करने के सवाल पर पार्टी नेता अभी इसे जल्दबाजी कहते हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अनुपस्थिति यानी उनके जेल में होने पर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी पार्टी नेता अधिक परेशान नहीं हैं। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव को लेकर जनता का विजन स्पष्ट है। उसको जो चाहिए, वह आप सरकार उन्हें दे रही है। जनता जिन मुद्दों पर आप को वोट देती है, उन्हें करने की गारंटी भाजपा आज तक नहीं दे पाई है।

## चुनावी नतीजों से हुआ साफ, देश नहीं सहेगा तानाशाही : पाठक


डा. संदीप पाठक

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव का नतीजा देश के सामने है। देश ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी तरह की तानाशाही और गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह बातें बुधवार को आप मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहीं। संदीप पाठक ने कहा कि भाजपा को पिछली बार से 63 सीटें कम मिली हैं, कई सीएम को जेल में डालने, कई नेताओं के यहां छापे मारने के बावजूद आइएनडीआइए को बेहतर नतीजे मिले हैं। पाठक ने कहा, ''आम आदमी पार्टी ने विषम परिस्थिति में बेहतर चुनाव लड़ा। भाजपा ने धमकी दी थी कि चुनाव से पहले आप को तोड़ देंगे। हमारे नेताओं को तोड़ने के लिए, डराया धमकाया गया। इसके बावजूद हम चुनाव लड़े। पंजाब से हमें तीन सीटें मिली हैं। दिल्ली की बात करें तो यहां पर सेट पैटर्न है। लोकसभा में भाजपा और विधानसभा में आप को वोट मिलता है। लेकिन इस बार उनकी जीत का मार्जिन बहुत कम है। पंजाब में इस बार हमें तीन सीटें मिली हैं और 26 प्रतिशत वोट मिला है।

# उत्साहित भाजपा की नजर विधानसभा चुनाव पर

## राजधानी की बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति को अपने अनुकूल मान रही है भारतीय जनता पार्टी

संतोष कुमार सिंह • जागरण

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में हैट-ट्रिक लगाने से भाजपा नेता व कार्यकर्ता उत्साहित हैं। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनावी रण में उतरे थे। उन्हें उम्मीद थी कि भाजपा विरोधी मतों का बंटवारा नहीं होने से उनके पक्ष में परिणाम आएगा, परंतु दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का समर्थन देते हुए, सभी सातों सीटों पर कमल खिला दिया। इससे उत्साहित भाजपा की नजर अब सात माह बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव पर है। पार्टी को लगता है कि आप सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप और मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का चुनावी लाभ उसे मिलेगा।

इससे पहले वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में भी भाजपा को लोकसभा में सभी सीटें मिली थीं, परंतु विधानसभा चुनाव में उसे बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 70 में से 67 और वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में 62 सीटें मिली थीं। यह माना जाता है कि लोकसभा चुनाव में दिल्लीवासी प्रधानमंत्री मोदी को अपना समर्थन देते हैं परंतु विधानसभा में वह केजरीवाल के साथ रहते हैं। वहीं, भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्लीवासी अब आप की सच्चाई जान गए हैं।

भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उत्पन्न हुई आम आदमी पार्टी पर दिल्लीवासियों ने विश्वास कर उसे सत्ता सौंपी थी। वर्ष 2015 में सत्ता में आते ही मुफ्त बिजली- पानी की सुविधा देने के साथ ही केजरीवाल सरकार ने बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य माडल का दावा कर जनता में अपनी पकड़ मजबूत की। महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा की घोषणा से दिल्ली के मतदाताओं पर उसकी पकड़ और मजबूत हुई और वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी आप को बड़ी जीत मिली थी। वहीं, इस कार्यकाल में केजरीवाल सरकार व आप मुश्किल दौर से गुजर रही है। केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व सांसद संजय सिंह की आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तारी हो चुकी है। संजय सिंह जमानत पर बाहर हैं। पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन भी भ्रष्टाचार के मामले में जेल में हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी भाजपा नेताओं ने केजरीवाल सरकार पर भ्रष्टाचार के मुद्दे को आक्रामक तरीके से उठाया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार में कहा था, केजरीवाल अभी आबकारी नीति घोटाले में अंदर गए हैं, सात अन्य घोटालों की जांच चल रही है। उन्होंने घोटाले भी गिनाए थे। अब भाजपा नेता इसे विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर उठाने वाले हैं।

बड़ी चुनौती » संपादकीय

### अमित शाह द्वारा गिनाए गए आप सरकार के घोटाले, पार्टी बनाएगी मुद्दा

- **2,875** करोड़ का आबकारी नीति घोटाला
- **78** हजार करोड़ का जल बोर्ड घोटाला
- **5,000** करोड़ का क्लास रूम का घोटाला
- **1,000** करोड़ का नकली दवाओं का घोटाला
- **1,000** करोड़ का बस खरीदने का घोटाला
- **2,000** करोड़ का पैनिक बटन घोटाला
- **4,000** करोड़ का लैब व एक्सरे घोटाला
- **125** करोड़ का शीश महल बनाने का घोटाला


भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता • जागरण आर्काइव

> यह जीत हमारे लिए एक विराम है। अब सभी कार्यकर्ता भ्रष्ट केजरीवाल सरकार को हटाने के लिए काम करेंगे। दिल्लीवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इसके लिए परिश्रम करेगा।
> -**वीरेंद्र सचदेवा**, अध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश भाजपा

### भाजपा के सामने इस जीत से मिली ऊर्जा को बनाए रखने की चुनौती

पिछले दोनों लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद भी भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह था, पार्टी में गुटबाजी व अन्य कारणों से वह विधानसभा तक कायम नहीं रह सका। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस बार सभी नए सांसद संगठन से जुड़े हुए हैं। इस कारण संगठन से उनका तालमेल बेहतर रहेगा। केजरीवाल सहित अन्य बड़े नेताओं के जेल में होने से आप के सामने पार्टी को एकजुट रखने की भी चुनौती है।

# कांग्रेस के पास अपनी खोई जमीन पाने का है मौका

संजीव गुप्ता • जागरण


प्रदेश कांग्रेस कार्यालय • जागरण

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटों पर जनता ने आप-कांग्रेस गठबंधन को भले ही नकार दिया हो। लेकिन इस चुनाव ने कांग्रेस के लिए खोई जमीन वापस पाने के संकेत भी दिए हैं। ज्यों-ज्यों आम आदमी पार्टी और इसके नेताओं का विवादों से नाता बढ़ता जा रहा है, दिल्ली के लोग शीला दीक्षित सरकार के कामकाज को भी याद कर रहे हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप ने अलग अलग चुनाव लड़ा था। तब पांच सीटों पर कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही थी जबकि दो सीटों पर आप। इस बार पहली दफा आप और कांग्रेस ने मिलकर यह चुनाव लड़ा है। चार सीटों पर आप के उम्मीदवार खड़े हुए जबकि तीन पर कांग्रेस के। जीत हालांकि इस बार भी सभी सातों सीट पर भाजपा उम्मीदवारों की ही हुई है, लेकिन गठबंधन प्रत्याशियों को भी अच्छा वोट मिला। सभी अपनी जमानत बचाने में भी कामयाब रहे।

राजनीतिक जानकारों की मानें तो आप ने ही दिल्ली में कांग्रेस की जमीन हथियाई थी। लेकिन अब जबकि सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया के बाद खुद सीएम अरविंद केजरीवाल भी सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं तो दिल्ली के एक बड़े तबके की सोच भी बदली है। लोग यह चर्चा करते नजर आ जाते हैं कि अगर सब कुछ ठीक होता तो कोर्ट से जमानत भला क्यों नहीं मिल जाती। आप के लिए ऐसा सोचते हुए लोग अनायास ही शीला दीक्षित सरकार के कार्यकाल और उनके द्वारा कराए गए दिल्ली के विकास को भी याद करने लगते हैं।

**लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की तीन सीटों पर कांग्रेस का प्रदर्शन**

| लोकसभा क्षेत्र | वोट प्रतिशत | भाजपा से अंतर |
|---|---|---|
| उत्तर पश्चिमी | 38.78 | 19.41 |
| चांदनी चौक | 44.22 | 9.24 |
| उत्तर पूर्वी | 44.2 | 8.86 |

> निश्चित तौर पर कांग्रेस अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश करेगी। लोकसभा चुनाव परिणाम का विश्लेषण करते हुए अपनी कमियां भी दूर की जाएंगी।
> -**देवेंद्र यादव**, अध्यक्ष, दिल्ली कांग्रेस

# 'जनसेवक की तरह से सेवा करेंगे सातों सांसद'



लोस चुनाव जीतकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में पहुंचे सातों सांसद बांसुरी स्वराज, प्रवीन खंडेलवाल, योगेंद्र चंदोलिया, रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, कमलजीत सहरावत, हर्ष मल्होत्रा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ विजयी चिह्न बनाते हुए • ध्रुव कुमार

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत मिलने के बाद बुधवार को नवनिर्वाचित सांसदों का भाजपा के पार्टी कार्यालय में स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के बीच अवसरवादी गठबंधन होते ही भाजपा की जीत सुनिश्चित हो गई थी। पंजाब में दोनों पार्टी आपस में लड़ रहे थे और दिल्ली में एक साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे थे। दिल्ली के मतदाता बहुत समझदार हैं। उन्होंने इस अवसरवादी गठबंधन को नकार दिया। भाजपा के सभी सातों सांसद जनसेवक की तरह से दिल्लीवासियों की सेवा करेंगे।

उन्होंने कहा कि इससे पहले यह उपलब्धि किसी और पार्टी को नहीं मिली थी। इस जीत के नायक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। दिल्ली में भ्रष्टाचारी सरकार है। पिछले 16 माह से भाजपा कार्यकर्ता इस सरकार की पोल खोल रहे थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्ली के लोगों ने मतदान किया। दिल्ली में जल संकट है। मानसून आने वाला है, लेकिन नालों की सफाई नहीं हुई है। बुजुर्ग पेंशन के लिए भटक रहे हैं। इन समस्याओं के लिए आप सरकार जिम्मेदार हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए दिल्ली में डबल इंजन की सरकार लाने की जरूरत है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने कहा जनता को केंद्र व दिल्ली सरकार के कार्यों के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए छह माह तक काम किया जाएगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, हर्ष मल्होत्रा, योगेंद्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खंडेलवाल, बांसुरी स्वराज, भाजपा नेता अरविंदर सिंह लवली, प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर उपस्थित थे।

# लोस चुनाव में फ्लाप रहा आम आदमी पार्टी का विधायकों पर दांव

अजय राय • जागरण

- दिल्ली के महासमर में तीन में से दो विधायक अपने क्षेत्र में भी नहीं बना पाए बढ़त
- नई दिल्ली से सोमनाथ भारती, दक्षिण से सहीराम पहलवान व पूर्वी दिल्ली से कुलदीप थे प्रत्याशी


कुलदीप कुमार


महाबल मिश्रा


सहीराम पहलवान


सोमनाथ भारती

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में अपना खाता खोलने के लिए कई जतन किए। सबसे पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चार सीटों पर ही उम्मीदवार उतारा। जीत की छटपटाहट इतनी थी कि पार्टी ने इस बार चार में से तीन सीटों पर उसी क्षेत्र के विधायकों पर और एक सीट पर उसी क्षेत्र के विधायक के पिता व पूर्व सांसद पर दांव लगा दिया, लेकिन मतगणना में कुछ ही राउंड में स्पष्ट हो गया कि ये दांव फेल रहा है। शाम होते जनादेश ने इस पर मोहर लगा दी।

महासमर के लिए आप ने जब उम्मीदवारों की घोषणा की थी तो रणनीति यही थी कि क्षेत्रिय क्षत्रपों को उतारना मास्टर स्ट्रोक होगा और दस साल से संसदीय चुनाव में जीत का सूखा खत्म हो जाएगा। लेकिन, नतीजों से साफ है कि इस दांव को मतदाताओं ने खारिज कर दिया। उल्टे उनके खिलाफ सत्ता विरोधी लहर हावी हो गई। वहीं, भाजपा ने इन सीटों पर उम्मीदवार बदलकर यह संदेश दे दिया कि जो जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं वह पार्टी प्रत्याशी नहीं। साथ ही भाजपा उम्मीदवारों ने अपनी प्राथमिकताओं को जारी करने के साथ सभाओं में भी मतदाताओं के समक्ष रखा। आप उम्मीदवारों ने विजन भले तैयार किया, लेकिन उनकी सभाओं में दिल्ली सरकार की मुफ्त की योजनाओं पर जोर ज्यादा रहा, बाकी अपने शीर्ष नेता के लिए लड़ते दिखे।

अपने विस क्षेत्र में ही हारे विधायक सोमनाथ व कुलदीप मालवीय नगर से तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती नई दिल्ली से आप प्रत्याशी के रूप में महासमर में उतरे और अपने विधानसभा क्षेत्र मालवीय नगर माडल के अनुसार लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहने का वादा करते रहे। लेकिन, नतीजों में अपने ही गढ़ में हार गए। यहां भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने चार हजार से अधिक मतों से बढ़त हासिल कर ली। सोमनाथ प्रचार के दौरान मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में हर बार अपने जीत के अंतर को दोगुना होने की बात भी बताना नहीं भूलते थे। उधर, कोंडली विस क्षेत्र से विधायक और पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार की भी कमोबेश सोमनाथ वाली ही स्थिति रही। कुलदीप पर कोंडली विस क्षेत्र में ही भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा ने 1,500 से अधिक मतों से बढ़त बना ली। यहां सामान्य सीट पर अनुसूचित जाति से उम्मीदवार उतारकर आप ने कोंडली के साथ त्रिलोकपुरी विस क्षेत्र में बहुतायत इस वर्ग के मतदाताओं को साधने का प्रयास किया था। लेकिन, यह दांव असफल रहा और त्रिलोकपुरी से भी हर्ष ने कुलदीप से सात हजार से अधिक मत प्राप्त किए।

### बेटे के विस क्षेत्र में भी हारे महाबल मिश्रा

दक्षिणी दिल्ली लोस क्षेत्र से आप उम्मीदवार और तुगलकाबाद विस क्षेत्र में विधायक सहीराम पहलवान अपने क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी पर बड़ी बढ़त बनाने में नाकाम रहे। यहां पहलवान को बिधूड़ी से लगभग पांच हजार अधिक मत ही प्राप्त कर सके। वहीं, विधायक बिधूड़ी ने अपने बदरपुर विस क्षेत्र में 22 हजार से अधिक मतों की बढ़त हासिल की। उधर, पश्चिमी दिल्ली से आप प्रत्याशी महाबल मिश्रा के पुत्र विनय मिश्रा इसी इलाके के द्वारका विस क्षेत्र से विधायक हैं। महाबल भी इसी लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं। इस बार उन्होंने जीत के लिए पूरी ताकत लगा दी, लेकिन सबसे बड़ा झटका उन्हें अपने बेटे के क्षेत्र से ही लगा, जहां वो भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत से 10 हजार से अधिक मतों से पिछड़ गए।

# आइआइटी दिल्ली और डीयू की क्यूएस रैंकिंग में बड़ी छलांग, शीर्ष में150वां स्थान

**08** विशिष्ट विषय क्षेत्र में संस्थान को शीर्ष 100 संस्थानों में भी स्थान दिया

**100** दुनिया के शीर्ष विश्व विश्वविद्यालयों में से एक है आइआइटी दिल्ली

- पिछले साल के मुकाबले में आइआइटी दिल्ली वर्ल्ड रैंकिंग में 47 पायदान बढ़ा आगे
- डीयू पिछले साल के मुकाबले 79 पायदान आगे बढ़ा, जेएनयू ने भी स्थिति सुधारी




**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में आइआइटी दिल्ली 47 और दिल्ली विश्वविद्यालय ने 79 पायदान की छलांग लगाई है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली ने विश्व के शीर्ष संस्थानों में 150वां और डीयू ने 328वां स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष आइआइटी दिल्ली 197वें और डीयू 407वें स्थान पर था। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने स्थिति में सुधार किया है। 30 स्थान रैंक में बेहतर हुई है। इस वर्ष उनकी रैंक 580 आई है। पिछले वर्ष 601- 610 थी। वहीं एक्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में आइआइटी बांबे ने शीर्ष में जगह बनाई है, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एमआइटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। आइआइटी बांबे पिछले साल के 149वें स्थान से 31 रैंक ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है।

आइआइटी दिल्ली ने कहा है कि संस्थान प्लेसमेंट के मामले में प्रतिष्ठा के संबंध में शीर्ष 100 विश्व विश्वविद्यालयों में से एक है, एक क्यूएस पैरामीटर जो वैश्विक नियोक्ताओं की धारणाओं का मूल्यांकन करने के लिए डिजाइन किया गया है कि कौन से संस्थान सबसे अधिक नौकरी के लिए तैयार स्नातक प्रदान कर रहे हैं। आइआइटी दिल्ली की रैंकिंग सेल के प्रमुख और डीन प्लानिंग प्रो. विवेक बुवा ने कहा, हमें खुशी है कि आइआइटी दिल्ली ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 150 हासिल की है। यह संस्थान की अब तक की सबसे ऊंची क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंक भी है। उन्होंने कहा, हमारी फैकल्टी और छात्रों द्वारा बड़े पैमाने पर उद्योग और समाज से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को आगे बढ़ाने के साथ, संस्थान के पास अपनी रैंक में और सुधार करने की मजबूत क्षमता है। संस्थान को शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, रोजगार परिणाम और अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क जैसे कई क्यूएस रैंकिंग मापदंडों के तहत शीर्ष पांच भारतीय संस्थानों में शामिल किया गया है। आइआइटी दिल्ली ने क्यूएस द्वारा मूल्यांकन किए गए 5000 से अधिक संस्थानों की सूची में से रैंकिंग के मामले में 90 प्रतिशत को पीछे छोड़ दिया है। अप्रैल 2024 में घोषित विषय 2024 के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के व्यापक विषय क्षेत्र में संस्थान को 45 रैंक के साथ दुनिया के शीर्ष 50 संस्थानों में स्थान दिया गया। आठ विशिष्ट विषय क्षेत्र में संस्थान को दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में भी स्थान दिया गया।

### भारत के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर डीयू

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 में डीयू ने भारत के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पहला स्थान प्राप्त किया है। साथ ही देश भर के अन्य संस्थानों की सूची में पिछले वर्ष के 9वें स्थान के मुकाबले डीयू इस बार सातवें स्थान पर पहुंचा है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि भारत के शीर्ष 10 संस्थानों में डीयू ने 79 रैंक ऊपर उठकर सबसे अधिक प्रगति की है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस बार डीयू ने शीर्ष 22 प्रतिशत में अपना स्थान बनाया है। इम्प्लायमेंट आउटकम्स और सस्टेनेबिलिटी में भारत के संस्थानों में डीयू पहले स्थान पर रहा है। इनके अलावा इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क में तीसरा, अकादमिक रेप्युटेशन में पांचवा और एम्प्लायर रेप्युटेशन में डीयू को आठवां स्थान मिला। कुलपति ने बताया कि वैश्विक स्तर पर नौ संकेतकों में से चार संकेतकों में डीयू को 270 संस्थानों में शामिल किया गया है। इनमें इम्प्लायमेंट आउटकम्स में 44वां, सस्टेनेबिलिटी में 220वां, अकादमिक रेप्युटेशन में 225वां और एम्प्लायर रेप्युटेशन में 269वां स्थान मिला है।

### एमआइटी ने 13वीं बार शीर्ष स्थान प्राप्त किया है




एक्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में आइआइटी बांबे ने शीर्ष में जगह बनाई है, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एमआइटी) 13वीं बार शीर्ष स्थान बरकरार रखने में सफल रहा है। आइआइटी बांबे अब 31 रैंक चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच चुका है। रैंकिंग के इस संस्करण में 46 विश्वविद्यालयों को शामिल करते हुए, भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सातवीं और एशिया में तीसरी है, जो केवल जापान (49 विश्वविद्यालय) और चीन (71 विश्वविद्यालय) से पीछे है। शीर्ष 400 में अन्ना विश्वविद्यालय 383वें स्थान पर है। भारत का रोजगार परिणाम स्कोर 23.8 के वैश्विक औसत से 10 अंक कम आया है, जो नौकरी की आवश्यकताओं और स्नातकों के कौशल के बीच अंतर को पाटने और नए स्नातकों के लिए अधिक अवसर पैदा करने की आवश्यकता को दिखाता है। क्यूएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसके अतिरिक्त भारत का स्थिरता स्कोर भी वैश्विक औसत से लगभग 10 अंक कम है और उच्च शिक्षा प्रणाली के अंदर स्थिरता पहल को प्राथमिकता देने और मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। देश अंतरराष्ट्रीय संकाय अनुपात व अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात संकेतकों में पीछे है, जो अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आदान-प्रदान की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अनुपात के लिए भारत का स्कोर मात्र 2.9 है, जो वैश्विक औसत 26.5 से कम है।

********

नई दिल्ली, गुरुवार
6 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



विपक्ष ने खुला रखा सरकार बनाने का विकल्प 3
फडणवीस ने स्वीकारी महाराष्ट्र में हार की जिम्मेदारी, छोड़ना चाहते हैं उप मुख्यमंत्री पद 9

# मोदी चुने गए राजग के नेता

## बैठक में मोदी के नेतृत्व पर सहयोगी दलों ने लगाई मुहर, नीतीश कुमार और चंद्रबाबू भी रहे मौजूद

## अब शनिवार या रविवार को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की ले सकते हैं शपथ

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** राजग में शामिल दलों ने नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया है। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू प्रमुख नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल्द से जल्द सरकार के गठन की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया। 292 सांसदों के साथ राजग को लोकसभा में तीसरी बार स्पष्ट बहुमत मिला है। माना जा रहा है कि शुक्रवार को राजग के संसदीय दल की बैठक होगी और इसमें मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद शनिवार या रविवार को मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

बैठक में राजग के सभी सहयोगी दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को सराहा और पिछले 10 सालों में हुए विकास व जनकल्याण के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। प्रधानमंत्री के पास विकसित भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है और वे इस लक्ष्य को हासिल करने में साझीदार हैं। राजग नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 साल में चलाई गई गरीब कल्याणकारी योजनाओं की भी सराहना की और इन्हें आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया। वहीं, मोदी बोले-1962 के बाद पहली बार किसी सरकार को लगातार तीसरा कार्यकाल मिलना ऐतिहासिक है और यह सरकार के 10 सालों के कार्यों पर जनता के भरोसे को दिखाता है। अब समर्थन की चिट्ठी के साथ मोदी राष्ट्रपति के सामने सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

बैठक के दौरान नेताओं के बैठने के क्रम से राजग में उनकी अहमियत का भी संकेत मिला है। पीएम के बायीं तरफ 16 सीटें जीतने वाली तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू, उसके बाद 12 सीटें जीतने वाली जदयू के नीतीश कुमार बैठे थे। उनके बगल में सात सीटें जीतने वाले शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे बैठे थे। पीएम की दायीं तरफ सबसे ज्यादा 240 सीटें जीतने वाली भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, उनके बगल में राजनाथ सिंह और अमित शाह बैठे थे। शाह के बगल में पांच सीटें जीतने वाली लोजपा के चिराग पासवान, उनके बगल में दो सीट जीतने वाले जेडीएस के कुमारस्वामी और इतनी ही सीट जीतने वाली रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी बैठे दिखे। एक-एक सीट जीतने वाले सहयोगी दलों के नेताओं को उनके बाद जगह मिली। जल्द ही नए मंत्रिमंडल में सहयोगी दलों की भागीदारी का फार्मूला तय होगा।

जनादेश >> पेज 9, 10, 13 व संपादकीय



नई दिल्ली में राजग की बैठक के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी, तेदेपा अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू व जदयू प्रमुख नीतीश कुमार ● प्रेट्र

- राजग के सहयोगी दलों ने 10 वर्षों में हुए विकास व जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की
- समर्थन की चिट्ठी के साथ नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति के सामने पेश करेंगे सरकार बनाने का दावा

अपने अहम राजग सहयोगियों से मुलाकात की। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय विकास को आगे बढ़ाएगा और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगा। हम भारत के 140 करोड़ लोगों की सेवा करेंगे और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे।

-नरेन्द्र मोदी

### सरकार गठन से पहले पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मु को सौंपा इस्तीफा

नई सरकार के गठन के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश करने का फैसला किया गया। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 17 जून तक है। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को नई सरकार के गठन तक अपने मंत्रियों के साथ कार्यभार संभालने का आग्रह किया। नई लोकसभा के गठन और नई सरकार के शपथ ग्रहण से पहले मंत्रिमंडल की ओर से प्रधानमंत्री का इस्तीफा सौंपना एक सामान्य प्रक्रिया है। इसके बाद बुधवार रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और निवर्तमान मंत्रिपरिषद के लिए राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन किया। इसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल हुए।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को प्रधानमंत्री पद से अपना त्यागपत्र सौंपते नरेन्द्र मोदी ● प्रेट्र

### हार-जीत राजनीति का हिस्सा, नंबर गेम चलता रहता है: मोदी

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को आए लोकसभा चुनाव के नतीजों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है, नंबर गेम चलता रहता है। उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों से कहा कि हमने 10 साल अच्छा काम किया और आगे भी करेंगे। आप सभी ने बहुत मेहनत की है, इसके लिए सभी का आभार। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार राजग की सरकार बनने को ऐतिहासिक बताया है। इसके साथ ही उन्होंने तीसरे कार्यकाल में देश के विकास की रफ्तार बनाए रखने, जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का एलान किया है।




खास आपके लिए, खास ऑफर!













पाइये ऐसे और आकर्षक ऑफर, हमारी वेबसाइट्स पर: www.engageshop.in, www.fiama.in और www.dermafique.com

********

# वर्षा से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत

## दिन में चली लू, रात 25 किमी की गति से चली आंधी, फिर वर्षा से बदला मौसम

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** दिल्ली में बुधवार को दिन भर भीषण गर्मी रही जबकि रात नौ बजे के बाद मौसम ने करवट ली। 25 किमी प्रति घंटे तक की गति से आंधी चली तो कहीं हल्की और कहीं थोड़ी तेज वर्षा भी हुई। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तेज हवा के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई है। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। दिल्ली में धूल भरी हवाओं के साथ ही हल्की वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बुधवार को इस सीजन में पहली बार औसत न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रहा। यह बीते छह वर्ष में पांच जून का सर्वाधिक है। इससे पूर्व वर्ष 2018 में पांच जून को न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस था। औसत अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को दिल्ली के कई क्षेत्रों में लू चली, जिससे तापमान ज्यादा रहा। दिल्ली के कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक रहा।



दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी रही, रात को वर्षा के दौरान फिरोजशाह रोड पर गुजरते वाहन • चंद्र प्रकाश मिश्र

नजफगढ़ बुधवार को सबसे गर्म रहा, जहां का अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को भी बूंदाबांदी हो सकती है। 30 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से धूल भरी हवा चल सकती हैं। अधिकतम तापमान में दो डिग्री की कमी आ सकती है और यह 42 डिग्री के आसपास रह सकता है। न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच से छह दिन तक अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के आसपास जबकि न्यूनतम तापमान 30 से 31 डिग्री के पास बना रहेगा। बृहस्पतिवार को बादलों की आवाजाही भी रह सकती है। गरज चमक और धूल भरी हवाओं के साथ हल्की वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। हवा की गति 30 से 40 किमी प्रति घंटा रह सकती है।


**कहां कितना तापमान**

| | |
|---|---|
| नजफगढ़ | 46.4 डिग्री |
| नरेला | 46.3 डिग्री |
| पूसा | 46.1 डिग्री |
| पीतमपुरा | 45.8 डिग्री |
| जाफरपुर | 45.3 डिग्री |
| आया नगर | 45.0 डिग्री |

# मां के नाम पर अवश्य लगाएं एक पौधा : उपराज्यपाल

**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने की दिल्ली की जनता से अपील**

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** विश्व पर्यावरण दिवस पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बुधवार को एक्स पर दिल्ली वासियों के नाम एक पत्र साझा किया। इसमें उन्होंने लिखा कि पर्यावरण के संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम और ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में पौधारोपण सबसे कारगर उपाय है। दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी और प्रदूषण के हालात से आज हर एक दिल्लीवासी भली-भांति परिचित है। जरूरत है कि इस अभियान में सभी दिल्लीवासी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें और एक पौधा अपनी मां के नाम पर अवश्य लगाएं।



वीके सक्सेना

उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली वाले अपनी मां के साथ पेड़ लगाते हुए तस्वीर #प्लांट4मदर एवं #एक_पेड़_मां_के_नाम के साथ जरूर साझा करें। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़ अपने निजी मकान, प्रांगण, भूमि, फार्म आदि में लगाए जा सकते हैं। जिन दिल्लीवासियों के पास पौधारोपण के लिए अपनी खुद की जमीन उपलब्ध नहीं है, उनके लिए यमुना के किनारे और दिल्ली के अन्य हिस्सों में स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली सरकार के वन विभाग की ओर से दिल्ली के लोगों को निश्शुल्क पौधे प्रदान किए जाते हैं। लोग वन विभाग की नर्सरी से भी पौधे लेकर इस अभियान में शामिल हो सकते हैं। इस अभियान में आपकी भागीदारी न सिर्फ आप सभी की माता के प्रति एक सम्मान का सूचक या श्रद्धांजलि होगी बल्कि हम सब की धरती मां के संरक्षण और संवेदन के साथ-साथ संवर्धन के साथ सभी को एक-एक सुरक्षित भविष्य प्रदान करेगा। उन्होंने दिल्ली वासियों से आग्रह किया कि हर उम्र और वर्ग के लोग अपनी मां के प्रति स्नेह, श्रद्धा और समर्पण प्रदर्शित करते हुए उनके नाम से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में बहुमूल्य योगदान दें।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति:- | 30-Elect-28-T-2024-25-E3 निम्नलिखित के संबंध में विद्युत कार्य (I) विद्युत प्रशिक्षण केंद्र गाजियाबाद में छात्रावास भवन का विस्तार। (II) ADEN/E-III के दफ्तर SSE/W/TH के सेक्शन में डम्प स्टोर के ऊपर T&P रूम, किचन और टॉयलेट का निर्माण। |
| निविदा की अनुमानित लागत:- | रु० 39.93 लाख |
| कार्यालय का पता:- | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि:- | रु० 79900.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय:- | 28.06.2024, 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय:- | 28.06.2024, 12.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:- | www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1679/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ireps. के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

एन आई टी 04A&B/24-25, दिनांक: 05.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | काम का नाम (स्थान के साथ) | A. एडीईएन/बागवानी/नई दिल्ली के अंतर्गत एसएसई/बागवानी/एनडीएलएस अनुभाग में उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल के मुख्य प्रशासनिक भवन में किराये के आधार पर इनडोर, अच्छी तरह से विकसित सजावटी गमले वाले पौधे, औसत ऊंचाई: 1 फीट से 5 फीट की आपूर्ति और रखरखाव। B. एसएसई/सवर्स/उत्तरी रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल, नई दिल्ली के अनुभाग में [illegible] |
| 2. | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | A. 66,05,279.20, B. 1,89,90,144.28 |
| 3. | अग्रिम राशि | A. 1,31,900, B. 2,45,000 |
| 4. | काम की समाप्ति अवधि | A. 12 महीने, B. 12 महीने |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 02.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा 02.07.2024 को 15:30 बजे निविदा खोलना |
| 6. | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

129-W/268/OET/24-25/NRCH/NIT-4A&B Dated: 27.05.2024 1664/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# तिहाड़ जेल में सीएम केजरीवाल से पत्नी सुनीता और राघव चड्ढा ने की मुलाकात

**जासं, पश्चिमी दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के अगले ही दिन बुधवार को तिहाड़ जेल में बंद प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने मुलाकात की। जेल नियमावली के अनुसार मुलाकाती कक्ष में यह मुलाकात करीब आधा घंटा चली।

इसके पूर्व भी जेल में मुख्यमंत्री से मिलने उनकी पत्नी कई बार आ चुकी हैं, लेकिन राघव चड्ढा से जेल में यह उनकी मुलाकात है। उधर, मुख्यमंत्री के मधुमेह की बीमारी को देखते हुए जेल में दो चिकित्सक उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रहे हैं और इंसुलिन की आवश्यक डोज भी उन्हें दी जा रही है।

# गृह मंत्रालय को जांच अधिकारी पर कार्रवाई करने का निर्देश

- तीस हजारी कोर्ट ने डकैती के मामले में हुई जांच की निंदा की
- सभी आरोपितों का पता नहीं लगाने के लिए आलोचना की

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** तीस हजारी कोर्ट ने डकैती के एक मामले की जांच की निंदा करते हुए गृह मंत्रालय से जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। अदालत ने कहा कि जांच सही और निष्पक्ष तरीके से नहीं की गई है। अदालत ने चार में से तीन आरोपितों का पता लगाने के लिए प्रयास न करने की आलोचना की। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपित के खिलाफ अपराध के लिए सभी आवश्यक तत्वों को साबित करने में सक्षम रहा है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि डकैती के पीड़ितों और एक सरकारी गवाह के बयानों के बावजूद अपराध चार आरोपितों द्वारा किया गया था, आइओ ने तीन अन्य लोगों का पता लगाने का प्रयास नहीं किया।

विशेष न्यायाधीश एकता गौबा मान ने एकमात्र गिरफ्तार आरोपित शादाब को हथियार की मदद से डकैती से संबंधित अपराध के लिए दोषी ठहराया। पूरा मामला 2018 में कश्मीरी गेट पुलिस स्टेशन में दर्ज डकैती की प्राथमिकी से संबंधित है। शिकायतकर्ता ने अपनी प्राथमिकी में बताया था कि वो आटो रिक्शा में यात्रा कर रहा था। तभी पीछे से बाइक सवार दो लड़कों ने बाइक आटो के आगे लगाकर आटो को रोक दिया और पिस्तौल तान कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि इन बाइक सवार लड़कों की मदद के लिए अन्य दो लड़के भी वहां मौजूद थे।

# अंतरिम जमानत के लिए अदालत पहुंचे कारोबारी अमित अरोड़ा



**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के करीबी कारोबारी अमित अरोड़ा ने अदालत में अंतरिम जमानत याचिका दायर की। उन्होंने पत्नी की सर्जरी और उसकी देखभाल करने की जरूरत के आधार पर दो माह की अंतरिम जमानत की मांग की है। आरोपित की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दलील दी कि उनके मुवक्किल को पहले भी इसी आधार पर अंतरिम जमानत दी गई थी और ऐसा कोई आरोप नहीं है कि उन्होंने राहत का दुरुपयोग किया है। जब भी उन्हें कहा गया कि वह ईडी के सामने पेश हुए हैं। अधिवक्ता ने दलील दी कि उनका मुवक्किल 480 दिन से अधिक समय से हिरासत में है। अदालत छह जून को उनकी इस याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। ईडी ने अमित अरोड़ा को 29 नवंबर, 2022 को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था।


दैनिक जागरण **क्लासीफाइड**

कम दाम, ज्यादा काम

For online booking log on to www.jagranclassifieds.com

**सूचना**

**IN THE COURT OF SH. PARVEEN SINGH, ADJ-11, ROOM NO. 110 TIS HAZARI COURTS, DELHI**

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT (U/o 5 Rule 20 CPC)**

CSDJ/562/2023

Samar Maji ...... PLAINTIFF

VS

Inderjeet Singh & ors ...... DEFENDANT

To

1. Sh. Inderjeet Singh (D1) At: WZ/602, Tilak Nagar, New Delhi-110018. Mob: 8860540524

Whereas you are intentionally evading service of summon, it is hereby notified that if you shall not defend the case on 23.07.2024 10 AM, the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of the Court on 15.05.2024.

Seal District Judge-11, (Central), Tis Hazari Court, Delhi

मैं रीना बल पत्नी श्री दुलाल बल निवासी RZ-778 गली नंबर 13, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, अलखनन्दा, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली-110019 वर्तमान पता RZ-57M, तृतीय तल, गली नंबर 7, मध्य मार्ग, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110019 सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मैंने अपने पुत्र गोपाल बल को मेरी जानकारी के बिना अनजान महिला से शादी करने के कारण उसको, उसकी पत्नी और इनके वर्तमान और भावी बच्चों से सभी तरह के रिश्ते-नाते समाप्त करके उन्हे अपनी सभी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कार्य-व्यवहार, लेन-देन अथवा पुलिस प्रशासन के प्रति मेरी व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य की कोई भी जिम्मेदारी नही होगी।

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैं आभा पुत्री जगत सिंह दोहारे, मेरी माता उर्मिला सिंह प्रोपर्टी नंबर E-176, एरिया 100 गज, पता E- ब्लाक, रूप नगर, हर्ष विहार, हरी नगर विस्तार, बदरपुर नई दिल्ली की मालिक थी। जिनकी मृत्यु दिनांक 31/10/2016 व मेरे पिता जगत सिंह की मृत्यु दिनांक 18/11/2023 को हो गई। उनकी मृत्यु के बाद केवल मै एक अकेली वारिस हूं व उपरोक्त प्रॉपर्टी के कागजात काफी तलाश करने के बाद नहीं मिल पाए जिसकी मैंने रिपोर्ट भी कर दी है, अतः कोई भी व्यक्ति उन पेपरों का कुछ गलत उपयोग करता है तो उसको अमान्य माना जाये, उसका उपरोक्त प्रॉपर्टी से किसी भी प्रकार का कोई भी लेना देना नही होगा।

**मैं, महेन्द्र** सिंह पुत्र श्री हरचन्द निवासी म.नं.2, चौपाल शिव मन्दिर पाना, गांव निजामपुर, दिल्ली-81 अपने पुत्र दीपक व पुत्री अंतिम को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। क्योंकि ये मेरे कहने से बाहर हैं। भविष्य में इनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

MY CLIENTS SH. ANISH KHAN S/O LATE NIZAMUDDIN & IMRANA W/O ANISH KHAN R/O 921/E, CHAND MASJID GALI, BABARPUR, SHAHDARA, DELHI-110032 HAVE SEVERED ALL RELATIONS FROM THEIR ELDER SON MONISH AND DISOWNED HIM FROM THEIR MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES DUE TO HIS MISDEEDS, MISCONDUCT AND ILL-BEHAVIOUR. IF ANYBODY DEALS WITH HIM SHALL BE SOLELY RESPONSIBLE HIMSELF. LOKESH BHARTI ADVOCATE

**मैं** सुनीता पत्नी स्व. रोहतास मकान 8/18 सी श्रीराम गली न. 1 मौजपुर में रहती हूं। मैं अपने पुत्र सागर व इसकी पत्नी निशा को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। इन दोनों से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेनादेना नहीं।

**मेरे** मुवक्किलगण रामाधार पुत्र सुबेदार व उनकी पत्नी सुनीता पता- सीएन-764, भंवर सिंह कैम्प, वसन्त विहार, दिल्ली-110057 ने अपने पुत्र प्रदीप कुमार अवस्थी उर्फ रोहित व पुत्रवधु प्रीति अवस्थी को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य कार्यों के लिए मेरे मुवक्किलगण जिम्मेदार नहीं होंगे। आर. जे. वर्मा अधिवक्ता

**सर्व** साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किलान श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री जयप्रकाश एवं श्री जयप्रकाश पुत्र स्व. रमेश कुमार निवासी प्लाट नं. 5ए, दुर्गा विहार, फ-2, जफ्फारपुर कलां, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110073 ने अपने पुत्र अजय कुमार पुत्र श्री जयप्रकाश व उसकी पत्नी नैंसी रानी पत्नी श्री अजय कुमार को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण से अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके अपने समस्त पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं उनके किसी विवादित कार्य, लेन-देन हेतु मेरे मुवक्किलान उसके परिवार व जिम्मेंदार नहीं होंगे। कुसुम गुप्ता (अधिवक्ता) मो.9212158482

**मेरे** मुवक्किलगण देवकरन पुत्र लक्ष्मणदास व पत्नी मीरा निवासी बी-62 जे जे कॉलोनी कैम्प नं0 2 नांगलोई दिल्ली ने अपने पुत्रों शिवकुमार उर्फ विक्की पुत्रवधु अंजली, शंकर उर्फ राहुल पुत्रवधु संगीता को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य मे उनके किसी भी कृत्य कार्यों के लिए मेरे मुवक्किलगण जिम्मेदार नहीं होंगे। आर. जे. वर्मा अधिवक्ता।

**मेरी** मुवक्किला मीना देवी पत्नी श्री सुभाष ठाकुर R/o 132/6 शिव बक्श पार्क नांगलोई वेस्ट दिल्ली-41, ने अपने पुत्र पंकज ठाकुर व उसकी पत्नी सोनी कुमारी और इनके बच्चे (1) रणवीर और (2) आरुष, को इनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इन पर हुए लेनदेन व पुलिस केस की जवाबदेई मेरी मुवक्किला की नहीं होगी। महेंद्र कुमार (एडवोकेट)


# दिल्ली की युवती से बरेली में दुष्कर्म, बिजनेस पार्टनर पर जानलेवा हमला



- आरोपित के मोबाइल फोन से वीडियो डिलीट कराने दिल्ली से आए थे दोनों
- बरेली में अस्पताल खोलने के लिए आरोपित से भवन किराये पर लिया था

**जासं, बरेली :** दिल्ली निवासी हिंदू युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाने के बाद आरोपित ब्लैकमेल करने लगा। जिस पर युवती और उसका बिजनेस पार्टनर शहर आए। उन्होंने आरोपित से वीडियो डिलीट कराना चाहा, जिस पर उसने दोनों पर हमला कर दिया। वारदात के दो दिन बाद बुधवार को एडीजी के आदेश पर आरोपित नदीम समेत पांच के विरुद्ध दुष्कर्म, जानलेवा हमला करने, ब्लैकमेलिंग और मारपीट की धारा में प्राथमिकी लिखी गई।

पूर्वी दिल्ली निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि बिजनेस पार्टनर ने वर्ष 2022 में बरेली में एक अस्पताल खोलने का निर्णय लिया था। यहां नकटिया के अलीशेर खान और उसके बेटे नदीम, अजीम, मुजीब और तौसीफ से बातचीत कर उसका भवन किराये पर लिया था। स्टाफ अस्पताल की देखरेख करता था और वह कभी-कभी दिल्ली से आती थीं। 19 सितंबर 2022 को अस्पताल पहुंची थी। जहां नदीम ने उनके बिजनेस पार्टनर को कुछ प्रपत्र तैयार करने छत पर भेजा। फिर कमरे में आकर उसे कुछ सुंघकर बेसुध कर दुष्कर्म किया। वीडियो भी बना लिया और ब्लैकमेलिंग करता रहा।






# डीएमआरसी मुख्यालय को दिया गया कार्बन न्यूट्रल प्रमाणपत्र

**वि, नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के मुख्यालय मेट्रो भवन को कार्बन न्यूट्रल प्रमाणपत्र दिया गया है। इससे पहले नोएडा के सेक्टर-50 स्थित डीएमआरसी के स्टाफ क्वार्टर को कार्बन न्यूट्रल घोषित किया गया था।

डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कारपोरेट कम्युनिकेशन) अनुज दयाल ने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। जिसके लिए, डीएमआरसी प्रयास कर रहा है। उन्नत पर्यावरण प्रणाली को अपनाया जा रहा है। सार्वजनिक जवाबदेही मानक (पीएएस) 2060 के अंतर्गत मेट्रो भवन को कार्बन न्यूट्रल के रूप में प्रमाणित करना इसका उदाहरण है। मेट्रो भवन में वर्षा जल संचयन प्रणाली, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, बागवानी के लिए उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग, जैविक अपशिष्ट निपटान प्रणाली, उच्च दक्षता वाले उपकरण और सौर ऊर्जा की व्यवस्था है। इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल से गोल्ड रेटिंग प्रमाणपत्र भी मिला है।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: I) निविदा सूचना क्रमांक 11/2024-2025 दिनांक 08.06.2024

II) निविदा संख्या 1624B0578 28.06.2024 को देय है।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, दो नए दस्तावेज़ जोड़े गए हैं

2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 05.06.2024 से बढ़ाकर 26.06.2024 कर दी गई है

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1669/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**ब्राह्मण समाज आफ इंडिया (पंजी.)**

शाखा- उत्तर प्रदेश द्वारा

अट्ठारहवीं लोकसभा चुनाव 2024 में

विजयश्री प्राप्त सभी "राजनैतिक ब्रह्म सितारों"


को बहुत-बहुत बधाई, हार्दिक अभिनंदन !



संरक्षक - पं. के. ए. दुबे 'पदमेश'




राष्ट्रीय अध्यक्ष - पं. विश्वपति त्रिवेदी (पूर्व आईएएस)



रा.महासचिव/प्रभारी उ.प्र.- पं. दिनेश दुबे



प्रदेश अध्यक्ष - पं. एस. के. पालीवाल



राष्ट्रीय सचिव - पं. वी. एस. त्रिपाठी



प्रादेशिक प्रचार मंत्री - पं. राकेश ओझा (घनश्याम)

प्रादेशिक कार्यालय - 117/एच-2/23, पाण्डुनगर, कानपुर नगर, उ.प्र.

मोबाइल : 919696111777

:: सौजन्य से ::

आशा रत्न इंजीनियरिंग वर्क्स

फैक्ट्री एरिया, फजलगंज, कानपुर नगर

संपर्क - 6307970066



## सार्वजनिक सूचना

**हरियाणा सरकार**

**आबकारी एवं कराधान विभाग**

**आबकारी नीति वर्ष 2024-25 हेतु हरियाणा राज्य के बाईस (22) जिलों में शेष खुदरा शराब क्षेत्रों के आवंटन के लिए आम जनता से ई-निविदाएं आमंत्रण सूचना।**

1. आम जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आबकारी नीति वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा राज्य के 22 जिलों में देशी शराब और भारतीय निर्मित विदेशी शराब की दुकानों (एल-2/एल-14ए) के 380 खुदरा शराब क्षेत्रों के आवंटन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। ई-बोली के लिए उपलब्ध क्षेत्रों का जिलावार विवरण निम्नानुसार है:-

| Sr. No. | Name of District | Zone Code | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ambala | ZAMB01 | ZAMB04 | ZAMB07 | ZAMB08 | ZAMB09 | ZAMB10 |
| | | ZAMB11 | ZAMB15 | ZAMB21 | ZAMB22 | ZAMB27 | ZAMB29 |
| | | ZAMB33 | ZAMB34 | ZAMB36 | ZAMB37 | ZAMB38 | ZAMB39 |
| | | ZAMB43 | ZAMB44 | ZAMB46 | ZAMB48 | ZAMB49 | ZAMB50 |
| | | ZAMB56 | ZAMB58 | ZAMB59 | ZAMB60 | | |
| 2 | Bhiwani | ZBWN01 | ZBWN02 | ZBWN04 | ZBWN05 | ZBWN06 | ZBWN07 |
| | | ZBWN08 | ZBWN09 | ZBWN10 | ZBWN12 | ZB WN13 | ZBWN16 |
| | | ZB WN17 | ZB WN18 | ZB WN20 | ZBWN22 | ZBWN23 | ZBWN24 |
| | | ZB WN25 | ZBWN26 | ZBWN29 | ZBWN33 | ZBWN34 | ZBWN35 |
| | | ZBWN36 | ZBWN37 | ZBWN38 | ZBWN39 | ZB WN40 | ZB WN41 |
| | | ZBWN42 | ZBWN43 | ZBWN44 | ZB WN45 | ZBWN46 | ZBWN47 |
| | | ZBWN48 | ZBWN49 | ZBWN50 | ZB WN51 | ZBWN52 | ZBWN53 |
| | | ZB WN54 | ZBWN55 | ZBWN56 | ZB WN57 | ZBWN61 | ZBWN63 |
| | | ZBWN64 | ZB WN65 | | | | |
| 3. | Faridabad | ZFBD02 | ZFBD03 | ZFBD08 | ZFBD13 | ZFBD16 | ZFBD21 |
| | | ZFBD22 | ZFBD23 | ZFBD28 | ZFB D27 | ZFBD29 | ZFBD43 |
| | | ZFBD53 | ZFBD56 | ZFBD57 | ZFBD73 | ZFBD102 | ZFBD112 |
| 4. | Fatehabad | ZFTB02 | ZFTB03 | ZFTB05 | ZFTB06 | ZFTB07 | ZFTB09 |
| | | ZFTB12 | ZFTB13 | ZFTB14 | ZFTB15 | ZFTB16 | ZFTB17 |
| | | ZFTB18 | ZFTB19 | ZFTB20 | ZFTB21 | ZFTB22 | ZFTB24 |
| | | ZFTB25 | ZFTB26 | ZFTB27 | ZFTB28 | ZFTB29 | ZFTB30 |
| | | ZFTB31 | ZFTB32 | ZFTB35 | ZFTB36 | ZFTB37 | ZFTB38 |
| | | ZFTB40 | ZFTB41 | ZFTB42 | ZFTB43 | ZFTB44 | ZFTB45 |
| 5. | Gurugram (East) | ZGRE01 | ZGRE06 | ZGRE24 | ZGRE25 | ZGRE26 | ZGRE29 |
| | | ZGRE31 | ZGRE43 | ZGRE46 | ZGRE48 | ZGRE52 | ZGRE55 |
| | | ZGRE66 | ZGRE77 | ZGRE78 | | | |
| 6 | Gurugram (West) | ZGRW08 | ZGRW77 | | | | |
| 7 | Hisar | ZHSR01 | ZHSR02 | ZHSR05 | ZHSR07 | ZHSR08 | ZHSR12 |
| | | ZHSR18 | ZHSR20 | ZHSR21 | ZHSR29 | ZHSR34 | ZHSR37 |
| | | ZHSR38 | ZHSR41 | ZHSR44 | ZHSR47 | ZHSR48 | ZHSR49 |
| | | ZHSR50 | ZHSR51 | ZHSR52 | ZHSR53 | ZHSR58 | ZHSR64 |
| | | ZHSR71 | ZHSR74 | | | | |
| 8. | Jagadhari | ZJAG03 | ZJAG08 | ZJAG37 | ZJAG41 | ZJAG42 | ZJAG43 |
| | | ZJAG44 | ZJAG48 | ZJAG64 | | | |
| 9. | Jhajjar | ZJHA04 | ZJHA 10 | ZJHA15 | ZJHA 19 | ZJHA22 | ZJHA24 |
| | | ZJHA29 | | | | | |
| 10. | Jind | ZJND02 | ZJND03 | ZJND05 | ZJND06 | ZJND08 | ZJND09 |
| | | ZJND10 | ZJND13 | ZJND15 | ZJND16 | ZJND17 | ZJND20 |
| | | ZJND21 | ZJND22 | ZJND26 | ZJND27 | ZJND28 | ZJND29 |
| | | ZJND31 | ZJND33 | ZJND34 | ZJND39 | ZJND44 | |
| 11. | Kaithal | ZKTL02 | ZKIL06 | ZKTL09 | ZKTL11 | ZKTL23 | ZKTL27 |
| | | ZKTL29 | | | | | |
| 12. | Karnal | ZKNL03 | ZKNL10 | ZKNL15 | ZKNL16 | ZKNL18 | ZKNL19 |
| | | ZKN L21 | ZKNL22 | ZKNL24 | ZKN L25 | ZKNL26 | ZKNL31 |
| | | ZKNL34 | ZKN L35 | ZKNL37 | ZKNL38 | ZKNL41 | ZKNL50 |
| | | ZKNL51 | ZKNL52 | | | | |
| 13. | Kurukshetra | ZKKR01 | ZKKR06 | ZKKR17 | ZKKR19 | ZKKR21 | ZKKR28 |
| 14. | Mewat | ZMWT08 | ZM WT08 | ZM WT09 | | | |
| 15. | Narnaul | ZNNL10 | ZNNL18 | ZNNL19 | ZNN L22 | ZNNL23 | ZNN L28 |
| 16. | Palwal | ZPWL20 | ZPWL32 | | | | |
| 17. | Panchkula | ZPKL04 | ZPKL06 | ZPKL08 | ZPKL09 | ZPKL10 | ZPKL21 |
| | | ZPKL22 | ZPKL23 | ZPKL24 | ZPKL25 | ZPKL26 | ZPKL31 |
| | | ZPKL33 | ZPKL34 | ZPKL36 | ZPKL39 | | |
| 18. | Panipat | ZPNP04 | ZPNP08 | ZPNP09 | ZPNP10 | ZPNP14 | ZPNP15 |
| | | ZPNP16 | ZPNP17 | ZPNP21 | ZPNP22 | ZPNP23 | ZPNP24 |
| | | ZPNP25 | ZPNP28 | ZPNP29 | ZPNP30 | ZPNP31 | ZPNP32 |
| | | ZPNP34 | ZPNP38 | ZPNP39 | ZPNP40 | ZPNP44 | |
| 19. | Rewari | ZRWR01 | ZRWR04 | ZRWR05 | ZRWR12 | ZRWR14 | ZRWR19 |
| | | ZRWR22 | ZRWR25 | ZRWR27 | ZRWR31 | | |
| 20. | Rohtak | ZRTK04 | ZRTK06 | ZRTK08 | ZRTK 10 | ZRTK 11 | ZRTK 12 |
| | | ZRTK16 | ZRTK16 | ZRTK18 | ZRTK 19 | ZRTK24 | ZRTK27 |
| | | ZRTK29 | ZRTK31 | ZRTK32 | ZRTK38 | ZRTK40 | ZRTK41 |
| | | ZRTK42 | ZRTK44 | ZRTK46 | ZRTK47 | ZRTK48 | ZRTK49 |
| | | ZRTK50 | ZRTK51 | ZRTK53 | | | |
| 21. | Sirsa | ZSRS09 | ZSRS14 | ZSRS15 | ZSRS17 | ZSRS29 | ZSRS30 |
| | | ZSRS31 | ZSRS32 | ZSRS37 | ZSRS39 | ZSRS41 | ZSRS43 |
| | | ZSRS44 | ZSRS45 | ZSRS46 | ZSRS47 | ZSRS49 | ZSRS52 |
| | | ZSRS55 | ZSRS56 | ZSRS57 | ZSRS58 | ZSRS59 | ZSRS60 |
| | | ZSRS61 | ZSRS62 | ZSRS63 | ZSRS65 | ZSRS66 | ZSRS67 |
| | | ZSRS69 | ZSRS70 | ZSRS71 | ZSRS73 | | |
| 22. | Sonepat | ZSNP39 | ZSNP49 | ZSNP50 | ZSNP51 | ZSNP57 | ZSNP61 |
| | | ZSNP66 | ZSNP68 | ZSNP69 | ZSNP72 | ZSNP73 | |

इन क्षेत्रों के लिए ई-बोली प्रस्तुत करने और उनके मूल्यांकन का कार्यक्रम निम्नानुसार होगा:-

| | |
|---|---|
| ई-निविदा प्रस्तुत करने की आरंभिक तिथि और समय | 7 जून 2024 (प्रातः 0.00 बजे) से |
| ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय | 7 जून 2024 (सायं 04.00 बजे) तक |
| ई-निविदा का मूल्यांकन | 7 जून 2024 (सायं 5.00 बजे) |

3. इन जोनों के लिए ई-टेंडर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। ई-टेंडर और जोनों के आवंटन के शेष नियम और शर्तें वही रहेंगी, जैसा कि हरियाणा राज्य के सभी जिलों में खुदरा शराब क्षेत्रों के आवंटन के लिए ई-टेंडर आमंत्रित करने के लिए 18 मई, 2024 को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया गया है। 18 मई, 2024 की सार्वजनिक सूचना की प्रति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in पर भी उपलब्ध है। आवंटन प्रक्रिया में भाग लेने वाले बोलीदाता को ई-टेंडर जमा करने के लिए पंजीकरण की विस्तृत प्रक्रिया भी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

4. इन क्षेत्रों की आबकारी व्यवस्था जिसमें दुकानों की संख्या, शराब कोटा, दुकानों का स्थान, लागू कमांड क्षेत्र और उनका आरक्षित मूल्य, साथ ही ई-टेंडरों के मूल्यांकन का स्थान शामिल है, संबंधित जिलों के डीईटीसी (आबकारी) और डीईटीसी (एसटी) के कार्यालय में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। ये विवरण आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in पर भी उपलब्ध होंगे।

5. सभी आवंटन और लाइसेंस प्रदान करना हरियाणा आबकारी अधिनियम, 1914, उसके तहत बनाए गए नियमों, समय समय पर जारी आदेशों/निर्देशों और वर्ष 2024-25 के लिए आबकारी नीति के प्रावधानों के अधीन होगा। प्रक्रिया से संबंधित कोई भी स्पष्टीकरण किसी भी जिले में डीईटीसी (आबकारी) के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा आबकारी नीति की प्रति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

6. लाइसेंसों के सभी आवंटन आबकारी एवं कराधान आयुक्त (वित्तीय आयुक्त) की मंजूरी के अधीन हैं। ईटीसी (एक्साइज) आवंटन के दिन से 13 दिनों के भीतर, सार्वजनिक हित में किसी भी आवंटन को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है। यदि इन दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर आबकारी एवं कराधान आयुक्त (एक्साइज) द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तो आवंटन को ईटीसी (एक्साइज) द्वारा अनुमोदित माना जाएगा।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त, हरियाणा

PRDH-1037/11/207/2025/26461/67/7

नई दिल्ली, गुरुवार
6 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



कांग्रेस से सीधी लड़ाई में फिर भारी पड़ी भाजपा 10

भारतवंशी सुनीता विलियम्स ने तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए भरी उड़ान 14

## संपादकीय

**विदेश नीति में निरंतरता के आसार:** राजनीतिक परिदृश्य पर जनादेश की अलग-अलग तरह से व्याख्या हो सकती है, लेकिन विदेश नीति के स्तर पर कुछ खास नहीं बदलेगा। **हर्ष वी. पंत** का विश्लेषण।



**भाजपा को बदलनी होगी रीति-नीति:** जनादेश तो राजग के शासन का है, किंतु बहुमत से पीछे रह जाना भाजपा के लिए बड़ा आघात है। **अवधेश कुमार** का आलेख। ● पेज 6

## जागरण विशेष

### तालाबों को आपस में जोड़ा और सहेजा वर्षा का जल




**बालाघाट:** मप्र के बालाघाट में स्थित पांढरवानी ग्राम पंचायत में छह तालाबों को जोड़कर वर्षा का जल सहेजा जा रहा है। इसका सुखद परिणाम है भीषण गर्मी में भी इस क्षेत्र के सभी तालाब लबालब हैं। ● पेज 11

# विपक्ष ने खुला रखा सरकार बनाने का विकल्प

## चुनावी नतीजों के बाद पहली बैठक में आइएनडीआइए के नेताओं ने कहा-सही समय पर उठाएंगे उचित कदम

संजय मिश्र ● जागरण



>> नई दिल्ली में आइएनडीआइए के घटक दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से वार्ता करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ● रायटर

- बोले-चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की राजनीतिक ही नहीं, बल्कि नैतिक हार भी हुई
- बैठक में सोनिया, राहुल, अखिलेश, शरद व स्टालिन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने की शिरकत
- विपक्षी गठबंधन की निगाहें अब भी राजग में शामिल नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की ओर

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के नतीजों को भाजपा और पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जनादेश बताते हुए विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने केंद्र में सरकार बनाने के विकल्पों को खुला रखने के अपने इरादे साफ कर दिए हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेताओं की बुधवार शाम हुई पहली बैठक में एक सुर से एलान करते हुए कहा गया कि नतीजे पीएम नरेन्द्र मोदी और भाजपा की राजनीतिक ही नहीं, बल्कि नैतिक हार भी है। देश की जनता की इच्छा है कि भाजपा सरकार शासन में न आए और लोगों की इस आकांक्षा को देखते हुए सही समय पर उचित कदम उठाए जाएंगे। एनडीए के पक्ष में फिलहाल बहुमत का आंकड़ा स्पष्ट होने के बाद भी विपक्षी दलों की केंद्र में सरकार बनाने के विकल्प को खुला रखने की घोषणा से साफ है कि आइएनडीआइए की निगाहें अब भी जदयू और तेलगु देशम पार्टी के सियासी कदमों पर टिकी हुई है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आइएनडीआइए के दलों की दो घंटे से अधिक चली बैठक के बाद शीर्षस्थ विपक्षी नेताओं के साथ बाहर आकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में चुनाव नतीजे और राजनीतिक परिस्थितियों की समीक्षा की गई। खरगे ने संयुक्त बयान पढ़ते हुए कहा-' आइएनडीआइए के घटक दलों को मिले भारी समर्थन के लिए देश की जनता का आभार व्यक्त करते हैं। जनादेश ने भाजपा और उसकी नफरत, भ्रष्टाचार और विभाजन की राजनीति को करारा जवाब दिया है। यह मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार है। यह भारत के संविधान की रक्षा और मोदी सरकार की महंगाई, बेरोजगारी और मित्र पूंजीवाद के खिलाफ जनादेश है। मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के 'फासीवादी शासन' के खिलाफ आइएनडीआइए लड़ाई जारी रखेगा।

भाजपा के केवल 240 सीट का आंकड़ा पाने और बहुमत से पीछे रह जाने के मद्देनजर विपक्षी गठबंधन मोदी को राजग सरकार का नेतृत्व करने की आसान राह नहीं देना चाहता। इस बैठक में जदयू प्रमुख नीतीश कुमार और तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू के साथ सहयोग की संभावनाओं को टटोलने को लेकर चर्चा हुई। हालांकि, हकीकत यह भी है कि जदयू और तेदेपा दोनों दलों ने राजग की प्रधानमंत्री निवास पर शनिवार को हुई बैठक में शामिल होकर राजनीतिक उथल-पुथल की किसी संभावना को फिलहाल खारिज कर दिया। नीतीश और चंद्रबाबू की मौजूदगी में मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने का प्रस्ताव भी इसमें पारित हो गया। जाहिर तौर पर इस परिप्रेक्ष्य में बैठक के दौरान भविष्य की रणनीति को लेकर मंत्रणा हुई और विपक्ष ने संयुक्त बयान जारी कर सरकार बनाने की संभावनाओं का दरवाजा खुला रखने का स्पष्ट एलान किया। खरगे के सरकारी आवास पर हुई इस बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शरद पवार, राजद के तेजस्वी यादव, द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, शिवसेना यूबीटी के संजय राउत, उमर अब्दुल्ला, सीताराम येचुरी, डी राजा, आप के संजय सिंह, झामुमो नेता चम्पाई सोरेन व कल्पना सोरेन सहित तमाम सहयोगी दलों के नेता शामिल हुए। संबंधित>> पेज 8

# 'जज को फैसले के राजनीतिक असर की समझ होना जरूरी'



मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ●

- सीजेआइ बोले, न्यायाधीश के रूप में 24 वर्ष में नहीं करना पड़ा राजनीतिक दबाव का सामना
- आक्सफोर्ड यूनियन सोसायटी में अपने संबोधन में कहा, चुनाव भारतीय लोकतंत्र का मूल आधार

**आक्सफोर्ड, प्रेट्र:** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्हें जज के रूप में 24 वर्ष के कार्यकाल में कभी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। कहा, हम सरकार और राजनीति से अलग जीवन जीते हैं। लेकिन एक जज के पास निश्चित रूप से अपने निर्णय का राजनीति पर पड़ने वाले असर की समझ होना जरूरी है। यह राजनीतिक दबाव नहीं है, बल्कि कोर्ट के निर्णय के असर की समझ है।

सीजेआइ जस्टिस चंद्रचूड़ मंगलवार को आक्सफोर्ड यूनियन सोसायटी में 'समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका' विषय पर अपना संबोधन दे रहे थे। इस दौरान भारत में आम चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव भारत के लोकतंत्र का मूल आधार है। हालांकि, भारत में जजों का चुनाव नहीं होता, जज परिस्थितियों और संविधानिक मूल्यों की निरंतरता की भावना को दर्शाते हैं, जो व्यवस्था की रक्षा करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था में प्रौद्योगिकी की भूमिका से पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है। इंटरनेट मीडिया पर जजों की आलोचना पर कहा कि प्रौद्योगिकी के प्रभाव से न्यायपालिका को समाज के बड़े वर्ग तक पहुंचने में मदद मिली है।

जस्टिस चंद्रचूड़ से भारत में स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत पिछले वर्ष समलैंगिक विवाह पर रोक के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर भी सवाल किए गए। उन्होंने कहा, मैं यहां पर किसी निर्णय के बचाव के लिए नहीं आया हूं। मेरा विश्वास है कि एक बार निर्णय दे देने पर वह न केवल राष्ट्र की, बल्कि वैश्विक मानवता की संपत्ति हो जाती है। कहा, निर्णय के समय मेरे तीन साथी मुझसे सहमत नहीं थे। उनका मानना था कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देना कोर्ट का कार्य नहीं है। स्पेशल मैरिज एक्ट संसद द्वारा बनाया गया है, वही इस पर निर्णय ले सकती है।

## अंदर पढ़ें

### टी-20 विश्व कप में जीत के साथ अभियान की शुरुआत

**न्यूयार्क:** भारतीय टीम ने बुधवार को टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में आयरलैंड की टीम को 16 ओवर में 96 रनों पर आलआउट किया। इसके बाद 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारत को अब नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ना है। ● पेज 12

### जीत के बाद पीएम मोदी ने छेड़ा पौधारोपण का अभियान

**नई दिल्ली:** बगैर रुके और थके काम करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 का जनादेश आने के बाद फिर से अपने अंदाज में काम में जुट गए है। उन्होंने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान पीएम ने खुद भी एक पौधा रोपा है। ● पेज 13

### अगले पांच साल और सितम ढाएगी गर्मी

**नई दिल्ली:** उत्तर भारत में लोग तपती गर्मी से परेशान हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने कहा कि 47 फीसदी संभावना है कि पूरे पांच साल के दौरान वैश्विक तापमान का औसत पूर्व-औद्योगिक युग से 1.5 डिग्री से अधिक हो जाएगा। ● पेज 14

### गुलमर्ग में 109 वर्ष पुराने शिव मंदिर में भीषण आग

**श्रीनगर:** कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग में 109 वर्ष पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। इससे मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया। इसी मंदिर की सीढ़ियों पर अप्रैल, 1974 में रिलीज फिल्म 'आपकी कसम' का गीत 'जय-जय शिव शंकर...' फिल्माया गया था। ● पेज 14

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत नहीं बढ़ी



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ● जागरण आर्काइव

- अवधि बढ़ाने की मांग की थी, कोर्ट ने याचिका की खारिज
- 19 जून तक बढ़ी मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने से इन्कार कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सात दिनों की अंतरिम जमानत मांगने वाली केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सा आवश्यकताओं का ध्यान रखने और जरूरी मेडिकल परीक्षण कराने के निर्देश दिए। वहीं, ईडी ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत पांच जून को समाप्त होने के बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अदालत के समक्ष पेश किया था। अदालत ने ईडी की दलीलों को सुनने के बाद उनकी न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ा दी। केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सात जून को सुनवाई होनी है।

सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता विवेक जैन ने कहा कि केजरीवाल के वजन में कुछ बदलाव हुए हैं। अदालत ने कहा कि केजरीवाल की ओर से उचित आवेदन दायर किया जाए, जिसमें स्पष्ट किया जाए कि वे किस तरह की राहत की मांग कर रहे हैं।

इससे पहले अंतरिम जमानत याचिका को लेकर ईडी ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह याचिका विचारणीय नहीं है। ईडी ने दलील दी थी कि अंतरिम जमानत याचिका दाखिल करके केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। जांच एजेंसी ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए आवेदन करने की स्वतंत्रता दी है, लेकिन अंतरिम जमानत को आगे बढ़ाने की कोई स्वतंत्रता नहीं है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने दलील दी थी कि सीएम की चिकित्सा स्थिति ऐसी है कि अंतरिम जमानत के लिए आवेदन जरूरी है। केजरीवाल को चुनाव प्रचार करना पड़ा क्योंकि अंतरिम जमानत देने का यही उद्देश्य था और तनाव के कारण उनका मधुमेह बढ़ गया है।

# मोदी सरकार बनती देख संभला बाजार, सेंसेक्स 2,300 अंक बढ़ा



- 74,382 के स्तर पर जाकर बंद हुआ बीएसई का मानक सूचकांक
- एनएसई का निफ्टी 735 अंक बढ़कर 22,600 के पार पहुंचा

**सेंसेक्स के टाप गेनर**

| कंपनी | वृद्धि (% में) |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 7.75 |
| टाटा स्टील | 6.55 |
| महिंद्रा | 6.49 |
| बजाज फाइनेंस | 5.10 |
| कोटक बैंक | 4.89 |

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** चुनावी नतीजों से हताश शेयर बाजार बुधवार को फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग की सरकार बनने के संकेतों से संभलता दिखा। तेदेपा और जदयू की तरफ से राजग सरकार में शामिल होने की पुष्टि करने के बाद सेंसेक्स 2303.20 अंक की बढ़ोतरी के साथ 74,382.24 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 735.85 अंक की बढ़ोतरी देखी गई और यह 22,620 अंक पर बंद हुआ। भाजपा को बहुमत नहीं मिलने से मंगलवार को सेंसेक्स में 4,000 अंक से अधिक की गिरावट दर्ज की गई थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि जल्द मोदी के नेतृत्व में सरकार के गठन का दावा पेश कर दिया जाएगा। इसलिए बाजार आगे भी संभलने की राह पर दिखेगा। बुधवार को बैंकिंग, आटो, धातु, फार्मा जैसी कंपनियों के शेयर में तेजी देखी गई। लेकिन सरकारी कंपनियों के शेयरों में गिरावट का दौर जारी रहा। गठबंधन की सरकार में आसानी से सरकारी कंपनियों के विनिवेश की कम उम्मीद को देख निवेशक इनके शेयर के प्रति उदासीनता दिखा रहे हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण बढ़कर 408 लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। संबंधित>> पेज 8

jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें

**पांच राज्यों ने दी टेंशन**

इन पांच राज्यों ने दी मोदी को टेंशन! 59 सीटों का उठाना पड़ा नुकसान, देखिए चौंका देने वाले आंकड़े

**दैनिक जागरण सप्तरंग**
तकनीक की दुनिया का



स्मार्ट ही नहीं इंटेलिजेंट भी बन रहा आपका फोन

गर्मी में खराब होने से बचाएं फोन की बैटरी
● जागरण सिटी

**आइसीसी टी20 विश्व कप 2024**
आज का मैच

| | |
|---|---|
| पापुआ न्यू गिनी vs युगांडा | |
| सुबह 5 बजे | स्थान: गुयाना |
| आस्ट्रेलिया vs ओमान | |
| सुबह 6 बजे | स्थान: बारबाडोस |
| पाकिस्तान vs अमेरिका | |
| रात 9 बजे | स्थान: डलास |

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स पर








"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 79 000*"

NORTH DELHI: NEXA WAZIRPUR (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 9811478982), NEXA ROHINI SEC 10 (JAGMOHAN AUTOMOTIVES PVT. LTD. PH: 8885005668), NEXA NARELA (DD MOTORS (A DIV. OF DD INDUSTRIES LTD. PH: 9081900800), NEXA PITAMPURA (SHREYASH AUTOMOTIVES PH: 9811823823), NEXA GT KARNAL ROAD (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 7289999111), WEST DELHI: NEXA DWARKA SECTOR 9 (MAGIC AUTO PH: 7290075604), NEXA RAJOURI GARDEN (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525730), NEXA MOTI NAGAR (AAA VEHICLEADES PVT. LTD. PH: 8448993400), NEXA DWARKA SECTOR 14 (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 7290091136), NEXA PUNJABI BAGH (DD MOTORS (A DIV. OF DD INDUSTRIES LTD) PH: 9081900800), NEXA NARAYANA (SHREYASH AUTOMOTIVES PH: 9811876876), EAST DELHI: NEXA PREET VIHAR (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290091122), NEXA AKSHARDHAM (FAIR DEAL PREMIUM WHEELS PRIVATE LIMITED PH: 9999525161), NEXA PATPARGANJ (MAGIC AUTO PH: 8929400503), NEXA DILSHAD GARDEN (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007962), NEXA GOKULPURI (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9870194313), CENTRAL DELHI: NEXA DARYAGANJ (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 8929200160), SOUTH DELHI: NEXA SAFDARJUNG ENCLAVE (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290099520), NEXA OKHLA PHASE 1 (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 011-42900000, 7065074531), NEXA EAST OF KAILASH (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 9999788886), NEXA LAJPAT NAGAR (SINGLA LINK AGENCY PH: 9818199367) NOIDA: NEXA NOIDA SECTOR 137 (MAGIC AUTO PH: 9818444482), NEXA SECTOR 1 (ROHAN MOTORS PH: 9811600980), NEXA SECTOR 63 (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9971277771), NEXA SECTOR 18 (FAIR DEAL PREMIUM WHEELS PRIVATE LIMITED PH: 9582232415), GREATER NOIDA: NEXA IND AREA GR. NOIDA (ROHAN MOTORS LTD. PH: 8374680044), NEXA GOLDEN I GR. NOIDA (RANA MOTORS PH: 9355833700), MANESAR: NEXA IMT MANESAR (PLATINUM MOTOCORP PH: 9020990209), GHAZIABAD: NEXA INDUSTRIAL AREA SITE 3 (REGENT AUTOLINKS PVT. LTD. PH: 9873179917), NEXA SAHIBABAD (MOTORCRAFT SALES PVT. LTD. PH: 8527332222), NEXA MEERUT ROAD (ROHAN MOTORS LTD. PH: 9871170638), NEXA AMBEDKAR ROAD (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9873414333), FARIDABAD: NEXA BATA CHOWK (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9599814777), NEXA MATHURA ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9999120572), NEXA NIT (BVA AUTO PVT. LTD. PH: 0129-4121212), NEXA SEC. 55 BALLABHGARH (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9992221377), PALWAL: NEXA PALWAL CENTRAL (AUTONATION (A UNIT OF TAYAL INDIA MOTORS) PVT. LTD. PH: 9311864040), GURUGRAM: NEXA MG ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9711290001), NEXA RAJIV CHOWK GURUGRAM (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 8929268142), NEXA SECTOR 29 GURUGRAM (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525740), NEXA INFOCITY SECTOR 34 (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007987), NEXA UDYOG VIHAR (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9205899721), NEXA 6 IDC, GURUGRAM (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 0124-4440000, 7065074501), SOHNA: NEXA SOHNA (PASCO AUTOMOBILES PH: 9899961000), REWARI: NEXA DELHI ROAD (DINCO 4 WHEELS LLP PH: 7082100301), NARNAUL: NEXA KAILASH NAGAR NARNAUL (PLATINUM MOTO CORP PH: 9053088401), BULANDSHAHAR: NEXA BHOOR CROSSING (SKUNIVERSE AUTOMOBIL PVT. LTD. PH: 8865960000).

Scan to explore NEXA World | Scan to chat on WhatsApp | Scan To Book Your Test Drive Now.

Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th June'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.


********

# बंधवाड़ी लैंडफिल से अनुपस्थित रहने वाले एसडीओ पर जुर्माना

## सात एसडीओ पर ड्यूटी में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम:** बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर कूड़े के पहाड़ में बार-बार आग लगने को कंट्रोल करने और इसकी मानीटरिंग के लिए लगाए गए नगर निगम के सात एसडीओ पर ड्यूटी में कोताही बरतने पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस जुर्माना राशि की कटौती एसडीओ के वेतन से की जाएगी। इस संबंध में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने आदेश जारी कर दिए गए हैं।

आदेशों में कहा गया है कि बंधवाड़ी में 31 मई को भीषण आग लगी थी। एक्सईएन (स्वच्छ भारत मिशन) के माध्यम से पता चला है कि सभी एसडीओ द्वारा निर्धारित समय में बंधवाड़ी लैंडफिल पर ड्यूटी नहीं की जा रही है। ऐसे में एसडीओ आरके मोंगिया, हरि प्रकाश, नईम हुसैन, आशीष हुड्डा, कृष्ण कुमार, यतिंद्र और एसडीओ वसीम अकरम पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना लगाते हुए इनके वेतन से इस राशि की कटौती करने के आदेश दिए गए हैं।

**दो दिन में बुझी थी भीषण आग :** 31 मई को बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर कूड़े के पहाड़ में लगी आग दो दिन में बुझ सकी थी। आग बुझाने के लिए गुरुग्राम, सोहना और फरीदाबाद के दमकल केंद्रों से 15 से ज्यादा फायर ब्रिगेड आग बुझाने के लिए पहुंची थी। मार्च के अंतिम सप्ताह से लेकर अब तक यहां कूड़े के पहाड़ में लगभग 30 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। आग लगने के कारण होने वाले प्रदूषण से गांव बंधवाड़ी, ग्वाल पहाड़ी सहित आसपास के बाशिंदों को परेशानी हो रही है। बंधवाड़ी में फिलहाल लगभग 13 लाख टन कूड़ा पड़ा है और इसका निस्तारण प्राइवेट एजेंसियां कर रही हैं। नगर निगम और इन एजेंसियों को लैंडफिल पर कूड़े के आग से बचाव के प्रबंध करने होते हैं। किंतु कई बार भीषण आग लगने के बावजूद आग बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कूड़े के ढेरों के नीचे मिथेन गैस बनने तथा गर्मी के कारण इसमें बार-बार आग लग रही है। आग बुझाने के प्रबंध नहीं होने के चलते फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग बुझाई जा रही है।


बंधवाड़ी लैंडफिल पर मार्च से लेकर अब तक 30 से ज्यादा बार कूड़े में आग लग चुकी है ● जागरण आर्काइव

### कारण बताओ नोटिस का दो दिन में देना होगा जवाब

बंधवाड़ी लैंडफिल साइट रोस्टर के हिसाब से 24 घंटे निगरानी के लिए दस एसडीओ की ड्यूटी लगाई गई थी। कार्यकारी अभियंता (स्वच्छत भारत मिशन) ने इस संबंध में आदेश जारी किए थे। अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने सात एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दो दिन में इसका जवाब मांगते हुए कहा है कि क्यों न आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

# 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**संवाद सहयोगी जागरण लोनी :** बार्डर थाना पुलिस ने बुधवार सुबह विक्रम मावी हत्याकांड में शामिल 50 हजार के इनामी बदमाश रोहित भाटी को गिरफ्तार किया है। 11 मई को 15-20 लोगों ने विक्रम मावी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने 17 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। अंकुर विहार के सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस ने हत्या के बाद सागर मावी की तहरीर पर चरण सिंह भाटी, पवन भाटी, विमला, कविता, चंचल, कुलदीप, पूजा, राहुल भाटी, सोनू बघेल, रोहित भाटी, गौरव, टिंकू, विमल, प्रशांत उर्फ मुत्त, निशांत, राहुल रामबाबू, गगन आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार सुबह राधा विहार के रोहित भाटी को गिरफ्तार किया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-26-T-2024-25-E3 दिल्ली मंडल में आरपीएफ/आरपीएसएफ बैरकों में वायरिंग, केबलिंग, अर्थिंग को मजबूत करने के साथ-साथ अन्य संबंधित कार्यों के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 82.82 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 126700.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 05.07.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 05.07.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1678/24

**GOVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE ADAMPUR (HISAR)**

Website: http://www.itiadampur.co.in/

Tele/Fax No. 01669-242553, Email: adampur.giti@gmail.com

**दाखिला सूचना**

राजकीय आई. टी. आई. आदमपुर में सत्र 2024-25 के दाखिले के लिए दिनांक 07.06.2024 से 21.06.2024 तक उपस्थित होकर आनलाईन आवेदन करके दाखिला ले सकते हैं। संस्थान में निम्नलिखित व्यवसायों में दाखिले होने हैं।

1. कारपेन्टर (एक वर्ष) 2. कोपा (एक वर्ष) 3. ड्राफ्टमैन सिविल (दो वर्ष) 4. विद्युतकार (दो वर्ष) 5. इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक (दो वर्ष) 6. फीटर (दो वर्ष) 7. ट्रैक्टर मैकेनिक (एक वर्ष) 8. डीजल मैकेनिक (एक वर्ष) 9. पेन्टर जरनल (दो वर्ष) 10. पलम्बर (एक वर्ष) 11. मशीनिष्ट (दो वर्ष) 12. वायरमैन (दो वर्ष) 13. वैल्डर (एक वर्ष) 14. आर.एण्ड.एसी (दो वर्ष) 15. टरनर (दो वर्ष) 16. स्टैनो हिन्दी (एक वर्ष)

**ये दस्तावेज जरूरी है :-** 1. 10 वीं कक्षा की मार्कशीट 2. 12 वीं कक्षा की मार्कसीट 3. जाति प्रमाण पत्र 4. हरियाणा निवासी प्रमाण-पत्र 5. परिवार आय प्रमाण-पत्र 6. आधार कार्ड 7. फैमिली आई डी 8. चरित्र प्रमाण-पत्र 9. बैंक पास बुक 10. ई-मेल व मोबाईल न.

छात्र राजकीय आई. टी. आई. आदमपुर में उपस्थित होकर अपना आनलाईन (फ्री) आवेदन करवाकर दाखिला ले सकते हैं। जिसके लिए संस्थान में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए 98126-16434 पर सम्पर्क करें।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
आदमपुर (हिसार)

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**240 शैयया जिला संयुक्त चिकित्सालय, सैक्टर-39, नौएडा, गौतमबुद्धनगर।**

पत्रांक संख्या रा.जि.चि./गौ.बु.नगर/2024/783-I दिनांक 04.06.2024

**नीलामी सूचना**

जिला संयुक्त चिकित्सालय, सैक्टर-30 एवं सैक्टर-39 नोएडा, गौतम्बुद्धनगर में निष्प्रयोज्य राज राज्जा के सामानो / उपकरणों / चिकित्सालय फर्नीचर की नीलामी जो है जैसा है के आधार पर निम्न तिथियों में किया जाना है।

| स्थान | तिथि | समय |
|---|---|---|
| सैक्टर-30 स्थित पूर्व जिला चिकित्सालय | दिनांक 11.06.2024 | अपरान्ह 12:00 बजे |
| सैक्टर-39 स्थित जिला चिकित्सालय | दिनांक 13.06.2024 | अपरान्ह 12:00 बजे |

नोट:-
1. नीलामी के सामान की बोली लगाने हेतु फर्म का रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है।
2. रजिस्टर फर्म की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं जी.एस.टी. नम्बर, जिसकी छायाप्रति नीलामी से पूर्व कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
3. बोली में सम्मिलित होने हेतु रुपये 20,000/- का बैंक ड्राफ्ट, जो कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, गौतमबुद्धनगर के पक्ष में देय होगा, बोली से एक दिन पूर्व कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सैक्टर-39 में जमा कराना अनिवार्य होगा।
4. यदि किसी फर्म को दोनो बोलियों में सम्मिलित होना है, तो उसको जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट अलग अलग तिथियों का अलग अलग जमा करना अनिवार्य होगा।
5. अधिकतम बोली दाता के पक्ष में नीलामी छोड़ दी जाएगी। बोलीदाता को बोली की सम्पूर्ण धनराशि जिस पर 2 प्रतिशत आयकर एवं 2 प्रतिशत जीएसटी सहित उसी दिन कार्यालय में नगद जमा करना अनिवार्य होगा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला संयुक्त चिकित्सालय, गौतमबुद्धनगर

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | पत्र/मेमो सं. एवं तिथि | विभाग/बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम | पुरानी संदर्भ/निविदा सं. | कार्य की प्रकृति | विभाग/बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Spl-I/HPGCL/CE/Fuel-213/Vol-X dated 05.06.2024 | हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (एचपीजीसीएल) | e-NIT No. 41/HPGCL/CE/Fuel-213 dated 05.06.2024 Tender No. 2024_HBC_373321 नोट:- e-NIT No. 37/HPGCL/CE/Fuel-213 dated 20.02.2024 तकनीकी समस्याओं के कारण रद्द कर दिया गया है। | झारखंड राज्य के दुमका जिले में कल्याणपुर बादलपारा कोयला ब्लॉक (3 एमटीपीए) के अन्वेषण, योजना, विकास एवं संचालन के लिए माईन डेवलपर एवं ऑपरेटर (एमडीओ) का चयन। (आगामी विवरणों हेतु कृपया वेबसाइट चैक करें) | www.etenders.hry.nic www.hpgcl.org.in | इंजी. दीपक वर्मा, एक्सईएन/फ्यूल (सीबीडी) मोबाइल: 8725011437 Email: cefuel@hpgcl.org.in |

एसई/फ्यूल (एचक्यू)
कृते मुख्य अभियंता/फ्यूल
एचपीजीसीएल, पंचकुला


# सवा दो लाख का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरनगर :** रतनपुरी में पुलिस, एसटीएफ नोएडा और एसटीएफ बिहार की टीम ने बिहार के सवा दो लाख के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया।

एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि बिहार का रहने वाला सवा दो लाख का इनामी बदमाश निलेश राय पुत्र गोपाल राय निवासी बरो रामपुर, थाना गढहरा, जिला बेगूसराय बिहार कुछ दिनों से मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना क्षेत्र में रह रहा है। मुजफ्फरनगर पुलिस ने बिहार एसटीएफ से संपर्क किया। बदमाश की पुष्टि होने पर एसटीएफ बिहार मंगलवार दोपहर मुजफ्फरनगर पहुंच गई। बुधवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि निलेश राय अपने दो साथियों के साथ बाइक से बुढ़ाना से वाया रतनपुरी होते हुए मुजफ्फरनगर आ रहा है। एसपी देहात आदित्य बंसल, एसटीएफ नोएडा और एसटीएफ बिहार ने रात करीब 11 बजे बाइक पर सवार तीन लोगों को रोकने का प्रयास किया। इस पर बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में दो सवा दो लाख का इनामी बदमाश निलेश राय गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस जिला अस्पताल ले गई जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसपी देहात ने बताया, निलेश के पास 9 एमएम की पिस्टल, 32 बोर की रिवाल्वर और एक तमंचा मिला है।

# जेपी इन्फ्राटेक की रुकी परियोजनाओं पर जल्द होगा कार्य

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड (जेआइएल) की रुकी परियोजनाओं का निर्माण कार्य अब जल्द शुरू हो जाएगा। नेशनल कांपनी ला अपीलेंट ट्रिब्युनल (एनसीएलएटी) के आदेश के बाद सुरक्षा समूह ने जेआइएल की परियोजनाओं का अधिग्रहण कर लिया है। ऐसे में अब परियोजनाओं में फंसे करीब 20 हजार से अधिक खरीदारों को उनके घर मिल सकेंगे।

फैसले के बाद मंगलवार को इस मामले में नियुक्त कार्यान्वयन और निगरानी समिति की बैठक हुई थी। इसमें सुरक्षा समूह, जेआइएल, घर खरीदारों और आइआरपी के अधिकारी शामिल थे। 24 मई को एनसीएलएटी ने आदेश में कर्ज में डूबी जेआइएल के लिए सुरक्षा समूह की समाधान योजना को ज्यों का त्यों रखा था और उसे चार साल के भीतर किसानों के मुआवजे के लिए यमुना प्राधिकरण को 1,334 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया था।


**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES DEOGHAR**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार/Government of India
Website-www.aiimsdeoghar.edu.in

No:- AIIMS /Deoghar/Admin/Network Coverage/2023-24/13 Date:- 05.06.2024

**Expression of Interest (EOI)**

All India Institute of Medical Sciences (AIIMS) Deoghar is inviting "Expression of Interest" from specialized agencies having experience in planning installation, maintenance and implementation of "In Building Network Solution" at different buildings of AIIMS Deoghar. The interested agencies may visit the official website of AIIMS Deoghar i.e. https://www.aiimsdeoghar.edu.in/ for more details.

-Sd/- Executive Director & CEO
AIIMS Deoghar


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी गुल्लु, पुत्र: महेन्द्र, पता: गांव- श्रेयाल जाटेन थाना जहांगीर पुर जिला बुलंद शहर उत्तर प्रदेश ने FIR No. 14750/17, U/s 411/34 IPC, दिल्ली पुलिस थाना: कल्यान पुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त गुल्लु, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त गुल्लु, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त गुल्लु, केस FIR No. 14750/17, U/s 411/34 IPC, दिल्ली पुलिस थाना: कल्यान पुरी, दिल्ली से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.07.2024 को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
प्रीती अग्रवाल
मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट (पूर्व)
DP/6829/ED/2024 (Court Matter) कोर्ट नं. 29 कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**पहचान की अपील**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 8-9 महीना, कद: 1', लिंग: पुरुष, बरामदी स्थल: आस्था अस्पताल के सामने सर्विस लेन, न्यू महावीर नगर, दिल्ली।

मृतक के शव को पहचान के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल दिल्ली की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में FIR No. DD No. 152/24 दिनांक: 23.03.2024 पुलिस स्टेशन: तिलक नगर, दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: तिलक नगर, पश्चिमी जिला नई दिल्ली- 110018
DP/6780/WD/2024 मोबाइल: 9810675548, 8750871130

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त वसीम, पुत्र: हनीफ, निवासी: मकान नं. ए-322, गली नं.-3, चौथा पुस्ता करतार नगर, दिल्ली ने FIR No. 492/2018, U/s 498A/406/506/34 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त वसीम मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त वसीम फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 492/2018, U/s 498A/406/506/34 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली के उक्त अभियुक्त वसीम से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 10.07.2024 को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नीधि बाला
एमएम (महिला कोर्ट), कमरा नंबर 08
DP/6472/NE/2024 (Court Matter) कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि/बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | 1.नगर परिषद झज्जर में कूड़े की डोर टू डोर कलेक्शन सैग्रीगेशन, परिवहन एवं प्रोसेसिंग। 2. एमसी झज्जर क्षेत्राधिकार में मेन रोड में स्वच्छता कार्य, स्वीपिंग, लिफ्टिंग और नाना/स्टोर्म वाटर ड्रेन क्लीनिंग सेवाएं। | 24.05.2024 18.06.2024 | 484 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
PRDH-13/2025/40/26457/1/67/7

सार्वजनिक नियुक्ति

**जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, गुरुग्राम**

जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, गुरुग्राम के अंतर्गत एन.एच.एम. स्कीम में निम्न रिक्त पद अनुबंध आधार पर दिनांक 31.03.2025 तक भरे जाने हैं।

| Post Code | Name of Post | Name of Scheme | Consolidate Honorarium per month (Rs.) | No. of Post | Last Date of Submission Application |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Medical Officer | CH/SNCU/NUHM/UPHCs | 65000/- (The consolidated remuneration will be provided as per the approval in RoP.) | 2 | 12-06-2024 up to 04:00 pm (Late received Application form will not be entertained due to any reason.) |
| 2 | Gynaecologist | MH (FRUs)/DHS | MBBS with Diploma (Rs. 1,00,000/-pm) MBBS with MD/MS/DNB (Rs. 1,50,000/-pm) | 5 | |
| 3 | Anaesthetist | MH (FRUs) | MBBS with Diploma (Rs. 1,00,000/-pm) MBBS with MD/MS/DNB (Rs. 1,50,000/-pm) | 5 | |
| 4 | Paediatrician | MH (FRUs)/DHS | MBBS with Diploma (Rs.1,00,000/-pm) MBBS with MD/MS/DNB (Rs. 1,50,000/-pm) | 5 | |
| 5 | District ASHA Coordinator | ASHA | 7960/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 1(Gen) | |
| 6 | Public Health Manager | NUHM/UPHCs | 16090/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 2 (Gen) | |
| 7 | Psychologist | DEIC | 16090/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 1(Gen) | |
| 8 | Homeopathic Pharmacist | Ayush | 11170/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 1 (Gen) | |
| 9 | District Quality Manager | Quality Assurance | 16090/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 1 (ESM-SC) | |
| 10 | District Consultant (Public Health) | Quality Assurance | 16290/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 1 (BC-A) | |
| 11 | Multi Rehabilitation Worker | NPHCE | 7580/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 2 (Gen) | |
| 12 | ANM | MH/NUHM/UPHCs | 9840/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 15 (EWS-2, BCA-9, ESM-4) | |
| 13 | Staff Nurse | MH/MUHM/UPHCs | 13500/- (as per NHM Bye Laws entry level pay) | 12 (EWS-2, BCA-4, ESM-4, SC Outstanding sports person-1) | |

विस्तृत जानकारी एवं TOR स्वास्थ्य विभाग गुरुग्राम की वेबसाइट www.healthdepartmentgurgaon.org पर देखें।

नोट:- उपरोक्त दर्शाए गए Medical Officer/Specialist के पदों पर किसी भी चिकित्सा अधिकारी द्वारा नौकरी छोड़ने उपरांत रिक्त पदों पर उपलब्ध waiting list से नियुक्त कर लिए जाएंगे फिर भी अगर Medical Officer/Specialist का कोई भी पद रिक्त होने पर वेबसाइट पर सूचना डालते हुए आने वाले प्रत्येक बुधवार को साक्षात्कार लिए जाएंगे। यह विज्ञापन अगले 6 महीने तक मान्य होगा।

हस्ता/-
जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, गुरुग्राम
PRDH-1058/11/756/2025/26448/67/7

F.IV/H-I/DT&T/ESTT/2024/DEPUT

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**व्यापार एवं कर विभाग**
**व्यापार भवन, आईपी एस्टेट, नई दिल्ली-110002**

दिनांक:- 30/05/2024

**रिक्ति परिपत्र**

**विषय: व्यापार एवं कर विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में प्रतिनियुक्ति/अवशोषण के आधार पर पे मैट्रिक्स (रु. 19900-63200) के स्तर-2 में स्टाफ कार ड्राइवर के ग्रेड में (साधारण ग्रेड) (सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप सी, अराजपत्रित, गैर-मंत्रीस्तरीय) की पांच (05) रिक्तियों को भरना है।**

व्यापार एवं कर विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में प्रतिनियुक्ति/अवशोषण के आधार पर पे मैट्रिक्स (रु. 19900-63200) के स्तर-2 में स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण ग्रेड) (सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप सी, अराजपत्रित, गैर-मंत्रीस्तरीय) की पांच (05) रिक्तियों को भरने का प्रस्ताव है।

2. पात्रता की शर्तें:
प्रतिनियुक्ति/अवशोषण:-
(क) (i) वर्तमान मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करना
या
(ii) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्रशासित प्रदेश में तीन वर्ष की नियमित सेवा के साथ पे मैट्रिक्स में स्तर-1 (18000-56900/-) में ग्रुप सी कर्मचारियों में से, जहां रिक्ति निकलती है, ऐसा न होने पर पे मैट्रिक्स में स्तर-1 (18000-56900/-) में ग्रुप सी कर्मचारियों में से और मोटर कार चलाने की क्षमता का आकलन करने के लिए ड्राइविंग टेस्ट के आधार पर।
और
(ख) सीधी भर्ती के लिए उल्लिखित निम्नलिखित योग्यता और अनुभव रखना, जो इस प्रकार हैं:-
i) मोटर कार के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखना;
ii) मोटर तंत्र का ज्ञान (उम्मीदवारों को वाहन में छोटी-मोटी खराबियों को दूर करने में सक्षम होना चाहिए);
iii) कम से कम तीन वर्षों तक मोटर कार चलाने का अनुभव; और
iv) 10वीं कक्षा उत्तीर्ण
वांछनीय: होम गार्ड/सिविल स्वयंसेवक के रूप में तीन वर्ष की सेवा।
नोट 1: किसी मामले में सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर योग्यता में छूट दी जा सकती है अन्यथा उम्मीदवार अच्छी तरह से योग्य हो।
नोट 2: अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में अनुभव के संबंध में योग्यताएं सक्षम प्राधिकारी के विवेक छूट योग्य हैं, यदि चयन के किसी भी चरण में सक्षम प्राधिकारी की राय है कि पर्याप्त संख्या में इन समुदायों से उनके लिए आरक्षित रिक्ति को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।
नोट 3: केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित प्रदेश के कुछ अन्य संगठन/विभाग या उसी में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य पूर्व-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति शामिल है प्रतिनियुक्ति की अवधि आमतौर पर तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।
नोट 4: प्रतिनियुक्ति/अवशोषण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की समापन तिथि तक छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।
3. सामान्य शर्तें, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, आवेदन पत्र का प्रारूप आदि जैसे विवरण व्यापार और कर विभाग, जीएनसीटीडी की वेबसाइट यानी https://delhitradetax.delhi.gov.in पर उपलब्ध हैं।
4. इच्छुक और पात्र अधिकारी अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में पिछले पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) के लिए एपीएआरएस की प्रतियों के साथ जो प्रत्येक पृष्ठ पर अवर सचिव, भारत सरकार के पद से नीचे के अधिकारी न हो द्वारा विधिवत सत्यापित, कैडर मंजूरी और सतर्कता मंजूरी के साथ उचित माध्यम से रोजगार समाचार (हिंदी) में इस रिक्ति के विज्ञापन की तारीख से 60 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के पास भेज सकते हैं।
उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किए गए आवेदन या अपेक्षित प्रमाण पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह.
सहायक आयुक्त (एचआर)
व्यापार और कर विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
DIP/SHABDARTH/CLASSIFIED/0079/24-25


**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका नाम: अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात, जो कि दिनांक: 30.05.2024 को 19:37 बजे डिस्पेंसरी जेजे कॉलोनी, खानपुर, नई दिल्ली के सामने के क्षेत्र में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में DD No.: 107A, Dated 30.05.2024 पुलिस थाना नेब सराय, दक्षिण जिला, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। फोटो साफ नहीं है। नीचे अज्ञात मृत पुरूष की पहचान दी गई है :

लिंग: पुरूष, उम्र: 30 वर्ष, कद: 5'6" रंग: सांवला शरीर: सामान्य, चेहरा: गोल, पहनावा: आसमानी रंग की टी-शर्ट एवं हरे रंग का पजामा पहने हैं।

अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना अध्यक्ष
पुलिस थाना नेब सराय, दक्षिण जिला, दिल्ली
DP/6867/SD/2024 फोन: 7065569305, 8851913508

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका नाम : नामालूम पुत्र : नामालूम, पता: नामालूम उम्र : लगभग 50 साल, कद : 5'7", रंग : गेहुँआ, पहनावा : लाल चैक शर्ट और काले रंग का पैंट पहने हुए जो फुटपाथ बाग दीवार, दंगल मैदान चौंदनी चौक, दिल्ली के पास दिनांक 04.06.2024 के सुबह 10.07 बजे मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी नं. 17ए, दिनांक 04.06.2024 थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : कोतवाली, दिल्ली
DP/6841/N/2024 फोन: 9716081965, 8750870121

**गुमशुदा की तलाश**


सबाना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महिला और एक बच्ची जिसका नाम सबाना, पति मुनाज़िर, अलिशबा पुत्री: मुनाज़िर के साथ, पता: मकान न. गली न. 14, C-ब्लाक, नईम का मकान, श्री राम कॉलोनी, दिल्ली जोकि दिनांक 12.04.2024 को दोपहर 02:30 बजे से अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में DD No. 0054A, दिनांक 14.04.2024 पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला और बच्ची की पहचान दी गई है:

नाम: सबाना, उम्र: 23 वर्ष, कद: 5', रंग: उथला, बनावट: मध्यम, चेहरा: गोल, पहनावा: सूट और सलवार और हवाई पैरों में चप्पल और नाम: अलिशबा, उम्र: 1.5 वर्ष।

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला और बच्ची के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वैबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638/24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली
DP/6585/NE/2024 फोन: 8750870727, 9990304070

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (II) Crpc देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त बाबू राम उर्फ बिष्णु पुत्र: चौखे लाल, पता: मकान न. के-66, मंगलापुरी, दिल्ली FIR No: 532/22 पुलिस थाना सुल्तानपुरी बहारी जिला, और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त बाबू राम उर्फ बिष्णु मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि बाबू राम उर्फ बिष्णु फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है पुलिस थाना सुल्तानपुरी बहारी जिला के अभियुक्त बाबू राम उर्फ बिष्णु से अपेक्षा की जाती है कि ये इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 18.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री इबानी अग्रवाल
एमएम (एनडब्लू) कमरा नं. 107, पहली मंजिल
DP/6486/OD/2024 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी मनीष शर्मा उर्फ मोटा, पुत्र: राजेन्द्र शर्मा, पता: खसरा नं. 7120-21, गली नं. 10, कमलपुर, कमल विहार, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली ने FIR No. 454/2014, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना वेलकम, जिला उत्तरी पूर्व, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मनीष शर्मा उर्फ मोटा, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मनीष शर्मा उर्फ मोटा, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त मनीष शर्मा उर्फ मोटा, केस FIR No. 454/2014, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना वेलकम, जिला उत्तरी पूर्व, दिल्ली से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 15.07.2024 को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
अरिदमन सिंह चीमा
महानगर दण्डाधिकारी-03, शाहदरा
DP/6701/NE/2024 (Court Matter) कोर्ट नंबर 19, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली


**HORTICULTURE DEPARTMENT, HARYANA**
Integrated Horticulture Department Centre, Sundrah, (Mahendragarh)
Email: ihdcsundrah@gmail.com, Ph: 01285-244076

**सब्जी, नर्सरी क्षेत्र एवं बाग के रख रखाव व अन्य कार्यों हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केंद्र, सुन्दरह पर माह जुलाई 2024 से मार्च 2025 तक विभिन्न फसलों के बाग, संरक्षित आकृति में सब्जी, खुले क्षेत्र में सब्जी व हाईटेक ग्रीन हाऊस में सब्जी की पौध उत्पादन एवं रखरखाव के लिए विभिन्न मैनियल कार्यों हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों हेतु विस्तृत जानकारी व दस्तावेज किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से 200/- रुपए प्रति दस्तावेज शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किए जा सकते हैं। कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 12.06.2024 सायं 5.00 बजे तक है। केंद्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरांत सबसे कम मूल्य दर कुटेशन को सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे। कार्यों की संतुष्टि ना होने पर नियमानुसार दूसरे कम दर मूल्य वाले ठेकेदार को कार्यों का ठेका दे दिया जाएगा। कार्यों की संतुष्टि होने पर सक्षम अधिकारी के अनुमोदन उपरांत कार्यों को करवाने की समयवधि में विस्तार किया जा सकता है।

परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केंद्र, सुन्दरह
PRDH-1149/11/606/2025/26454/67/7


********

### आज का मौसम

आंशिक बादल छाए रहेंगे। कहीं कहीं लू चलने का पूर्वानुमान है। धूल भरी आंधी चलने और हल्की वर्षा होने की भी संभावना है।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | | |
| 6 जून | 42.0 | 30.0 |
| 7 जून | 43.0 | 30.0 |
| नोएडा | | |
| 6 जून | 42.0 | 29.0 |
| 7 जून | 42.0 | 30.0 |
| गुरुग्राम | | |
| 6 जून | 44.0 | 32.0 |
| 7 जून | 44.0 | 30.0 |

डिग्री सेल्सियस में

QUALITY SINCE 1936
KANODIA
कानोडिया कोल्हू ब्रांड
कच्ची घानी और पीली सरसों का तेल



### एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | |
|---|---|---|
| **बुलंदशहर** | | |
| आज का अनुमान | 146 | मध्यम |
| बुधवार | 152 | मध्यम |
| **डीटीयू** | | |
| आज का अनुमान | 296 | खराब |
| बुधवार | 287 | खराब |
| **आइटीओ** | | |
| आज का अनुमान | 216 | खराब |
| बुधवार | 207 | खराब |
| **वजीरपुर** | | |
| आज का अनुमान | 231 | खराब |
| बुधवार | 222 | खराब |
| **बवाना** | | |
| आज का अनुमान | 321 | बहुत खराब |
| बुधवार | 312 | बहुत खराब |
| **गुरुग्राम** | | |
| आज का अनुमान | 231 | खराब |
| बुधवार | 222 | खराब |
| **गाजियाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 229 | खराब |
| बुधवार | 219 | खराब |
| **ग्रेटर नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 310 | बहुत खराब |
| बुधवार | 300 | खराब |
| **फरीदाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 277 | खराब |
| बुधवार | 268 | खराब |
| **नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 278 | खराब |
| बुधवार | 268 | खराब |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

**मुद्दा**

पढ़ें जागरण सिटी

# सचेत नहीं हुए तो भविष्य में बढ़ेगा जल संकट

## पानी की उपलब्धता बढ़ाने को दूसरे राज्यों से हुए समझौते पर अमल का इंतजार, नहीं दिख रही गंभीरता

**जल संकट**

संतोष कुमार सिंह ● जागरण

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्लीवासियों को 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का वादा कर सत्ता में आई थी। यह वादा पूरा होना तो दूर राजधानी के कई क्षेत्र जल संकट का सामना कर रहे हैं। सरकार ने अपना वादा वर्ष 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए न तो पानी की उपलब्धता बढ़ी है और न अपशिष्ट जल को शोधित कर उसके उपयोग की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है।

दिल्लीवासियों की प्यास बुझाने के लिए 1290 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) पानी की जरूरत है। इसकी तुलना में लगभग एक हजार एमजीडी पानी उपलब्ध है। जरूरत से लगभग 22 प्रतिशत कम पानी मिल रहा है। अनुमान है कि वर्ष 2031 तक दिल्ली के लिए पानी की मांग बढ़ कर 1746 एमजीडी हो जाएगी। वर्ष 2041 तक इसे कम करके 1455 एमजीडी पर लाने के प्रयास करने का प्रस्ताव है। दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य आरएस त्यागी का कहना है कि पानी की बर्बादी को रोकने को गंभीर प्रयास नहीं हुए।



चाणक्यपुरी में डिब्बों को कतार में लगाकर उसमें पानी भरते लोग ● जागरण आर्काइव

### पल्ला फ्लड प्लेन परियोजना पर चल रहा है काम

पल्ला फ्लड प्लेन परियोजना 40 एकड़ में फैला है। इसमें 26 एकड़ में एक तालाब बनाया गया है, जिसमें बाढ़ का पानी संचय होता है। इससे वर्ष 2022-23 में 740 मिलियन गैलन भूजल रिचार्ज हुआ था। बाढ़ का पानी इकट्ठा कर भूजल स्तर बढ़ाने और दिल्लीवासियों को जल आपूर्ति करने के लिए पांच वर्ष पहले यमुना किनारे पल्ला में फ्लड प्लेन परियोजना शुरुआत की गई है। भूजल स्तर में बढ़ोतरी की मात्रा का पता लगाने के लिए 33 पीजोमीटर भी लगाए गए हैं। दिल्ली सरकार का दावा है कि यह परियोजना सफल रही है। भूजल स्तर में 1.2 मीटर तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस क्षेत्र में 200 ट्यूबवेल्स स्थापित किया जाना जिसमें से 60 स्थापित हो गए हैं। यहां पर आठ मिलियन गैलन क्षमता का मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर तैयार किया जा रहा है। इससे प्रति दिन 40 एमजीडी पानी उपलब्ध होगा। आप सरकार ने यमुना किनारे बड़े-बड़े तालाब बना बाढ़ का पानी इकट्ठा करने की योजना तैयार की थी, इस योजना पर तेजी से काम करने की जरूरत है।

### दूसरे राज्यों से पेयजल उपलब्धता बढ़ाने को प्रस्तावित योजना

- मुनह नहर को पक्का करने के लिए 1994 में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुआ था। 450 करोड़ की लागत आई थी। वर्ष 2014 में इससे पानी मिलना शुरू हुआ, जिससे द्वारका, बवाना और ओखला जल उपचार संयंत्र शुरू हो सका।
- रेणुकाजी बांध (हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में दधाऊ नदी पर, 2028 तक बनने की उम्मीद), किशाऊ बांध (उत्तराखंड के देहरादून और हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में यमुना की सहायक नदी टोंस पर प्रस्तावित) और लखवार बांध (उत्तराखंड के देहरादून में यमुना पर प्रस्तावित) से दिल्ली को जल मिलेगा। शीला सरकार के समय इन परियोजनाओं से दिल्ली को पानी उपलब्ध कराने के लिए समझौता हुआ था। अभी काम पूरा नहीं हुआ है।
- अतिरिक्त पानी के लिए हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश से वर्ष 2019 से बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश के मुरादनगर नियामक के जरिये गंगा से 270 क्यूसेक पानी लेने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके उत्तर प्रदेश को सिंचाई के लिए इतनी मात्रा में ओखला से अपशिष्ट शोधित जल दिया जाना था। दोनों राज्यों के बीच कई बैठक के बाद भी यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

### जलापूर्ति में सुधार को दिल्ली मास्टर प्लान 2041 में प्रस्ताव

- जलापूर्ति में सुधार के लिए मास्टर प्लान में वर्ष 2021 से अगले 20 वर्षों के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसमें शोधित जल के दोबारा उपयोग, वर्षा जल संचयन और पानी की खपत कम करने का प्रस्ताव है।
- शोधित अपशिष्ट जल का उपयोग बागवानी, सिंचाई, सड़क की सफाई, उद्योग, आग बुझाने और निर्माण कार्यों के लिए करने के साथ ही पेयजल में भी उपयोग करना। इसके लिए व्यवसायिक इमारतों में विकेंद्रीकृत प्रणाली और दोहरी पाइप लाइन की व्यवस्था करना।
- जल आपूर्ति के लिए प्रति व्यक्ति मानदंड को 60 (गैलन प्रति दिन प्रति व्यक्ति) से घटाकर 50 जीपीसीडी करने।
- नए विकसित हो रहे क्षेत्रों में जल संरक्षण के उपाय को अनिवार्य बनाने और प्रति व्यक्ति आपूर्ति को 40 जीपीसीडी तक सीमित करने का प्रस्ताव है। हरित विकास क्षेत्रों में पानी की जरूरत अपशिष्ट जल के शोधन से पूरी की जाएगी। पूरे 100 प्रतिशत अपशिष्ट जल के शोधन और दोबारा इस्तेमाल के लिए कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए नए विकसित हो रहे क्षेत्रों में दोहरी पाइप लाइन के साथ विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।






# 'अन्य दलों की तरह कार्यालय के लिए जगह पाने की हकदार आप'

- कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले पर छह सप्ताह के अंदर निर्णय लेने का आदेश दिया
- कहा-सामान्य पूल में आवास अनुपलब्ध हो तो भी यह अनुरोध अस्वीकार करने का कारण नहीं

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजनीतिक दल की हैसियत से दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर पार्टी कार्यालय के लिए भूमि आवंटन की आम आदमी पार्टी (आप) की मांग का दिल्ली हाई कोर्ट ने समर्थन किया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने बुधवार को कहा कि आप अन्य राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की तर कार्यालय के लिए जगह पाने की हकदार है। मामले पर केंद्र सरकार को छह सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि कार्यालय निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण न करने तक राजनीतिक दलों को लाइसेंस शुल्क का भुगतान कर दिल्ली में सामान्य पूल से एक आवास कार्यालय के लिए पाने का अधिकार है। यह भी कहा कि सामान्य पूल में आवास अनुपलब्ध हो तो भी यह अनुरोध अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकता है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर आप के प्रतिवेदन को केंद्र की ओर से खारिज किया जाता है, तो पार्टी कानून के तहत उचित कदम उठा सकती है। आप ने याचिका दायर कर केंद्र से अपने कार्यालय के लिए जगह आवंटित करने की मांग की। इसके साथ ही कुछ समय के लिए लाइसेंस के आधार पर एक आवास के आवंटन की मांग भी की थी। भूमि आवंटन की मांग वाली याचिका हाई कोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत आप को राउज एवेन्यू स्थित वर्तमान कार्यालय 15 जून तक खाली करना है। इसे देखते हुए, आप ने दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर आवास आवंटित करने की मांग की। वर्तमान में यह इकाई दिल्ली सरकार के एक मंत्री के पास है। न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि पार्टी डीडीयू मार्ग की संपत्ति पर अधिकार का दावा नहीं कर सकती, क्योंकि यह दिल्ली सरकार को दी गई थी, न कि पार्टी को। भूमि और विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) को कब्जा सौंपना होगा। डीडीयू मार्ग परिसर में कार्यालय स्थापित करने की अनुमति नहीं दे सकती है, लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि वह एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल है। अदालत ने पाया कि राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता मिलने के बाद कार्यालय परिसर निर्माण के लिए जमीन आवंटित नहीं किए जाने तक आप ने पिछले साल पूल से एक आवास इकाई आवंटित करने का अनुरोध किया था। हालांकि, रिकार्ड पर ऐसा कुछ पेश नहीं किया गया।




# टोरंटो जा रहे विमान में बम की फर्जी सूचना मिलने से हड़कंप

- मंगलवार रात एअर कनाडा के विमान को भरनी थी उड़ान
- आइसोलेशन-बे में लेकर जाकर विमान की जांच की गई

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** नई दिल्ली से टोरंटो जा रहे एअर कनाडा के विमान में बम की सूचना मिली। इसके बाद तत्काल प्रभाव से इस विमान को उड़ान भरने से मंगलवार रात 10:50 बजे रोक दिया गया। ईमेल के माध्यम से मिली बम की सूचना विमान की जांच के बाद फर्जी पाई गई। इसके बाद एयरपोर्ट प्रबंधन ने राहत की सांस ली। मामले की जांच जारी है।

आइजीआइ जिला पुलिस उपायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट प्रबंधन से जुड़ी डायल के कार्यालय में एक ईमेल भेजा गया था। इसमें यह कहा गया कि उड़ान भरने को तैयार एअर कनाडा के विमान में बम है। यह सूचना तत्काल सभी से साझा कर दी गई।

इसके बाद विमान को आइसोलेशन-बे की ओर ले जाया गया और इसकी तलाशी ली गई। करीब एक घंटे तक चली तलाशी में विमान का चप्पा-चप्पा छान लिया गया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद सूचना को फर्जी घोषित किया गया।

### 10 दिनों के भीतर यह तीसरी फर्जी सूचना

विगत 10 दिनों के भीतर विमान में बम से जुड़ी यह तीसरी झूठी सूचना है। इन तीन में से एक जून को सामने आए एक मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया, जिसने बम की झूठी सूचना दी थी। बाद में, पता चला कि आरोपित महिला मानसिक रूप से बीमार है। इसके पूर्व 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रहे विमान में बम होने की फर्जी सूचना मिली थी। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# 'पर्यावरण के लिए जनसहभागिता जरूरी'

**राज्य ब्यूरो, जागरण . नई दिल्ली:** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने आवास पर अमलतास का पौधा लगाकर सालाना वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सभी को यह संकल्प लेना है कि ना तो प्रदूषण फैलाएंगे और ना किसी को फैलाने देंगे। जनसहभागिता से ही पर्यावरण को बेहतर और प्रदूषण मुक्त बनाने का रोडमैप बनेगा।

उन्होंने कहा कि अभी आचार संहिता लगी हुई है। इसीलिए पर्यावरण दिवस पर हमने प्रतीकात्मक रूप में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है। अगले सप्ताह संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक कर अभियान को तेज किया जाएगा। दिल्ली के लोगों को जो महत्वपूर्ण गारंटी दी थी। उसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच साल में दो करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था। लेकिन हमने चार साल में ही दो करोड़ पौधे लगा दिए हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली में चल रहें वृक्षारोपण अभियान के फलस्वरूप जहां साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 प्रतिशत था, वहीं आप सरकार के प्रयासों से साल 2021 में बढ़ 23.06 प्रतिशत हो गया है। साथ ही शहरों के प्रति व्यक्ति फारेस्ट कवर के मामले में दिल्ली पूरे देश में नंबर वन है।



विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर अपने सरकारी आवास पर अमलतास का पौधा लगाते दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ● जागरण

# नालों की सफाई पर मंत्री ने सीएस को आज रिपोर्ट सौंपने का दिया निर्देश

**कहा-दिल्ली में जलभराव से बचने के लिए सभी संबंधित विभागों को सक्रिय होना चाहिए, लेकिन अब तक बहुत अधिक तैयारी नहीं**

**राज्य ब्यूरो, जागरण . नई दिल्ली:** मानसून के सिर पर होने के बावजूद नालों की साफ सफाई न होना और नालों की मौजूदा स्थिति की रिपोर्ट न देने पर दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक बार फिर से दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखकर बृहस्पतिवार शाम तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अपने पत्र में उन्होंने पिछले मानसून के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में जलजमाव की स्थिति की याद दिलाते हुए लिखा है कि इस बार भी ढिलाई बेहद निराशाजनक है। मंत्री का कहना है कि उनके निर्देशों के बावजूद, जिसमें उन्होंने एक सप्ताह का समय मांगा था, सीएस ने इतने गंभीर और जरूरी मुद्दे पर विभिन्न नालों की गाद निकालने की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। शहरी विकास मंत्री ने अब सीएस को बृहस्पतिवार शाम तक मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ताकि सभी विभागों की बैठक बुलाई जा सके और विभागों को आगे के निर्देश दिए जा सकें।

मुख्य सचिव को लिखे पत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए और दिल्ली छावनी बोर्ड के विभिन्न नालों से गाद निकालने का काम पूरा करने की समय सीमा के अलावा, उनकी वर्तमान स्थिति के साथ, सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मंत्री ने सीएस को लिखे पत्र में कहा है कि हमारे पिछले अनुभव से दिल्ली में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति से बचने के लिए इस वर्ष सभी संबंधित विभागों को सक्रिय होना चाहिए, लेकिन अब तक बहुत अधिक तैयारी नहीं देखी गई है। नालों से गाद निकालना सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। जिसे शहर में जलजमाव की किसी भी घटना से बचने के लिए निर्धारित समय में पूरा किया जाना आवश्यक है। चूंकि मानसून का मौसम तेजी से नजदीक आ रहा है, इसलिए मैंने आपको एक सप्ताह के भीतर विभिन्न नालों से गाद निकालने की स्थिति/अन्य संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था, लेकिन यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपकी ओर से आज तक कोई जानकारी नहीं मिली है। दिल्ली में नौकरशाही के प्रमुख होने के नाते आपको ऐसे महत्वपूर्ण मामलों में सक्रिय रहना चाहिए।

# 'वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मामले पर निर्णय ले दिल्ली सरकार'

**जासं, नई दिल्ली:** वरिष्ठ नागरिकों की संख्या का पता लगाने के लिए घर-घर सर्वेक्षण करने और हर जिले में बुजुर्गों के लिए घर बनाने के निर्देश देने की मांग से जुड़ी एक याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव से निर्णय लेने के लिए कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि दिशानिर्देश की मांग करने वाली याचिका पर 12 सप्ताह के अंदर निर्णय लिया जाए।

अदालत ने यह आदेश याचिकाकर्ता सलेक चंद जैन की ओर से दायर याचिका का निपटारा करते हुए पारित किया। याचिका में वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ होने वाले अपराधों का एक अलग डाटा बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस को अदालत से निर्देश देने की भी मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता दिनेश पी. राजभर ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली में केवल दो सरकारी या सहायता प्राप्त वृद्धाश्रम हैं। बिंदापुर स्थित वृद्धाश्रम को दिल्ली सरकार की ओर से निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) माडल पर चलाया जा रहा है, जबकि लामपुर स्थित दूसरा वृद्धाश्रम दिल्ली सरकार की ओर से वित्त पोषित किया जाता है। इसके अलावा एक अन्य वरिष्ठ नागरिक गृह दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) द्वारा चलाया जाता है।



P.K. GROUP OF INSTITUTIONS
MATHURA (U.P.)
Courses Approved by AICTE/ UGC
Faculty of Engineering & Technology:
POLYTECHNIC
B.TECH
M.TECH
(Lateral Entry in Diploma & B.Tech)
ADMISSION OPEN 2024-25
अपने करियर की मजबूत नींव रखिए हमारे साथ
प्राइवेट कंपनी/ प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत कर्मचारी हमारे संस्थान से इंजीनियरिंग कोर्स पूर्ण कर पदोन्नति हेतु अवसर प्राप्त कर सकते हैं। सीट सीमित है प्रवेश हेतु शीघ्र संपर्क करें।

Campus: Aligarh Road, Raya, Mathura (U.P.)
Mob.: +91-9897379333
www.pkuniversity.edu.in

INVERTIS UNIVERSITY
Attractive Scholarships for CUET Aspirants
41.17 LACS PER ANNUM HIGHEST PACKAGE
NAAC Accredited
97% Placement Offers
50000+ Alumni across the globe
500+ Recruiters
26+ Years Of Academic Excellence

INDUSTRY ORIENTED PROGRAMS
ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech. CSE | CE | EE | ME | Bio-Tech
Artificial Intelligence
Internet of Things
Cloud Computing
Lateral Entry (All Streams)
M.Tech. CSE | ME | CE
LAW
LL.M Criminal Law, Business Law, Corporate Law, Constitutional Law
LL.B
B.A. LL.B (Integrated)
BBA LL.B (Integrated)
COMPUTER APPLICATIONS
MCA
BCA Artificial Intelligence, Internet of Things, Cloud Computing
B.Sc (H) Computer Science
MANAGEMENT
MBA Dual Specialisation (in 10 Fields), Business Analytics, HR Analytics
M.Com | B.Com
B.Com (H)
BBA Marketing | Finance | HR, Hospitality & Tourism
APPLIED SCIENCE & HUMANITIES
M.Sc. Chemistry, Food Technology, Biotechnology, Microbiology
B.Sc (H) Forensic Science, Physics, Chemistry, Math, Biotechnology
B.Sc. Zoology, Botany, Chemistry, Fashion Design
BA (H) English | Psychology
AGRICULTURE
M.Sc. Agriculture (Agronomy)
B.Sc (H) Agriculture
PHARMACY
B.Pharm
D.Pharm
B.Pharm (Lateral Entry)
EDUCATION
MA (Education)
B.El.Ed.
B.Sc. B.Ed. (Integrated)
BA. B.Ed. (Integrated)
POLYTECHNIC
Diploma CSE | CE | EE ME (Automobile /Production)
Lateral Entry (All Streams)
JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A. (JMC)
Ph.D. Law | Management | JMC Engineering | Agriculture | Applied Science | Education Pharmacy | Biotechnology | Computer Applications
Proudly hosted NORTH INDIA'S LARGEST JOB FEST WITH 5000+ JOBS OFFERED
Centre of Excellence in Collaboration with UltraTech Cement
Unique Pedagogy using business simulations in collaboration with cesim
11 Cr + SCHOLARSHIP Provided to students in 2023-24
Unique LinkedIn Collaborations with free access to 16k+ Courses
TEDx InvertisUniversity
CSED (Earn While You Learn) Only University where you can get Free Live Training worth 1.5Lakhs with your Full Time Degree
Get Global Exposure Free International Student Exchange Programme in USA, Germany, South Africa
30+ Students got International Internship
Knowledge Partners: LinkedIn, UltraTech, ptc, Ansys, Dassault Systemes, nidm, DCS, ICSI, JARDS, Mastercam, Vcave, cesim
Foreign Collaborations: Regenesys South Africa, Cracow University of Technology, Western, Alliant International University (USA), South Carolina State
Invertis University | invertis.university | www.invertisuniversity.ac.in
1800-274-5252 | 0581-2460443 | admission@invertis.org
+91 96909 55599 | +91 96909 55511, 080350 18484
Invertis University, Highway NH-24, Bareilly, U.P. Pin: 243 123

********

संपादकीय जागरण

गुरुवार, 6 जून, 2024 : ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या वि. 2081

विजय में विनम्र और पराजय में संयत बने रहना ही श्रेयस्कर है

# गठबंधन सरकार

**नरेन्द्र मोदी** के नेतृत्व में नई सरकार के गठन की तैयारी यही बता रही है कि गठबंधन सरकार आकार लेने जा रही है। देश में केंद्रीय स्तर 2009 के बाद पहली बार गठबंधन सरकार बनने जा रही है। चूंकि भाजपा बहुमत के आंकड़े से ज्यादा दूर नहीं है, इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि तेलुगु देसम पार्टी, जनता दल-यू, शिवसेना समेत अन्य सहयोगी दलों के साथ उसके लिए सरकार चलाना कहीं अधिक आसान होगा। इसके बाद भी इतना तो है ही कि प्रधानमंत्री मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का संचालन करेंगे। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के तहत कार्य करने के कारण वह ऐसी सरकार के संचालन के तौर-तरीकों से अवगत हैं, लेकिन स्वयं उनके लिए ऐसी सरकार चलाना एक नया अनुभव होगा। गठबंधन सरकार का संचालन उनकी नेतृत्व क्षमता और सबको साथ लेकर चलने के राजनीतिक कौशल की परीक्षा लेगा। इस परीक्षा में उन्हें खरा उतरना चाहिए, क्योंकि उनके पास चुनौतियों के बीच देश की समस्याओं का समाधान करने की एक राजनीतिक दृष्टि है। गठबंधन सरकारों के कुछ सकारात्मक पक्ष होते हैं तो कुछ नकारात्मक पक्ष भी। गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने वाले को घटक दलों से समन्वय के साथ चलना होता है। इसमें समस्या तब आती है, जब घटक दल अनुचित मांगें मनवाने लगते हैं अथवा सौदेबाजी करने की कोशिश करते हैं या फिर अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति के लिए दबाव की राजनीति करने लगते हैं।

अतीत में नरसिंह राव और अटल बिहारी वाजपेयी ने गठबंधन सरकारों का कुशलता से संचालन भी किया है और आवश्यक सुधारों को भी आगे बढ़ाया है। मनमोहन सिंह ने भी दस वर्ष तक गठबंधन सरकार का संचालन किया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उन्हें किस तरह कई बार सहयोगी दलों के अनुचित दबाव में झुकना पड़ा। इसी के चलते एक बार उन्हें यह कहना पड़ा था कि गठबंधन सरकार की अपनी कुछ मजबूरियां होती हैं। भाजपा और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ-साथ समाज और देश के हित में यही है कि नई गठबंधन सरकार को सहयोगी दलों के अनुचित राजनीतिक दबाव का सामना न करना पड़े। वैसे तो राजग के प्रमुख घटक जनता दल-यू और तेलुगु देसम पार्टी पहले भी मोदी सरकार के साथ रह चुकी हैं, लेकिन तब भाजपा के पास पूर्ण बहुमत था। आशा की जाती है कि उन खबरों में कोई सच्चाई नहीं होगी, जिनके तहत यह कहा जा रहा है कि सहयोगी दल अमुक-अमुक मांग रख रहे हैं। निःसंदेह यह समझ आता है कि घटक दल अपने राज्य के राजनीतिक एवं आर्थिक हितों की चिंता करें, लेकिन ऐसा करते समय उन्हें राष्ट्रीय हितों को ओझल नहीं करना चाहिए। यह उन्हें भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गठबंधन सरकार सुगम तरीके से चले। इसके लिए आवश्यक हो तो राजग के संयोजक की भी नियुक्ति की जानी चाहिए।

# बड़ी चुनौती

**दिल्ली में** लोकसभा की सातों सीटों पर लगातार तीसरी जीत से भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) के साथ ही कांग्रेस के भविष्य के लिए चुनौती खड़ी की है। पिछले दो चुनावों में हुए त्रिकोणीय मुकाबले में दोनों पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़कर एक भी सीट नहीं जीत सकी थीं। इस बार दोनों ने मिलकर भाजपा को घेरने की रणनीति बनाई, लेकिन भाजपा से एक भी सीट नहीं छीन सकीं। यह दर्शाता है कि लोकसभा चुनाव के मामले में जनता ने संयुक्त रूप से आप और कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा पर ही भरोसा जताया।

> राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनाव के मामले में जनता ने संयुक्त रूप से आप और कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा पर ही भरोसा जताया है

यह स्थिति दिल्ली में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के लिए अच्छी नहीं कही जा सकती है। घोटालों के आरोपों में घिरी आप सरकार के मुखिया प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आए तो भी वह मतदाताओं को पक्ष में करने में विफल साबित हुए। इस बीच, सीएम के सरकारी आवास में उनके निजी सहायक पर उनकी ही पार्टी की राज्यसभा सदस्य ने मारपीट के आरोप लगाए, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ऐसे में आप सरकार की नकारात्मक छवि का खामियाजा गठबंधन सहयोगी कांग्रेस को भी भुगतना पड़ा। भाजपा को घेरने के फेर में कांग्रेस ने अपनी स्वाभाविक प्रतिद्वंद्वी पार्टी आप से गठबंधन किया। यह तो सामने है कि इस गठबंधन का परिणाम कांग्रेस के अनुरूप नहीं निकला।

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या नरेन्द्र मोदी गठबंधन सरकार को सफलतापूर्वक चला सकने में सक्षम साबित होंगे?**




**आज का सवाल**
क्या नई राजग सरकार में सुधारों का सिलसिला जारी रहेगा?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# विदेश नीति में निरंतरता के आसार



हर्ष वी. पंत

**राजनीतिक परिदृश्य पर जनादेश की अलग-अलग तरह से व्याख्या हो सकती है, लेकिन विदेश नीति के स्तर पर कुछ खास नहीं बदलेगा**

केंद्र में नई सरकार के गठन की तस्वीर साफ हो गई है। नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। हालांकि दो कार्यकाल में पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद इस बार उन्हें कुछ हद तक सहयोगी दलों के भरोसे रहना पड़ेगा, लेकिन चुनाव नतीजों के बाद मोदी के पहले संबोधन में यह झलका कि सुधारों की गति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। राजनीतिक परिदृश्य पर जनादेश की अलग-अलग व्याख्या हो सकती है, मगर विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सक्रियता को लेकर कुछ विशेष नहीं बदलेगा। विदेश नीति के मोर्चे पर निरंतरता ही दिखाई पड़ेगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की छाप भी दिखेगी। भारतीय शासन प्रणाली विदेश नीति में प्रधानमंत्री कार्यालय की सक्रियता की विशेष गुंजाइश देती है। यही कारण है कि प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू से लेकर पीएम मोदी तक यह सिलसिला लगातार कायम रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश नीति में विशेष रुचि लेते हुए उसे और जीवंत एवं गतिशील बनाया। उन्होंने अतीत की कई हिचक तोड़कर भविष्य की दृष्टि से कई साहसिक एवं सकारात्मक फैसले भी लिए, जिनका भारत को व्यापक रूप से लाभ मिला।

विदेश नीति मुख्यतः राजनीतिक दबावों से मुक्त रहती है। गठबंधन की सरकारों में भी यही रवैया देखने को मिला है। अपवाद सरीखी स्थितियों में गठबंधन के सहयोगियों के दबाव में कुछ समायोजन या तात्कालिक समझौते करने पड़ते हैं। जैसे मनमोहन सिंह सरकार के दौरान भारत बांग्लादेश के साथ नदी जल से जुड़े एक समझौते को लेकर आगे बढ़ना चाहता था, लेकिन गठबंधन में सहयोगी तृणमूल कांग्रेस के दबाव के चलते सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े। कभी-कभार द्रमुक जैसे दल के दबाव का असर भारत की श्रीलंका नीति पर भी देखने को मिला है, लेकिन ऐसा कोई संभावित दबाव मोदी सरकार पर दिखने के आसार नहीं हैं। एक तो भाजपा बहुमत से बहुत ज्यादा दूर नहीं है और वह समर्थन के लिए जदयू और तेलुगु देसम जैसे जिन दलों के समर्थन पर कुछ हद तक निर्भर रहेगी, उनके किसी पड़ोसी देशों के साथ हितों का ऐसा कोई टकराव नहीं कि सरकार को अपना रुख-रवैया बदलना पड़े।

भारत की विदेश नीति में चीन और पाकिस्तान हमेशा से महत्वपूर्ण पहलू रहे हैं। इन देशों के साथ दृढ़ता से निपटना मोदी सरकार की एक विशेषता रही है। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर एयर स्ट्राइक और चीन के खिलाफ डोकलाम और लद्दाख जैसे उदाहरण गिनाए जा सकते हैं। चूंकि मोदी का राजनीतिक आधार मामूली रूप से सिकुड़ा है तो देखना होगा कि इस मोर्चे पर कैसी परिस्थितियां आकार लेती हैं। चीन और पाकिस्तान संभवतः इसका आकलन मोदी के कमजोर होने के रूप में करें और भारत को परेशान करने का प्रयास करें, लेकिन उनके किसी भी दुस्साहस का पूर्व की तरह कड़ा जवाब ही मिलेगा। पाकिस्तान और चीन के मसले पर भारत में किसी भी सरकार को सदैव व्यापक राजनीतिक समर्थन मिलता रहा है। चाहे पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लादेश बनने के लिए छिड़ा संघर्ष हो या कारगिल युद्ध, उस समय के विपक्ष ने भी तत्कालीन सरकारों का पूरा-पूरा सहयोग किया। ऐसे में यही उम्मीद है कि चीन और पाकिस्तान के मामले में मोदी के निर्णायक फैसलों वाली नीति कायम रहेगी।



अवधेश राजपूत

इस कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी की एक चुनौती अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से तालमेल बिठाने की होगी। विदेश नीति ऐसा संवेदनशील विषय है कि इसमें कई कारकों पर आपका कोई नियंत्रण नहीं रहता और संतुलन के ऐसे समीकरण बनाने पड़ते हैं कि एक पक्ष को साधने के फेर में कहीं दूसरा साथी न छिटक जाए। वैश्विक नेताओं के साथ अपने सहज रिश्तों के माध्यम से मोदी राष्ट्रीय हितों को पोषित करने में सफल रहे हैं, लेकिन निरंतर बदलती एवं विभाजित दुनिया में उनके लिए यह काम और कठिन होगा। जहां रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ा युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है, वहीं पश्चिम एशिया में टकराव के नए मोर्चे खुल गए हैं। अमेरिका और चीन के बीच भी तल्खी निरंतर बढ़ने पर है। इस बीच भारत ने रूस के साथ ही उसके विरोधी पश्चिमी देशों के साथ भी अपने संबंधों को बेहतर बनाए रखा। पश्चिम एशिया के संघर्ष में उसने इजरायल को भी अकेला नहीं छोड़ा और उसके विरोधी देशों के साथ भी संबंध बढ़िया बनाए रखे। ऐसी स्थितियों में मोदी के लिए भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप के आर्थिक गलियारे के निर्माण को गति देने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे, जिस पर सहमति गत वर्ष नई दिल्ली के जी-20 सम्मेलन में बनी थी। चुनावों के दौरान ही सरकार ने ईरान से चाबहार बंदरगाह के लिए अनुबंध को अंतिम रूप दिया। वह भी तब जब अमेरिका ने ईरान पर तमाम प्रतिबंध लगा रखे हैं। इसे लेकर भारत ने अपने हितों को प्राथमिकता दी, क्योंकि वह चाबहार की महत्ता को समझता है और यदि भारत उसके लिए आगे नहीं आता तो चीन इस अवसर की ताक में ही बैठा था। इस अनुबंध का श्रेय मोदी की दूरदर्शी एवं व्यावहारिक विदेश नीति को जाता है।

एक ऐसे समय में जब सरकारों को पांच साल के सत्ता विरोधी रुझान के चलते बाहर का रास्ता देखना पड़ता है, उस दौर में भारत जैसे विविधतापूर्ण एवं विशाल देश में दस साल की सत्ता के बाद लगातार तीसरी बार सरकार बनाने से जुड़ा मोदी का यह करिश्मा उनके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव में और बढ़ोतरी करने जा रहा है। चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में उनके कुशल आर्थिक प्रबंधन की भी खूब वाहवाही हुई है। कोविड महामारी से लेकर विभिन्न वैश्विक घटनाओं के समय सक्रिय रहे मोदी ने अपनी गतिविधियों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए प्रतिष्ठा अर्जित की है। अब तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की उनकी उपलब्धि दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों को चमत्कृत करेगी। इससे उनका कद एवं रुतबा और बढ़ेगा। इसका लाभ भारत को भी उसी अनुपात में मिलेगा। तीसरे कार्यकाल में मोदी ने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का वादा किया है और वह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रति भी संकल्पबद्ध हैं। इन संकल्पों के तार अंतरराष्ट्रीय सक्रियता से भी जुड़े हुए हैं। मोदी के प्रभाव का लाभ भारत को व्यापार, रक्षा उत्पादन और तकनीकी हस्तांतरण पर भी मिलने की उम्मीद है।

(लेखक नई दिल्ली स्थित आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में उपाध्यक्ष हैं)

response@jagran.com

# भाजपा को बदलनी होगी रीति-नीति



अवधेश कुमार

**जनादेश तो राजग के शासन का है, किंतु बहुमत से पीछे रह जाना भाजपा के लिए बड़ा आघात है**

वर्ष 2014 के बाद पहली बार भाजपा के सामने अपनी रीति-नीति, आचार-विचार को लेकर आत्ममंथन और उसके अनुसार सुधार करने की स्थिति आई है। यदि चुनौतियों का आकलन कर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो आगे खतरे ज्यादा हैं। गठबंधन पर निर्भर सरकार चलाने की स्थिति इस कारण चुनौती है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी कठोर फैसले लेते रहे हैं। अब साथी दलों को संभालने का भी काम करना होगा। दूसरे, जिन राज्यों में भाजपा को धक्का लगा है, उनमें जनाधार वापस लाने और विपक्ष के दुष्प्रचार की काट भी बड़ी चुनौती है। पिछले दो लोकसभा चुनावों के बाद आम धारणा यह बन रही थी कि इस भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर पराजित करना संभव नहीं है। इस धारणा को जबरदस्त धक्का पहुंचा है।

स्वाभाविक ही अब शक्तिशाली विपक्ष ज्यादा हमलावर होगा, जिसका सफलतापूर्वक सामना करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को लेकर विरोधियों के वक्तव्यों का इसलिए अर्थ नहीं हैं, क्योंकि इनमें ज्यादातर बातें लंबे समय से कही जा रही हैं। भाजपा, उसके नेताओं, संघ परिवार आदि को लेकर विरोधियों द्वारा बनाए गए नैरेटिव वर्षों से सामने हैं। जो आरोप चुनाव पूर्व लगाए जा रहे थे, वही आज भी दोहराए जा रहे हैं। इसके बावजूद भाजपा जीतती रही। इसलिए स्थितियों का विश्लेषण भाजपा के दृष्टिकोण से ही किया जा सकता है। बहुमत से पीछे रह जाना भाजपा के लिए बड़ा आघात है, किंतु जनादेश राजग के शासन का ही है। विपक्षी नेता अपने अनुसार इसका मूल्यांकन करें, लेकिन उनके लिए भी यह मंथन का विषय होना चाहिए कि इतने प्रचार-दुष्प्रचार के बावजूद 10 वर्षों के शासन के विरुद्ध इतना जनमत पैदा नहीं कर सके कि लोग सरकार उखाड़ फेंक दें। यह स्थिति क्यों आई कि भाजपा को सरकार चलाने के लिए साथी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा? 500 वर्षों बाद राम मंदिर के निर्माण पर समूचे देश और विश्व भर के हिंदुओं ने उत्सव मनाया, फिर भी यदि भाजपा उत्तर प्रदेश में ही दूसरे स्थान पर रह गई और अयोध्या से उसके उम्मीदवार हार गए तो यह सामान्य घटना नहीं है। यदि इस पर विचार करें कि कोई भाजपा कार्यकर्ता या प्रतिबद्ध समर्थक क्यों बनता है या उसे क्यों वोट देता है तो सही निष्कर्ष तक पहुंचा जा सकता है। मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग परिस्थितियों अनुसार पक्ष-विपक्ष में जाता है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जिसका विचारधारा के आधार पर एक ठोस मताधार कायम हो चुका है। उसके कार्यकर्ताओं और प्रतिबद्ध समर्थक त्याग करते हुए भी उसके लिए काम करते हैं। अगर भाजपा सरकारें, मंत्री, नेता अपने कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते तो उन्हें धक्का लगता है। इस बार उसके नेताओं, कार्यकर्ताओं और प्रतिबद्ध समर्थकों का एक वर्ग असंतुष्ट था।



भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ● एएनआइ

ऐसा नहीं है कि केंद्र सरकार और राज्य की भाजपा सरकारों ने विचारधारा के अनुरूप कार्यकर्ताओं, समर्थकों को संतुष्ट करने वाले काम नहीं किए। वे किए और इसीलिए परिणाम मिश्रित दिखते हैं, लेकिन नेताओं और उम्मीदवारों में प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिछाया दिखनी चाहिए। गठबंधन के पीछे भी वैचारिक तार्किकता दिखनी चाहिए। बाहरी या ऐसे उम्मीदवार, जो कार्यकर्ताओं, समर्थकों की कसौटियों पर खरे नहीं उतरे, उनमें से अनेक हारे या कम वोटों से जीते। कुछ गठबंधन लोगों को स्वीकार नहीं हुए, क्योंकि वे भाजपा की कसौटियों के अनुरूप नहीं रहे। भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी, संविधान समाप्त कर देगी, मोदी केवल कुछ पूंजीपतियों के दोस्त हैं, दलित-पिछड़ा विरोधी हैं, जैसे नैरेटिव बनाने में विपक्ष एक सीमा तक सफल रहा और यदि इसका कुछ हद तक मतदान पर असर पड़ा तो इसीलिए कि भाजपा इन झूठे नैरेटिव का करारा प्रतिकार नहीं कर सकी, जबकि 2014 और 2019 में भी ऐसे नैरेटिव थे, जिनका मुखरता से प्रतिकार किया गया।

इस बार भाजपा के कई नारे-मुद्दे उठे, जो कुछ ही दिनों में खत्म हो गए। इस बार यह दिख रहा था कि नीति निर्माण के संदर्भ में निष्ठावान समर्थकों, नेताओं, कार्यकर्ताओं-सबकी भूमिका कम हो रही थी। वे हाशिए पर गए और ऐसे लोग सामने दिखने लगे, जिनकी प्रतिबद्धता विचार, संगठन या कार्यकर्ताओं के प्रति नहीं थी। यह भी धारणा बनी कि मोदी के रहते बहुत कुछ करने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि लोग उनके नाम पर वोट दे ही देंगे। इस कारण पार्टी की भूमिका सरकार के संदेशवाहक जैसी बनती गई। बाहर से आए लोगों में कुछ अच्छे भी हैं, लेकिन अनेक ऐसे भी रहे, जिनके लिए पार्टी और कार्यकर्ताओं के कोई मायने नहीं थे। आम कार्यकर्ताओं के छोटे-छोटे काम या योग्य व्यक्तियों को उनके अनुरूप भूमिका मिलना कठिन हो गया। लोगों को अपनी ही सरकार में सही काम कराने के लिए संघर्ष करना पड़ा। ऐसे लोगों को भी टिकट दिए गए, जिनसे भाजपा नेता, कार्यकर्ता और समर्थक ही नहीं, बल्कि आम वोटर भी सहमत नहीं थे। यदि इन कारणों से कार्यकर्ता उदासीन हो तो वह विरोधियों के दुष्प्रचार का सामना करने की जगह यह सोचता है कि जो पार्टी और सत्ता पर हावी हैं, वही यह काम करें। वह या तो शांत बैठता है या प्रतिशोध के भाव में काम करता है। यही इस चुनाव में हुआ।

अगर भाजपा में विचार, व्यक्तित्व और व्यवहार को लेकर व्यापक आंतरिक सुधार हो जाए तो सरकार का चाल, चरित्र और चेहरा ठीक रहेगा, विरोधियों का मुकाबला आसान होगा, गठबंधन सरकार का प्रबंध ठीक होगा तथा भविष्य में बहुमत पाने का आधार बनेगा, क्योंकि वह स्थायी रूप से खत्म नहीं हुआ। इसमें आरएसएस को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### प्रकृति से प्रेरणा

सुख और दुख जीवन के दो चक्र हैं। इनमें से कोई भी चक्र सदैव नहीं बना रह सकता। फिर भी दुख की अवस्था में हमारा मन अवसाद से भर जाता है। ऐसी परिस्थिति में हमें प्रकृति से सीख लेने की आवश्यकता होती है। पतझड़ के समय जब पेड़ों से पत्तियां गिर जाती हैं तो यह वृक्ष का अंत नहीं है। वृक्ष धैर्यपूर्वक वसंत की प्रतीक्षा करता है, जब नई कोंपलें दस्तक देती हैं। इसी प्रकार, जब जीव-जंतु शीतनिद्रा में चले जाते हैं तो वे अपने भीतर ऊर्जा संचित कर पुनः सक्रिय होने की तैयारी करते हैं। अर्थात कठिन परिस्थितियां हमें परखती हैं और हमें अनुभवी एवं दृढ़ बनाती हैं।

जीवन में जब भी आगे की कोई राह न सूझे तब हमें धैर्य और सहनशीलता से काम लेना चाहिए। परिस्थितियों से अनुकूलित होकर हम अपने भीतर की ऊर्जा और रचनात्मकता को संरक्षित करें। जिस तरह प्रकृति हर कठिनाई के बाद नवजीवन को प्राप्त करती है, वैसे ही हमें भी विश्वास रखना चाहिए कि हर दुख के बाद सुख और हर अंधकार के बाद प्रकाश अवश्य आता है। प्रत्येक कठिनाई अस्थायी है और हमें अपनी संभावनाओं को पहचान कर नए सिरे से शुरुआत करनी चाहिए। इसलिए, जीवन के हर पल को स्वीकारें, उससे सीखें और आगे बढ़ें। प्रकृति के इस सजीव उदाहरण से प्रेरणा लेकर हम तमाम कठिनाइयों को पार कर सकते हैं और अपनी रचनात्मकता को फिर से जागृत कर सकते हैं।

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने प्रकृति को एक गहन शिक्षक के रूप में वर्णित किया है। प्रकृति प्रेमी कवि विलियम वर्ड्सवर्थ ने कहा था कि 'प्रकृति को अपना शिक्षक बनने दो।' उनका दर्शन यही सिखाता है कि जीवन में संतुलन, खुशहाली और रचनात्मकता के लिए हमें प्रकृति से सीखने की आवश्यकता है। प्रकृति हमें सिखाती है कि जीवन में किसी भी प्रकार की कठिनाई आए, उसका समाधान संभव है। हम अपने जीवन को खुशहाल और अर्थपूर्ण बना सकते हैं। बशर्ते हम प्रकृति के सान्निध्य में रहकर उससे प्रेरणा लेना सीखें।

सोमा सुर

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### गठबंधन राजनीति की वापसी

'विपक्ष को मिली राजनीतिक संजीवनी' शीर्षक से लिखे आलेख में राजकुमार सिंह का यह आकलन बिल्कुल सही है कि विपक्षी दल अगर थोड़ी बेहतर तैयारी और सुनियोजित रणनीति से चुनाव लड़े होते तो सत्ता भी उनके हाथ लग सकती थी। 2024 के अप्रत्याशित जनादेश ने सबको हैरत में डाल दिया। चार सौ पार के महत्वाकांक्षी नारे के साथ चुनावी मैदान में उतरने वाली भाजपा को यह उम्मीद नहीं थी कि उसके मजबूत गढ़ उत्तर प्रदेश में उसे इतनी बड़ी चुनौती मिल सकती है। बंगाल, राजस्थान और महाराष्ट्र में भी उसे इसी तरह की विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ा। यदि ओडिशा, तेलंगाना, कर्नाटक सहित कुछ अन्य राज्यों से उसे संबल न मिला होता तो आज भाजपा सत्ता से बाहर होती। ऐसे आसार लग रहे हैं कि नई मोदी सरकार अब पूर्व की तरह निश्चिंत होकर बेबाक फैसले नहीं ले पाएगी। मोदी सरकार को कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले अपने सहयोगियों को भरोसे में लेना होगा। गठबंधन की यह मजबूरी अब मोदी सरकार को न केवल पंगु बना सकती है, अपितु समर्थन वापसी की तलवार भी हमेशा उसके सामने लटकी रहेगी। यह जनादेश विपक्ष को मजबूत करने वाला जरूर है, लेकिन देशहित में बिल्कुल नहीं। देश को अभी मजबूत और स्थिर सरकार की जरूरत थी। प्रधानमंत्री मोदी के लिए गठबंधन की अस्थिर केंद्र सरकार से आत्मनिर्भर विकसित भारत के स्वप्न को साकार कर पाना थोड़ा मुश्किल होगा।

डा. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़ (उ.प्र.)

### विपक्षी दलों का आचरण

डा एके वर्मा का आलेख चुनौतियों भरी तीसरी पारी अत्यंत सटीक है। इस चुनाव में कांग्रेस, इंडी गठबंधन हार कर भी जीत गए और भाजपा व एनडीए एक तरह से जीत कर भी हार गए। कारण भाजपा ने लक्ष्य 400 पार का रखा था और न केवल नेताओं, अपितु भाजपा समर्थकों को भी लक्ष्य पूरा करने की पूरी उम्मीद थी। इस लक्ष्य को लेकर विपक्ष सफलतापूर्वक जनमानस में भय का माहौल बनाने में कामयाब हो गया कि उनका आरक्षण खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा, तानाशाही आ जाएगी आदि। भाजपा स्पष्ट करने में नाकामयाब रही कि उसे 400 सीट असल में क्यों चाहिए। खैर, अब एनडीए ने गुजारे लायक बहुमत प्राप्त कर लिया है, वह भी सहयोगी दलों तेलुगू देशम, जदयू आदि के साथ। मोदी सरकार की प्रथम चुनौती तो यह गठबंधन के साथ सामंजस्य बनाने की होगी। अतीत में गठबंधन की सरकारों को लेकर देश का अनुभव संतोषजनक नहीं रहा। दूसरी चुनौती पहले से मजबूत विपक्ष की होगी। पिछले 10 साल का विपक्षी दलों का आचरण सबके सामने है। सकारात्मक विरोध की अपेक्षा अंधविरोध किया गया। संसद के लगभग हर सत्र को कोई न कोई बहाना बनाकर बाधित किया गया। मोदी सरकार ने कोरोना महामारी का प्रशंसनीय ढंग से सामना किया। लंबे खिंचे राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित किसान आंदोलन को भी झेला। इसके बावजूद वंचित वर्ग के लिए कल्याणकारी कार्य भी हुए और लगभग हर क्षेत्र में चमत्कारिक विकास भी हुआ। मोदी सरकार को सहयोगी दलों के साथ-साथ विरोधी दलों से भी सामंजस्य स्थापित करना होगा। यही विरोधी दलों के पिछले और अभी के आचरण को देखते हुए अत्यंत कठिन है।

सीपी बंसल, दिल्ली

### अभिशप्त शहर

अयोध्या हर युद्ध में अविजित रही। निस्संदेह यह गौरव की बात है, पर वह आंतरिक षड्यत्रों से अछूती नहीं रही। जिन राम का अगले दिन राजतिलक होना था, उनको अपनी सौतेली माता के षड्यंत्र के कारण 14 वर्षों के लिए बनवास जाना पड़ा, महाराजा दशरथ ने अपने प्राण तक त्याग दिए। अविजित अयोध्या अपनों से ही हार गई। 14 वर्षों के पश्चात राम पत्नी सीता के साथ अयोध्या वापस आए। भाई भरत नें अयोध्या का राज उनको लौटा दिया। रामराज्य की स्थापना हुई। सारे कार्य मर्यादा से निष्पादित होने लगे पर अपने राज्य के एक धोबी के इस कथन पर कि राजा राम ने रावण के घर पर पर्याप्त समय तक रहने वाली अपनी पत्नी सीता को अपने राजमहल में रख कर अमर्यादित कार्य किया है, मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अभूतपूर्व निर्णय ले लिया। यद्यपि पूर्व में सीता अग्नि परीक्षा दे चुकी थीं, फिर भी प्रजा के असंतोष को दूर करने के लिए सीता को फिर बनवास दे दिया गया, उस समय वह गर्भवती थीं। इस तरह अयोध्या फिर से एक बार निर्दोष नारी को दंडित कर कलंकित हुई। सन् 1992 में अयोध्या के विवादित ढांचे के गिरने के पश्चात उप्र के तत्कालीन मुख्य मंत्री कल्याण सिंह ने त्याग पत्र दे दिया था। उसके बाद हुए चुनावों में अविवेकी जनता ने उनको दोबारा जिताना आवश्यक नहीं समझा। इस बार भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ अयोध्या का शानदार विकास किया गया है, पर क्षेत्र में 85% हिंदू मतदाता होने के पश्चात भी भाजपा प्रत्याशी को हराकर उन्होनें अयोध्या को अभिशप्त मानने को मजबूर कर दिया है।

धर्मेन्द्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

## पोस्ट

अगर नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सचमुच गुस्सा होता तो फिर वह बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं दिखा?


नवनीत मिश्रा@navneetmishra99

उत्तर प्रदेश में तमाम केंद्रीय मंत्री चुनाव हार गए। इस जनादेश का संदेश एकदम स्पष्ट है कि काम करो और व्यवहार सही रखो, तभी मोदी का नाम काम करेगा। अन्यथा यूपी भी अपना 'काम' करेगा।

संतोष कुमार शर्मा@aap_ka_santosh

कुछ एजेंडाधारी अपने हिसाब से वोटर को बेवकूफ-बुद्धिमान बता देते हैं। ईवीएम पर सवाल खड़े कर देते हैं। आपके मनमुताबिक वोटर की समझ नहीं बदल सकती। वह समझदार है। हारने वालों को आत्ममंथन करना होगा कि कहां कमी रह गई। जीतने वाले भी संभल जाएं। पांच साल काम करें। लोगों से मिलें-जुलें।

ऋचा अनिरुद्ध@richaanirudh



पंजाब के जनादेश को किसी भी लिहाज से अनदेखा करना भारत को भारी पड़ेगा। खालिस्तान को लेकर पनप रही भावनाएं पंजाब को नरक की आग में धकेल देंगी। इससे पहले कि देर हो जाए, कुछ कदम उठाने होंगे।

सुशांत सरीन@sushantsareen

## जनपथ

जिनकी 'शंका' पर हुआ सीता को वनवास,
जिंदा हैं वे आज भी कहीं आस ही पास।
कहीं आस ही पास उन्हें सुख तनिक न भाता,
वरना क्या परिणाम अयोध्या का यह आता!
दिखता नहीं विकास रोशनी में भी दिन की,
उनका कौन इलाज बुद्धि पथराई जिनकी!!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेंद्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल* दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 323

********

# AMITY UNIVERSITY GURUGRAM

## AMITY GURUGRAM
# YOUR GATEWAY TO THE C-SUITE

AMITY GURUGRAM STUDENTS HAVE BEEN PLACED IN TOP CORPORATES

pwc · accenture · tcs · IBM · Human · genpact · BT · TATA · HCL · EY · asianpaints · Fortis HEALTHCARE · ROYAL ENFIELD · L&T · PHILIPS · HDFC BANK · airtel · UNO MINDA · medanta · Network 18 · Abbott · DELL · BOSCH · SWIGGY · AXIS BANK · amazon · FOUR POINTS BY SHERATON · ET

### UNIQUE PLACEMENT INITIATIVES BY CORPORATE RESOURCE CENTRE

**STUDENT COMMITTEE ON PLACEMENTS (SCOP)**
to facilitate campus placements

**UNIQUE 3-TIER MENTORSHIP**
by a corporate leader, alumni & faculty for enhanced career guidance

**OVERSEAS PLACEMENTS**
in top corporates like Human Resocia, American Medical Centre, Sekisho Corp, Nitto Corp....

**BEHAVIOURAL SCIENCE MODULES**
and language proficiency programs

**INVOLVEMENT OF INDUSTRY PROFESSIONALS**
as panelists in admission interviews

**CAREER NETWORKING OPPORTUNITIES**
with 700,000+ well-heeled alumni

**EXCLUSIVE TRIPLE C MODEL -**
Corporate Counselling Club

**EMPLOYABILITY SKILL BUILDING WORKSHOPS;**
ICT enabled PPM: Pre-Placement Mock sessions; Student Centric PMM: Profile Mapping Matrix

Foreign Country Placements:
**Japan, Dubai, UK...**

Companies visited 2024:
**439**




### AMITY MERIT SCHOLARSHIPS

| | UG | PG | |
|---|---|---|---|
| Scholarship | 10+2 | 10+2 | Grad. |
| 100% | 93% | 93% | 80% |
| 50% | 88% | 88% | 75% |
| 25% | 80% | - | - |

**MBA**

| Scholarship | Percentile/(CAT/MAT) | Score GMAT/ GRE |
|---|---|---|
| 100% | 90 | 650/161 |
| 50% | 85 | 600/157 |
| 25% | 80 | 500/152 |

FOR ADMISSIONS, APPLY AT:
**www.amity.edu/gurugram**
BY: 22nd June 2024

OR SCAN THE QR CODE

HELPLINE : 7303-399-399

### 2024 SESSION ADMISSIONS OPEN FOR UG & PG PROGRAMMES IN THE FOLLOWING DOMAINS

- ANIMATION
- APPLIED SCIENCES
- ARCHITECTURE
- ARTIFICIAL INTELLIGENCE
- ATMOSPHERIC TECH. & Sc.
- BANKING & FINANCE
- BIOTECHNOLOGY
- BUSINESS ANALYTICS
- COMMERCE
- COMPUTER Sc./IT
- DATA SCIENCE
- DEFENCE TECHNOLOGY
- EARTH & ENVIRON. Sc.
- ECONOMICS
- ENGINEERING
- ENGLISH LITERATURE
- FASHION DESIGN
- FINE ARTS
- FOREIGN LANGUAGES
- FORENSIC SCIENCES
- HOTEL MANAGEMENT
- INTEGRATED SCIENCES & HEALTH
- INTERIOR DESIGN
- LAW
- LIBERAL ARTS
- MEDIA & COMMUNICATION
- MANAGEMENT
- MEDICAL
- MOLECULAR & STEM CELL TECHNOLOGY
- PHARMACY
- PSYCHOLOGY
- TRAVEL & TOURISM

**FOR OPEN HOUSE SESSION AT CAMPUS, REGISTER AT: www.amity.edu/gurugram/openhouse**

AMITY UNIVERSITY GURUGRAM, AMITY EDUCATION VALLEY, GURUGRAM, MANESAR | E: admissions@ggn.amity.edu


********

संसेक्स 74,382.24 ↑ 2,303.19 | सराफा दिल्ली के भाव | सोना ₹72,820 10 ग्राम ↓ ₹ 80 | चांदी ₹ 91,900 1 किलो ↓ ₹1,200 | डालर ($) ₹83.44 ↓ ₹0.07

## एक नजर में

### कोल इंडिया ने सरकार को दिए 9,560 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों यानी अप्रैल और मई के दौरान सरकारी खजाने में 9,560.28 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। इसमें पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 2.2 प्रतिशत की गिरावट रही है। कोल इंडिया लिमिटेड के घरेलू कोयला उत्पादन में करीब 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। (प्रेट्र)

### बिजली की अधिकतम मांग 241 गीगावाट पर पहुंची

**नई दिल्ली :** लगातार दो दिनों तक गिरावट के बाद मंगलवार को देश में बिजली की अधिकतम मांग फिर से 240 गीगावाट के पार पहुंचते हुए 241 गीगावाट रही। एक जून को देश में बिजली की अधिकतम मांग 245 गीगावाट रही थी। डाटा के अनुसार, इस वर्ष मई में बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। सितंबर 2023 में अधिकतम मांग 243.27 गीगावाट रही थी। (प्रेट्र)

### एपल ने 1.95 ट्रिलियन डालर के आइफोन बेचे

**नई दिल्ली:** अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी एपल अब तक 1.95 ट्रिलियन डालर के आइफोन की बिक्री कर चुकी है। स्टाकलिटिक्स डाटा काम के डाटा के अनुसार, जनवरी-मार्च 2024 के दौरान कंपनी ने 5.01 करोड़ स्मार्टफोन की बिक्री की है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 50 लाख डालर कम है। मूल्य के लिहाज से बिक्री 10 प्रतिशत घटकर 45.9 अरब डालर रही है। (आइएएनएस)

### दुबई फ्रेम में अयोध्या के एतिहासिक महत्व का प्रदर्शन

**नई दिल्ली:** रियल एस्टेट कंपनी हाउस आफ अभिनंदन लोढ़ा (एचओएबीएल) अयोध्या की पहचान पूरे विश्व में स्थापित करने में जुटी है। एचओएबीएल के चेयरमैन अभिनंदन लोढ़ा ने बताया कि हमने हाल ही में दुनिया के सबसे ऊंचे दुबई फ्रेम समेत टाइम्स स्क्वायर, न्यूयार्क सिटी और एनसीआर में डिस्प्ले और अन्य गतिविधियों के जरिये अयोध्या की विरासत और एतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व का प्रदर्शन किया गया। (वि.)

# 13 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ा बाजार पूंजीकरण

## बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मूल्य 408.06 लाख करोड़ रुपये हुआ, निचले स्तर पर खरीदारी का मिला लाभ

- रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक समेत तमाम बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी
- बाजार विशेषज्ञ बोले- ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी नतीजों के बाद आई गिरावट

**जेएनएन, नई दिल्ली :** एनडीए की ओर से सरकार गठन की चर्चा शुरू होने के बाद निचले स्तर पर हुई खरीदारी की बदौलत शेयर बाजारों में आई तेजी से बुधवार को निवेशकों की कुल संपत्ति में 13.22 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस वृद्धि के बाद बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर फिर से 400 लाख करोड़ रुपये के पार जाकर 408.06 लाख करोड़ रुपये या 4.89 ट्रिलियन डालर हो गया है।

बीएसई के बाजार पूंजीकरण की वृद्धि में एचडीएफसी बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज समेत तमाम बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी का लाभ मिला है। बीएसई में 2,597 शेयर बढ़कर बंद हुए, जबकि 1,221 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। 100 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विस के पार्टनर विवेक जालान ने बताया कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत स्थिति में है और टैक्स संग्रह से लेकर जीडीपी विकास दर तक में खासी बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को चुनावी नतीजे को देख बाजार में जो भारी गिरावट हुई, वह अधिक दिनों तक कायम नहीं रह सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, सरकार बनने में अगर फिर से कोई बाधा आती है तो बाजार फिर से प्रभावित होगा। अगर नए नेतृत्व में सरकार का गठन होता है तो भी बाजार निश्चित रूप से तीव्र प्रतिक्रिया देगा। मूल्य के लिहाज से भारतीय शेयर बाजार का आकार पांच ट्रिलियन अरब डालर के पार जा चुका है। इसलिए भारतीय राजनीति पूरी तरह से विदेशी निवेशकों के मूड को प्रभावित कर रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक, शुक्रवार को आरबीआइ की मौद्रिक नीति समीक्षा कमेटी की बैठक का अंतिम दिन है और इस दिन सबकी नजर गवर्नर की घोषणा पर होगी। बैंक दरों में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं की जा रही है।

**प्रमुख सूचकांकों में तेजी% में**

| | |
|---|---|
| टेलीकम्युनिकेशन | 6.01 |
| सेवा | 5.74 |
| धातु | 5.36 |
| आटो | 4.50 |
| कमोडिटी | 4.48 |



### एनएसई में हुए 1,971 करोड़ लेनदेन

नेशनल स्टाक एक्सचेंज ने बुधवार को वर्ल्ड रिकार्ड बनाते हुए एक ही दिन में 1,971 करोड़ लेनदेन का प्रबंधन किया। एनएसई के सीईओ आशीष कुमार चौहान ने एक एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी।

### अदाणी की अधिकांश कंपनियों के शेयरों में तेजी लौटी

एक दिन पहले की भारी-भरकम गिरावट से उबरते हुए बुधवार को अदाणी समूह की सूचीबद्ध 10 में से नौ कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान केवल अदाणी एनर्जी साल्यूशंस के शेयरों में 2.58 प्रतिशत की गिरावट रही। दिनभर के कारोबार के अंत में बीएसई में अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर सबसे ज्यादा 11.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह, अदाणी पोर्ट में 8.59 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट में 7.47 प्रतिशत और समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 6.02 प्रतिशत की तेजी रही। एसीसी के शेयर 5.20 प्रतिशत, एनडीटीवी के 3.26 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस के शेयर 2.67 प्रतिशत, अदाणी विल्मर के 2.67 प्रतिशत और अदाणी पावर के शेयर 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहे। इस तेजी के साथ अदाणी समूह की इन नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 15,57,765.43 करोड़ रुपये हो गया है। मंगलवार को उम्मीद के अनुरूप नतीजे नहीं आने से अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी।

### 1,200 रुपये घटी चांदी

कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते बुधवार को चांदी के मूल्य में 1,200 रुपये की कमी दर्ज की गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार, अब दिल्ली में चांदी का मूल्य घटक 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया है। इसी तरह, सोना का मूल्य 80 रुपये घटकर 72,820 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया है। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी का कहना है कि अमेरिकी डालर में मजबूती और तकनीकी बिक्री दबाव के चलते वैश्विक स्तर पर सोना-चांदी का मूल्य घटा है।

### आरबीआइ एमपीसी की बैठक शुरू

**मुंबई, प्रेट्र :** ब्याज दरें तय करने वाली आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को शुरू हो गई। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास सात जून 2024 को समिति के फैसलों की जानकारी देंगे। भाजपा नीत एनडीए को तीसरी बार बहुमत मिलने के तुरंत बाद यह बैठक हो रही है। ऐसे में सबकी नजरें बैठक पर होंगी।

आरबीआइ ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और यह तब से अब तक 6.5 प्रतिशत पर बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय बैंक की ओर से इस बार भी ब्याज दरों में बदलाव की कोई संभावना नहीं है। यदि ऐसा होता है तो यह लगातार आठवां मौका होगा, जब रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आरबीआइ के सामने खाद्य महंगाई लगातार चुनौती बनी हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाद्य महंगाई 8.70 प्रतिशत रही है जो मार्च की 8.52 प्रतिशत से ज्यादा है।

### इस वर्ष 16 करोड़ के पार जा सकता है घरेलू हवाई यातायात

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत का घरेलू हवाई यातायात छह से आठ प्रतिशत बढ़कर 16 करोड़ यात्रियों के पार जा सकता है। विमानन क्षेत्र की सलाहकार फर्म सीएपीए ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2025 के अंत तक भारत का अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात 7.8 करोड़ यात्री तक हो सकता है और इसमें 9-11 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की विमानन कंपनियों को 40 से 60 करोड़ डालर का घाटा हो सकता है। घाटे का एक कारण विमानों के खड़े होने के चलते कंपनियों की क्षमता में कमी आना है। इस समय विभिन्न कंपनियों के करीब 130 विमान खड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2025 तक घरेलू कंपनियों के पास 812 विमानों होंगे और इसमें 84 विमानों की बढ़ोतरी होगी।

### अक्टूबर से सीधे ग्राहकों के खाते में जमा होगा शेयर बिक्री का पैसा

- सेबी ने जारी की अधिसूचना, 14 अक्टूबर से लागू होगा नया नियम
- अभी ब्रोकर के पूल अकाउंट में जमा होता है ग्राहकों का पैसा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मार्केट रेगुलेटर सेबी ने शेयर बिक्री के पैसे को सीधे ग्राहकों के खाते में जमा करना अनिवार्य बना दिया है। संचालन दक्षता और ग्राहकों के पैसों का जोखिम कम करने के उद्देश्य से सेबी ने यह कदम उठाया है। मार्केट रेगुलेटर की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह नए नियम 14 अक्टूबर 2024 से प्रभावी होंगे।

मौजूदा नियमों के तहत क्लीयरिंग कारपोरेशन शेयर बिक्री के बाद ब्रोकर के पूल अकाउंट में पैसा जमा करते हैं। इसके बाद ब्रोकर संबंधित ग्राहकों के डीमैट खाते में यह राशि भेजता है। सेबी ने एक बयान में कहा कि शेयर बाजारों, क्लीयरिंग कारपोरेशन (सीसी) और डिपाजिटरीज से व्यापक विचार-विमर्श के बाद शेयर बिक्री का पैसा सीधे ग्राहकों के डीमैट खाते में जमा करने का फैसला किया गया है। सेबी का कहना है कि क्लीयरिंग कारपोरेशन ट्रेडिंग सदस्य (टीएम) या क्लियरिंग सदस्यों (सीएम) के लिए मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा के तहत बिना भुगतान वाले और मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा वाले शेयरों की पहचान करने के लिए एक तंत्र प्रदान करेंगे।

#### बेसिक डीमैट खाते की सीमा बढ़ाने पर विचार

सेबी ने कहा है कि वह बेसिक डीमैट खाते के जरिये निवेश की सीमा को मौजूदा दो लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने पर विचार कर रहा है। इसका उद्देश्य शेयर बाजारों में खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाना है।

### मई में पांच माह के निचले स्तर पर रही सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर रही है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एचएसबीसी इंडिया के मासिक सर्वे में यह जानकारी दी गई है।

पिछले महीने एचएसबीसी इंडिया का सेवा क्षेत्र का पर्चेजिंग मैनेजर्स सूचकांक (पीएमआइ) 60.2 रहा है जो पिछले वर्ष दिसंबर के बाद का निचला स्तर है। इसी वर्ष अप्रैल में यह 60.8 था। आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत के सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। एक सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई। उत्पादकता और बिक्री में तेजी व मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला है।

## आर्थिक व राजकोषीय सुधारों में देरी संभव

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** लोकसभा चुनावों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने और अब गठबंधन सहयोगियों पर निर्भर रहने से दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों में देरी हो सकती है और भाजपा को सुधार एजेंडे को आगे बढ़ाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। विभिन्न वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने बुधवार को यह बात कही।

फिच रेटिंग्स ने एक नोट में कहा कि भाजपा नीत एनडीए, अगली केंद्र सरकार बनाता दिख रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए लौट रहे हैं। लेकिन कमजोर बहुमत के कारण सरकार के महत्वाकांक्षी सुधार एजेंडे के लिए चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत भाजपा ने 2014 के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया और 543 सीट वाली लोकसभा में से 240 सीट ही हासिल कर पाई। फिच समूह की इकाई बीएमआइ का कहना है कि एनडीए गठबंधन को रोजी-रोटी के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। चुनावी जनादेश दर्शाता है कि लोग चाहते हैं कि मोदी सरकार लोगों के जीवन और आजीविका में सुधार लाने के प्रयासों पर फिर से ध्यान केंद्रित करे। बीएमआइ के एशिया प्रमुख डैरेन टाय का कहना है कि मध्यम अवधि में भारत का परिदृश्य मजबूत बना हुआ है और देश दशक के अंत तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।




वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने कहा - गठबंधन पर निर्भर रहने से भाजपा के सामने सुधार एजेंडे के लिए होंगी चुनौतियां

#### बुनियादी ढांचे पर खर्च को जारी रखेगी सरकार

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने एक रिपोर्ट में उम्मीद जताई है कि सरकार नीतिगत निरंतरता, खासकर बुनियादी ढांचे पर खर्च तथा घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने पर बजटीय जोर के संबंध में मजबूत आर्थिक वृद्धि को समर्थन प्रदान करेगी। मूडीज का कहना है कि भारत की आर्थिक ताकत को लेकर हमारा आकलन है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर करीब सात प्रतिशत रहेगी। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 तक भारत जी-20 में अन्य सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगा, लेकिन निकट अवधि की आर्थिक गति संरचनात्मक कमजोरियों को छिपाती है, जो दीर्घकालिक संभावित वृद्धि के लिए जोखिम उत्पन्न करती है।

राष्ट्रीय जागरण

# संसद में दिखाई देंगे कई पूर्व मुख्यमंत्री



चरणजीत चन्नी



शिवराज चौहान

- मनोहर लाल, चन्नी, शेट्टार, बिप्लव जैसे कई नाम शामिल
- कर्नाटक से तीन पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव जीते

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** हाल में राज्यों की कमान संभाल चुके कई मुख्यमंत्री 18वीं लोकसभा में नजर आएंगे। इनमें मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, पंजाब में कांग्रेस सरकार के मुखिया रहे चरणजीत सिंह चन्नी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देव और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई शामिल हैं। कर्नाटक से बोम्मई के अलावा दो अन्य पूर्व मुख्यमंत्रियों ने भी लोकसभा चुनाव की परीक्षा पास की है। इनमें भाजपा से जगदीश शेट्टार तथा जदएस के एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष ही मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटे भूपेश बघेल को राजनांदगांव में पराजय का मुंह देखना पड़ा। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में सपा के कायाकल्प का बड़ा काम कर दिखाया और वह खुद भी कन्नौज से जीत हासिल करने में सफल रहे हैं। माना जा रहा है कि मनोहर लाल, शिवराज चौहान व बोम्मई को अगली सरकार में अहम जिम्मेदारी मिल सकती है, खासकर शिवराज व मनोहर लाल अपने लिए महत्वपूर्ण मंत्रालयों की उम्मीद कर सकते हैं। शिवराज को मध्य प्रदेश में पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की क्लीन स्वीप जैसी जीत के बाद भी जब मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया था, तभी से अटकलें लगाई जा रही थीं कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी कोई बड़ी जिम्मेदारी देना चाहते हैं। शिवराज के निर्वाचन क्षेत्र विदिशा में प्रधानमंत्री ने एलान किया था कि वह उन्हें अपने साथ दिल्ली ले जा रहे हैं। इसी तरह मनोहर लाल का प्रशासनिक अनुभव के साथ ही दावा इसलिए मजबूत है कि हरियाणा में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव हैं।

### 18वीं लोकसभा में चुनकर आई 74 महिला सदस्य


**नई दिल्ली, प्रेट्र:** 18वीं लोकसभा के लिए कुल 74 महिला सदस्य (13.62 प्रतिशत) जीतकर आई हैं, जिनकी संख्या 2019 की 78 महिला सदस्यों (14 प्रतिशत) के मुकाबले थोड़ी कम है। सबसे ज्यादा 11 महिला सदस्य बंगाल से चुनकर आई हैं। ताजा लोकसभा चुनावों में 797 महिला प्रत्याशी मैदान में थीं। इनमें से भाजपा ने सर्वाधिक 69 व कांग्रेस ने 41 महिलाओं को प्रत्याशी बनाया था। लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने वाला विधेयक संसद से पारित होने के बाद यह पहला चुनाव था, हालांकि यह कानून अभी लागू नहीं है। थिंक टैंक पीआरएस के विश्लेषण के अनुसार, 16 प्रतिशत महिला सांसद 40 वर्ष से कम उम्र की हैं। 41 प्रतिशत महिला सांसद पूर्व में भी लोकसभा सदस्य रह चुकी हैं। एक महिला सांसद पूर्व में राज्यसभा की सदस्य रही हैं। विश्लेषण में चुनाव आयोग के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि भाजपा की 30, कांग्रेस की 14, तृणमूल की 11, सपा की चार, द्रमुक की तीन, जदयू व लोजपा (रामविलास) की दो-दो महिला प्रत्याशी विजयी हुई हैं।

# बस्तर की दोनों लोस सीटें जिताने में संघ के स्वयंसेवकों की अहम भूमिका

विनोद सिंह • नईदुनिया

**जगदलपुर:** भाजपा ने इस बार छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की दोनों लोकसभा सीटें जीत ली हैं। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों ने भी अहम भूमिका निभाई है। संघ से जुड़े महेश कश्यप को भाजपा ने बस्तर सीट से टिकट दिया था। कांकेर सीट से भी पार्टी ने संघ के धर्म जागरण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे भोजराज नाग को उतारा था। संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े दोनों प्रत्याशियों को चुनाव जिताने के लिए संघ व उसके समवैचारिक संगठनों ने भी पूरी ताकत लगा दी थी। हालांकि, मई के तीसरे सप्ताह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का दिया यह बयान चर्चा का विषय बना था कि अब भाजपा को संघ की कोई जरूरत नहीं है। बता दें कि इस बयान से पहले ही बस्तर में 19 अप्रैल और कांकेर में 26 अप्रैल को मतदान हो गया था।

बस्तर से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप 1996 से 2001 तक बजरंग दल के जिला संयोजक थे। 2001 से 2007 तक वह विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री रहे। संघ व उसके समवैचारिक संगठनों में कई पदों पर रहे। भोजराज विधायक रह चुके हैं।





कांकेर के सांसद भोजराज नाग व बस्तर के सांसद महेश कश्यप • नईदुनिया आर्काइव

आरएसएस के समवैचारिक संगठनों में दायित्व निभाता रहा हूं। सभी संगठनों का कार्य दायित्व तय है। स्वयंसेवक प्रत्यक्ष रूप राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहते हैं। संघ की विचारधारा को लेकर काम करने वालों का प्रत्यक्ष व परोक्ष सहयोग रहता है। - महेश कश्यप, भाजपा प्रत्याशी

संघ के लक्ष्यों की पूर्ति व विचारधारा को मानकर काम करने वालों का समर्थन हमारा नैतिक दायित्व है। ये हिंदू संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित हो काम करते हैं। - हेमंत पांडे, धर्म जागरण प्रांत संस्कृति प्रमुख रायपुर

# मप्र में भाजपा ने वोट हिस्सेदारी का बनाया रिकार्ड

धनंजय प्रताप सिंह • नईदुनिया

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ में हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का जो मंत्र दिया था, वही यहां भाजपा की जीत का मजबूत आधार बना। पीएम मोदी ने कहा था कि हर बूथ पर पिछले तीन चुनाव में मिले परिणाम निकालिए, जब भी सबसे ज्यादा वोट मिले हों, उसमें 370 वोट और जोड़ लीजिए। इसी मंत्र पर भाजपा संगठन ने बूथ प्रबंधन का माडल खड़ा किया और सभी 29 सीटों पर जीत का लक्ष्य पा लिया। बेहतर बूथ प्रबंधन के कारण ही भाजपा के आठ प्रत्याशी ऐसे हैं, जिन्होंने चार लाख से लेकर पौने 12 लाख वोटों के अंतर से जीत प्राप्त की। इसके साथ पीएम मोदी ने राज्य में आक्रामक प्रचार किया।

भाजपा के आक्रामक चुनाव प्रचार और रणनीति का ही परिणाम है कि 44 वर्ष बाद आम चुनाव में छिंदवाड़ा सीट को भी उसने कांग्रेस से छीन लिया। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 58 प्रतिशत वोट शेयर के साथ राज्य की 28 सीटें जीती थी, इस बार यही वोट शेयर बढ़कर 59.27 प्रतिशत हो गया और कांग्रेस का वोट शेयर 34.5 से घटकर 32.44 प्रतिशत पर आ गया। इधर, मध्य प्रदेश में भाजपा के क्लीन स्वीप के कारण कांग्रेस के दिग्गज नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमल नाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया की चुनावी राजनीति का सूर्य भी एक तरह से अस्त हो गया।

**29 में दो सीटों से पहले ही बाहर हो गई थी कांग्रेस:** प्रदेश में कांग्रेस 29 में से 27 सीटों पर ही चुनाव लड़ी थी। दरअसल, कांग्रेस का चुनाव प्रबंधन शुरू से ही गड़बड़ा गया था। कांग्रेस ने आइएनडीआइ गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी को खजुराहो सीट दी, लेकिन वहां नाटकीय घटनाक्रम के बाद सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन पत्र निरस्त हो गया था। मीरा यादव ने जानबूझकर नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर ही नहीं किए थे। फिर इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम भी आखिरी दिन नामांकन वापस लेकर भाजपा में शामिल हो गए।

**भाजपा को आदिवासियों का भी मिला साथ:** छह महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में जिस आदिवासी वर्ग ने पूरे मनोयोग से भाजपा का साथ नहीं दिया था, वह इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ लौट आया। प्रदेश में भाजपा को मिले क्लीन स्वीप में आदिवासी वर्ग के साथ का बड़ा योगदान है।

### छिंदवाड़ा की जनता ने विदाई दी, मैं स्वीकार करता हूं: कमल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, छिंदवाड़ा :** लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट पर बेटे नकुल नाथ की हार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ भावुक दिखाई दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं व समर्थकों से चर्चा में कहा कि छिंदवाड़ा की जनता ने विदाई दी है और यह विदाई मैं स्वीकार करता हूं। कहा कि छिंदवाड़ा की जनता व मेरा संबंध 45 साल पुराना है। यह संबंध हमेशा बना रहेगा। मैं छिंदवाड़ा की जनता का आभारी हूं कि उसने 45 वर्ष तक प्यार व शक्ति प्रदान की, जिसकी बदौलत लगातार आगे बढ़ते रहे। बता दें कि दिग्गज कांग्रेस नेता कमल नाथ इस सीट से नौ बार सांसद रहे हैं। उनकी पत्नी अलका नाथ भी यहां से सांसद बनीं। 2019 में उनके बेटे नकुल नाथ यहां से सांसद चुने गए थे। इस बार की हार को 77 वर्षीय कमल नाथ की सक्रियता से संन्यास के रूप में भी देखा जा रहा है। निवर्तमान सांसद नकुल नाथ ने छिंदवाड़ा की जनता का आभार जताया।



कमलनाथ

# ग्रामीण इकोनमी सुधारने पर बढ़ सकता है नई सरकार का फोकस

- 2019 के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों वाली 71 सीटों पर भाजपा की हार
- ग्रामीण क्षेत्रों में संकट दूर करना नई सरकार की प्राथमिकता

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** भाजपा की अगुवाई वाली नई राजग सरकार के एजेंडे में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली जनता के हितों से जुड़ा काम प्राथमिकता के तौर पर शामिल हो सकता है। ऐसे में सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं में भी कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। इस संभावना के बनने के पीछे वजह यह है कि ग्रामीण इलाके वाली लोस सीटों पर पार्टी का प्रदर्शन वर्ष 2019 के मुकाबले फीका रहा है। अभी तक जो आंकड़े सामने आए हैं, उनके मुताबिक 398 ग्रामीण सीटों में भाजपा को इस बार 165 पर जीत हासिल हुई है जबकि 2019 के चुनाव में उसे 236 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। दूसरी तरफ कांग्रेस को 75 सीटों पर जीत हासिल हुई है जबकि पांच वर्ष पहले उसे 31 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

अगर पूरे राजग की बात करें तो वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 2024 में इसे 44 ग्रामीण सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी तरफ आइएनडीआइए को कुल 77 सीटों पर जीत हासिल हुई है। आर्थिक शोध एजेंसी मोतीलाल ओसवाल ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पूर्ण बहुमत से दूर रहने के बावजूद यह संभव है कि केंद्र की नई सरकार पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल के एजेंडे को आगे बढ़ाए। जिस तरह के चुनाव परिणाम सामने आए हैं, हमें इस बात की भी उम्मीद है कि गरीब जनता के लिए लोकलुभावन नीतियों की घोषणा की जा सकती है। इसी तरह एचडीएफसी ने चुनाव परिणाम पर अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि चुनाव परिणाम के बाद अब लगता है कि राजग सरकार को निवेश और उपभोग को बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान देना होगा।

### दोषी साबित होने पर जा सकती है रशीद व अमृतपाल की संसद सदस्यता

**राज्य ब्यूरो, जागरण • श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग के आरोपित इंजीनियर रशीद व पंजाब में अलगाववादी अमृतपाल सिंह के लोस चुनाव जीतने के बाद उनके शपथ ग्रहण व सदस्यता को लेकर असामान्य स्थिति पैदा हो गई है। संवैधानिक मामलों के विशेषज्ञ के अनुसार अगर सदस्य लोकसभा स्पीकर की अनुमति या जानकारी बिना दो माह तक सदन से अनुपस्थित रहता है या दोषी साबित होने पर सजा होती है तो उनकी सदस्यता रद हो जाएगी। शेख अब्दुल रशीद ने बारामुला सीट पर चुनाव जीता है। रशीद को एनआइए ने 2019 में आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार किया था। वह तिहाड़ जेल दिल्ली में बंद हैं। वहीं, अलगाववादी अमृतपाल सिंह ने श्री खडूर साहिब सीट से चुनाव जीता है। वह 16 फरवरी, 2023 को अजनाला थाने पर हमले मामले में असम की डिब्रूगढ़ जेल में एक वर्ष से ज्यादा समय से बंद है। उस पर एनएसए लगा है।

# 'एक लाख वाला' कार्ड ले कांग्रेस मुख्यालय पहुंचीं मुस्लिम महिलाएं

- 'कांग्रेस का गारंटी कार्ड' पाने और जमा करने को घंटों बहाया पसीना
- लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जनता से किया था वादा

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के परिणाम की घोषणा के एक दिन बाद बुधवार को काफी संख्या में मुस्लिम महिलाएं 'कांग्रेस का गारंटी कार्ड' भरकर लखनऊ स्थित स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सामने पहुंच गईं। इन महिलाओं का कहना था कि चुनाव से पहले वादा किया था कि गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये हर साल मिलेंगे। उनका मानना था कि कार्ड पर दिए गए फार्म को भरकर कांग्रेस दफ्तर में जमा करने के बाद ही इन्हें यह राशि मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भीतर जाने नहीं दिया जा रहा है। गेट पर कहा जा रहा है कि अभी कार्ड उपलब्ध नहीं हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गारंटी कार्ड जारी कर हर गरीब परिवार की महिला मुखिया को सलाना एक लाख रुपये देने की घोषणा की है। इस कार्ड में हर शिक्षित युवा को पहली पक्की नौकरी देने का वादा भी किया गया है। सरकार बनाने के लिए आइएनडीआइए को भले ही बहुमत नहीं मिल सका है, लेकिन एक लाख रुपये पाने की उम्मीद में महिलाएं कांग्रेस कार्यालय पहुंचने लगी हैं। चिनहट की गजाला कहती हैं कि कई ने पहले गारंटी कार्ड भरकर जमा कर दिया था, इधर कई को कार्ड दिया भी गया, लेकिन उन्हें नहीं दिया जा रहा। सुबह कहा गया कि 12 बजे आइये, एक बज रहा फिर भी कार्ड नहीं दे रहे। सदर की रजिया ने गारंटी कार्ड दिखाते हुए कहा कि वोट लेने के समय वादा किया गया था अब इसे जमा नहीं कर रहे हैं। इनके जैसी कई महिलाओं की एक ही शिकायत कि किसी को गारंटी कार्ड मिल नहीं रहा तो किसी का कार्ड जमा नहीं हो रहा।

इस बारे में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के पहले यूपी में 43 लाख गारंटी कार्ड वितरित किए थे, जिसमें सरकार बनने के बाद एक लाख देने की बात कही गई थी।

सुबह जब महिलाएं आईं तो कार्यालय कर्मचारी ने कुछ महिलाओं को रखे कार्ड वितरित भी किया, लेकिन अभी इस पर आगे फैसला किया जाएगा। कुल मिलाकर जब से परिणाम आए हैं लोगों में गारंटी कार्ड को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। कांग्रेस के सामने मुश्किल है कि सरकार बनने नहीं जा रही। ऐसे में चुनाव से पहले गारंटी कार्ड का जो झुनझुना दिया गया था उसको लेकर जनता को कैसे समझाया जाए।




लखनऊ में बुधवार को लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय के बाहर एक लाख रुपये लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म भरने पहुंचीं महिलाएं • जागरण

### नवीन पटनायक ने राजभवन जाकर दिया इस्तीफा, खत्म हुआ ढाई दशक का राज

**जासं, भुवनेश्वर:** ओडिशा में पांच बार के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ ओडिशा में ढाई दशक से चला आ रहा नवीन पटनायक का एकछत्र राज खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री पटनायक ने पहली बार हार का स्वाद चखा है। हिंजिली और कांटाबांजी से चुनाव लड़ रहे मुख्यमंत्री को कांटाबांजी सीट पर जनादेश नहीं मिल पाया है। नवीन कांटाबांजी से 16 हजार से अधिक मतों से हार गए, जबकि उन्होंने हिंजिली सीट पर केवल चार हजार से जीत मिली। विधानसभा चुनाव में 51 सीटें जीतने वाली बीजद को लोस चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली। ओडिशा विस चुनाव-2024 में भाजपा ने विधानसभा की 78 सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि बीजद 51 सीटों पर सिमट गई है। कांग्रेस 14 सीटें जीतने में कामयाब रही। ओडिशा भाजपा अध्यक्ष मनमोहन समल ने बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना और नए मुख्यमंत्री के चयन की घोषणा की।

********

# अपने बलबूते ममता बनर्जी ने बचाया बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का गढ़

**राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता :** इसमें कोई संदेह नहीं कि इस बार के लोस चुनाव में बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी का राजनीतिक करिश्मा, सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ने वाली जुझारू नेता की उनकी छवि और भाजपा के प्रति उनका उग्र विरोध उनके समर्थकों के विश्वास को बनाए रखने में कहीं अधिक काम आया।

इससे ही पार्टी ने राज्य की 42 सीटों में से 29 पर जीत हासिल की। इतना ही नहीं टीएमसी ने भाजपा को पिछली बार की 18 सीटों से पीछे धकेल कर उसे 12 तक ला दिया।

ममता के पक्ष में उनकी व्यक्तिगत लोकप्रियता के अलावा जिस कारण से वह जीत को बरकरार रखने में कामयाब रहीं वह है लोकलुभावन लाभार्थी राजनीति, जिसे उन्होंने राज्य में अपने कार्यकाल के दौरान सक्रिय रूप से अपनाया। लक्ष्मी भंडार और कन्याश्री जैसी योजनाओं के लाभार्थियों ने ममता को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया। उन्होंने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि टीएमसी प्रमुख के कई नेता जेल में हैं, केंद्रीय जांच एजेंसियां उनके भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी सहित कई अन्य लोगों पर शिकंजा कस रही हैं और केंद्रीय कोष पर प्रतिबंध लगा हुआ है, जिससे राज्य की कल्याणकारी योजनाएं पटरी से उतर गई हैं। बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का 2024 के लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत 45.77 दर्ज किया गया, जो 2019 में प्राप्त 43.7 प्रतिशत वोटों से दो प्रतिशत से अधिक है। दूसरी ओर, राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा के मत प्रतिशत में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

### आठ को विजयी उम्मीदवारों की बुलाई बैठक

आठ जून को ममता बनर्जी ने कालीघाट स्थित अपने आवास पर लोकसभा चुनाव में पार्टी के विजयी उम्मीदवारों की बैठक बुलाई है। सूत्रों के मुताबिक इसमें पार्टी की आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बता दें कि बंगाल में टीएमसी ने 42 में 29 सीटें हासिल की हैं, जबकि भाजपा को 12 सीटें मिली हैं। एक सीट कांग्रेस की झोली में गई है।


ममता बनर्जी • फाइल फोटो



प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल की

## एक नजर में

### स्टालिन ने की तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात

**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख और प्रमुख राजग नेता एन. चंद्रबाबू नायडू दक्षिणी राज्यों के अधिकारों की वकालत करने के लिए केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। स्टालिन ने बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर नायडू से मुलाकात की। स्टालिन ने मुलाकात की बात एक्स पोस्ट में साझा करते हुए कहा कि मैंने उन्हें शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि हम तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के भाईचारे वाले राज्यों के बीच संबंधों मजबूत करने में सहयोग करेंगे। (प्रेट्र)

### पठान समेत 24 मुस्लिम उम्मीदवार पहुंचे संसद

**नई दिल्ली :** क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत 24 मुस्लिम उम्मीदवारों ने इस बार लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की है। चुनाव जीतने वाले मुस्लिम उम्मीदवारों में धुबरी से रकीबुल हुसैन की जीत का अंतर सबसे अधिक रहा। कांग्रेस उम्मीदवार हुसैन ने 14.71 लाख वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद बदरुद्दीन अजमल को तकरीबन 10 लाख वोटों से हराया। इस बार कांग्रेस के टिकट पर सर्वाधिक सात मुस्लिम उम्मीदवार जीते। वहीं तृणमूल कांग्रेस से पांच, सपा से चार और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के तीन मुस्लिम उम्मीदवार लोकसभा पहुंचे। (प्रेट्र)

### बिहार में भाजपा को वोट देने पर कर दी पिटाई

**बेनीपुर (दरभंगा) :** बिहार के दरभंगा जिले में भाजपा को वोट देने पर एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उसे बहेड़ा पीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर चिकित्सा के लिए उसे दरभंगा मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में पीड़ित बहेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिमुहानी गांव निवासी हरिओम पोद्दार ने बताया कि चुनाव परिणाम के बाद चार जून की रात गांव के ही अमरजीत, अमन, रामप्रकाश व श्रवण समेत एक दर्जन से अधिक लोग घर पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। उन लोगों ने कहा कि मना करने के बाद भी तुम्हारे परिवार के लोगों ने भाजपा को क्यों वोट दिया? इसके बाद लाठी-डंडे से बुरी तरह पीटा। (जासं)

### काराकाट में जश्न मनाने के दौरान मारपीट, 15 घायल

**ओबरा (औरंगाबाद) :** बिहार की काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चपरा गांव में मंगलवार की रात भाकपा-माले प्रत्याशी की जीत के बाद आतिशबाजी कर जश्न मनाया जा रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष ने पटाखा चलाने से मना किया तो दोनों पक्ष के लोगों में मारपीट हो गई। जिसमें सात महिलाओं समेत 15 लोग घायल हो गए। मामले में प्रथम पक्ष के बाढ़ू राम एवं दूसरे पक्ष के प्रकाश कुमार के बयान पर प्राथमिकी हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्ष से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राथमिकी करने वाले प्रकाश कुमार समेत तीन को जेल भेज दिया गया है। इनमें दूसरे पक्ष के आरोपित संजय प्रसाद बारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं। (जासं)

# विमान में मिले नीतीश-तेजस्वी, हलचल तेज

## मोदी के पक्ष में पारित प्रस्ताव पर नीतीश ने किया हस्ताक्षर, कहा- राजग के साथ रहेगा जदयू

**राज्य ब्यूरो, जागरण, पटना :** 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से कम सीटें पाने के कारण छोटे भाई करार दिए गए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज किंग मेकर की भूमिका में हैं। बुधवार को राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ एक ही विमान से दिल्ली क्या गए, राजनीतिक हलके में खलबली मच गई। यह महज संयोग था कि विमान में आगे की सीट नीतीश की थी। पीछे की सीट पर तेजस्वी बैठे थे। तेजस्वी ने उठकर उनका अभिवादन किया। कुछ देर बाद इंटरनेट मीडिया पर तस्वीर तैरने लगी, जिसमें नीतीश और तेजस्वी अगल-बगल में बैठे नजर आ रहे थे। नीतीश ने इस मुलाकात के बारे में मीडिया के सामने कोई टिप्पणी नहीं की। बाद में वह राजग की बैठक में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में पारित प्रस्ताव पर उन्होंने हस्ताक्षर किया। कहा भी कि वह राजग के साथ हैं।

जदयू के 12 सांसद हैं। किसी एक दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण केंद्र में सरकार बनाने के लिए नीतीश का समर्थन अपरिहार्य माना जा रहा है। नीतीश के साथ टीडीपी के नेता चंद्रबाबू नायडू के 16 सांसदों को जोड़कर दावा किया जा रहा है इन दोनों की मदद के बिना केंद्र में राजग की सरकार नहीं बन सकती है। अपने-अपने राज्यों को लेकर नीतीश और नायडू की मांग एक जैसी है। दोनों क्रमशः बिहार और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए विशेष दर्जे की मांग कर रहे हैं। जदयू से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार बिहार के लिए विशेष दर्जा या विशेष पैकेज के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर जातिवार गणना कराने की मांग कर सकते हैं। जदयू के सूत्र नीतीश कुमार के आइएनडीआइए से जुड़ने की संभावना से साफ इन्कार करते हैं। इस सच के बावजूद कि भाजपा विरोधी दलों को एक मंच पर लाने का श्रेय नीतीश को जाता है। उन्होंने ही विपक्ष को एक उम्मीदवार देने का फार्मूला दिया था।

**एनडीए पूरी तरह से एकजुट :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने लोस चुनाव में बिहार में एनडीए को जीत दिलाने के लिए जनता को धन्यवाद दिया है। चिराग ने पत्रकारों से कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट है और उनकी पार्टी एनडीए का हिस्सा रहेगी। जनता ने हमारी पार्टी के सभी पांच उम्मीदवारों को जीत दिलायी है। इसके लिए हम जनता के प्रति आभार प्रकट करते हैं।


लोस चुनाव परिणाम आने के बाद राजनीतिक हलचलें तेज हैं। राजग की बैठक में सम्मिलित होने के लिए बुधवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने पटना से नई दिल्ली के लिए जिस विमान में उड़ान भरी, उसी में राजद नेता तेजस्वी यादव भी थे। दोनों नेताओं के मध्य परस्पर अभिवादन एवं संवाद हुआ। पीछे बैठे तेजस्वी नीतीश के पास आकर बैठ गए • एएनआइ

### बिहार बना है किंगमेकर तो मिले विशेष दर्जा : तेजस्वी

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार किंगमेकर बनकर उभर रहा है। इसलिए जिसकी भी सरकार बनने जा रही है, उस सरकार से बिहार को बेरोजगारी हटाने, पलायन रोकने और उद्योग-धंधे लगाने समेत कई शर्तों पर समर्थन मिलना चाहिए। तेजस्वी बुधवार को पटना से दिल्ली रवाना होने के पूर्व पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। तेजस्वी ने ये बात नीतीश कुमार का नाम लिए बिना कही। उन्होंने जातिवार गणना के बाद बढ़ाई गई आरक्षण की सीमा को लेकर कहा कि जातिवार गणना करने के बाद हम लोगों ने आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया है। हमारी मांग थी कि आरक्षण का जो दायरा बढ़ाया गया है, उसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए।

# अकारण नहीं अयोध्या की यह नाराजगी

रमाशरण अवस्थी • जागरण

- मंदिर के उत्साह में भाजपा स्थानीय जनाक्रोश को समझ ही नहीं पाई
- भाजपा पर भारी पड़ा लल्लू सिंह का संविधान बदलने का बयान

**अयोध्या :** रामनगरी अयोध्या के फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की पराजय हाहाकारी सिद्ध हो रही है। विपक्ष राम मंदिर मुद्दे को निष्फल बता रहा है तो तमाम लोग अयोध्यावासियों को लेकर इंटरनेट मीडिया पर तरह-तरह के कटाक्ष कर रहे हैं। इन सबके बीच अयोध्या की व्यथा किसी ने नहीं समझी। आज जनादेश के पीछे अयोध्या की जो असहमति और पीड़ा व्यक्त हो रही है, वैसी पीड़ा और असहमति से अयोध्या राम मंदिर का निर्णय आने के बाद से ही गुजरने लगी थी। चाहे वह राम मंदिर रहा हो या उससे पूर्व भव्य उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला दीपोत्सव। इसे वैश्विक महत्व का बनाने के प्रयास में अयोध्या की अनदेखी होने लगी। आए दिन अति विशिष्ट अतिथियों के आगमन और मार्गों पर रोक-टोक से अयोध्या के लोग अपने ही नगर में बेगाने सिद्ध होने लगे। रही-सही कसर विकास के नाम पर व्यापक तोड़-फोड़ से हुई। इससे नागरिकों एवं व्यापारियों को विस्थापन का सामना करना पड़ा। इसके एवज में उन्हें मुआवजा तो नाममात्र का मिला, इसके बाद जब पुनर्वास के लिए सरकारी बिजनेस कांप्लेक्स में दुकान आवंटित कराने गए, तो उन्हें 20 से 30 गुना तक की कीमत चुकानी पड़ी।

**विशेषाधिकार की अपेक्षा थी :** जो राम और राम मंदिर संपूर्ण अयोध्या की थाती है, वहां जाने के भी लिए स्थानीय धर्माचार्यों एवं नागरिकों को किसी विशेषाधिकार की अपेक्षा थी, किंतु तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस बारे में किसी तरह का विचार करने की जरूरत नहीं समझी। इन असहमतियों के अतिरिक्त भाजपा के तरकश के तीर भी जंग खाने लगे थे। जिन कार्यकर्ताओं के बूते ऐसे मोर्चे जीते जाते हैं, उनकी अवमानना आए दिन की बात थी। ऐसा ही एक वाकया तब सामने आया, जब भाजपा के स्थापित पदाधिकारी को बैठक में जिलाधिकारी की घुड़की का सामना करना पड़ा और प्रतिकार में किसी ने चूं तक नहीं की जबकि इस बैठक में तत्कालीन प्रभारी मंत्री नीलकंठ तिवारी, सांसद, विधायक और भाजपा के अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। भाजपा को पिछले पांच वर्षों के दौरान जन प्रतिनिधियों के मुकाबले कुछ प्रमुख पदों पर बैठे अधिकारियों की ही चली और यह स्थिति जन सामान्य से लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं तक को हताश करने वाली रही। पर ढकेलने में बेलगाम अफसरशाही को भी याद किया जाएगा। गत कुछ

रामनगरी वाले अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को सर्वाधिक उम्मीद थी, लेकिन वहां के लोगों ने मतदान के प्रति उत्साह नहीं दिखाया। वहां भाजपा सभी चुनावों में निर्णायक बढ़त हासिल करती थी, लेकिन इस बार उसकी बढ़त 4500 मतों तक ही रही। भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को सपा के अवधेश प्रसाद से 54 हजार 567 मतों से हार का सामना करना पड़ा।


अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के क्रम में विकास कार्यों को नई ऊंचाई मिली। इसके कारण व्यापक स्तर पर तोड़फोड़ हुई। अनेक भवन भी इसकी भेंट चढ़े • प्रेट्र

# गुजरात में कमाल नहीं कर सका आइएनडीआइए

शत्रुघ्न शर्मा • गांधीनगर

- विपक्षी गठबंधन को सिर्फ एक ही सीट पर मिली जीत
- भाजपा ने चार सीटों को पांच लाख से अधिक मतों के अंतर से जीता

विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने देश के कई राज्यों में भले ही कमाल किया हो लेकिन, गुजरात में कांग्रेस सिर्फ एक सीट ही जीत सकी। यहां इसका खास असर नहीं दिखा। भाजपा ने चार सीटों को पांच लाख से अधिक मतों के अंतर से जीता। इसके साथ ही 15 सीटों पर अपना मत प्रतिशत भी बढ़ाया। गुजरात से इस बार चार महिलाओं समेत 14 नये चेहरे देश की संसद में पहुंचेंगे। इनमें भाजपा की तीन और कांग्रेस की एक महिला सांसद होंगी।

आइएनडीआइए की घोषणा के पहले से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा के भरूच से चुनाव लड़ने को लेकर खूब चर्चा हुई। कांग्रेस ने भरूच व भावनगर दो सीटें आप को दी, लेकिन भरूच सीट पर आप नेता 85696 मतों से चुनाव हार गए।

जबकि भावनगर सीट पर विधायक उमेश मकवाणा साढ़े चार लाख से अधिक मतों से परास्त हो गये। राज्य की सभी सीटें पांच-पांच लाख मतों के अंतर से जीतने का दावा करने वाली भाजपा के दस उम्मीदवार पिछड़ गए। जबकि, गुजरात की 15 सीटों पर भाजपा उम्मीदवार मत प्रतिशत बढ़ाने में सफल रहे। लेकिन 10 सीटों वडोदरा, खेडा, सुरेंद्रनगर, साबरकांठा, जूनागढ़, भरूच, पाटण बनासकांठा, कच्छ में मतों का अंतर 2019 के चुनाव से कम रहा। भाजपा ने 15 सीटों पर प्रदर्शन सुधारा। इनमें गांधीनगर, नवसारी, वडोदरा व पंचमहाल सीट पर तो मतों का अंतर पांच लाख के पार चला गया।

# राजस्थान में जातियों के गणित में उलझ ग भाजपा

नरेंद्र शर्मा • जागरण

**जयपुर :** करीब छह महीने पहले राजस्थान में सरकार बनाने वाली भाजपा को लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने उसी तरह का समर्थन नहीं दिया है। भाजपा 25 लोकसभा सीटें जीतने की हैट ट्रिक नहीं बना सकी। जातियों के गणित, प्रत्याशियों के चयन और अपने ही नेताओं को ठिकाने लगाने में उलझी रही भाजपा को 11 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा है। प्रदेश में लोकप्रिय चेहरे का अभाव एवं संगठन की कम सक्रियता का नुकसान भी हुआ है। प्रदेश की 14 सीटों पर भाजपा, शेष 11 सीटों पर कांग्रेस और आइएनडीआइए में शामिल दलों के प्रत्याशियों की जीत हुई है। इनमें आठ सीट पर कांग्रेस और एक-एक सीट पर माकपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) और भारत आदिवासी पार्टी (बाप) के प्रत्याशियों ने विजय पाई है। 2014 में सभी 25 सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी। 2019 में 24 सीटों पर भाजपा और एक सीट पर एनडीए के ही घटक दल रहे आरएलपी प्रत्याशी की जीत हुई थी।

प्रदेश संगठन एकजुट नजर नहीं आया। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी खुद के निर्वाचन क्षेत्र चित्तौड़गढ़ से एक दिन भी बाहर नहीं निकल सके। संगठन महामंत्री और प्रदेश प्रभारी के पद खाली हैं। पहली बार विधायक और मुख्यमंत्री बने भजनलाल शर्मा ने सभी सीटों के दौरे अवश्य किए, लेकिन करिश्माई चेहरे के अभाव में वह पकड़ नहीं बना सके।

### इन समीकरणों का हुआ असर



यह माना जा रहा है कि डोटासरा की जाटों में पकड़, राज्य मंत्रिमंडल में जाटों को उम्मीद के मुताबिक महत्व नहीं मिलने और चूरू से दो बार भाजपा के टिकट पर सांसद रहे राहुल कस्वा का टिकट कटने से जाट मतदाता नाराज हो गए। भाजपा के दिग्गज नेता किरोड़ी लाल मीणा को मंत्रिमंडल में कम महत्व का विभाग मिलने से पूर्वी राजस्थान के मीणा नाराज थे। इसका लाभ पायलट ने उठाया। गुर्जर पायलट के कारण पूरी तरह से कांग्रेस के साथ रहे। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की राजाओं को लेकर की गई टिप्पणी से राजपूत समाज नाराज हो गया। ऐसे में अधिकांश प्रमुख जातियां भाजपा से दूर हो गईं।

# फडणवीस ने ली हार की जिम्मेदारी, छोड़ना चाहते हैं पद

- कहा, मैं मानता हूं कि मैं ही कहीं न कहीं कमजोर पड़ गया
- अब मुझे विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से उतरना है

**राज्य ब्यूरो, मुंबई :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में भाजपानीत गठबंधन को मिली करारी हार की जिम्मेदारी स्वीकारते हुए अपने पद से त्यागपत्र देकर संगठन में काम करने की इच्छा जताई है। उन्होंने बुधवार को मीडिया से कहा कि वह पार्टी में अपने वरिष्ठ नेताओं से विनती करेंगे कि उन्हें सरकार से मुक्त किया जाए।

प्रदेश कार्यालय में फडणवीस ने कहा कि हार की जिम्मेदारी मेरी है। मैं यह जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं। मैं मानता हूं कि मैं ही कहीं न कहीं कमजोर पड़ गया, जिसके कारण भाजपा को झटका लगा। अब मुझे विधानसभा चुनाव के लिए उतरना है। मैं पार्टी में अपने वरिष्ठ नेताओं से विनती करूंगा कि वे मुझे सरकार की जिम्मेदारियों से मुक्त करें, ताकि मैं संगठन के लिए काम कर सकूं। उन्होंने कहा कि मैं हारूंगा नहीं। पूरी ताकत से मैदान में उतरूंगा। फडणवीस ने देशभर में भाजपा को मिली कम सीटों का कारण बताते हुए कहा कि विपक्षी दलों की तरफ से भाजपा द्वारा संविधान बदलने का दुष्प्रचार किया गया। इसका जैसा उत्तर भाजपा को देना चाहिए था, शायद हम नहीं दे सके। वहीं, फडणवीस के पद छोड़ने पर सीएम शिंदे ने कहा एक चुनाव से सब समाप्त नहीं हो जाता।


मुंबई में बुधवार को भाजपा कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस • प्रेट्र

## महाराष्ट्र के नेता केंद्र में दोहराना चाहते हैं 2019 का प्रयोग

ओमप्रकाश तिवारी • जागरण

- तब विस चुनाव नतीजे आने पर शिवसेना ने कांग्रेस व राकांपा संग मिलकर बना ली थी सरकार
- उद्धव व कांग्रेस का प्रयास, जदयू व तेदेपा को आइएनडीआइए में शामिल कर सरकार बना ली जाए

**मुंबई :** महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने केंद्र में भी 2019 का वह प्रयोग दोहराने का प्रयास शुरू कर दिया है जिसके तहत तब भाजपा के साथ चुनाव पूर्व के गठबंधन को छोड़कर शिवसेना ने कांग्रेस और राकांपा के साथ मिलकर महाविकास आघाड़ी की सरकार बना ली थी। इसका संकेत मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे के बाद बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भी दे दिया है।

मंगलवार को चुनाव परिणाम आने के दौरान ही उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि बुधवार को दिल्ली में होने वाली आइएनडीआइए की बैठक में इस गठबंधन के प्रधानमंत्री पद का चेहरा चुना जाएगा। उन्होंने राजग का हिस्सा जदयू एवं तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) को आइएनडीआइए में शामिल कर सरकार बनाने का दावा भी किया था। उन्होंने कहा था कि इन दलों के नेता नीतीश कुमार एवं चंद्रबाबू नायडू भी उनके (भाजपा के) द्वारा परेशान किए जा चुके हैं। इसलिए वे हमारे साथ आ सकते हैं। बताया जाता है कि यह दावा करने से पहले उद्धव ठाकरे शिवसेना शिंदे गुट की ओर से लोकसभा चुनाव जीतकर आए पांच सांसदों से बात भी कर चुके थे।

इसीलिए महाराष्ट्र की राजनीति में यह चर्चा चल रही है कि शिंदे गुट के नवनिर्वाचित पांच सांसद अब उनका साथ छोड़कर उद्धव ठाकरे के साथ जाने का मन बना रहे हैं, लेकिन इसकी कोई पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। लगभग ऐसा ही दावा बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भी किया। उन्होंने कहा, केंद्र में आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनाने का फार्मूला तैयार है।

बता दें कि 2019 का महाराष्ट्र विस चुनाव शिवसेना ने भाजपा के साथ गठबंधन करके लड़ा था, लेकिन चुनाव के परिणाम आते ही उन्होंने भाजपा के साथ हुए गठबंधन को धता बताकर कांग्रेस एवं राकांपा के साथ महाविकास आघाड़ी की सरकार बनाने का निर्णय कर लिया था। अब उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के नेता उसी फार्मूले को केंद्र की राजनीति में भी आजमाना चाहते हैं।

# तावड़े हो सकते हैं महाराष्ट्र में प्रदेश भाजपा का मराठा चेहरा

ओमप्रकाश तिवारी • जागरण

**लोकसभा चुनाव में प्रदेश में करारी हार का सामना करने वाली भाजपा अपने राष्ट्रीय महासचिव को भेज सकती महाराष्ट्र**

**मुंबई :** महाराष्ट्र में लोस चुनाव में भाजपा को तगड़ा झटका लग चुका है। यहां कुछ ही महीनों बाद विधानसभा चुनाव भी होने हैं। मराठा समाज यहां एक बड़ा मतदाता वर्ग है। इसे देखते हुए पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व इस समय भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी निभा रहे विनोद तावड़े की महाराष्ट्र की राजनीति में वापसी करवा सकता है।

हाल के लोस चुनाव में प्रदेश में भाजपा की सीटें 2014 और 2019 की संख्या 23 से घटकर नौ पर पहुंच गई हैं। यानी वह 2009 की स्थिति में पहुंच गई। भाजपा को इस चुनाव में मराठा आरक्षण आंदोलन के कारण मराठा युवाओं को नाराजगी तो झेलनी ही पड़ी है, वह अपना 40 साल पुराना माधव (माली, धनगर, वंजारी) समीकरण भी संभालकर नहीं रख पाई।

अब चार महीने बाद ही महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। पिछले एक दशक से प्रदेश भाजपा का चेहरा बने पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पूरी तरह से विस चुनाव की तैयारियों में जुटना चाहते हैं, लेकिन मराठा आरक्षण आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा रहे मनोज जरांगे पाटिल का फडणवीस के प्रति कटुता का भाव जगजाहिर है। दूसरी ओर मराठीभाषी अन्य समाज भी फडणवीस पर शिवसेना और राकांपा जैसे क्षेत्रीय दलों को तोड़ने के आरोप के कारण उनसे चिढ़े हुए हैं। ऐसे में भाजपा को नए चेहरे की तलाश है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े केंद्र की पहली पसंद हो सकते हैं।

## कांग्रेस के नुकसान पर बढ़ती गई भाजपा


भाजपा (1971 तक जनसंघ) का वोट शेयर 1991 तक 20 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाया था। इसी वर्ष कांग्रेस दूसरी बार कांग्रेस का वोट शेयर 40 प्रतिशत से नीचे आया। वर्ष 2019 तक भाजपा 40 प्रतिशत के करीब पहुंच गई और कांग्रेस का वोट शेयर पहली बार गिर कर 20 प्रतिशत से नीचे आ गया।

**2009** तक हर चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर भाजपा से अधिक रहा था। 2014 भाजपा के वोट शेयर में उछाल आया और भाजपा की कांग्रेस पर बढ़त आज तक बनी हुई।




## किसी भी पार्टी को नहीं मिला 50 प्रतिशत वोट

1984 और 1996 के बीच 12 वर्षों में कांग्रेस पार्टी का वोट शेयर 29 प्रतिशत तक गिर गया। पार्टी का वोट प्रतिशत 49 प्रतिशत से गिर कर 20 प्रतिशत पर आ गया। 1984 के संसदीय चुनाव में पहली बार सबसे बड़ी पार्टी को 49 प्रतिशत वोट मिला था। इसके बाद आज तक किसी भी राजनीतिक दल को इतना वोट नहीं मिला है।





राजग का कोई भी सहयोगी अपनी वफादारी नहीं बदलेगा। लोगों ने मोदी के नेतृत्व में राजग की सरकार बनाने की जिम्मेदारी दी है। चाहे नीतीश कुमार हों या चंद्रबाबू नायडू सभी को नरेन्द्र मोदी पर पूरा भरोसा है। हम साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे।
**–रामदास आठवले**, अध्यक्ष, रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया



## तीन सीट से तीन अंकों का सफर


**भाजपा की पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ ने पहले लोकसभा चुनाव में तीन सीटें जीतीं थीं। दो बंगाल में और एक राजस्थान में। जनसंघ ने सबसे अधिक 35 सीटें 1967 के चुनाव में हासिल कीं। उस समय दीनदयाल उपाध्याय पार्टी के अध्यक्ष थे।**

**2014** से पहले भाजपा के नेतृत्व में राजग 1998 से 2004 तक छह वर्ष तक केंद्र में सत्ता में रहा। सरकार का नेतृत्व अटल बिहारी वाजपेयी ने किया। मोदी की अगुआई ने भाजपा ने 2014 और 2019 में अकेले दम पर बहुमत हासिल किया लेकिन इस बार पार्टी बहुमत से दूर रह गई। हालांकि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है।

**1977** और 1980 में जनसंघ की सीटें शून्य हैं क्योंकि इस अवधि में पार्टी ने जनता पार्टी के साथ विलय कर लिया था।

**हिंदू महासभा ने 1951-52 में हुए लोकसभा चुनाव में चार सीटें जीतीं थीं।**

भाजपा का गठन अप्रैल, 1980 में हुआ और पार्टी ने पहला संसदीय चुनाव 1984 में लड़ा। पहले चुनाव में 2 सीटें जीतने के बाद पार्टी का ग्राफ तेजी से बढ़ा और 1998 के चुनाव में भाजपा की सीटों की संख्या 182 पहुंच गई।




### आठ से 18 राज्य

2009 के बाद ऐसे राज्यों की संख्या दोगुनी हो गई है जहां उसकी सरकार है। भाजपा की सरकारें देश के चारों रीजन में हैं।





## सबसे पुरानी पार्टी के सामने नई चुनौतियां

**लगातार पांच चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस को 1977 में संयुक्त विपक्ष ने सत्ता से बाहर कर दिया। इसके बाद पार्टी को गिरावट के दो फेज का सामना करना पड़ा। गिरावट का एक लंबा दौर 2014 में शुरू हुआ। हालांकि पार्टी 2024 के नतीजों को सकारात्मक बदलाव के तौर पर देख सकती है।**

**1989** में 1997 सीटों और 40 प्रतिशत वोट शेयर के साथ कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ा। 1991 में कांग्रेस सत्ता में लौटी। 1991 की सरकार अल्पमत की सरकार थी। इस सरकार ने देश में बड़े आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाया।

**1996** के बाद संयुक्त मोर्चा और राजग गठबंधन ने कांग्रेस को करीब एक दशक तक सत्ता से बाहर रखा। संप्रग का कार्यकाल 10 वर्ष रहा। 2014 में भाजपा ने सत्ता में वापसी की और कांग्रेस इतिहास में सबसे कम सीटों पर सिमट गई।




### 11 से तीन राज्य

2009 में कांग्रेस की 11 राज्यों में और सहयोगी दलों की तीन राज्यों में सरकार थी। 2019 में कुछ राज्यों में सरकार रह गई।




## एक नजर में

### शपथ ग्रहण के गवाह बन सकते हैं पड़ोसी देशों के नेता

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सप्ताह के अंत में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में श्रीलंका व बांग्लादेश सहित कई पड़ोसी देशों के शीर्ष नेताओं को न्योता दिया जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किए जाने वाले विदेशी नेताओं में बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और मारीशस के शीर्ष नेता शामिल हो सकते हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मीडिया विभाग ने बताया कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया है और विक्रमसिंघे ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। पीएम मोदी की बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से फोन पर बात हुई है। सूत्रों ने बताया कि इस बातचीत में मोदी ने हसीना को भी शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया। मोदी की नेपाल के पीएम प्रचंड से भी बातचीत हुई और उन्हें निमंत्रण गुरुवार को भेजा जा सकता है। (प्रेट्र)

### हार से आहत अधीर बोले– मैं न हिंदू हो सका, न मुसलमान

**कोलकाता :** बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले की बहरमपुर सीट से लगातार पांच बार के सांसद रहे व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान के हाथों हार से बेहद आहत हैं। अधीर ने आरोप लगाया है कि वह धर्म व जाति की राजनीति के कारण हारे हैं। कहा, एक तरफ हिंदू वोटों का बंटवारा, दूसरी ओर मुस्लिम वोटों का बंटवारा। मैं न हिंदू बन सका और न मुसलमान बन सका। मैं सैंडविच बन गया। (राब्यू)

### 'कांग्रेस को चुनकर मणिपुर के लोगों ने बड़ा संदेश दिया'

**नई दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर के लोगों ने राज्य के दोनों निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस को चुनकर एक बड़ा संदेश दिया है। मणिपुर में हुए लोकसभा चुनाव में दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। अल्फ्रेड कन्नगम एस आर्थर ने आउटर मणिपुर की सीट पर जीत हासिल की। उन्होंने एनपीएफ के कचुई टिमोथी जिमिक को हराया। इनर मणिपुर सीट पर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम ने भाजपा के थौनाओजम को हराया। (प्रेट्र)

### 'अब मुसलमानों को सोच-समझकर मौका देगी बसपा

**लखनऊ :** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने लोकसभा चुनाव परिणाम अनुकूल न आने का ठीकरा मुस्लिम समुदाय पर फोड़ा है। मायावती के अनुसार लोकसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व देने के बाद भी मुसलमान बसपा को ठीक से समझ नहीं पा रहा है। बुधवार को मायावती ने साफ कर दिया है कि अब आगे चुनाव में मुसलमानों को सोच-समझकर ही मौका दिया जाएगा। (राब्यू)

### चेवेल्ला से जीते भाजपा के सबसे धनी उम्मीदवार कोंडा

**हैदराबाद :** भाजपा उम्मीदवार कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी ने तेलंगाना के चेवेल्ला लोकसभा सीट पर चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के डा. जी रंजीत रेड्डी और बीआरएस के कासनी ज्ञानेश्वर गौड़ हराया है। उनके पास करीब 4,568 करोड़ रुपये की पारिवारिक संपत्ति है। (प्रेट्र)

### रजनीकांत ने पीएम मोदी, स्टालिन-नायडू को दी बधाई

**चेन्नई :** फिल्म अभिनेता रजनीकांत ने बुधवार को पीएम मोदी, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को बधाई दी। आम चुनाव में भाजपा 240 सीटें पाकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी तो नायडू के नेतृत्व में तेलुगु देशम पार्टी ने आंध्र की सत्ता में वापसी की है। (प्रेट्र)

# कांग्रेस से सीधी लड़ाई में फिर भारी पड़ गई भाजपा

## भाजपा व कांग्रेस की 215 लोस सीटों पर हुई सीधी भिड़ंत, भाजपा को 153 सीटें

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** इस लोकसभा चुनाव में सीटें घट जाने के बावजूद भाजपा ने फिर साबित कर दिया कि सीधे मुकाबलों में कांग्रेस पर उसका दबदबा कायम है, हालांकि इसमें कमी भी आई है। इसी तरह भाजपा स्ट्राइक रेट यानी लड़े गए मुकाबलों में जीत हासिल करने में भी कांग्रेस से बेहतर स्थिति में रही।

2024 के लोकसभा चुनाव नतीजों का विश्लेषण करें तो इस बार 215 सीटों पर भाजपा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला हुआ, जिनमें भाजपा के खाते में 153 सीटें आईं। जबकि पिछली बार यानी 2019 में 190 सीटों पर कांग्रेस से सीधी भिड़ंत में भाजपा ने 175 सीटें हासिल की थीं। इसका मतलब है कि कांग्रेस से सीधे मुकाबले में भाजपा का स्ट्राइक रेट इस बार लगभग 72 प्रतिशत रहा, जो पिछले चुनाव में 92 प्रतिशत से अधिक था। दूसरी ओर कांग्रेस का भी भाजपा के साथ सीधी भिड़ंत में इस बार बेहतर प्रदर्शन नजर आया। उसे इस बार ऐसे मुकाबले वाली 62 सीटों पर जीत हासिल हुई। जबकि पिछली बार उसे इस तरह की केवल 15 सीटें मिली थीं।

भाजपा ने इस बार 441 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। उसके 240 प्रत्याशी जीतने में कामयाब रहे। उसका स्ट्राइक रेट लगभग 55 प्रतिशत से अधिक रहा। दूसरी ओर कांग्रेस के 328 में से 99 प्रत्याशी जीतने में सफल रहे। उसके 30 प्रतिशत उम्मीवारों को सफलता हासिल हुई। सपा का स्ट्राइक रेट भी उल्लेखनीय है। उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की 62 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और उसे 37 सीटों पर जीत मिली, यानी उसका स्ट्राइक रेट भी लगभग 60 प्रतिशत रहा। बेहतर स्ट्राइक रेट के लिहाज से महाराष्ट्र के नेता शरद पवार की राकांपा (एसपी) का प्रदर्शन अच्छा रहा। पार्टी ने 10 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसके आठ उम्मीदवार (80 प्रतिशत) जीतने में सफल रहे। इसके विपरीत अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को चार में से केवल एक सीट पर कामयाबी मिली। इस चुनाव में भाजपा के कुछ सहयोगियों ने सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट प्रदर्शित किया है। इनमें सबसे ऊपर है चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), जिसने पांच सीटों पर ही चुनाव लड़ा और सभी सीटें जीतीं। आंध्र प्रदेश में पवन कल्याण की लोक जन सेना के उम्मीदवार दो सीटों पर उतरे और दोनों जगह सफल रहे।



लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद बुधवार को नई दिल्ली में राजग की बैठक के अवसर पर तेदेपा अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख व बिहार के सीएम नीतीश कुमार एवं शिवसेना (शिंदे) अध्यक्ष तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विभिन्न घटक दलों के नेताओं के साथ पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ● प्रेट्र

## नौ में भाजपा और 12 राज्यों में कांग्रेस का नहीं खुला खाता

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** भाजपा इस बार नौ राज्यों में खाता खोलने से चूक गई। जबकि, कांग्रेस 12 राज्यों में एक भी सीट हासिल न कर पाई। भाजपा को तमिलनाडु में कोई सीट नहीं मिली। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भाजपा गठबंधन की सरकार होते हुए भी वहां की एकमात्र सीट एक बार फिर कांग्रेस ने हासिल कर ली। पंजाब में भी चुनाव नतीजे भाजपा के लिए अच्छे नहीं रहे, जहां पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली। मेघालय, मणिपुर, नगालैंड व सिक्किम में भी भाजपा का खाता शून्य ही रहा। जबकि, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एकमात्र सीट भी भाजपा ने एक दशक बाद खो दी।

दूसरी ओर कांग्रेस का शून्य का खाता 12 राज्यों में ही है, लेकिन यह ज्यादा बड़ा है क्योंकि ये वे राज्य हैं जहां कांग्रेस या तो सत्ता में है या फिर रह चुकी है। पिछले विस चुनाव में कांग्रेस मध्य प्रदेश में सरकार बनाने का दावा कर रही थी। लेकिन लोकसभा में खाता शून्य पर चला गया। आंध्र प्रदेश कभी कांग्रेस का मजबूत गढ़ था, लेकिन एक भी सीट नसीब नहीं हुई। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के बावजूद एक भी सीट नहीं मिली। हिमाचल प्रदेश में तो कांग्रेस की सरकार है लेकिन दोबारा हाथ खाली रह गए। उत्तराखंड व त्रिपुरा में भी लगातार दूसरे चुनाव में पार्टी अपनी शून्य की स्थिति बदल नहीं पाई। सिक्किम में भी शून्य ही रहा। सिक्किम विधानसभा चुनाव भी साथ ही हुआ था और नतीजा तीन जून को आया था। मजेदार बात यह है कि विधानसभा में कांग्रेस के 12 उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले। भाजपा की हालत कांग्रेस से थोड़ी अच्छी थी, लेकिन कुल 31 उम्मीदवारों को सम्मिलित रूप से जितने वोट मिले थे, उससे ज्यादा वोट मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को मिले थे।

## कंगना, हेमा, अरुण गोविल व मनोज तिवारी दिखेंगे संसद में

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** इस लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने कई नए तो कई पुराने फिल्मी सितारों को अपने जनप्रतिनिधि के रूप में पसंद किया है। इसमें पहली बार सांसद बनने वाले कंगना रनौत और अरुण गोविल से लेकर हेमा मालिनी और मनोज तिवारी तक हैं। देश की 543 लोकसभा सीट के लिए सात चरणों में हुए चुनाव में फिल्मी दुनिया के कई नामचीन लोग मैदान में थे।

हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंडी संसदीय क्षेत्र से पहला चुनाव जीता है। उन्होंने छह बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह को हराया है। इसी तरह धारावाहिक 'रामायण' में राम का किरदार निभाकर मशहूर हुए अरुण गोविल को भाजपा ने पहली बार चुनाव में उतारा था। मेरठ से उन्होंने सपा की सुनीता वर्मा को हराया है।

हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी लगातार तीसरी बार मथुरा संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने कांग्रेस के मुकेश धनगर को हराया है। भोजपुरी अभिनेता और गायक मनोज तिवारी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कांग्रेस के कन्हैया कुमार को पराजित किया है। भोजपुरी के एक और मशहूर कलाकार रवि किशन ने भी गोरखपुर से सपा की काजल निषाद को हराकर दूसरी बार लोकसभा में जाने का मौका प्राप्त किया है। केरल में अभिनय से राजनीति में आए भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी ने त्रिशूर सीट पर पहली बार जीत हासिल की है। बंगाल की आसनसोल सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के एसएस अहलूवालिया को शिकस्त दी है। इसके अलावा बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर फिल्मी सितारे जून मलिया, सायनी घोष, शताब्दी राय, रचना बनर्जी व देव अधिकारी भी लोकसभा चुनाव जीते हैं।



कंगना रनौत हेमा मालिनी अरुण गोविल मनोज तिवारी

गौरतलब है कि दशकों से फिल्मी हस्तियों और भारतीय राजनीति का गहरा नाता रहा है। सिनेमा जगत के नरगिस, सुनील दत्त, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना, अमिताभ बच्चन और मुनमुन सेन जैसे चेहरे भी एक समय राजनीति में उतर चुके हैं।

### लोकसभा में दलीय स्थिति

| पार्टी | सीटें |
|---|---|
| भाजपा | 240 |
| कांग्रेस | 99 |
| समाजवादी पार्टी | 37 |
| तृणमूल कांग्रेस | 29 |
| द्रमुक | 22 |
| तेलुगु देसम पार्टी | 16 |
| जनता दल यूनाइटेड | 12 |
| शिवसेना (उद्धव गुट) | 9 |
| राकांपा (शरदचंद्र पवार) | 8 |
| शिवसेना (शिंदे गुट) | 7 |
| लोजपा (रामविलास) | 5 |
| वाईएसआरसीपी | 4 |
| राजद | 4 |
| माकपा | 4 |
| आप | 3 |
| आइयूएमएल | 3 |
| झामुमो | 3 |
| जनसेना पार्टी | 2 |
| भाकपा (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन | 2 |
| जदएस | 2 |
| विदुथलाई चिरुथिगल काची | 2 |
| भाकपा | 2 |
| रालोद | 2 |
| नेशनल कांफ्रेंस | 2 |
| यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी-लिबरेशन | 1 |
| असम गण परिषद | 1 |
| हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एस) | 1 |
| केरल कांग्रेस | 1 |
| आरएसपी | 1 |
| राकांपा (अजीत पवार) | 1 |
| वायस आफ द पीपुल पार्टी | 1 |
| जोरम पीपुल्स मूवमेंट | 1 |
| शिरोमणि अकाली दल | 1 |
| राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी | 1 |
| भारत आदिवासी पार्टी | 1 |
| सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा | 1 |
| एमडीएमके | 1 |
| आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) | 1 |
| अपना दल (सोनेलाल) | 1 |
| एजेएसयू पार्टी | 1 |
| एआइएमआइएम | 1 |
| निर्दलीय | 7 |
| कुल | 543 |

## राहुल का रायबरेली सीट रखना तय, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पांव जमाने के नए दौर की करेंगे शुरुआत

संजय मिश्र ● जागरण

- केंद्र की सत्ता की दौड़ के लिए वायनाड छोड़ना ही विकल्प
- वायनाड से राहुल की जगह कौन, शुरू हुई पार्टी में सुगबुगाहट

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की मजबूत वापसी कराने के बाद अब यह लगभग तय हो गया है कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में पार्टी का सियासी पांव जमाने को नए दौर की शुरुआत करेंगे। इस लिहाज से यह तय माना जा रहा है कि दो सीटों से चुनाव जीते राहुल गांधी अपने परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली का ही संसद में प्रतिनिधित्व करेंगे और उनका केरल की वायनाड सीट छोड़ना लगभग तय माना जा रहा है। चुनाव नतीजे आने के बाद उन्होंने अपनी पहली प्रतिक्रिया में उत्तर प्रदेश की जनता का संविधान आभार जताते हुए राजनीति की उनकी परख को सलाम करते हुए आने वाले समय में अपनी सियासी सक्रियता बढ़ाने का संकेत दिया था।

वायनाड से लगातार दूसरी बार जीते राहुल के लिए इस सीट को छोड़ना कड़ा फैसला होगा, क्योंकि 2019 में अमेठी में अप्रत्याशित हार के मद्देनजर इस सीट से उनकी जीत निर्णायक थी। राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस की ताकत में इजाफा करने को उप्र तथा बिहार में अधिक जमीन मजबूती की जरूरत है। केंद्र की सियासत के लिए भी उप्र को सत्ता की कुंजी माना जाता है और चुनाव नतीजों में कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रदर्शन ने इसकी झलक दिखा दी है। राहुल के पास रायबरेली को ही अपनी पसंद बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राहुल ने कहा भी कि नियमों का तकाजा है कि वे एक ही सीट से सांसद रह सकते हैं। उनके वश में होता तो रायबरेली व वायनाड दोनों का प्रतिनिधित्व करते। कांग्रेस के साथ ही राहुल और गांधी परिवार के लिए उप्र में पांव जमाने का यह सुनहरा मौका शायद ही मिले, क्योंकि नई लोकसभा में पार्टी ने छह सीटें हासिल की हैं जो 2009 के बाद उसकी सबसे बड़ी संख्या है। गांधी परिवार की परंपरागत सीट अमेठी भी कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी को हराकर वापस हासिल कर ली है। वायनाड से राहुल के इस्तीफे के बाद इसका प्रतिनिधित्व कौन करेगा, इसे लेकर पार्टी में सुगबुगाहट है। पार्टी ने इसे लेकर प्रतिक्रिया नहीं दी है। वायनाड में उप चुनाव की स्थिति में प्रियंका के चुनाव लड़ने की संभावनाओं को खारिज नहीं किया जा रहा।



अमेठी सीट से विजयी हुए किशोरी लाल शर्मा ने पत्नी किरण शर्मा के साथ बुधवार को नई दिल्ली में सोनिया गांधी से भेंट की। प्रियंका तथा राहुल गांधी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस दौरान राहुल रायबरेली से निर्वाचित होने का अपना प्रमाण पत्र लिए हुए थे ● प्रेट्र

### प्रियंका ने राहुल के प्रयासों को सराहा, बताया-सबसे बहादुर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** महासचिव प्रियंका ने बुधवार को अपने भाई राहुल गांधी के बारे में कहा कि वह कभी पीछे नहीं हटे और उन्होंने सच्चाई के लिए कभी लड़ना बंद नहीं किया। प्रियंका ने 'एक्स' पर अपने भाई के लिए भावपूर्ण संदेश में कहा, 'आप हमेशा डटे रहे, चाहे उन्होंने आपसे कुछ भी कहा हो या आपके साथ कुछ भी किया हो, आप कभी पीछे नहीं हटे, चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न आई हों, आपने कभी भी विश्वास नहीं छोड़ा, चाहे उन्हें आपकी प्रतिबद्धता पर कितना भी संदेह क्यों न रहा हो, आपने झूठ के व्यापक प्रचार के बावजूद सत्य के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़ा और आपने कभी भी क्रोध व घृणा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, तब भी जबकि वे हर दिन आपको यही उपहार देते थे।'

## केरल में भाजपा का खाता खोलने वाले सुरेश गोपी का भव्य स्वागत

**त्रिशूर, प्रेट्र :** केरल में भाजपा का पहली बार खाता खोलने वाले अभिनेता सुरेश गोपी का भव्य स्वागत किया गया। समर्थक उनके स्वागत में सड़कों पर उमड़ पड़े। अभिनेता का ढोल, पटाखों से कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने स्वागत किया। इस दौरान रोड शो भी निकाला गया। पूरे रास्ते बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत में खड़े नजर आए। कार्यकर्ता यही कहते नजर आए, राज्य में कमल खिल गया है।



केरल की त्रिशूर लोकसभा सीट से विजय प्राप्त करने के बाद बुधवार को त्रिशूर में जुलूस के दौरान उमड़े लोगों का अभिवादन करते सुरेश गोपी ● प्रेट्र

## कश्मीर की रणनीति पर भाजपा को करना होगा मंथन

नवीन नवाज ● जागरण

- भाजपा के साथ के बावजूद जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी व पीपुल्स कान्फ्रेंस के प्रत्याशी नहीं जीते
- आगामी विधानसभा चुनाव में अपने बूते सरकार बनाने की उम्मीदों का गड़बड़ा सकता है गणित

**श्रीनगर:** लोकसभा चुनाव में जम्मू संभाग की दोनों सीटों पर हैट-ट्रिक लगाने वाली भाजपा को कश्मीर में अपनी राजनीति और रणनीति पर नए सिरे से मंथन करना होगा। कश्मीर में उसने भले ही अपने प्रत्याशी नहीं उतारे हों, किंतु तीनों सीटों पर उसके समर्थित दलों के तीनों उम्मीदवार हार गए। इससे भाजपा का जम्मू-कश्मीर में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने बूते सरकार बनाने की उम्मीदों का गणित गड़बड़ा सकता है। इसलिए उसे अब कश्मीर में अपने चेहरों को ही मैदान में उतारने के लिए रणनीति में व्यापक बदलाव करना होगा।

प्रदेश की पांच सीटों में से जम्मू व ऊधमपुर-कठुआ पर ही भाजपा जीती है। अन्य तीन में अनंतनाग-राजौरी और श्रीनगर नेशनल कान्फ्रेंस तथा बारामुला सीट निर्दलीय इंजीनियर रशीद के खाते में गई है। कश्मीर की इन तीनों सीटों पर भाजपा ने अपना प्रत्याशी न उतारकर जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी व पीपुल्स कान्फ्रेंस का समर्थन किया था। श्रीनगर से चुनाव लड़ने वाले अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर को मात्र 9.77 और अनंतनाग सीट पर उतरे जफर इकबाल को 13.86 प्रतिशत वोट मिले हैं। इन दोनों की जमानत जब्त हो गई। बारामुला से पीपुल्स कान्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन भी चुनाव हारे हैं, लेकिन उन्हें 1.74 लाख वोट मिले।

कश्मीर के तीनों लोस क्षेत्रों में 54 विस क्षेत्र हैं और इनमें 15 विस क्षेत्र गुज्जर-बक्करवाल और पहाड़ी जनजातीय समुदाय के प्रभाव वाले हैं। अमित शाह ने कश्मीर में इन तीनों सीटों पर नेकां-पीडीपी को हराने के लिए गुज्जर-बक्करवाल, सिख और पहाड़ी जनजातीय समुदाय के नेताओं व भाजपा नेताओं के साथ बैठक की थी। प्रदेश भाजपा के नेताओं का कश्मीर में सात लाख कार्यकताओं का दावा धरातल पर नहीं दिखा। गुज्जर-बक्करवाल और पहाड़ी समुदाय को राजनीतिक व सामाजिक आरक्षण से भाजपा को उम्मीदें थीं। इसके बावजूद उसने अपने प्रत्याशी नहीं उतारे और अपनी पार्टी और पीपुल्स कान्फ्रेंस पर दांव लगाया। इसके पीछे मंशा रही कि विधानसभा चुनाव में अगर कहीं वह बहुमत से चूकेगी या कहीं उसका प्रत्याशी कमजोर होगा तो वह इन दो दलों का सहयोग ले सकती है। यह मदद लोकसभा चुनाव में उन्हें साथ देने के बदले में होगी। हैरानी है कि अनंतनाग-राजौरी और बारामुला में जहां गुज्जर-बक्करवाल समुदाय के अलावा पहाड़ी समुदाय का वोट भी प्रभावी है, वहां भी भाजपा समर्थित उम्मीदवार उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए।

### जनाधार खिसकने के ये रहे बड़े कारण

कश्मीर में भाजपा ने भले प्रत्यक्ष रूप से चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन वह परोक्ष रूप से मैदान में थी। नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी ने इसे मुद्दा बनाया और अपनी पार्टी और पीपुल्स कान्फ्रेंस को भाजपा का छद्म दल कहा। इस्लाम का सहारा लेते हुए नेकां-पीडीपी ने लोगों के बीच यह बात पहुंचाई कि भाजपा समर्थित दल भाजपा का एजेंडा ही आगे बढ़ाएंगे। पीपुल्स कान्फ्रेंस व अपनी पार्टी इसकी काट नहीं निकाल पाए। वहीं, सज्जाद लोन कुपवाड़ा व इसके आसपास सीमित रहे। अपनी पार्टी के पास नेता थे पर कैडर की किल्लत रही। उधर, कश्मीर में भाजपा के स्थानीय नेता फोटो खिंचाने तक सीमित रहे। भाजपा के पुराने जनाधार वाले राजौरी-पुंछ में पार्टी के बड़े नेता जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के साथ खड़े जरूर रही, लेकिन वोट नहीं बढ़ा सके। हैरानी है कि जफर इकबाल मनहास और अशरफ मीर अपने घर में भी प्रतिद्वंद्वियों से अधिक वोट नहीं ले सके।

********

www.jagran.com
दैनिक जागरण
# जोश
आगे बढ़ने का
गुरुवार, 6 जून, 2024




## 10+2 के बाद

# स्पेस साइंस/इंजीनियरिंग करियर को दें उड़ान

**देश के पहले 3डी प्रिंटेड इंजन राकेट अग्निबाण की सफल लांचिंग के बाद स्पेस साइंस/इंजीनियरिंग एक बार फिर चर्चा में है। अंतरिक्ष की यह ऊंची छलांग युवाओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करती है, परंतु इस क्षेत्र में कैसे बढ़ाएं अपने कदम, बता रहे हैं धीरेंद्र पाठक...**


फोटो: फ्रीपिक

इसरो के अंतरिक्ष केंद्रों से वैसे तो नियमित रूप से कोई न कोई सैटेलाइट या राकेट लांच होते रहते हैं, लेकिन हाल में स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल ने अपना राकेट लांच करके सभी को चौंका दिया है। यह राकेट कई मामलों में अपने आप में अनूठा है। क्योंकि यह एक क्रायोजेनिक 3डी प्रिंटेड इंजन राकेट है, जिसका वजन और लागत दोनों कम है और यह केरोसिन और लिक्विड आक्सीजन फ्यूल से उड़ाया जा सकता है। माना जा रहा है कि इससे आने वाले दिनों में टेक कंपनियों से लेकर तमाम स्टार्टअप कंपनियां अपनी तकनीकों को बेहतर बनाने या दूरदराज के क्षेत्रों तक अपनी पहुंच और मौसम के अनुमानों की सटीकता बढ़ाने के लिए इस तरह के छोटे सैटेलाइट का खूब इस्तेमाल करेंगी। इससे छोटे सैटेलाइट और राकेट इंजन के वैश्विक बाजार में भारत की एक अलग व अग्रणी पहचान होगी। देखा जाए, तो पिछले करीब दस वर्षों में अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की स्थिति तेजी से मजबूत हुई है जो लगातार जारी है। जाहिर है इससे स्पेस साइंस/एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में जिज्ञासा रखने और इसमें करियर को उड़ान देने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए अपेक्षाकृत कहीं अधिक संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। वैसे भी, मोदी सरकार की ओर से स्पेस तकनीक को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह क्षेत्र इसरो के साथ-साथ निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स के लिए भी अब खोल दिया गया है, जिससे इसमें अधिक संभावनाएं सामने आ रही हैं।

**क्या है स्पेस साइंस:** स्पेस साइंस अंतरिक्ष के अध्ययन से जुड़ा विषय है। जहां तक स्पेस साइंटिस्ट की बात है, तो ये किसी भी स्पेस मिशन और उसके अध्ययन के बहुत महत्वपूर्ण अंग होते हैं। स्पेस साइंटिस्ट ही ब्रह्मांड का अध्ययन करते हैं। अंतरिक्ष में चीजें कैसे काम करती हैं, तारों, उपग्रहों, आकाशगंगाओं या दूसरे खगोलीय पिंडों की गतिविधियों के ऊपर लैब उपकरणों की मदद से शोध जैसे कार्य यही प्रोफेशनल करते हैं। इसमें भी दो तरह के स्पेस साइंटिस्ट होते हैं। एक फिजिसिस्ट होते हैं और दूसरे एस्ट्रोनामर। फिजिसिस्ट सैद्धांतिक रूप में लैब उपकरणों की मदद से अध्ययन करते हैं, वहीं एस्ट्रोनामर तारों, उपग्रहों तथा आकाशगंगाओं पर स्टडी करते हैं।

**कैसे बनें अंतरिक्ष विज्ञानी:** यदि आपको भी टिमटिमाते तारे व अंतरिक्ष की दुनिया लुभाती है और हाल के दिनों में इसरो की चंद्रयान समेत तमाम उपलब्धियों से प्रेरित होकर आप इसमें अपना करियर बनाने के इच्छुक हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। सबसे पहले यह कि इसरो में स्पेस साइंटिस्ट या स्पेस इंजीनियर बनने के लिए 10वीं और 12वीं में आपका मैथ, साइंस और केमिस्ट्री में बहुत अच्छा प्रदर्शन होना चाहिए। इसके बाद साइंस या इंजीनियरिंग में आपको डिग्री लेनी होगी। वैसे देखा जाए तो इसरो में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करने वाले, एस्ट्रोनामी, फिजिक्स या मैथ में पीएचडी करने वाले ही विज्ञानी के रूप में सबसे ज्यादा हायर किये जाते हैं।

**जाब के अवसर:** अभी इसरो के अलावा तमाम स्पेस एजेंसीज को भी अपने मिशन के लिए स्पेस पृष्ठभूमि वाले प्रोफेशनल्स की आवश्यकता पड़ रही है। वैसे, यदि इसरो और इसके अनुषंगी संस्थानों में जाब अवसरों की बात करें, तो यहां आप साइंटिस्ट, इंजीनियर, टेक्निशियन, एस्ट्रोनामर के पदों पर नौकरी के अवसर पा सकते हैं।

**जान लें कोर्स के बारे में:** स्पेस साइंस या इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए वैसे तो 12वीं पीसीएम विषयों से होना चाहिए। इसके अलावा और भी दूसरे कई कोर्स हैं, जिनके माध्यम से आप इसरो में एक विज्ञानी या इंजीनियर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं, जैसे कि बीटेक इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, बीटेक इन एवियोनिक्स इंजीनियरिंग, मास्टर इन एस्ट्रोनामी आदि। यदि आप इसरो में विज्ञानी और इंजीनियर के रूप में करियर बनाने की सोच रहे हैं, तो आइआइएसटी व आइआइआरएस देहरादून आदि से भी इससे संबंधित कोर्स कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान
- आइआइएसटी तिरुवनंतपुरम https://iist.ac.in
- आइआइआरएस देहरादून www.iirs.gov.in

**18** मीटर लंबा है नया राकेट अग्निबाण। यह अपने पूर्ववर्तियों से 25 मीटर छोटा और इसीलिए सुविधाजनक है।

**700** किमी. ऊपर अंतरिक्ष में 300 किलो वजनी पेलोडले जा सकेगा यह नया राकेट।

**2030** तक दुनिया में उपग्रहों का बाजार 83 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

### युवाओं के लिए खुल रहीं नई राहें


प्रो. जीएम कामथ
हेड, डिपार्टमेंट आफ एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, आइआइटी कानपुर

निश्चित रूप से अंतरिक्ष के क्षेत्र में हम नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। लेकिन अभी अंतरिक्ष में बहुत कुछ करना बाकी है। इसलिए यहां इनोवेटिव और क्रिएटिव युवाओं के लिए अवसरों की कमी नहीं है। जिस तरह से कृषि, रक्षा और मौसम आदि के लिए ड्रोन इस्तेमाल हो रहे हैं, इससे भी युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुल गए हैं। सरकार के प्रोत्साहन से स्पेस साइंस और स्पेस इंजीनियरिंग में बहुत सी निजी कंपनियां आ गई हैं, अग्निकुल जैसे स्टार्टअप्स आ गए हैं, इससे पहले की तुलना में कुशल युवाओं के लिए अब रोजगार के अवसर अधिक हैं। बशर्ते आपमें इस फील्ड को लेकर जुनून, पैशन और जानने की ज्यादा से ज्यादा उत्सुकता होनी चाहिए।

## एग्जाम एलर्ट

**एफकैट 2/2024**

इंडियन एयर फोर्स में फ्लाइंग तथा ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल/नानटेक्निकल) ब्रांचेज में भर्ती के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा एयरफोर्स कामन एडमिशन टेस्ट के लिए नोटिफिकेशन आ गया है।
**शैक्षिक योग्यता:** 50 प्रतिशत अंकों से मैथ एवं फिजिक्स विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। साथ ही बीई/बीटेक डिग्री होनी चाहिए।
**आवेदन की अंतिम तिथि:** 28 जून तक।
**वेबसाइट:** https://afcat.cdac.in













# आसान परीक्षा व ग्रेस मार्क्स के कारण बढ़े नीट के टापर्स : एनटीए

- इस बार 67 अभ्यर्थियों ने हासिल की देशभर में पहली रैंक
- इंटरनेट मीडिया पर लगाए गए थे अनियमितताओं के आरोप

**नई दिल्ली, एएनआइ :** मेडिकल के स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में रिकार्ड 67 अभ्यर्थियों द्वारा देशभर में पहली रैंक हासिल करने पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को स्पष्ट किया कि ऐसा कई वजहों से हुआ, जिनमें आसान परीक्षा, पंजीकरण में वृद्धि, एक सवाल के दो सही जवाब और परीक्षा में समय की बर्बादी के कारण ग्रेस मार्क्स प्रदान किया जाना शामिल हैं।

नीट-यूजी का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया और इसमें 67 अभ्यर्थियों ने अखिल भारतीय स्तर पर पहली रैंक हासिल की है। परीक्षा में कुल 20.38 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 11.45 लाख सफल हुए हैं। जबकि पिछले वर्ष 20.59 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। परिणाम के बाद रिकार्ड संख्या में टापर्स व अभ्यर्थियों द्वारा 718 व 719 अंक प्राप्त करने पर चिंता जताई और इंटरनेट मीडिया पर परीक्षा में व्यापक अनियमितता के आरोप लगाए। एनटीए ने कहा कि एक सवाल के दो जवाब सही होने के कारण नीट-यूजी, 2024 में 44 अभ्यर्थियों के अंक 715 से बढ़कर 720 हो गए। कुछ अभ्यर्थियों के 718 और 719 अंक आने पर एनटीए ने कहा कि ऐसा ग्रेस मार्क्स की वजह से हुआ।

## जागरण विशेष

# तालाबों को आपस में जोड़कर सहेजा वर्षा का जल, गांव में बढ़ा जलस्तर

### भीषण गर्मी में भी लबालब रहते हैं गांव के तालाब, 200 किसानों व 25 मछुआरे परिवारों को फायदा

गुनेश्वर सहारे • नईदुनिया

**बालाघाट:** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में स्थित पांढरवानी पंचायत जल संरक्षण की दिशा में बेहतर काम कर रही है। यहां छह तालाबों को आपस में जोड़कर वर्षा का जल सहेजा जा रहा है। इसका सुखद परिणाम यह है भीषण गर्मी में भी इस क्षेत्र के सभी तालाब लबालब हैं और आस-पास के कुएं तथा हैंडपंपों का जलस्तर 15 से 20 फीट तक बना हुआ है। इन तालाबों को बड़ी नालियों के माध्यम से आपस में जोड़ दिया गया है। इससे वर्षा का जल ओवरफ्लो होने पर दूसरे तालाब में चला जाता है। इस तरह किसी भी तालाब का पानी व्यर्थ नहीं बहता।

पांढरवानी के सरपंच अनीश खान के इस नवाचार से आसपास के सात गांवों के 200 से अधिक किसान इन जल स्रोतों का उपयोग कर सब्जियां उगा रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छा लाभ हो रहा है।


« पठानडोंगरी तालाब से जोड़ा तालाब को जोड़ती नाली • नईदुनिया

### इतने है हैंडपंप व कुएं
- सात गांवों में है 87 सरकारी हैंडपंप
- निजी घरों में 460 बोरिंग
- 730 सरकारी व निजी कुएं
- पांच तालाबों की दूरी एक दूसरे से दो से तीन किमी। एक तालाब आठ किमी दूर
- 30 से 32 एकड़ क्षेत्रफल में छह तालाब
- ग्राम पंचायत के पांच कर्मचारी व मछुआरे वर्षभर करते हैं तालाबों की देखरेख


लबालब पांढरवानी तालाब



आठ साल पहले सरकारी योजना (नदी से नदी और सड़क से सड़क जोड़ना) को संज्ञान में लेकर तालाबों को लेकर माडल तैयार किया। मनरेगा योजना से राशि स्वीकृत कराई और काम चालू कराया। भीषण गर्मी में भरपूर तालाब में पानी रहता है। तालाब में पानी रहने से हैंडपंप व कुएं में ऊपर ही पानी रहता है। सात गांवों के अलावा आसपास गांवों करीब दो सौ किसान सब्जियों की खेती कर जीविका चला रहे हैं। मछुआरों को भी रोजगार मिल रहा है।
**अनीश खान**, सरपंच, ग्राम पंचायत, पांढरवानी

**तालाब को तालाब से जोड़ने का नवाचार:** पांढरवानी के सरपंच अनीश खान बताते हैं कि वर्ष 2016 में सरकार की योजना आई थी, नदी से नदी और सड़क से सड़क जोड़ना। तब मन में विचार आया कि पंचायत में पांच से छह तालाब वर्षों पुराने हैं, क्यों न इन्हें जोड़ा जाए। मनरेगा योजना के अंतर्गत करीब 80 से 90 लाख रुपये स्वीकृत करवाए और तत्कालीन कलेक्टर से एक आदेश जारी कराया कि तालाब से किसान निश्शुल्क मिट्टी लेकर जा सकते हैं। इसके बाद आसपास के गांवों के किसान तालाबों से अपने उपयोग के लिए मिट्टी ले गए। इससे तालाब का गहरीकरण हो गया। बता दें, तालाब की मिट्टी खेती व सब्जियां उगाने के लिए लाभदायक होती है। इसके बाद तालाब में वाटर कोर्स, वेस्ट वियर, पनघट व पिचिंग का काम कराया गया। तालाबों को एक-दूसरे से जोड़ने के लिए सीमेंट वाली पक्की नालियों का निर्माण कराया और वर्ष 2018 में यह काम पूरा हो गया।

कैचमेंट एरिया ऐसा है कि वर्षा होने पर पूरा पानी इधर-उधर बहने की बजाए, तालाब में जमा होता है। इन तालाबों को एक छोटी नहर के माध्यम से सर्राटी जलाशय से भी जोड़ा गया है। इससे यहां का पानी ओवरफ्लो होने पर तालाब में आकर जमा होता है। छह तालाबों को एक-दूसरे को जोड़ने के बाद आसपास गांवों में कभी पानी की समस्या नहीं बनी।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

********

# भारत के काम आई रोहित–हार्दिक की जोड़ी

## भारत ने आठ विकेट से मैच जीता पांड्या ने झटके तीन विकेट तो रोहित ने जड़ा अर्धशतक

अभिषेक त्रिपाठी
न्यूयार्क से

भारतीय गेंदबाजों ने बुधवार को न्यूयार्क की नसाऊ काउंटी में बने अस्थायी स्टेडियम में 25000 दर्शकों के बीच विश्व कप के अपने पहले मैच में आयरलैंड की टीम को 16 ओवर में 96 रनों पर आलआउट किया और उसके बाद 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारत को अब नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ना है। भारत यह मैच जीत गया लेकिन असली कहानी ये नहीं है, असली कहानी ये है कि इस मैच में रोहित और हार्दिक की जोड़ी ने भारत को मैच जिताया। उपकप्तान हार्दिक ने शुरुआत में तीन विकेट लिए तो कप्तान रोहित शर्मा 52 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए।

15 दिसंबर को मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान घोषित किया और इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के संबंध निम्नतम स्तर पर आ गए थे। 25 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले जोहानिसबर्ग में पहली प्रेस कांफ्रेंस में आए टीम भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने मीडिया मैनेजर से पहले ही पत्रकारों से खुद कहा कि इस सीरीज से संबंधित ही सवाल पूछें। उनके चेहरे में टेंशन साफ नजर आ रही थी, वह मुंबई इंडियंस के मुद्दे पर बात भी नहीं करना चाहते थे। जब मुंबई की टीम हार्दिक की कप्तानी में अभ्यास करने उतरी तब भी दोनों के बीच में दूरियां साफ नजर आईं, जिस तरह वे हाथ मिला रहे थे, जिस तरह मैच के दौरान हार्दिक रोहित को बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण के लिए लगा रहे थे।

इंटरनेट मीडिया में प्रशंसकों ने हार्दिक के बारे में गंदी-गंदी बातें लिखीं और मैदान पर भी उनको ट्रोल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और इसके बाद लग रहा था कि आइपीएल के बाद भारत का विश्व कप अभियान इस लड़ाई की भेंट न चढ़ जाए क्योंकि भारतीय टीम के कप्तान रोहित और उपकप्तान हार्दिक हैं। अगर ये दोनों ही एक पेज पर नहीं होंगे तो फिर कैसे टीम ट्राफी जीतेगी लेकिन नीली और नारंगी जर्सी में उतरे इन दोनों खिलाड़ियों ने बता दिया कि तिरंगे से बड़ा कुछ नहीं होता।

**पांड्या ने झटके तीन विकेट:** सोमवार को भारतीय टीम जब अभ्यास करने उतरी थी तो हार्दिक ने काफी देर तक रोहित को गेंदबाजी कराई थी और काफी दिनों बाद ये दोनों एक-दूसरे से मुस्कुराकर बात कर रहे थे। इससे पता चल गया था कि टीम मीटिंग में इन दोनों के बीच कुछ तो अच्छा हुआ है और उसका फायदा बुधवार को आयरलैंड के विरुद्ध मैच में दिखाई भी दिया। आसमान में छाए बादल और दोहरे उछाल वाली पिच को देखते हुए रोहित ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। उन्होंने कुलदीप को बाहर रखा और चार आलराउंडर हार्दिक, शिवम, रवींद्र जडेजा व अक्षर पटेल के साथ इस मैच में उतरने का फैसला किया। इसी पिच पर भारत ने बांग्लादेश को अभ्यास मैच में हराया था। ऐसे में भारत को इसमें खेलने का अनुभव था। कभी तेज और कभी रुककर आ रही पिच पर नई गेंद लेकर उतरे अर्शदीप सिंह ने नौ रन के कुल योग पर आयरलैंड के दोनों ओपनर एंड्रयू बलबर्नी और पाल स्टर्लिंग के विकेट उखाड़कर बता दिया कि इस टीम को हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। बचा हुआ काम पांड्या और बुमराह ने कर दिया। पांड्या ने लारकन टकर, कर्टिस कैंफर और मार्क ऐडर को आउट किया। बुमराह ने हैरी टेक्टर और जोश लिटिल के विकेट लिए। बुमराह ने लिटिल को जो यार्कर फेंकी उसको बड़े से बड़े बल्लेबाजों के लिए डिफेंड करना मुश्किल था, लिटिल तो 10वें नंबर के बल्लेबाज थे।

**रोहित और विराट ने की ओपनिंग:** जैसा कि दैनिक जागरण ने पहले ही लिखा था वैसा ही करते हुए इस मैच में भारतीय टीम रोहित और विराट की ओपनिंग के साथ उतरी। इस साल आइपीएल में ओपनिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर एक रन के निजी स्कोर पर ही कैच आउट हो गए लेकिन रोहित और रिषभ ने 76 रनों की नाबाद पारी करके भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। दोनों ने आयरलैंड के हल्के गेंदबाजी को और हल्का कर दिया। रोहित ने 37 गेंद पर चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि पंत तीन चौके और दो छक्के के साथ 36 रन पर नाबाद लौटे। उन्होंने रिवर्स स्वीप पर जो आखिरी छक्का मारा उसने अहमदाबाद टेस्ट में उनके द्वारा जेम्स एंडरसन पर मारे छक्के की याद दिला दी। सूर्यकुमार यादव कुछ खास नहीं कर सके।



हार्दिक पांड्या ● आइएएनएस

### स्कोर बोर्ड

**आयरलैंड : 96 (16 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| एंड्रयू बलबर्नी बो. अर्शदीप | 05 | 10 | 1/0 |
| पाल स्टर्लिंग का. पंत बो. अर्शदीप | 02 | 06 | 0/0 |
| लार्कन टकर बो. हार्दिक | 10 | 13 | 2/0 |
| हैरी टेक्टर का. कोहली बो. बुमराह | 04 | 16 | 0/0 |
| कर्टिस कैंफर का. पंत बो. हार्दिक | 12 | 08 | 1/1 |
| डाकरेल का. बुमराह बो. सिराज | 03 | 05 | 0/0 |
| गैरेथ डेलानी रन आउट | 26 | 14 | 2/2 |
| मार्क एडर का. शिवम बो. हार्दिक | 03 | 02 | 0/0 |
| बैरी मैकार्थी का. एंड बो. अक्षर | 00 | 06 | 0/0 |
| जोशुआ लिटिल बो. बुमराह | 14 | 13 | 2/0 |
| बेंजामिन वाइट अविजित | 02 | 04 | 0/0 |

अतिरिक्त: 15 (लेबा-1, वा-9, बा-4, नोबा-1)
कुल : 16 ओवर में 96 रन पर सभी आउट
विकेटपतन : 1-7 (स्टर्लिंग, 2.1), 2-9 (बलबर्नी, 2.6), 3-28 (टकर, 6.5), 4-36 (टेक्टर, 7.6), 5-44 (कैंफर, 8.6), 6-46 (डाकरेल, 9.4), 7-49 (एडर, 10.1), 8-50 (मैकार्थी, 11.2), 9-77 (लिटिल, 14.2)
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1, बुमराह 3-1-6-2, पांड्या 4-1-27-3 अक्षर पटेल 1-0-3-1, रवींद्र जडेजा 1-0-7-0

**भारत : 97/2 (12.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट | 52 | 37 | 4/3 |
| कोहली का. बेंजामिन बो. एडर | 01 | 05 | 0/0 |
| रिषभ पंत अविजित | 36 | 26 | 3/2 |
| सूर्य का. डाकरेल बो. बेंजामिन | 02 | 04 | 0/0 |
| शिवम दुबे अविजित | 00 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त :6 (वा-6)
कुल : 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन
विकेटपतन : 1-22 (कोहली, 2.4), 2-91 (सूर्यकुमार, 11.4), गेंदबाजी: मार्क 4-0-27-1, जोशुआ 4-0-42-0, बैरी 2.2-0-18-0, कर्टिस कैंफर 1-0-4-0, बेंजमिन वाइट 1-0-6-1

**एक टीम के विरुद्ध भारत की सर्वाधिक जीत**

| | | |
|---|---|---|
| 8 | बांग्लादेश | 2009–18 |
| 8 | आयरलैंड | 2009–24 |
| 7 | आस्ट्रेलिया | 2013–17 |
| 7 | श्रीलंका | 2016–17 |
| 7 | वेस्टइंडीज | 2018–19 |

**टी–20 में कप्तान के रूप में सर्वाधिक जीत**

| कप्तान | जीत |
|---|---|
| रोहित शर्मा | 43 |
| महेंद्र सिंह धौनी | 42 |
| विराट कोहली | 32 |

**टी–20 में भारतीय तेज गेंदबाजों द्वारा सर्वाधिक विकेट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | बनाम पाकिस्तान | जोहानिसबर्ग | 2007 |
| 8 | बनाम पाकिस्तान | मेलबर्न | 2022 |
| 8 | बनाम आयरलैंड | न्यूयार्क | 2024 |



रोहित शर्मा ● एपी

आइजनहवर पार्क में हुए दो लीग मैच में कोई टीम शतक भी नहीं बना सकी

# ड्राप इन पिचों ने किया मूड खराब

अभिषेक त्रिपाठी ● जागरण



नसाऊ काउंटी स्टेडियम में ड्राप इन पिच लगाते कर्मचारी ● आइसीसी

**न्यूयार्क:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) हमेशा स्पोर्टिंग पिचों की बात करता है, लेकिन अगर दो मैच को छोड़ दें उसकी देखरेख में हो रहे टी-20 प्रारूप के सबसे बड़े टूर्नामेंट में ये अब तक अच्छी पिचें देखने को नहीं मिली हैं, खासकर न्यूयार्क की पिचों की हालत ड्राप इन पिचें विश्व स्तरीय नहीं हैं। भारत में जब भी मैच होते हैं तो वहां की पिच पर काफी सवाल उठाए जाते हैं। पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप में भी यही हुआ था लेकिन अमेरिका में बिना अमेरिकन क्रिकेट बोर्ड के खुद टूर्नामेंट आयोजित कर रहा आइसीसी इसको लेकर मौन है। पिछले साल मुंबई में हुए वनडे विश्व कप सेमीफाइनल से पहले भी विदेशी मीडिया ने पिच पर काफी विवाद मचाया था। उन्होंने आइसीसी सूत्रों के हवाले से लिखा था कि इस्तेमाल पिच पर मैच नहीं होना चाहिए। ऐसा इसलिए किया जा रहा है जिससे घरेलू टीम यानी भारत को फायदा मिले जबकि उस मैच में भारत ने चार विकेट पर 397 रन बनाए थे। विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने शतक ठोका था। जवाब में न्यूजीलैंड ने भी डेरिल मिशेल के शतक की बदौलत 327 रन बनाए थे।

सूत्रों के मुताबिक ड्राप इन पिच को लगाकर स्थापित करने में करीब छह से नौ महीने लगते हैं लेकिन न्यूयार्क की नसाऊ काउंटी के आइजनहवर पार्क में बने अस्थायी स्टेडियम में इसे तीन महीने में ही सेट कर दिया गया। अमूमन पिच में एक तरफ से स्लोप शुरू होता है और बीच में पिच हल्की सी ऊंची होती है और दूसरी ओर जाकर स्लोप खत्म होता है लेकिन यह पिच बीच में जाकर हल्की सी नीची हो जा रही है। यही नहीं पिच में बीच-बीच में हल्के से पैच हैं जिसमें गेंद पड़ रही है तो नीची रह रही है और उनके किनारे पर जब गेंद टप्पा खा रही है तो उसमें टेनिस बाउंस (उछाल) मिलता है। यही नहीं यहां की आउटफील्ड भी काफी धीमी है। भारत और आयरलैंड के बीच लीग मैच में भी यह साफ दिखाई दिया। आयरिश टीम तो भारतीय तेज गेंदबाजों को सह भी नहीं सकी जबकि एक असमान उछाल वाली गेंद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बांह में लगी जिसके कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर जाना पड़ा। यही नहीं जो भारतीय दर्शक यहां पर अच्छा मैच देखने आए थे उन्हें कम समय का मैच देखकर जाना पड़ा। एक तरफ आइपीएल की शुरुआत में 200 से ज्यादा रनों की स्कोर की बाढ़ आई थी तो यहां पर टीमों को 100 रन तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने भारत और आयरलैंड की पिच को शर्मनाक पिच करार दिया है।

> न्यूयार्क की पिच बेहद खराब है। - मिकी आर्थर, कोच

आइजनहवर पार्क में बने अस्थायी क्रिकेट स्टेडियम में आइसीसी ने चार ड्राप इन पिचें बनाई हैं जिसमें दो पिचों पर एक अभ्यास मैच और दो लीग मैच हुए हैं। तीनों मैचों में बल्लेबाजों की हालत ज्यादा अच्छी नहीं रही। कभी पिच स्लो नजर आई तो कभी दोहरा उछाल दिखाई दिया। टी-20 को बल्लेबाजों का खेल माना जाता है लेकिन यहां पर बल्लेबाजों के लिए कुछ खास दिखाई नहीं दे रहा है। अगर आइसीसी को अमेरिका में क्रिकेट को प्रमोट करना है तो ऐसी पिचों के जरिये तो नहीं किया जा सकता।

अमेरिका में न्यूयार्क के अलावा डलास और फ्लोरिडा में मैच हो रहे हैं। इसके अलावा वेस्टइंडीज और गयाना में अब तक मैच हुए हैं। डलास में हुए उद्घाटन मैच में कनाडा ने पहले खेलते हुए 194 रन बनाए तो मेजबान अमेरिका ने 17.4 ओवर में 197 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। गयाना में हुए दूसरे मैच में पापुआ न्यू गिनी आठ विकेट पर 136 रन ही बना सकी जबकि सहमेजबान वेस्टइंडीज की टीम को जीतने के लिए 19 ओवर लग गए। बारबाडोस में तीसरे मैच में ओमान की टीम 109 रनों पर आलआउट हो गई। नामीबिया 20 ओवर में 109 रन ही बना पाई। बाद में सुपर ओवर से नामीबिया ने मैच जीता। न्यूयार्क में बने चार पिचों के स्क्वायर की पहली पिच पर श्रीलंका 77 रनों पर आलआउट हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका को लक्ष्य पाने में 16.2 ओवर लग गए थे। गयाना में हुए पांचवें मैच में अफगानिस्तान ने 183 रन बनाए थे और युगांडा 58 रन पर आलआउट हो गई थी।

हालांकि इस मैच में पिच का रोल उतना नहीं था क्योंकि युगांडा की टीम काफी कमजोर है। बारबाडोस में स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के मैच में वर्षा हो गई थी। बुधवार को भारत और आयरलैंड के बीच मैच साइड की उसी पिच पर हुआ जिस पर रोहित की टीम ने बांग्लादेश के विरुद्ध अभ्यास मैच खेला था। उस मैच में भारत ने पांच विकेट पर 182 रन बनाए थे और विपक्षी टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 122 रन ही बना सकी थी। उस मैच में भी कई बार दोहरा उछाल दिखा था। मैच के बाद भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर पिच को देखने गए थे। उन्होंने उस पिच को भी देखा जिसमें भारत को पाकिस्तान से खेलना है। भारत को अभी इस मैदान पर दो मैच और खेलने हैं। आइसीसी की जनरल मैनेजर (मार्केटिंग एंड कम्युनिकेशन) क्लेयर फर्लांग ने कहा, 'पिच की जांच कराई जा रही है। मैच अधिकारी इसे रेट करेंगे।'

## एक नजर में

### पावरलिफ्टर संदीप कौर पर लगा 10 वर्ष का प्रतिबंध

**नई दिल्ली:** पावरलिफ्टर संदीप कौर पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के एंटी डोपिंग अनुशासनात्मक समिति (एडीडीपी) ने दूसरी बार डोप टेस्ट में फेल होने पर 10 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है। यह समिति द्वारा प्रतिबंध की सबसे लंबी अवधि है। 2019 में पंजाब की पावरलिफ्टर का नमूने में स्टानोजोल के अंश मिले थे, जिसके लिए उन पर आठ वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया और इसके अलावा कई प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने के लिए उन पर दो अतिरिक्त वर्ष का प्रतिबंध लगाया है। (प्रेट्र)

### 13 पैरा शटलर ने पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली:** वर्तमान चैंपियन कृष्णा नागर समेत भारत के 13 बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारतीय खिलाड़ी 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होने वाले पेरिस पैरालिंपिक की नौ बैडमिंटन स्पर्धाओं में भाग लेंगे। नागर पुरुष सिंगल्स एसएच6 वर्ग में उतरेंगे जिसमें उन्होंने टोक्यो पैरालिंपिक 2021 में स्वर्ण पदक जीता था। उनके अलावा सुहास (पुरुष सिंगल्स एसएल4) और मनोज (पुरुष सिंगल्स एसएल3) ने टोक्यो में रजत व कांस्य जीते थे। (प्रेट्र)

### पहले दौर में हारीं सिंधु

**जकार्ता:** भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीन की ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु को वर्ल्ड टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के विरुद्ध उनकी पहली हार है। महिला डबल्स के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा और श्वेतपर्णा पांडा की जोड़ी कोरिया की किम सो और कांग ही की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गईं। (प्रेट्र)

### एमएलसी में खेलेंगे कमिंस

**मेलबर्न:** तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सैन फ्रांसिस्को यूनिकार्न्स के साथ चार वर्ष का करार किया है, जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट से जुड़ने वाले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी-20 लीग को आइसीसी से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। (प्रेट्र)

## मैग्नस कार्लसन से हारे प्रगनानंद, वैशाली जीतीं

**स्टावेंगर, प्रेट्र :** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने चल रहे नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में आर्मागेडोन पर विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन से हार गए। इस जीत से कार्लसन प्रतियोगिता में अपनी एकल बढ़त को और मजबूत करते हुए 14.5 अंक तक पहुंच चुके हैं जबकि हिकारू नकामुरा 13.5 अंक के साथ दूसरे और प्रगनानंद 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। फ्रांस के फिरोजा अलिरेजा ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के विरुद्ध क्लासिकल मैच में शानदार बचाव किया और उसने आर्मागेडोन में नाकामुरा को हराया। महिला वर्ग में चीन की विश्व चैंपियन जू वेंजुन ने यूक्रेन की पिया क्रैमलिंग के विरुद्ध क्लासिकल मैच जीतकर अपनी एकल बढ़त को पुनः प्राप्त किया जबकि लेई टिंगजी ने कोनेरू हंपी को हराकर पहली क्लासिकल जीत प्राप्त की। यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली से आर्मागेडोन में समय पर हार गईं।



आर प्रगनानंद ●

# इतिहास रचने पर होंगी आस्ट्रेलियाई टीम की नजरें

**बारबाडोस, प्रेट्र :** पिछले वर्ष विश्व टेस्ट चैंपियन मेस (गदा) और वनडे विश्व कप खिताब जीत चुकी आस्ट्रेलियाई टीम टी-20 विश्व कप में गुरुवार को जब ओमान के विरुद्ध अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन आस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप में जहां टीम की कमान पैट कमिंस के हाथ में थी, लेकिन यहां टीम की कप्तानी युवा आलराउंडर मिशेल मार्श को सौंपी गई है। टीम को अभ्यास मैचों में भले ही वेस्टइंडीज से हार मिली, लेकिन उसका बड़ा कारण टीम के मुख्य खिलाड़ियों का टीम से नहीं जुड़ना था। ऐसे में आस्ट्रेलिया को अपने मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और मुख्य चयनकर्ता जार्ज बैली को मैदान में उतारना पड़ा था। लेकिन अब सभी खिलाड़ी यहां पहुंच चुके हैं। टी-20 विश्व कप ट्राफी से लंबे समय तक लंबे समय तक आस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता। एक साल बाद हालांकि घरेलू मैदान पर टीम लीग चरण से भी आगे बढ़ने में विफल रही है। आस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं। कप्तान मिशेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। आस्ट्रेलियाई टीम ग्रुप चरण में अपनी एकादश के साथ प्रयोग कर सकती है। दूसरी ओर ओमान को नामीबिया के विरुद्ध अपने पहले मैच में शिकस्त का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को सुपर ओवर में खींचा।

### टी-20 विश्व कप के पहले मैच में आज ओमान से होगा सामना



मिशेल मार्श ●

## अमेरिका के विरुद्ध अभियान शुरू करेगा पाकिस्तान

**डलास, प्रेट्र :** दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उपविजेता पाकिस्तान की भिड़ंत सह मेजबान अमेरिका से होगी। भले ही कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन हालिया फार्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली है। पाकिस्तान ने आयरलैंड के विरुद्ध टी-20 मुकाबला गंवाया, जबकि इंग्लैंड के विरुद्ध उसे 0-2 से हार झेलनी पड़ी, जिससे टी-20 विश्व कप की उसकी तैयारियां काफी अच्छी नहीं रहीं। बाबर आजम को दोबारा कप्तान बनाया गया है। बाबर और मोहम्मद रिजवान टी-20 प्रारूप में पाकिस्तान के सबसे अधिक निरंतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन इन दोनों का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है और दोनों तेजी से रन बनाने में विफल रहे हैं। पाकिस्तान अपने दिन किसी को भी हराने की क्षमता रखी है। टीम शाहीन, नसीम, रउफ और मोहम्मद आमिर की तेज गेंदबाजी चौकड़ी पर काफी निर्भर है।



बाबर आजम ● फाइल फोटो, एक्स

## पहली जीत की तलाश में युगांडा व पीएनजी

**गुयाना :** दिन के तीसरे मैच पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) और युगांडा की टीमें आमने-सामने होंगी। दोनों ही टीमें पहला मुकाबला हारकर यहां पहुंची हैं और उनकी नजरें टी-20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज करने पर होंगी। पीएनजी ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। पीएनजी के गेंदबाजों ने दो बार की चैंपियन टीम के बल्लेबाजों को काफी दबाव में रखा। असद वाला की अगुआई वाली टीम को मेजबान टीम के विरुद्ध हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम की नजरें युगांडा के खिलाफ जीत पर टिकी हैं। युगांडा को अफगानिस्तान के विरुद्ध 125 रन मिली थी।

# प्राइवेट डिनर का आयोजन कर निशाने पर आई पाकिस्तान टीम

### पूर्व कप्तान लतीफ ने किया दावा, पीसीबी ने आयोजित किया था डिनर, प्रशंसकों से फोटो खिंचाने को लिए गए 25 डालर

**नई दिल्ली, जेएनएन :** अमेरिका में टी-20 विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले ही विवाद में फंस गई है। दरअसल, अमेरिका में पाकिस्तानी टीम ने प्रशंसकों के लिए एक प्राइवेट डिनर पार्टी आयोजित की थी। कथित तौर पर इसका आयोजन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने किया था, जहां प्रशंसकों को अपने पसंदीदा पाकिस्तानी खिलाड़ियों से मिलने और उनके साथ सेल्फी लेने की अनुमति दी गई थी। हालांकि यह कार्यक्रम चैरिटी के लिए नहीं था, बल्कि प्रशंसकों से बतौर एंट्री फीस 25 डालर (करीब 2083 रुपये) का शुल्क वसूला गया। जिसके बाद प्रशंसक खिलाड़ियों के साथ फोटो और हाथ मिला सकते थे।

इससे पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने टीम को निशाने पर लिया। पूर्व कप्तान और विकेटकीपर राशिद लतीफ ने टीम डिनर का विवरण बताते हुए दावा किया कि इसका आयोजन पीसीबी की ओर से किया गया था। प्रशंसकों को सिर्फ 25 डालर में खिलाड़ियों से मिलने देना एक 'भयानक' विचार था और इससे गड़बड़ हो सकती थी। लतीफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, पाकिस्तान टीम एक आफिशियल डिनर पार्टी करती है, लेकिन यह एक प्राइवेट डिनर पार्टी थी। यह कौन करता है? यह निराशाजनक है। इसका मतलब है कि आप हमारे खिलाड़ियों से 25 डालर में मिलें। ऊपर वाला न करे कि कोई गड़बड़ी हो और लोग हम पर आरोप लगाएं कि हमारे लड़के इससे पैसे कमा रहे हैं। वहीं, क्रिकेट विशेषज्ञ नौमान नियाज ने पाकिस्तान टीम की इस स्थिति को दुखद बताया। वहीं, एक फैन ने सुझाव दिया कि अगर टीम इस विचार से गुजर रही थी तो कीमत कम से कम अधिक रहनी चाहिए थी। लतीफ ने यह भी कहा कि वह चैरिटी डिनर के आयोजन के विचार को समझते हैं, लेकिन एंट्री फीस के साथ एक प्राइवेट डिनर पार्टी उनकी समझ से परे था।

फीफा विश्वकप क्वालीफायर्स के तीसरे चरण में पहली बार पहुंचने को आज कुवैत से भिड़ेगा भारत

# अंतिम मैच में इतिहास रचने को तैयार 'देसी मेसी'



सुनील छेत्री ● एएफपी

विशाल श्रेष्ठ ● जागरण

**कोलकाता:** छह जून, 2024 को भारतीय फुटबाल के कैलेंडर में 'रेड लेटर डे' के तौर पर जाना जाएगा। यह वह दिन है, जब दो महत्वपूर्ण घटनाएं होने जा रही हैं। भारत पहली बार फीफा विश्वकप क्वालीफायर्स के तीसरे राउंड में जगह पक्की करने के लिए कोलकाता के विवेकानंद युबाभारती क्रीड़ांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में कुवैत से भिड़ेगा और भारतीय फुटबाल के अब तक के सबसे बड़े खिलाड़ी सुनील छेत्री अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। फुटबाल प्रेमियों के शहर कोलकाता में इस मैच को लेकर उत्साह चरम पर है। मैच के टिकटों को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। 70,000 टिकट कब बिक गए, किसी को पता भी नहीं चला।

**भारतीय फुटबाल के लिए तीन दशकों में सबसे महत्वपूर्ण मैच:** मैच की पूर्व संध्या पर सुनील छेत्री ने कहा, 'मैं इस मैच को भावनात्मक तौर पर नहीं ले रहा हूं। यह मैच मेरे लिए नहीं है। हमारा फोकस मैच जीतने पर है।' उन्होंने हल्के मूड में आगे कहा, 'आगे के मैचों को मैं भारतीय फुटबाल टीम के प्रशंसक के रूप में देखूंगा। इसके लिए मैंने खास सूट सिलवाए हैं।' वहीं भारतीय टीम के हेड कोच इगोर स्टीमक ने कहा, 'भारतीय फुटबाल के लिए पिछले तीन दशकों में यह सबसे महत्वपूर्ण मैच है। यह हमारे कप्तान का अंतिम मैच भी है इसलिए हम इसे उनके लिए बड़ा अवसर बनाना चाहते हैं।' भारत ने 1985 में पहली बार फीफा विश्वकप क्वालीफायर्स खेला था। तब से अब तक कभी तीसरे चरण तक नहीं पहुंच पाया है। कुवैत पर जीत से भारत का न केवल तीसरे चरण में पहुंचने का मार्ग लगभग प्रशस्त हो जाएगा बल्कि वह 2027 में सऊदी अरब में होने वाले एएफसी एशिया कप के लिए भी सीधे तौर पर क्वालीफाइ हो जाएगा। स्टिमक ने कहा कि कुवैत के विरुद्ध जीत हमारी सबसे बड़ी सफलता होगी।

**सुनील का सुनहरा सफर:** भारतीय फुटबाल के प्रशंसक सुनील छेत्री को 'भारत का मेसी' कहते हैं। कहे भी क्यों न, छेत्री अंतरराष्ट्रीय गोल के मामले में मेसी से बस एक कदम ही पीछे हैं। 19 वर्षों के सुनहरे अंतरराष्ट्रीय करियर में छेत्री ने 150 मैचों में 94 गोल दागे हैं और सर्वाधिक गोल के मामले में चौथे स्थान पर हैं। पहले स्थान पर पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो (206 मैचों में 128 गोल), दूसरे स्थान पर ईरान के अली डेई (148 मैचों में 108 गोल) और तीसरे स्थान पर अर्जेंटीना के लियोन मेसी (180 मैचों में 106 गोल) हैं।

### एक वर्ष में कुवैत को दो बार हरा चुका है भारत

भारत पिछले एक वर्ष में कुवैत से तीन बार भिड़ा है, जिनमें दो बार हरा चुका है जबकि एक मैच ड्रा रहा है। भारत ने कुवैत को सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में टाई ब्रेकर में हराया था।


# बोपन्ना–एब्डेन की जोड़ी सेमीफाइनल में

**पेरिस, प्रेट्र :** रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की दूसरी वरीय भारतीय-आस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की सैंडर जिले और जोरान व्लीजेन की पुरुष डबल्स जोड़ी को 7-6(3), 5-7, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। सेमीफाइनल में यह जोड़ी इटली की सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी से भिड़ेगी। यह आस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल का रिमैच होगा, इसलिए यह मैच दूसरी वरीय जोड़ी के लिए अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगा। आस्ट्रेलियन ओपन पुरुष डबल्स के फाइनल में बोपन्ना और एब्डेन ने 7-6 (7-0), 7-5 से जीत प्राप्त की थी। बोपन्ना 2017 के मिक्स्ड डबल्स के बाद अपना दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने से दो जीत दूर हैं।

10वीं वरीय बेल्जियम जोड़ीदारों के विरुद्ध बोपन्ना और एब्डेन को जीत प्राप्त करने में एक घंटे चार मिनट लगे। रोमांचक मैच में बोपन्ना और एब्डेन ने पहले सेट में जीत प्राप्त कर ली, परंतु दूसरे सेट में बेल्जियम जोड़ी ने शानदार वापसी कर इसे अपने नाम कर लिया। तीसरे और निर्णायक सेट में बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने अपना वर्चस्व कायम करते हुए सर्विस तोड़ी और इसके बाद उन्हें वापसी का कोई अवसर नहीं दिया।

## अलकराज और फाइनल के बीच होंगे जानिक सिनर

**पेरिस, आइएएनएस :** तीसरे वरीय कार्लोस अलकराज ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल मैच में 2021 रोलां गैरो के फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास के विरुद्ध 6-3, 7-6(3), 6-4 से जीत प्राप्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसी के साथ 21 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने लगातार छठी बार ग्रीक खिलाड़ी के विरुद्ध जीत प्राप्त की। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला जानिक सिनर से होगा, जिन्होंने एक अन्य ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-4, 7-6 (3) से हराया।



कार्लोस अलकराज ● एएफपी

## रिबाकिना को हराकर पाओलिनी सेमीफाइनल में

**पेरिस, एपी :** जैसमीन पाओलिनी ने चौथी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहुंची है। इटली की 12वीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी अब तक 16 ग्रैंडस्लैम खेलकर पहले या दूसरे दौर में बाहर होती आई है। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में आस्ट्रेलियन ओपन में चौथे दौर में जगह बनाई थी। अब उनका सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका या 17 वर्ष की गैर वरीय मीरा आंद्रीवा से होगा।

********

**2014** के लोस चुनाव में लालू प्रसाद ने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के मुकाबले के लिए मैदान में उतारा था। चुनाव में रूडी को 3.55 लाख से अधिक वोट आए थे, जबकि राबड़ी को 3.14 लाख वोट मिले थे

# चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी फिर काम में जुटे, छेड़ा पौधारोपण का अभियान

## विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 'एक पेड़ मां के नाम' से अभियान का किया शुभारंभ

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** बगैर रुके और थके काम करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 का जनादेश आने के बाद फिर से अपने अंदाज में काम में जुट गए है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधा रोपने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान पीएम ने खुद भी एक पौधा रोपा है। साथ ही वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से इस अभियान को रफ्तार देने के लिए पौधारोपण के नए लक्ष्य निर्धारित करने के भी निर्देश दिए है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर धरती माता द्वारा प्रकृति के पोषण और हमारी माताओं द्वारा मानव जीवन के पोषण के बीच समानता को दर्शाते हुए कहा कि पूरी दुनिया में लोग यदि सबसे अधिक किसी से प्रेम और आदर करते है तो वह अपनी मां होती है। ऐसे में सभी को मां के सम्मान में एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए।

इसके साथ ही सभी को धरती मां और पौधों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी का पौधारोपण को लेकर यह अभियान इसलिए भी अहम है क्योंकि लोग इन दिनों भीषण गर्मी के बीच पौधों की जरूरत को महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर नई दिल्ली स्थित बुद्ध जयंती पार्क पहुंचकर पीपल के पौधे का रोपण किया है। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद थे।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इस बीच इस अभियान के तहत देश भर में सितंबर 2024 तक 80 करोड़ और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधे रोपने का एलान किया है।

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इस दौरान स्कूली शिक्षा से भी एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए भी कहा है। साथ ही स्कूलों के ईको-क्लब को इस अभियान से जुड़ने के लिए कहा है।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी ने बुद्ध जयंती पार्क में पौधा रोपकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आरंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी उपस्थित रहे • एएनआइ

## अमित शाह ने राजग का नेता चुने जाने पर पीएम मोदी को बधाई दी

**नई दिल्ली, एएनआइ:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेता चुने जाने पर बधाई दी। एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने नई ताकत और गति के साथ देश और लोगों की सेवा करने के लिए एनडीए की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। शाह ने कहा, पिछले 10 वर्ष मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विकास और कल्याण के युग के रूप में सामने आए हैं। इससे पहले राजग ने सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुनने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजग का नेता चुने जाने पर मोदी को बधाई देते हुए कहा, पिछले दशक के दौरान पीएम मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमने समग्र दृष्टिकोण के जरिये वृद्धि और विकास का अनुभव किया है। तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राजग के सभी सहयोगियों ने बैठक में सर्वसम्मति से मोदी को गठबंधन के नेता के तौर पर समर्थन दिया।



नई दिल्ली में बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद को रात्रिभोज दिया। इसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सम्मिलित हुए • प्रेट्र

# 75 से ज्यादा वैश्विक नेताओं ने दी मोदी को बधाई

- सबसे पहले बधाई देने वाले नेताओं में शामिल रहीं इटली की प्रधानमंत्री
- ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल, यूक्रेन व चीन समेत विभिन्न देशों ने भी भेजे संदेश
- मालदीव के राष्ट्रपति ने बधाई देकर मिलकर काम करने की जताई आशा



शु फीहोंग



मोहम्मद मुइज्जु

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** लगातार तीसरी बार आम चुनाव में विजयी होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 75 से ज्यादा देशों के नेताओं ने बुधवार को बधाई संदेश भेजा। बधाई देने वाले नेताओं में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के सीएम ऋषि सुनक, इटली की प्रधानमंत्री जोर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शुल्ज, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेंस्की समेत यूएई, इंडोनेशिया, मलेशिया, बांग्लादेश, स्पेन, सिंगापुर, ताइवान, नार्वे, मारीशस, ओमान, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया जैसे राष्ट्रों के प्रमुख शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इनमें से कई नेताओं को इंटरनेट मीडिया पर धन्यवाद भी दिया।

इटली की पीएम मेलोनी सबसे पहले बधाई संदेश देने वाली नेताओं में शामिल रहीं। चुनाव से पहले भी मेलोनी ने मोदी से टेलीफोन पर बात की थी और उन्हें 13-14 जून को इटली में जी-7 देशों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया था। पीएम मोदी ने चुनाव के दौरान साक्षात्कार में कहा था, वह जी-7 की बैठक में हिस्सा लेंगे। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी 13 जून को इटली रवाना हो सकते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, 'भारत में दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनाव का समापन हो गया है। प्रिय मित्र मोदी को बधाई। हम साथ मिलकर भारत व फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।' अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी और राजग को जीत की बधाई दी और कहा कि दोनों देशों के बीच मित्रता सिर्फ बढ़ रही है क्योंकि हम असीमित संभावनाओं वाले साझा भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन व ब्रिटेन के पीएम सुनक ने फोन कर जीत की बधाई दी। पुतिन ने कहा, 'मतदान के परिणामों ने फिर आपकी उच्च राजनीतिक क्षमता, भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में आपके रुख के प्रति समर्थन एवं विश्व मंच पर इसके हितों की सुरक्षा की पुष्टि की है।' सुनक ने कहा, 'ब्रिटेन और भारत के बीच करीबी मित्रता है और साथ मिलकर यह मित्रता आगे बढ़ती रहेगी।'

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भेजे अपने संदेश में लिखा है, मैं भारत में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों के सफलतापूर्वक आयोजन का अभिवादन करता हूं। भारत के संसदीय चुनावों में लगातार तीसरी जीत पर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और उनके नेतृत्व वाले राजग को हार्दिक शुभकामनाएं। मैं भारत के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना करता हूं। मुझे हमारे देशों के बीच निरंतर सहयोग की उम्मीद है। भारत और यूक्रेन के साझा मूल्य और समृद्ध इतिहास है। प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की को लिखे जवाब में कहा है कि भारत इस क्षेत्र में सभी के लिए अमन-शांति स्थापित करने में मदद करता रहेगा।

भारत में चीन के नए राजदूत शु फीहोंग ने अपने बधाई संदेश में लिखा कि लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा व राजग को बधाई। हम भारत व चीन के बीच रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए साझा कोशिश करने को लेकर आशान्वित हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भी प्रेस ब्रीफिंग में प्रधानमंत्री मोदी को जीत की बधाई दी। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। भारत और इजरायल के बीच दोस्ती नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ती रहे, यही कामना है। बधाई हो।'

पड़ोसी देशों में श्रीलंका, मालदीव, ईरान व सेशेल्स के राष्ट्रपतियों और नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार और मारीशस के प्रधानमंत्रियों ने भी प्रधानमंत्री मोदी को बधाई संदेश भेजे हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु ने अपने संदेश में दोनों देशों की साझा समृद्धि और स्थिरता के लिए साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की आशा जताई। अफ्रीका से नाइजीरिया, केन्या व कोमोरोस के राष्ट्रपतियों ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनावी जीत की बधाई दी है।

### मोदी का अजेय होने का आभामंडल कमजोर पड़ा

**वाशिंगटन, प्रेट्र:** लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के अजेय होने का आभामंडल कमजोर पड़ा है और विपक्ष को नई ताकत मिली है। भारत में हुए चुनाव परिणाम को लेकर यह राय है अंतरराष्ट्रीय मीडिया की। लोस चुनाव में केंद्र में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं, जो मोदी के नेतृत्व में हुए तीन लोस चुनावों में सबसे कम हैं। जबकि विपक्षी दल कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं, जो तीन चुनावों में सर्वाधिक है। इसी आधार पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने यह राय जाहिर की है। अमेरिकी अखबार न्यूयार्क टाइम्स ने मोदी का आभामंडल कमजोर पड़ने की बात लिखी है। यह 10 वर्षों के मोदी के शासनकाल में अचानक हुआ बदलाव है। 2024 के चुनाव में मोदी की पार्टी जीती है, लेकिन रिकार्डतोड़ जीत से दूर है। वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा है-भारतीय मतदाताओं ने मोदी को अस्वीकार कर दिया है। अमेरिकी अखबार वाल स्ट्रीट जर्नल ने लिखा, चुनाव में मोदी की जीत हुई है, लेकिन उन्हें झटका भी लगा है। बता दें कि तीनों अमेरिकी अखबारों ने चुनाव प्रचार के दौरान भी पीएम मोदी के प्रति आलोचनात्मक रुख अपनाया था। कानपुर के मूल निवासी, इस समय अमेरिका की जान हापकिंस यूनीवर्सिटी स्कूल में प्रोफेसर देवेश कपूर ने द पोस्ट में वक्तव्य दिया है-भारत में लोकतंत्र मरा नहीं है, यह इस चुनाव से पक्का हो गया है।

# पीएम ने योगी को दी जन्मतिथि की शुभकामनाएं

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सीएम योगी को जन्मतिथि पर शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की है। लिखा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। वे उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मैं उनके आने वाले समय में दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री की शुभकामनाओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि आपकी आत्मीय एवं ऊर्जावान शुभकामनाएं मेरे लिए अथाह प्रेरणा का स्रोत हैं।



पीएम नरेन्द्र मोदी



योगी आदित्यनाथ

# चुनाव नतीजों के बाद बंगाल में भाजपा समर्थकों के घरों में तोड़फोड़

**राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता:** लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से बंगाल के विभिन्न हिस्सों से फिर राजनीतिक हिंसा की घटनाएं सामने आने लगी हैं। कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में मंगलवार देर रात भाजपा समर्थक के घर में तोड़फोड़ की खबर है। जिले के मध्यमग्राम में भी भाजपा समर्थक के घर पर हमले का आरोप है। भाजपा ने इसके पीछे तृणमूल पर आरोप लगाया है। इसी तरह पार्टी ने दक्षिण कोलकाता के बेहला पूर्व इलाके में भाजपा कार्यकर्ता देब कुमार दास के घर पर हमले का आरोप लगाया है। पार्टी का आरोप है कि चुनाव नतीजे के बाद पूरी रात तृणमूल के गुंडों ने दास के घर पर कई बार हमला किया। पथराव से लेकर परिवार की महिलाओं के खिलाफ गालियां दी गई।

# सारण में रूडी के सामने नहीं चला लालू की पत्नी, बेटी व समधी का जोर

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** सारण संसदीय सीट पर एक बार फिर भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी ने चुनाव जीतकर सीट अपने नाम कर ली। रूडी ने इस बार का चुनाव करीब 13 हजार 500 वोटों से जीता। उनका मुकाबला इस सीट पर लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य से था। रोहिणी पहली बार चुनाव लड़ने उतरी थीं। जनता ने उन्हें अपना भरपूर प्यार दिया और उनकी झोली में 4,58,091 के करीब वोट डाले। जबकि प्रतिद्वंद्वी राजीव प्रताप रूडी पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उनके पक्ष में 4,71,752 वोट डाले।

सारण सीट पर रूडी का अब तक लालू प्रसाद के परिवार से चार बार मुकाबला हो चुका है। लालू परिवार के तीन सदस्य तमाम कोशिशों के बाद भी रूडी को पराजित नहीं कर पाए। लालू के हाथों एक बार उनकी पराजय हुई है। 2019 के चुनाव में लालू के समधी चंद्रिका राय रूडी के सामने सारण से राजद उम्मीदवार थे, जिन्हें रूडी ने 1.38 लाख से अधिक वोटों से पराजित किया था। इसके पहले 2014 के लोस चुनाव में लालू ने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को राजीव प्रताप रूडी से मुकाबले के लिए मैदान में उतारा था। चुनाव में रूडी को 3.55 लाख से अधिक वोट आए थे, जबकि राबड़ी को 3.14 लाख वोट मिले थे। रूडी ने राबड़ी देवी को करीब 41 हजार वोटों से पराजित किया।

2009 में सारण सीट पर लालू राजद उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में थे, उनका मुकाबला रूडी से हुआ। उस चुनाव में लालू को सारण की जनता ने 2,74,209 वोट दिए तो रूडी को मिले थे 2,22,394 वोट।

### बिहार में चुनाव जीत फ्लाइट उड़ाकर दिल्ली गए रूडी

**जासं, छपरा (सारण):** बिहार में सारण से लोस चुनाव जीतने के बाद राजीव प्रताप रूडी पायलट की भूमिका में आ गए। बुधवार को इंडिगो की फ्लाइट उड़ाकर पटना से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उसी फ्लाइट में जेडीयू नेता और मुंगेर से चुनाव जीते ललन सिंह भी यात्री थे। यात्रियों से संवाद के दौरान ललन सिंह ने रूडी को टोका, कहा कि टाइम से पहले लैंड करा दीजिएगा। इस पर रूडी मुस्कुरा दिए। इस वीडियो को राजीव प्रताप रूडी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया है। उसमें वह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि राजनीतिक टेकआफ अच्छा रहा, अब लैंडिंग भी अच्छी रहेगी। अब इस फ्लाइट को टेकआफ करना है, अच्छी लैंडिंग भी करानी है। वीडियो में ललन सिंह एवं रूडी हल्के-फुल्के मूड में नजर आ रहे हैं।



बुधवार को इंडिगो की फ्लाइट में पायलट की भूमिका में राजीव प्रताप रूडी • सौ. इंटरनेट मीडिया

### राजग का कोई भी सहयोगी दल निष्ठा नहीं बदलेगा : आठवले

**नई दिल्ली, एएनआइ:** लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा है कि राजग का कोई भी सहयोगी अपनी वफादारी नहीं बदलेगा। सभी को नरेन्द्र मोदी पर पूरा भरोसा है। चाहे नीतीश कुमार हों या चंद्रबाबू नायडू सभी को मोदी पर पूरा भरोसा है। हम साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे।

**विज्ञापन सं. 50/2024**

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
एसपीएमसीआईएल
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि **01/07/2024** है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि **10/07/2024** है

जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
मण्डल कार्यालय गाजियाबाद, केजे-13, कवि नगर, गाजियाबाद-201001

परिसर की आवश्यकता


पंजाब नैशनल बैंक को अपने शाखा के लिए दो बिड सिस्टम के तहत सभी तरह से तैयार एवं अच्छी तरह से निर्मित हॉल टाइप भवन अथवा भूखंड (हाल बनाकर देना होगा) जिसमें, एटीएम के लिए जगह सहित कुल 1280 वर्ग फुट से 1700 वर्ग फुट तक की भवन/भूखंड को पट्टे या किराये के आधार पर आवश्यकता है। परिसर अपेक्षाकृत भूतल पर होना चाहिए और यदि पहली मंजिल पर हो, तो लिफ्ट की सुविधा के साथ दिल्ली सहारनपुर रोड, मंडोला, 201102 में होना है। प्रस्तावित परिसर के लिए, सभी वैधानिक प्राधिकारियों से सभी मंजूरी के प्रमाण पत्र होने चाहिए। वांछित इलाके में ऐसे परिसर के इच्छुक मालिक या पंजीकृत पावर ऑफ अटॉर्नी धारक, जो अपने तैयार व उपलब्ध परिसर या भूखंड को दीर्घकालिक पट्टे के आधार पर अपेक्षाकृत 15 साल या उससे अधिक समय के लिए देने के लिए तैयार है। वे अपने प्रस्ताव, बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in पर उपलब्ध, निर्धारित प्रारूप में भेज सकते हैं या उपरोक्त कार्यालय पते पर कार्यालय समय के दौरान प्राप्त किए जा सकते हैं। पूरा प्रस्ताव विधिवत सील और हस्ताक्षरित होना चाहिए और उपरोक्त कार्यालय पते पर 12.06.2024 को दोपहर 5.00 बजे या उससे पहले अधोहस्ताक्षरी तक पहुंच जाना चाहिए। टैक्निकल तथा व्यवसायिक बिड अलग -2 लिफाफों में हो।

बैंक द्वारा कोई ब्रोकरेज नहीं दिया जाएगा। बैंक बिना कोई कारण बताए अपने विवेक से किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/-
तिथि: 06.06.2024
मण्डल प्रमुख

Jagran New Media

शहर हो या देश-विदेश
हर ख़बर, समय पर
सिर्फ़ 70 शब्दों में





ऐप डाउनलोड करने के लिए
QR कोड स्कैन करें

Jagran New Media की पहुंच 97.5* मिलियन लोगों तक है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।
*Source: Comscore MMX Multi-Platform, Unique Visitors Mar24, India
अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें: jnm.digital

No.30/2/2024-Insolvency

**भारत सरकार**
**कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय**
**भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड में पूर्णकालिक सदस्य की नियुक्ति**

भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई), जो दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अंतर्गत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, में पूर्णकालिक सदस्य के एक (01) पद पर नियुक्ति के लिए भारत और राष्ट्र की ओर से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पूर्णकालिक सदस्य योग्यता, ईमानदारी और प्रतिष्ठा वाला व्यक्ति होगा, जिसने दिवाला या शोधन अक्षमता से संबंधित समस्याओं से निपटने में क्षमता दिखाई हो और जिसे कानून, वित्त, अर्थशास्त्र, लेखा या प्रशासन के क्षेत्र में विशेष ज्ञान और अनुभव हो।

पूर्णकालिक सदस्य को स्वीकार्य सेवा की नियम व शर्तें, अवकाश, वेतन और भत्ते आदि समय- समय पर संशोधित भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2016 द्वारा शासित / विनियमित होंगी।

अधिक जानकारी और आवेदन पत्र के लिए, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in या आईबीबीआई की वेबसाइट www.ibbi.gov.in का संदर्भ लिया जा सकता है। रोजगार समाचार में उक्त पद के लिए विज्ञापन के प्रकाशन के 6 सप्ताह के भीतर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

CBC-07101/11/0001/2425

**महानिदेशक परियोजना वर्षा**
**नौसेना मुख्यालय**
**भारत सरकार**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**
**इंटरफ़ेस कार्य- परियोजना वर्षा के लिए ड्रेजिंग और रिवेटमेंट**

EoI NO. DGV/0113/IHMW/IWDR/01-2024

महानिदेशक, परियोजना वर्षा, नौसेना मुख्यालय उपरोक्त परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया के लिए चयनित किए जाने हेतु इच्छुक आवेदकों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करते हैं। ईओआई उपयुक्त रूप से समान प्रकार के कार्यों का अनुभव रखने वाले योग्य और अनुभवी समुद्री कार्य फर्मों/ठेकेदारों के लिए खुला है, और जो परियोजना को निष्पादित करने के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कंपनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित कंपनियों को ही भाग लेने की अनुमति है।

कार्य का संक्षिप्त दायरा, आवेदकों के लिए निर्देश, पात्रता मानदंड और प्रतिक्रिया के लिए प्रारूप वाला ईओआई दस्तावेज नियोक्ता की आधिकारिक वेबसाइट (www.indiannavy.nic.in या www.eprocure.gov.in) से डाउनलोड किया जा सकता है।

ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि : 05 जुलाई 24

CBC-10702/11/0012/2425

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान**
**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)**
**ओलटपुर, पोष्ट-बाइरोई, जिला-कटक (ओड़िशा) पिन-754010**

संदर्भ संख्या: AD 6B 02/04/2024 | दिनांक: 06.06.2024

**भर्ती सूचना**

सीआरसीएसआरई, गुवाहाटी के लिए प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर निदेशक के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विवरण नीचे दिया गया है :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | निदेशक (सीआरसीएसआरई, गुवाहाटी) |
| 2 | भर्ती की विधि | प्रतिनियुक्ति / अल्पावधि अनुबंध पर |
| 3 | रिक्तियों की संख्या | 01 (एक) (श्रेणी – अनारक्षित) |
| 4 | वेतनमान | प्रतिनियुक्ति के लिए:– वेतन मैट्रिक्स लेवल–12 (रु.78,800/- से 2,09,200/-)<br>अनुबंध के लिए:– 3% की वार्षिक वेतन वृद्धि के प्रावधान के साथ 90,000/- रुपये प्रति माह का समेकित पारिश्रमिक । |
| 5 | आयु सीमा | प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष और अल्पकालिक अनुबंध के लिए 62 वर्ष होगी (आयु की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी) |

सभी तरह से पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप के अनुसार अपने आवेदन भेज सकते हैं, जिसे वेबसाइट अर्थात https://svnirtar.nic.in और www.crcguwahati.com से डाउनलोड किया जा सकता है । अन्य सभी विवरणों, नियमों और शर्तों के लिए, कृपया इस संस्थान की उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइटों पर लॉग ऑन करें।

स्वा/ निदेशक

### अमेरिका में जारी किया गया इलेक्ट्रिक आयरन के लिए पहला पेटेंट

1882 में आज ही अमेरिका के हेनरी सीली ने इलेक्ट्रिक आयरन के लिए पहला पेटेंट प्राप्त किया था। 6.8 किग्रा वजनी आयरन में गर्मी पैदा करने के लिए कार्बन आर्क का उपयोग किया गया था। यह असुरक्षित और व्यावसायिक रूप से असफल साबित हुआ था।




### भारत के सबसे घातक ट्रेन हादसे में गई 800 से अधिक लोगों की जान

1981 में आज ही बिहार में मानसी से सहरसा जा रही यात्रियों से खचाखच भरी ट्रेन की नौ में से सात बोगियां एक पुल से बागमती नदी में गिर गई थीं। इसमें 800 से दो हजार लोगों के मरने का अनुमान लगाया गया था। यह भारत की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ी ट्रेन दुर्घटना थी।



### सुनील दत्त ने बनाई थी दुनिया की पहली एकल अभिनेता फिल्म

प्रसिद्ध अभिनेता सुनील दत्त का जन्म 1929 में आज ही अविभाजित भारत के झेलम (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। करियर की शुरुआत रेडियो में एक उद्घोषक के रूप में की। 1955 में फिल्म रेलवे प्लेटफार्म से अभिनय की शुरुआत की। 1957 में मदर इंडिया फिल्म ने उन्हें स्टार बना दिया। 1964 में दुनिया की पहली एक अभिनेता वाली फिल्म यादें बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम किया। वक्त, हमराज, पड़ोसन, रेशमा और शेरा सहित कई फिल्में कीं। 2005 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवार्ड मिला।



## इधर-उधर की

### जापानी कंपनी ने लांच किया स्मार्ट चम्मच एलीस्पून



खाने के स्वाद को नमकीन बनाता है इलेक्ट्रिक चम्मच ● इंटरनेट मीडिया

**टोक्यो, एजेंसी:** अबतक आपने स्मार्ट वाच, फोन या टीवी के बारे में सुना होगा लेकिन जापानी टेक कंपनी किरिन होल्डिंग्स ने स्मार्ट चम्मच एलीस्पून लांच करके सबको हैरान कर दिया है। बैट्री से चलने वाले इस इलेक्ट्रिक चम्मच की खासियत यह है कि यह भोजन के स्वाद को अधिक नमकीन बना सकता है। कंपनी के अनुसार इस चम्मच को स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया है। इससे लोगों को नमक का स्वाद कम किए बिना, नमक की मात्रा कम करने में मदद मिलेगी। इसमें से प्रवाहित कम ऊर्जा वाली विद्युत धारा जीभ पर नमकीन स्वाद पैदा करती है। इस चम्मच की कीमत 125 डालर है।

# उत्तरकाशी के सहस्त्रताल में ठंड लगने से पांच और ट्रेकरों की मौत

## चार ट्रेकर की सोमवार रात और पांच की मंगलवार को हुई मौत

**जागरण संवाददाता, उत्तरकाशी:** उत्तरकाशी के सहस्त्रताल ट्रेक पर ठंड लगने से मरने वाले ट्रेकरों की संख्या बढ़कर नौ पर पहुंच गई है। चार ट्रेकर की सोमवार रात और पांच की मंगलवार को मौत हो गई। मरने वाले सभी ट्रेकर कर्नाटक के हैं। 11 ट्रेकर वायु सेना के चीता हेलीकाप्टर से उत्तरकाशी पहुंचाए तो आठ को निजी हेलीकाप्टर से देहरादून भेजा गया है, जहां कोरोनेशन अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। जबकि, पांच मृतकों के शव उत्तरकाशी पहुंचाए गए हैं। बुधवार दोपहर बाद जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्र में वर्षा के चलते अभियान रोक दिया गया। अब अन्य चार ट्रेकर के शव गुरुवार को जिला मुख्यालय उत्तरकाशी लाए जाएंगे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि दो ट्रेकर व तीन गाइड के साथ पोर्टर व कुक कुशलकल्याण होते हुए पैदल उत्तरकाशी लौट आए हैं।

तीन गाइड समेत कर्नाटक ट्रेकिंग एसोसिएशन का 25-सदस्यीय ट्रेकिंग दल 29 मई को उत्तरकाशी के सिल्ला गांव से सहस्त्रताल के लिए रवाना हुआ। दल ने वन विभाग और पर्यटन विभाग से अनुमति ली हुई थी। दल में 21 ट्रेकर बेंगलुरु और एक ट्रेकर पुणे का है। दल में शामिल तीन गाइड उत्तरकाशी के हैं। ट्रेकर को लेकर एसडीआरएफ की टीम देहरादून पहुंची तो उनके चेहरे पर भय साफ नजर आ रहा था।



« बुधवार को उत्तरकाशी जिले के सहस्रताल क्षेत्र में फंसे ट्रेकरों को वायुसेना के चीता हेलीकाप्टर से रेस्क्यू किया गया ● जागरण

### बदरीनाथ से लौट रहे अमेरिका निवासी दो भारतीयों की मौत

**जासं, रुद्रप्रयाग:** बदरीनाथ हाईवे पर पहाड़ी से खिसका बोल्डर तीर्थ यात्रियों के वाहन पर जा गिरा। हादसे में अमेरिका निवासी दो भारतीय तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई, वाहन में सवार सात अन्य तीर्थयात्री सुरक्षित हैं। सभी बदरीनाथ धाम से दर्शन कर ऋषिकेश लौट रहे थे। यमुनोत्री धाम में भी पैदल मार्ग पर पहाड़ी से हुए भूस्खलन के कारण गिरे पत्थरों की चपेट में आकर एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई।

### लेबनान में अमेरिकी दूतावास पर गोलीबारी

**बेरूत, रायटर :** लेबनान में बुधवार को एक बंदूकधारी ने अमेरिकी दूतावास पर फायरिंग की। हमला करने वाला सीरियाई नागरिक है। वहां मौजूद सुरक्षा बलों की ओर से जवाबी फायरिंग में आरोपित घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा बल आसपास के इलाकों में जांच अभियान चला रहे हैं। हमले में एक सुरक्षाकर्मी के घायल होने की सूचना है। हालांकि, दूतावास ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

लेबनानी मीडिया ने ऐसी तस्वीरें प्रकाशित की गई हैं, जिनमें खून से लथपथ हमलावर दिख रहा है और उसके कपड़े पर अरबी में इस्लामिक स्टेट लिखा है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि दूतावास के प्रवेश द्वार पर हुए हमले में उनके कर्मचारियों में से कोई हताहत नहीं हुआ। लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती के कार्यालय ने कहा है कि रक्षामंत्री और सेना कमांडर के साथ बैठकों के बाद स्थिति स्थिर बताई जा रही है। अमेरिकी अधिकारियों ने इस हमले के लिए लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्ला को जिम्मेदार ठहराया था।

# सुनीता विलियम्स ने तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए भरी उड़ान

**ह्यूस्टन, प्रेट्र :** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बुधवार को तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरीं। वह बोइंग के सीएसटी-100 स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरने वाली पहली सदस्य बन गई हैं। साथ ही इस तरह के मिशन पर जाने वाली पहली महिला भी हैं। विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से रवाना हुआ। 58 वर्षीय विलियम्स उड़ान परीक्षण की पायलट हैं, जबकि 61 वर्षीय विल्मोर मिशन के कमांडर हैं। यह मिशन पहले कई बार प्रभावित हो चुका है। इसके गुरुवार दोपहर 12:15 बजे अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने की संभावना है।

बोइंग का इरादा स्टारलाइनर को स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल के साथ प्रतिस्पर्धा करना है, जो 2020 से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन चालक दल को स्पेस स्टेशन पर भेजने के लिए नासा का अकेला स्पेसक्राफ्ट रहा है। बोइंग रक्षा, अंतरिक्ष व सुरक्षा अध्यक्ष और सीईओ टेड कोलबर्ट ने कहा कि यह चालक दल उड़ान परीक्षण अंतरिक्ष अन्वेषण के नए युग की शुरुआत है। हम अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन तक सुरक्षित पहुंचाने और घर वापस लाने के लिए उत्सुक हैं। एटलस वी राकेट से भेजे जाने वाले विल्मोर और विलियम्स पहले यात्री हो गए हैं।



केप कैनावेरल से स्टारलाइनर कैप्सूल के साथ एटलस वी राकेट ने भरी उड़ान ● एएफपी

### बाइडन व ट्रंप ने प्राइमरी चुनाव में हासिल की जीत

**न्यूयार्क, एपी:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन से जुड़े प्राइमरी चुनाव में मंगलवार को जीत हासिल की। मैनहट्टन में कोर्ट की ओर से दोषी करार दिए जाने के बाद यह पहली प्राइमरी थी, जिसमें ट्रंप भाग ले रहे थे। उन्होंने न्यू मेक्सिको, मोंटाना और न्यूजर्सी की प्राइमरी में भाग लिया। न्यू मेक्सिको में प्राइमरी में हुए मतदान में निक्की हेली के समर्थन में भी वोट पड़े। हालांकि, यह 10 प्रतिशत से नीचे ही रहा। वह रेस से बाहर हो चुकी हैं, लेकिन उनका नाम अब भी यहां के बैलेट पर मौजूद है। वहीं, मोंटाना और न्यूजर्सी में उनके मुकाबले में अब कोई भी नहीं बचा है।

वहीं, जो बाइडन ने न्यू मेक्सिको, साउथ डेकोटा, न्यूजर्सी, मोंटाना और वाशिंगटन डीसी की प्राइमरी में जीत हासिल की। हालांकि, इजरायल में उनकी भूमिका से खफा कुछ वोटरों ने बाइडन की जगह अनकमिटेड च्वाइस पर अपना मत दिया। न्यूजर्सी में हुए चुनाव में करीब 35000 लोगों ने अनकमिटेड को चुना।

### 'अवैध रूप से बंदूक खरीदने में हंटर बाइडन के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य'

**वाशिंगटन, रायटर:** ड्रग्स की लत की बात छिपाकर बंदूक खरीदने के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बुरी तरह फंसते नजर आ रहे हैं। डेलावेयर की फेडरल कोर्ट में अभियोजकों ने कहा कि हंटर बाइडन के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य हैं, जो दिखाते हैं कि उन्होंने पात्र न होने के बावजूद धोखे से अवैध रूप से बंदूक खरीदी थी। वहीं, बचाव पक्ष ने कहा कि हंटर का धोखा देने का इरादा नहीं था। कोर्ट में अभियोजकों ने कोर्ट को हंटर के वे मैसेज दिखाए जो उन्होंने अक्टूबर 2018 में कोकेन की लत छिपाने के लिए डील किया था। इसमें हंटर को 25 वर्ष की सजा हो सकती है।

# अगले पांच साल और सितम ढाएगी गर्मी : डब्ल्यूएमओ

**वैश्विक तापमान का औसत पूर्व-औद्योगिक युग से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने के 47 प्रतिशत आसार**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** उत्तर भारत में लोग तपती गर्मी से परेशान हैं। आने वाले वर्षों में यह स्थिति और भयावह होने वाली है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने बुधवार को कहा कि 47 फीसदी संभावना है कि पूरे पांच साल के दौरान वैश्विक तापमान का औसत पूर्व-औद्योगिक युग से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाएगा। पिछले साल की रिपोर्ट में कहा गया था कि 2023-2027 की अवधि के दौरान ऐसा होने की आंशका सिर्फ एक प्रतिशत है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने कहा कि 2024 और 2028 के बीच प्रत्येक वर्ष के लिए, वैश्विक औसत सतह तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने और 1850-1900 की बेसलाइन से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने के आसार हैं।

वहीं 80% आशंका है कि अगले पांच वर्षों में से एक वर्ष ऐसा होगा, जब तापमान औद्योगिक युग की शुरुआत की तुलना में कम से कम 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक होगा। 86% संभावना है कि कम से कम एक वर्ष तापमान 2023 से भी अधिक पहुंच जाएगा।

**सबसे गर्म रहा मई का महीना:** यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा का कहना है कि पिछला महीना अब तक का सबसे गर्म मई का महीना रहा। इसके कारण कई देशों में रिकार्ड गर्मी, बारिश और बाढ़ ने कहर बरपाया।

# गुलमर्ग में 109 वर्ष पुराने शिव मंदिर में भीषण आग

**जागरण टीम, श्रीनगर :** कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग में करीब 109 वर्ष पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर में बुधवार तड़के रहस्यमय परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। इससे मंदिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार, मंदिर में आग बिजली के शार्ट सर्किट से लग सकती है, जांच पूरी होने के बाद अंतिम तौर पर नहीं कहा जा सकता। इसी मंदिर की सीढ़ियों पर अप्रैल, 1974 में रिलीज फिल्म 'आपकी कसम' का गीत 'जय-जय शिव शंकर...' फिल्माया गया था। इस गाने पर अभिनेता राजेश खन्ना व अभिनेत्री मुमताज ने अभिनय किया था। इसके अलावा यहां कई हिंदी व दक्षिण भारतीय फिल्में भी शूट हुईं।

**1915 में हुआ था मंदिर का निर्माण:** गुलमर्ग के मुख्य मैदान के बीचों-बीच भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर जम्मू-कश्मीर के अंतिम डोगरा शासक महाराजा हरि सिंह की पत्नी मोहिनी बाई सिसोदिया ने वर्ष 1915 में बनवाया था। इसलिए इसे मोहिनेश्वर शिवालय और रानी मंदिर भी पुकारा जाता है। हालांकि उस समय हरि सिंह के चाचा महाराजा प्रताप सिंह डोगरा साम्राज्य के शासक थे। महाराजा हरि सिंह ने 1923-24 में राजकाज संभाला था। यह मंदिर जम्मू-कश्मीर धर्मार्थ ट्रस्ट के अधीन है, जिसके मुख्य न्यासी डा. कर्ण सिंह हैं। पर्यटकों में लोकप्रिय इस मंदिर का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण तीन वर्ष पहले सेना ने किया था। गुलमर्ग से एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंदिर में आग तड़के 3:45 बजे लगी।



जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बुधवार को ऐतिहासिक शिव मंदिर आग लगने से क्षतिग्रस्त हो गया ● जागरण

- मंदिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त, पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी
- गुलमर्ग घूमने आने वाले पर्यटकों में काफी लोकप्रिय है यह मंदिर
- मंदिर की सीढ़ियों पर फिल्माया गया था 'आपकी कसम' फिल्म का गीत 'जय-जय शिव शंकर...'

# 'सांसद निधि पर टिप्पणी करना सीआइसी का अधिकार नहीं'

विनीत त्रिपाठी ● जागरण

**केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) की टिप्पणी के विरुद्ध केंद्र सरकार ने दायर की थी दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका**

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) के तहत सांसद निधि के उपयोग पर टिप्पणी करना केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) का अधिकार क्षेत्र नहीं है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि सीआइसी की इस टिप्पणी को हटाया जाना चाहिए कि संसद सदस्य एमपीएलएडीएस के तहत निधि का उपयोग कैसे कर रहे हैं। पीठ ने सीआइसी के आदेश के उस हिस्से को बरकरार रखा, जिसके तहत सीआइसी ने आरटीआइ अधिनियम की धारा 19(8) (ए) (iii) के तहत सार्वजनिक प्राधिकरण को संबंधित धन का सांसद निर्वाचन क्षेत्र-वार और कार्य-वार विवरण प्रकाशित करने का निर्देश दिया था। इस मामले में राम गोपाल दीक्षित ने आरटीआइ आवेदन दायर कर हाथरस निर्वाचन क्षेत्र के तत्कालीन सांसद राजेश दिवाकर द्वारा शुरू किए गए, लंबित और पूरे किए गए कार्यों के बारे में जानकारी मांगी थी। वहीं, इस मामले में केंद्र सरकार ने सीआइसी के अधिकार क्षेत्र को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दी।







SHOWROOMS: DELHI-NCR: SOUTH DELHI: RENAULT BHIKAJI CAMA Ph: 7428190235, RENAULT MATHURA ROAD Ph: 7428201764. WEST DELHI: RENAULT MAYAPURI Ph: 7290039851. NORTH DELHI: RENAULT DELHI NORTH (AZADPUR) Ph: 9289631442. RENAULT GHAZIABAD CITY Ph: 9319994356. GURUGRAM: RENAULT SECTOR 61 Ph: 9311700637, RENAULT SOHNA ROAD Ph: 7428190234. RENAULT FARIDABAD CITY (BATA CHOWK) Ph: 8860681876. NOIDA: RENAULT (SECTOR 2) Ph: 7290041479, (SECTOR 63) Ph: 7603976213. RENAULT REWARI Ph: 9643335838. RENAULT ROHTAK CITY Ph: 9311700651. RENAULT SONIPAT Ph: 9289631444.

*********

जागरण सिटी

दैनिक जागरण

दिल्ली



स्थायी भविष्य निर्माण को पौधारोपण की जरूरत : श्रीवास्तव IV

www.jagran.com

पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक से बनाएं दूरीः सतीश उपाध्याय II



## प्रणाम

- चित्रकला प्रदर्शनी, विजुअल आर्ट गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी छह जून तक लगी रहेगी।
- थिएटर की कार्यशाला। ओपन पाम कोर्ट गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े चार बजे तक। कार्यशाला 20 जून तक लगेगी।



### दैनिक जागरण कार्यालय

**स्थानीय ब्यूरो**

प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**प्रिय पाठकगण,**

आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।

संपर्क करें: 8175813532

ईमेल: reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।

9873067812


# नए सिरे से बनेगा कश्मीरी गेट मेट्रो थाने का भवन

राकेश कुमार सिंह • जागरण

- शुक्रवार की रात आग में जलकर खाक हो चुका है कश्मीरी गेट मेट्रो थाना
- डीसीपी मेट्रो ने पुलिस मुख्यालय व डीएमआरसी को नया थाना जल्द बनवा कर देने के लिए लिखा पत्र

**नई दिल्ली:** आग में जलकर खाक हुए कश्मीरी गेट मेट्रो थाने का भवन नए सिरे से बनाया जाएगा। शुक्रवार देर रात कश्मीरी गेट स्थित मेट्रो थाने में आग लगने से थाना जलकर खाक हो गया था। राजीव चौक मेट्रो थाने के बाद कश्मीरी गेट दूसरा सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण मेट्रो स्टेशन माना जाता है, जहां से हर दिन लाखों की संख्या में लोग मेट्रो से सफर करते हैं। इसलिए, यहां यात्रियों के साथ आपराधिक वारदात भी अधिक होती हैं। कश्मीरी गेट मेट्रो थाना पूरी तरह से जल जाने से अभी थाना परिसर में ही बने कुछ पोर्टा केबिन से किसी तरह थाने का संचालन हो रहा है, लेकिन पुलिस को जल्द थाने का नया भवन देने की जरूरत है।

डीसीपी मेट्रो डाक्टर राम गोपाल नाइक का कहना है कि उन्होंने पुलिस मुख्यालय व डीएमआरसी को पत्र लिखकर जल्द नया थाना बनवाकर देने का अनुरोध किया है।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि थाने की भूमि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत आती है, इसलिए थाने के लिए स्थायी तौर पर मल्टी स्टोरी नहीं बनाया जा सकता है। पहले भी 2002 में डीएमआरसी ने जब दिल्ली पुलिस को थाने का भवन बनाकर दिया था तब टिन शेड का ही अस्थायी थाना था। 25 से 30 कमरों में थाना चलता था। 23 साल से थाना चलने के कारण बड़ी संख्या में रिकार्ड रूम में सामान था। थाना परिसर में ही मेट्रो पुलिस के डीसीपी व एसीपी का भी कार्यालय है, जिनमें आग नहीं लग पाई, लेकिन डीसीपी कार्यालय से जुड़े 10 अलग-अलग ब्रांच जो थाने से जुड़ी बिल्डिंग में चल रहे थे वे भी आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए थे। मेट्रो पुलिस को आग से करोड़ों का नुकसान हुआ है। बड़ी संख्या में फर्नीचर, एसी, कूलर, पंखे, कंप्यूटर, कान्फ्रेंस हाल व रिकार्ड रूम आदि में रखा सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस का यह पहला थाना है, जहां आग लगने से थाना जलकर खाक हो गया। थाने के भवन का बनावट कुछ इस तरह से था जिससे आग तेजी से फैली थी और फायर कर्मियों को आग बुझाने में दिक्कत भी हुई।

# एम्स ने गर्मी से बचाव को विशेष प्रबंध करने के दिए निर्देश

- एम्स के अधिकारियों की बैठकों में कांच की बोतल में पानी के इस्तेमाल को कहा
- पर्याप्त फीडबैक मिलने के बाद मरीजों और तीमारदारों के लिए भी शुरू किया जाएगा



**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए नियमित और आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। एम्स के निर्देशक डा. एम श्रीनिवास ने सभी संकाय अध्यक्ष और प्रमुख अधिकारियों को इसके लिए आदेश जारी किए हैं।

एम्स के निदेशक ने कहा है कि नियमित व आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए जहां तक संभव हो आरामदायक व अनुकूल कामकाजी स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभाव से कदम उठाए जाने चाहिए। सभी क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यदि स्टाफ की ड्यूटी बाहरी क्षेत्रों में हो तो उनकी चौकियों पर नियमित आधार पर बोतलबंद पेयजल, ओआरएस, नींबू पानी आदि उपलब्ध कराया जाए। परिसर में बोतलबंद पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इन्हें देने से पहले ठंडा किया जाए। बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव के वर्तमान नियमों के अनुसार यथासंभव सीमा तक क्रमबद्ध ड्यूटी लगाई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि ड्यूटी इस प्रकार लगाई जाए कि किसी भी गार्ड को लगातार एक सप्ताह से अधिक समय तक बाहरी क्षेत्रों में ड्यूटी न करनी पड़े। मौजूदा गार्ड हट में पंखे लगे होना चाहिए। अगर नहीं हैं तो उनको लगाया जाए। पंखों को चलाने के लिए सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। डा. श्रीनिवास ने एक अन्य निर्देश में कहा है कि एम्स में प्लास्टिक के उपयोग को घटाने के उद्देश्य से और भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न बैठकों, सम्मेलनों आदि में पेयजल की डिस्पोजेबल प्लास्टिक बोतलों का उपयोग बंद करना अनिवार्य है। इसलिए पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग के साथ पेयजल व्यवस्था के लिए प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सेंट्रल कैफेटेरिया के तहत आने वाले उचित स्थान में दोबारा उपयोग योग्य कांच की बोतल में पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। शुरुआत में हर महीने कम से कम 15 हजार कांच की बोतलों की नो-टच आटोमेटिक धुलाई, कीटाणुशोधन, रिफैकिंग व सीलिंग की क्षमता और योग्यता होनी चाहिए। उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग को आरओ, जल निकासी आदि कार्यों में सहयोग करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि इन बोतलों को पहले एम्स के अधिकारियों की बैठक में इस्तेमाल किया जाएगा। पर्याप्त फीडबैक के बाद इसके मरीजों और तीमारदारों के लिए भी शुरू किया जाएगा।

# आंखों के अस्पताल में लगी भीषण आग, पांच वाहन जले

## लाजपत नगर रिंग रोड स्थित बच्चों के आइ 7 आंख के अस्पताल में हुआ हादसा

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** लाजपत नगर में बुधवार सुबह आइ 7 आंख के अस्पताल में भीषण आग लग गई। बिल्डिंग के पीछे के हिस्से में लगे एसी फट गए। उनका जलता हुआ अवशेष मकानों पर जा गिरा। इससे आग ने चार मकानों को भी चपेट में ले लिया। एक मकान में फंसे दो बच्चों सहित परिवार के पांच सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दमकल विभाग की 20 से ज्यादा गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि लाजपत नगर रिंग रोड स्थित राहिल चौधरी का आइ 7 बच्चों का आखों का अस्पताल है। बिल्डिंग के बेसमेंट व ग्राउंड फ्लोर पर अस्पताल का संचालन होता है, जबकि फर्स्ट फ्लोर पर निजी कंपनी का आफिस है। बेसमेंट में सुबह 11.30 बजे एसी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। कर्मचारियों ने दमकल उपकरणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने भयंकर रूप ले लिया। लपटें ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर तक पहुंच गईं। सूचना मिलते ही दमकल की 20 गाड़ियां व 60 से ज्यादा कर्मचारी जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक पूरे अस्पताल में आग लग चुकी थी। आग बिल्डिंग के बगल में इसी अस्पताल की बड़ी यूनिट व दूसरी बिल्डिंग तक भी पहुंच गई। दमकलकर्मियों ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग से बिल्डिंग के अंदर रखी मशीनें व सारा सामान खाक हो गया। निदेशक ने बताया कि अस्पताल में अनापत्ति प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं थी, चूंकि यह इमारत उस श्रेणी में नहीं आती है। हादसे की वजह से यहां से यातायात को मथुरा रोड की तरफ डायवर्ट किया गया।

**सात एसी में हुए धमाके, जलता हुआ अवशेष मकानों पर गिरा:** जब आग अस्पताल के पीछे के हिस्से में पहुंची तो अचानक यहां लगे सात एसी में एक के बाद एक धमाके हुए। इससे उनका जलता हुआ अवशेष अस्पताल के पीछे बने डबल स्टोरी के मकानों पर जा गिरा और उनमें भी आग लग गई। यहां पर एक मकान में दो बच्चे सहित पांच सदस्य फंस गए। स्वजन और पड़ोसियों ने किसी तरह उन्हें मकान से बाहर निकाला।



लाजपत नगर के आइ 7 आंखों के अस्पताल में लगी आग • विपिन शर्मा

### देखते ही देखते आग का गोला बन गया अस्पताल

हादसा इतना भीषण था कि देखते ही देखते अस्पताल आग का गोला बन गया। जैसे ही आग ने बगल की दोनों इमारतों को चपेट में लिया तो दमकल ने विभाग ने तुरंत दोनों इमारत सहित आसपास के मकानों व दुकानों को खाली कराया। अस्पताल की बड़ी यूनिट व तीसरे तल पर स्थित कैफेटएरिया भी जल गया।

### दो घंटे बाद भी नहीं आई दमकल की गाड़ी

अस्पताल व वाहनों में लगी आग की लपटें मकानों के अंदर तक जा रही थी। लोगों ने अस्पताल के बाहर जाकर दमकलकर्मियों से एक गाड़ी मौके पर भेजने के लिए कहा, लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी। मकान मालिक शालू ने बताया कि दो घंटे तक भी कोई दमकल की गाड़ी नहीं आई।

### मकान के बाहर वाहनों में लगी आग, तीन श्रमिकों को निकाला

मकानों के बाहर खड़े पांच वाहन भी जलकर गए व टंकी आग से फट गई। यहां एक मकान में निर्माण का कार्य चल रहा था। जब मकान के बाहर वाहनों में भयंकर आग लग गई तो तीन मजदूर अंदर ही फंस गए। वे मदद के लिए चीखने लगे। तभी उन्हें पीछे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया।

### विवेक विहार जैसा हादसा होने से टला

आइ 7 अस्पताल में लगी आग की घटना विवेक विहार जैसे हादसे का रूप ले सकती थी। शुक्र रहा कि कि हादसे के समय आइ 7 अस्पताल में कोई बच्चा भर्ती नहीं था। हाल ही में पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में एक बेबी केयर सेंटर में आग लगने से कई मासूम की मौत हो गई थी। आइ 7 की बड़ी यूनिट में भी एक दिन पहले बिजली के बोर्ड में शार्ट सर्किट हुआ था। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने सारी बिजली यूनिट की जांच कराने की जहमत नहीं उठाई।

## हमारी मदद किसी ने नहीं की, खुद ही बुझाई आग

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** लाजपत नगर के आइ 7 अस्पताल पीछे डबल स्टोरी के मकानों रहने वाले लोगों ने खुद के प्रयास से ही आग को बुझाया। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि जब उनके मकानों व वाहनों में आग लगी तो किसी ने उनकी मदद नहीं की। खुद ही पानी की व्यवस्था कर आग को बुझाया। आरोप है कि दमकल की एक भी गाड़ी आग बुझाने के लिए नहीं भेजी गई।



जिस समय मेरे मकान में आग लगी, उस दौरान मैं और मेरी बेटी इशिका व बेटा मन्नत सहित परिवार के पांच सदस्य घर के अंदर ही थे। बाहर लगी आग को बुझाने के बाद परिवार को बाहर निकाला। दमकल की एक भी गाड़ी को नहीं भेजा गया। – **शालू**, मकान मालिक



मैंने कुछ महीने पहले ही नई बाइक ली थी। आग की चपेट में आने से सारी बाइक जल गई। इसके साथ चार वाहन और जल गए। शुक्र रहा कि आग को समय रहते स्थानीय निवासियों की मदद से बुझा लिया गया। ऐसा नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। – **उत्कर्ष**, बाइक मालिक



जब आग लगी तो गली में कई लोगों के सीएनजी वाहन भी खड़े थे। बाइकों में आग लगने पर दौड़कर सभी के घर गया और कारों को मौके से हटवाया। आग की चपेट में मेरा घर भी आया। गनीमत रही कि परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। – **सागर वाही**, मकान मालिक



मैं यहां किराये पर रहता हूं। दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहा हूं। आग की लपटों की वजह से खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा था। बिजली के तारों तक आग पहुंच गई थी। यहां के लोगों ने आपसी सहयोग से ही आग पर काबू पाया। – **मानस दूबे**, किरायेदार

हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। इस अस्पताल को दिल्ली नर्सिंग होम पंजीकरण अधिनियम 1953 की धारा 5 के तहत 10 बेड की अनुमति है। यह मार्च 2027 तक वैध है। अस्पताल की फायर एनओसी 30 मई 2025 तक वैध है। हादसे के समय 15 मरीज ओपीडी परामर्श के लिए और चार सर्जरी के लिए मौजूद थे। सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि आशंका है कि आग एसी में शार्ट सर्किट की वजह से लगी।

**राजेश देव**, पुलिस उपायुक्त, दक्षिणी पूर्वी दिल्ली

## दो नवजातों को इलाज के बाद अस्पताल से मिली छुट्टी

**जासं, पूर्वी दिल्ली:** विवेक विहार के बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में आग लगने पर रेस्क्यू करवाए गए दो नवजातों को इलाज के बाद छुट्टी मिल गई है। एक नवजात का स्वामी दयानंद व दूसरे का चाचा नेहरू अस्पताल में पिछले दस दिन से इलाज चल रहा था। नवजातों के घर आने पर परिवार के सदस्य डाक्टर व भगवान का धन्यवाद कर रहे हैं। बाकी दो नवजातों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सोनिया विहार निवासी मिथिलेश कुमार ने बताया कि उनके बेटे को सांस लेने में दिक्कत और पेट में संक्रमण था। जिस वजह से उन्होंने बेटे को बेबी केयर अस्पताल में भर्ती करवाया था। अस्पताल में आग लगने पर बच्चे को पुलिस ने रेस्क्यू करवाकर स्वामी दयानंद अस्पताल में भर्ती करवाया था। तबीयत ठीक होने पर सोमवार को बच्चे को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। बता दें 25 मई की रात को बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में भीषण आग लग गई थी। आग में झुलसकर छह बच्चों की मौत हो गई थी। पांच बच्चों को रेस्क्यू कर दूसरे अस्पतालों में भर्ती करवाया था।

## एक नजर में

### 'आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करें स्कूल'

**नई दिल्ली:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने छात्रों के लिखित और प्रायोगिक अंक प्रतिशत में तुलनात्मक रूप से काफी भिन्नता को देखते हुए करीब 500 स्कूलों को आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। बोर्ड ने कहा कि उन्हें एआइ की मदद से पिछले वर्षों के परिणाम के आंकड़ों के आधार पर पांच सौ स्कूलों में छात्रों के कुछ विषयों में लिखित और प्रायोगिक अंक प्रतिशत में काफी भिन्नता मिली है। ये अंतर स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाओं के दौरान सावधानीपूर्वक मूल्यांकन की आवश्यकता को दर्शाता है। बोर्ड ने ऐसे स्कूलों को अपनी आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की सलाह दी है। बोर्ड ने कहा कि इससे प्रायोगिक परीक्षाओं के मूल्यांकन में निष्पक्षता और सटीकता आएगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। (जासं)

### युवक से मोबाइल झपटकर ले गए बाइक सवार बदमाश

**पूर्वी दिल्ली:** अक्षरधाम मंदिर के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल झपट लिया। पीड़ित मशाहिद अब्बास ने वारदात की आनलाइन एफआइआर दर्ज करवाई है। पीड़ित नोएडा में रहते हैं। मंगलवार देर रात दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। (जासं)

### खेल-खेल में बच्चों को दी पर्यावरण संरक्षण की सीख

**नई दिल्ली:** पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। 'मेरा प्लैनेट, मेरा घर' एसटीईएम शिक्षा पर आधारित पर्यावरण साक्षरता पाठ्यक्रम के तहत पांच से 12 वर्ष तक के बच्चों को अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है। विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को सेसमी वर्कशाप इंडिया ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भविष्य की आकांक्षाओं को प्रदर्शित किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों में नवीन शैक्षणिक तरीकों के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों और समाधानों की समझ पैदा करना है। (वि.)

### हत्या का आरोपित पांच साल बाद गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिणी जिला पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित आरोपित को पांच साल बाद मालवीय नगर से गिरफ्तार किया है। अदालत ने आरोपित को भगोड़ा घोषित कर रखा था। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपित की पहचान कबीर नगर निवासी मुशीर अहमद के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ 2019 में वेलकम थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया था। हत्या के बाद से ही शातिर वांछित चल रहा था। अदालत ने कई बार उसे पेश होने के लिए नोटिस किया, लेकिन वह नहीं आया। इसके बाद कड़कड़डूमा अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। (जासं)

# मां व बहनों को पीटते हुए इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ वीडियो

**पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित दो सगे भाइयों को किया गिरफ्तार, संपत्ति विवाद को लेकर मां और बहन पर किया हमला**

**जासं, बाहरी दिल्ली:** मंगोलपुरी थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद में एक युवक ने मां और सगी बहनों की जमकर पिटाई कर दी। इन्हें लात घूसों से मारते हुए, आरोपित सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसका सीसीटीवी वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। इस पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि पीड़ित महिला के बयान के आधार पर पुलिस संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपित दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मंगोलपुर कलां में रहने वाली युवती ने बताया कि वह अपनी मां और बहन के साथ मकान के एक कमरे में रहती है। उसके तीन भाइयों सबसे बड़े भाई की मौत हो चुकी है दो भाई घर में अपने परिवार के साथ रहते हैं। बड़े भाई और पिता का देहांत हो चुका है। युवती ने पुलिस को बताया कि पिता के देहांत के बाद भाई और भाभी से संपत्ति को लेकर झगड़ा व कहासुनी होती रहती है। इसी वजह से वह किसी तरह से क्षेत्र में मकान बना रही है। युवती ने बताया कि तीन जून को उनकी भाभी कुत्ते को खाना डाल रही थी। उसी समय दोनों भाई मां और बहन से कहासुनी करने लगे। जब वह मां के साथ यहां से निकलने की कोशिश की तो दोनों भाइयों ने रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। दोनों भाई उनकी लात घूसों से मारपीट करने लगे, भाइयों की मदद के लिए दोनों भाभी भी आ गई। मां ने इसका विरोध किया तो उनकी भी बुरी तरह से पिटाई की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लेकर पीड़ितों के दोनों भाई को पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बाइक सवार युवक को घायल करने वाले दो आरोपित दबोचे

**शिकायत मिलते ही पुलिस ने सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से आरोपितों की पहचान की**


**जासं, नई दिल्ली:** सराय रोहिल्ला इलाके में बाइक सवार युवक के साथ मारपीट व नुकीली चीज से वार कर घायल करने के मामले में सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने किशोर समेत दो आरोपित को दबोच लिया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण कर दोनों आरोपितों की पहचानकर उन्हें तुरंत दबोच लिया। इनके कब्जे से स्क्रू ड्राइवर, अपराध करने में उपयोग की गई बाइक बरामद कर ली गई।

डीसीपी उत्तरी जिला मनोज कुमार मीणा के मुताबिक एक जून को सराय रोहिल्ला पुलिस को सूचना मिली कि प्रतीक नाम के युवक को बाइक सवार दो युवकों ने घायल कर दिया है। पीड़ित शास्त्री नगर का रहने वाला है। उपचार के लिए उसे बाड़ा हिंदूराव अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां पूछताछ में प्रतीक ने बताया कि शाम को जब वह बाइक से अपने घर जा रहा था। दुर्गा मंदिर, शास्त्री नगर के पास बाइक सवार दो अज्ञात युवकों उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जब उसने दोनों को घूर कर देखा तब उन्होंने अपनी बाइक उसकी बाइक के सामने खड़ी कर दी और उसे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

प्रतीक ने जब आपत्ति जताई तब उनमें से एक ने किसी नुकीली चीज से उसके सिर और माथे पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने छानबीन कर पुनीत गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। वह शास्त्री नगर का रहने वाला है। उसके पिछले आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। उससे पूछताछ के बाद 17 वर्षीय किशोर को भी दबोच लिया गया।

# डीयू में पीजी प्रवेश के लिए पंजीकरण की अवधि 12 जून तक बढ़ी

**20 जून के आसपास जारी की जाएगी प्रवेश की पहली सूची**



**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर (पीजी) में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि को 12 जून तक बढ़ा दिया गया है। पांच वर्षीय विधि कार्यक्रम और बीटेक के लिए भी 12 जून तक पंजीकरण कराए जा सकते हैं। पीजी में अब तक 90 हजार से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है। इस दौरान करेक्शन विंडो भी खुली रहेगी। जिन छात्रों ने फार्म भर दिए हैं, वे त्रुटि सुधार कर सकते हैं। पीजी प्रवेश के लिए पहली सूची 20 जून के आसपास जारी की जाएगी।

डीयू में पीजी समेत विधि कार्यक्रम और बीटेक के लिए 25 अप्रैल को प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई थी। सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) पोर्टल के जरिये छात्र पंजीकरण करा सकते हैं। पीजी में 13,500 सीटों के लिए 90 हजार से अधिक छात्रों ने आवेदन किए हैं। बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी 60-60 सीटों के लिए आठ हजार और बीटेक की तीन शाखाओं की 120-120 सीटों के लिए 8500 हजार से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है। अब छात्रों को आवेदन के लिए सात दिन और मिल गए हैं।

विधि कार्यक्रम में प्रवेश क्लैट के अंकों के आधार पर लिया जा रहा है, जबकि बीटेक में प्रवेश जेईई मेन के अंकों के आधार पर लिया जा रहा है। पीजी के लिए इस वर्ष 82 विषयों को छात्र प्रवेश के लिए चुन सकते हैं। पिछले वर्ष 77 विषयों को चुना जा सकता था। इस वर्ष एमए हिंदू स्टडीज, एमए चाइनीज, एमए कोरियन, मास्टर्स - पब्लिक हेल्थ और मास्टर्स- फाइन आर्ट के कोर्स इसमें जोड़े गए हैं। इसके साथ ही डीयू ने स्नातक के 69 कालेजों में 71 हजार सीटों के लिए पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया 28 मई से शुरू कर दी है।

छात्र प्राथमिक जानकारियां भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। दूसरा चरण सीयूईटी परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद शुरू होगा। डीयू के स्कूल आफ ओपन लर्निंग में प्रवेश की प्रक्रिया तीन जून से शुरू हो चुकी है।


Sushant University
soaring high
Golf Course Road, Gurugram, NCR Delhi

- UGC Recognized
- Approved by COA | BCI | PCI | ITPI, Govt. of Haryana etc.
- Industry Collaboration with upGrad / Samatrix.io / ImaginXP / ICRI and many more...
- Strong International Collaborations over many Foreign Universities of USA, UK, Italy, France etc.

ADMISSIONS OPEN 2024-25

School of Art and Architecture
B.Arch. | B.F.A. | M.Arch. | M.Plan

School of Design
B.Des. | M.Des.

School of Engineering & Technology
B.Tech (Hons.) - CSE & CE | BCA (Hons.)
M.Tech - CSE | CE | MCA

Vatel Hotel & Tourism Business School
BHM | Diploma in Culinary Arts


School of Business
BBA (Hons.) | B.Com. (Hons.)
MBA - (Dual Specialization) with International Immersion & Industry Connect

School of Health Sciences
B.Pharm. | B.Optom. | B.Sc. CVT | Psychology | MLT | MRIT | M.Optom.

School of Law
BA LL.B. (Hons.) | BBA LL.B. (Hons.)
LL.B. (Hons.) | LL.M.

Ph.D. & Research in all Schools

Lateral Entry in All Programmes




Top Reasons to Join SU
- Faculty from prestigious institutions like IIM, IIT, BITS, NLU, AIIMS etc.
- Top Awards, Rankings & International Collaborations.
- Global Alumni Network & 100% placement assistance.
- Industry focused contemporary curricula with multiple specializations.
- Soft skills training spread across all semesters by Industry Trainers.
- Hands on Industrial training and certifications.
- 5 Minutes walking distance from Rapid Metro Station.

- One text book allowed in Exam.
- Give Exam in Hindi or English.



26.5 LPA
Ms. Oorja Ganga Singh
B.Tech. - Zscaler

70% Placement to all Eligible Students.
Average Package 6 LPA

Merit Based Scholarship Upto 100% Available on First Come First Served Basis

Haryana Domicile Fee Concession Upto 100% Available on Upto "Merit-cum-Means basis"

Call: 8448221265 | 9650087257
Toll Free: 1800-2705-520
www.sushantuniversity.edu.in
admissions@sushantuniversity.edu.in
Scan to Apply

Admission / Counseling available on all 7 days of the week


********

दैनिक जागरण
# सप्तरंग
तकनीक की दुनिया का
गुरुवार, 6 जून, 2024

**17** करोड़ से अधिक नेक्स्ट जेनरेशन एआइ स्मार्टफोन बिकने का अनुमान 2024 के अंत तक, इंटरनेशनल डाटा कारपोरेशन के अनुसार।

**15** प्रतिशत एआइ फोन की हिस्सेदारी होगी कुल स्मार्टफोन मार्केट में 2024 में, 2023 में यह आंकड़ा 5.1 करोड़ था।


फोटो : फ्रीपिक

## टेक अपडेट

स्मार्टफोन में एआइ की दखल से फोन का प्रदर्शन और यूजर अनुभव दोनों बेहतर हो रहे हैं। इस नवाचार के कारण नए फीचर्स का आकर्षण भी बढ़ने लगा है। मोबाइल तकनीक में एआइ के प्रभाव व भविष्य की चर्चा कर रहे हैं ब्रह्मानंद मिश्र...


# स्मार्ट ही नहीं इंटेलिजेंट भी बन रहा आपका फोन

किसी खास अवसर को सहेजने के लिए आप स्मार्टफोन से फोटो खींच रहे हों और फोटो ब्लर हो जाए या शाट को मिस कर जाएं, तो निश्चित ही आप परेशान होंगे। लेकिन, अगर आपके पास एआइ स्मार्टफोन है तो इन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। दरअसल, स्मार्टफोन का एआइ कैमरा फोटोग्राफी के दौरान स्वतः ही सैटिंग कर लेता है और अवांछित वस्तुओं को फोटो से हटा देता है, यहां तक कि बेहतर कंपोजिशन का भी सुझाव देता है। एआइ फोन के जरिए अब लो-लाइट फोटोग्राफी, सुपर-रिजोल्यूशन, बेस्ट शाट, सीन सेटिंग, कैमरा लेंसेस के बीच स्विचिंग जैसे कार्य बेहद शानदार तरीके से हो रहे हैं। ऐसे कई अन्य एआइ फीचर्स स्मार्टफोन को नया रंग रूप दे रहे हैं। यही कारण है इसके प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।

**स्मार्टफोन में एआइ की ताकत:** स्मार्टफोन और स्मार्ट डिवाइसेस में एआइ की मौजूदगी तो वर्षों से है, लेकिन जिस तरह स्मार्टफोन सामान्य बातचीत को समझने, रियल टाइम भाषा अनुवाद करने में सक्षम और एडिटिंग, सर्कल टू सर्च जैसे नए फीचर्स के साथ आ रहे हैं, उससे गैजेट शौकीनों में एक नया आकर्षण पैदा हुआ है। आधुनिक स्मार्टफोन में जेनरेटिव एआइ के जुड़ने से तकनीक के साथ हमारा संपर्क का तरीका भी बदल रहा है। स्मार्टफोन में चल रहा अदृश्य एआइ न्यूरल नेटवर्क अनुमान से अच्छी फोटो लेने, भाषाओं को समझने, संगीत को पहचानने और गेमिंग में मदद के लिए हर समय तैयार बैठा है। ये सारे काम आन-डिवाइस एआइ से संभव हो रहे हैं।

**मशीनी सहयोग का बेजोड़ नमूना:** विशेष तरह के एआइ हार्डवेयर और साफ्टवेयर वाले आ रहे स्मार्टफोन उन कठिन कार्यों को भी अब आसानी कर सकते हैं, जिन्हें कभी काल्पनिक माना जाता था। यह मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का ही कमाल है, जो आपकी आदतों से स्मार्टफोन को परिचित कराता है, आपके अनुभव को वैयक्तिक बनाता है और दोहराए जाने वाले कार्यों को आटोमेट (स्वतः) करता है। आपके पाकेट में यह एआइ पावर आवश्यकताओं को समझने, दैनिक कार्यों को सरल बनाने और अच्छे फोटो व वीडियो बनाने में भी कार्यकुशल है।

## स्मार्टफोन के खास एआइ फीचर्स



**1. पावरफुल पर्सनल असिस्टेंट**
एआइ असिस्टेंट अब स्वाभाविक बातचीत और जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम है। यह आपको पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए रिमाइंड भी करा सकता है। गूगल एआइ, सीरी, अलेक्सा जैसे वर्चुअल असिस्टेंट सामान्य वायस कमांड पर शिड्यूल मैनेज करने, मैसेज और काल करने, स्मार्ट-होम डिवाइसेस को नियंत्रित करने जैसे कार्य जेनरेटिव एआइ की मदद से प्रभावी ढंग से कर रहे हैं।



**2. बेहतर कैमरा सेटअप**
स्मार्टफोन में एडवांस फोटोग्राफी फीचर आने से एआइ अब सीन पहचानने, पोर्ट्रेट मोड, लो-लाइट एनहांसमेंट में मदद करता है। थोड़ा स्किल सीखकर एक सामान्य यूजर भी इससे पेशेवर फोटोग्राफी कर सकता है। फोटो और वीडियो एडिटिंग में भी एआइ टूल्स बहुत ही उपयोगी साबित हो रहे हैं।



**3. प्रदर्शन और क्षमता में सुधार**
फोन की क्षमता और प्रदर्शन बढ़ाने में एआइ महत्वपूर्ण है। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम बैटरी प्रबंधन, प्रोसेसिंग पावर का वितरण, एप परफार्मेंस को सुधारने में मददगार है। जैसे- किसी एप का आप अधिक प्रयोग करते हैं तो वह एक्सेस के लिए तेजी से स्क्रीन पर लोड होगा, इसी तरह एआइ बैटरी को बचाने के लिए बैकग्राउंड प्रोसेस को बंद कर देता है।

**4. एडवांस सिक्योरिटी फीचर्स**



डिवाइस और डाटा को सुरक्षित बनाने में एआइ पावरफुल टूल साबित हो सकता है। वायस और बायोमीट्रिक आथेंटिकेशन को अतिरिक्त सुरक्षा देने के साथ खतरों को चिह्नित कर आन-डिवाइस एआइ बचाव कर सकता है।



**5. हेल्थ व वेलनेस ट्रैकिंग**
वेलनेस ट्रैकिंग एक जरूरी फीचर है, जिसे एआइ के माध्यम से बेहतर बनाया जा रहा है। हेल्थ डाटा को इससे सटीक और व्यापक बनाने में मदद मिल रही है। भविष्य में निरंतर निगरानी के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सुझाव भी मिलना आसान हो सकेगा।

## टेक टिप्स

### वाट्सएप से कैसे करें यूपीआइ पेमेंट

**मैसेजिंग, कालिंग जैसी सुविधाओं के साथ वाट्सएप यूजर्स को यूपीआइ पेमेंट की सुविधा भी दे रहा है। यूजर सीधे एप से आसानी से पैसे भेज और प्राप्त कर सकते हैं। यूपीआइ लेनदेन के लिए वाट्सएप पे फीचर को एक्टिवेट करना होगा, आइए जानते हैं...**



वाट्सएप पर यूपीआइ पेमेंट सर्विस एक्टिवेट करने के लिए सबसे पहले प्ले स्टोर या एप स्टोर से आपको वाट्सएप के नवीनतम वर्जन को अपडेट करना होगा। दूसरा, वाट्सएप नंबर का बैंक अकाउंट के साथ लिंक और वेरिफिकेशन होना अनिवार्य है।

- वाट्सएप को ओपन कर ऊपर दाहिने कोने पर तीन डाट्स पर क्लिक करें।
- मेन्यू में जाकर वाट्सएप के 'पेमेंट्स' के विकल्प को चुनें। इसके बाद 'एड पेमेंट मेथड' पर टैप करें।
- यहां वाट्सएप से अपने बैंक अकाउंट को लिंक कर सकते हैं, इसके लिए पहले से दी गई बैंकों की लिस्ट में से अपने बैंक का नाम चुनना होगा।
- फोन नंबर और बैंक डिटेल्स के सत्यापन के लिए प्राम्प्ट किया जाएगा।
- वेरिफिकेशन के दौरान अपने डेबिट कार्ड के अंतिम छह अंकों और कार्ड के एक्सपायरी डेट आदि का विवरण दर्ज करना होगा।
- इसके लिए यूपीआइ पिन बनाना होगा। अगर पहले से है तो उसे बैंक अकाउंट से वेरिफाइ करना होगा।
- वाट्सएप पेमेंट सेटअप के बाद अब आप कांटेक्ट लिस्ट से किसी को सेलेक्ट कर पेमेंट कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली - 2652

**बाएं से दाएं**
4. देना, चुकाना (2)। 5. महाराष्ट्र का एक शहर (4)। 7. निंदा करना, बुरा भला कहना (4)। 8. प्रकार (3)। 9. चांदी का बना (5)। 11. जलयान को पानी में उतारना (6)। 14. निराश या दुखी करना (3,3)। 17. बिना होशो-हवास के (5)। 19. गिरवी (3)। 20. सत्यवती को इस नाम से भी जानते हैं (2,2)। 21. वो नसें जिनसे खून जाता है (4)। 23. मद्य, शराब (2)।

**ऊपर से नीचे**
1. शर्म, हया, संकोच (2)। 2. अवतार के रूप में, उतरा हुआ (5)। 3. हथिया लेने का भाव (6)। 4. न आना (4)। 6. रह रह कर लिपटने वाला (4)। 10. तड़कने या चमकने की क्रिया (3)। 12. कारण, सबब (3)। 13. वर के संग नववधू की जनवासे में आने की एक रस्म (3,3)। 15. हथियार बंदी (5)। 16. बिना खून का, जो लाल न हो (4)। 18. परम दयालु (4)। 22. समाया हुआ, तन्मय (2)।

© Bird Features & Writing Agency

### कल का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | | क | ल | श | | हि | रा | स | त |
| थि | | प | | कु | ठि | त | | | |
| क | | ट | | त | | | स | ह | ज |
| ता | न | | ह | ला | ह | ल | | | ह्रा |
| | ज | | नु | | | ज | ल | या | न |
| का | र | ना | मा | | | बा | | च | |
| य | | | न | ज | रा | ना | | क | था |
| दा | व | त | | | ज | | ब्र | | ने |
| | | | शं | क | र | | ह्मा | | दा |
| आ | मे | रि | का | | थ | म | ना | | र |

## जागरण सुडोकू - 2652

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 6 | | | | | 7 |
| | 2 | | 5 | | 7 | | 9 | |
| 4 | | | | | | 3 | | 5 |
| 8 | | | | 6 | 2 | | 5 | |
| | 4 | | 8 | | | 1 | | 6 |
| 5 | | | | | 3 | | | |
| | 3 | | 1 | | 8 | 6 | | 9 |
| | 8 | | | 4 | | | | |
| 1 | | | | | | 5 | 4 | |

### कल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 3 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल - 06 जून, 2024 गुरुवार

के. ए. दुबे पद्मेश

आज की ग्रह स्थिति : ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष अमावस्या। आज का राहुकाल : दोपहर 01 बजकर 30 मिनट से 03 बजे तक। आज का दिशाशूल : दक्षिण।
आज का पर्व एवं त्योहार : स्नानदान की अमावस्या, वरगदाही, शनिजयंती।

कल 07 जून, 2024 का पंचांग
कल का दिशाशूल : पश्चिम
कल का पर्व एवं त्योहार : करवीर व्रत
विक्रम संवत 2081 शके 1946 उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तत्पश्चात द्वितीया मृगसिरा नक्षत्र तत्पश्चात आर्द्रा नक्षत्र सूल योग तत्पश्चात गंड योग वृष में चंद्रमा 07 घंटे 56 मिनट तक तत्पश्चात मिथुन में।




- **मेष :** किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा लेकिन क्रोध पर नियंत्रण रखें।
- **वृष :** प्रियजन से भेंट होगी। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी।
- **मिथुन :** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में सुधार होगा।
- **कर्क :** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पिता या अधिकारी के कृपा पात्र होंगे।
- **सिंह :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या :** यात्रा की स्थिति बनेगी। पिता या धर्म गुरु का सहयोग मिलेगा।
- **तुला :** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चल या अचल संपत्ति में वृद्धि होगी।
- **वृश्चिक :** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखमय होगा।
- **धनु :** संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। निर्माण सफल होगा।
- **मकर :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
- **कुंभ :** बुद्धि कौशल से किया गया कार्य संपन्न होगा। लक्ष्य की प्राप्ति होगी।
- **मीन :** आर्थिक प्रयास फलीभूत होगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

## इन दिनों

# गर्मी में खराब होने से बचाएं फोन की बैटरी

देश के अनेक हिस्सों में पारा 48 डिग्री सेल्सियस के ऊपर-नीचे झूल रहा है। इस भीषण गर्मी को आपका स्मार्टफोन भी महसूस कर रहा है। तेज गर्मी के कारण स्मार्टफोन की क्षमता में न केवल गिरावट होती है, बल्कि इससे फोन की बैटरी के खराब होने की आशंका रहती है। ऐसे में कुछ सावधानी बरतकर फोन और उसकी बैटरी को खराब होने से बचाया जा सकता है। आइए जानें कैसे...



**चार्जिंग के दौरान फोन को गर्म होने से बचाएं**
आजकल फास्ट चार्जिंग की सुविधा के चलते ज्यादातर स्मार्टफोन कुछ ही मिनट में फुल चार्ज हो जाते हैं, ऐसे में उसके तेज गर्म होने की आशंका भी रहती है। अगर चार्जिंग के दौरान फोन गर्म हो रहा है, तो उसका बैक कवर हटा दें। बैटरी अगर 20 प्रतिशत से कम है, तो चार्जिंग के दौरान उसे अतिरिक्त पावर की जरूरत होती है इससे भी फोन जल्दी गर्म हो जाता है। ऐसे में प्रयास करें कि बैटरी को 20 प्रतिशत पर आने से पहले ही चार्ज करें।

**धूप में प्रयोग से बचें**
स्मार्टफोन का प्रयोग तेज धूप में करने से बचना चाहिए। अगर फोन का प्रयोग धूप में कर रहे हैं, तो फोन की ब्राइटनेस को कम रखें और छांव में रखकर ही उसका इस्तेमाल करें। गर्म वातावरण में वीडियो गेम खेलने से बचें क्योंकि इससे फोन तेजी से गर्म होता है।



**जीपीएस के प्रयोग में बरतें सतर्कता**
नेविगेशन के लिए कार के डैशबोर्ड पर रखकर फोन का प्रयोग जब गूगल मैप के लिए करते हैं तो वह बहुत जल्द गर्म हो जाता है। वाइ-फाइ, ब्लूटूथ, जीपीएस और बैकग्राउंड में अनेक एप्स चलने के कारण भी फोन गर्म होता है। ऐसे में अपने फोन को सीधे तेज गर्मी के संपर्क में आने से बचाएं।



**एप व नोटिफिकेशन को बंद करें**
जिन एप्स से लगातार नोटिफिकेशन या अपडेट आते हैं या जो एप बैकग्राउंड में चलते हैं, उनकी वजह से फोन के गर्म होने की आशंका रहती है। फोन गर्म हो रहा है, तो कुछ समय के लिए इस तरह के एप्स को डिसेबल कर देना चाहिए, ताकि फोन का तापमान सामान्य हो सके।



**चार्ज करते समय प्रयोग न करें**
फोन को चार्ज करते समय प्रयोग करने पर वह तेजी से गर्म हो जाता है। दूसरा, फास्ट चार्जिंग में फोन की हीट को लेकर हमेशा सतर्क रहना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि हमेशा सर्टिफाइड चार्जर का ही प्रयोग करें।





# बच्चों को घर-घर जाकर ढूंढेंगे गुरुजी

रीतिका मिश्रा ● जागरण

**नई दिल्ली:** राजधानी के स्कूलों में इस वक्त गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इस बीच शिक्षा निदेशालय ने अब स्कूल नहीं आने वाले बच्चों का फिर से नामांकन करने की पहल की है। इसके तहत निदेशालय ने बच्चों के गुरुजी यानी शिक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले जोन और जिलों में घर-घर जाकर स्कूल से वंचित बच्चों का सर्वे करने का आदेश दिया है। यह कार्य शिक्षकों को 30 जून तक पूरा करना होगा। सर्वेक्षण सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। निदेशालय ने इस सर्वेक्षण में उन विद्यार्थियों को भी शामिल करने को कहा है जो दिव्यांग हैं। निदेशालय के अधिकारी ने बताया कि ये अभियान प्रति वर्ष किया जाता है। इसका उद्देश्य यही है कि अंतिम बच्चा में शिक्षा से वंचित न रहे। इसके तहत शिक्षक एक-एक घर जाकर बच्चों के बारे में जानकारी जुटाएंगे और उनका नजदीकी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित कराएंगे। जिला शहरी संसाधन केंद्र समन्वयक (डीयूआरसीसी) और जिला समन्वयक (आइईबी) की अध्यक्षता में सर्वेक्षण दल के सदस्यों द्वारा जिलेवार सर्वेक्षण किया जाएगा।




**30** जून को शिक्षकों को पूरा करना होगा सर्वेक्षण का कार्य

निदेशालय ने 13 जिलों में सर्वेक्षण कार्य के लिए कुल 246 सर्वेक्षण टीमें बनाई हैं। सर्वेक्षण दल के सदस्यों में एक अतिथि विशेष शिक्षा शिक्षक भी शामिल होंगे। निदेशालय ने इसके लिए कुल 23 कालम का एक फार्मेट तैयार किया है, जिसे शिक्षकों को भरकर शिक्षा निदेशालय में जमा करना होगा। इस सर्वे के आधार पर स्कूल से वंचित बच्चों का उनकी उम्र के अनुसार कक्षाओं में फिर से नामांकन किया जाएगा।

निदेशालय ने सर्वे फार्म में उम्र सीमा को चार भागों में बांटा है। इसमें छह वर्ष से कम बच्चों का अलग कालम है। फिर छह से 10, 11 से 14 और 15 से 19 उम्र सीमा के अलग कालम हैं। निदेशालय ने कहा कि सर्वेक्षण कार्य पूरा होने के बाद स्कूल न जाने वाले बच्चों को 15 जुलाई, 2024 तक स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा।

## कुशाग्र की तिकड़ी से जीती एम2एम, एमिटी ने रायल को रौंदा

**जासं, नई दिल्ली:** कुशाग्र चौधरी की शानदार तिकड़ी की मदद से एम2एम एफसी ने वारियर्स को 4-2 के अंतर से हराकर डीएसए ए डिवीजन लीग में उम्दा जीत दर्ज की। अन्य मुकाबले में एमिटी नेशनल यूनाइटेड ने रायल एफसी को 7-0 से रौंदा। विजेता टीम की ओर से ललित कुमार, विकास दलाल, मयंक देशवाल, पंकज, अमन ने एक-एक और निशांत ने दो गोल किए। यह दोनों मुकाबले जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए थे।

एम2एम के कुशाग्र के तीन गोलों के अलावा एक गोल बसंत ने किया। पराजित टीम के गोल विकास रावत और लाल जरमाविया के नाम रहे। लीग की प्रमुख टीमों में शामिल एमिटी इंडियन नेशनल एफसी की जीत का आकर्षण निशांत सैनी रहे।

## पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक से बनाएं दूरी : सतीश उपाध्याय

**जासं, नई दिल्ली:** एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने खान मार्केट में 'जीरो वेस्ट दिल्ली' कार्यक्रम के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमओ डा. शकुंतला श्रीवास्तव, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व खान मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई दिल्ली के नागरिकों और बाजार में आने वाले लोगों में पर्यावरण जागरूकता के साथ स्वच्छ, हरित शहर को बढ़ावा देना रहा। सतीश उपाध्याय ने कचरा संग्रहण प्रयासों में योगदान देने और दिल्ली को जीरो वेस्ट सिटी बनाने की दिशा में काम करने के महत्व पर जोर दिया।


सतीश उपाध्याय ●

उन्होंने नागरिकों और दुकानदारों को ई-कचरा, सूखा कचरा और कपड़े दान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह घरों और ग्रह दोनों के लिए लाभकारी है। उन्होंने एनडीएमसी के सहयोग से संचालित माइक्रो एमआरएफ केंद्र का भी दौरा किया।

# हाट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन बनी कारपीडियम इंडिया की टीम

- माउंट क्रिकेट क्लब को 184 रन के बड़े अंतर से किया पराजित
- विजेता व उप विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** 47वें आल इंडिया लाला रघुबीर सिंह हाट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में माउंट क्रिकेट क्लब को 184 रन के बड़े अंतर से पराजित कर कारपीडियम इंडिया ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

विजेता टीम की ओर से रितुराज ने दमदार शतकीय पारी खेली और यश गर्ग ने आक्रामक गेंदबाजी करते हुए विरोधी बल्लेबाजों को पस्त कर दिया। रितुराज ने 73 गेंद पर 11 चौकों और नौ छक्कों की मदद से 132 रन की शानदार पारी खेली। वहीं गेंदबाज यश गर्ग ने 5.4 ओवर में 27 रन देकर पांच विकेट चटकाए। विजेता टीम को ढाई लाख रुपये नकद पुरस्कार और ट्राफी एवं उप-विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

माडर्न स्कूल में खेले गए मुकाबले में माउंट सीसी ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कारपीडियम इंडिया ने निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 403 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी माउंट सीसी की टीम 26.4 ओवर में 219 पर ही ढेर हो गई। पराजित टीम की ओर से युगल सैनी ने 70 रन बनाए।



आल इंडिया लाला रघुबीर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन कारपीडियम इंडिया की टीम व पदाधिकारी ● सौजन्य- आयोजक

**यह बने श्रेष्ठ खिलाड़ी**
**श्रेष्ठ गेंदबाज :** सुनील कुमार
**श्रेष्ठ बल्लेबाज :** युगल सैनी
**मैन आफ द टूर्नामेंट :** स्वास्तिक चिकारा

"सभी साथियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए टीम को विजयी बनाया है। यह जीत प्रत्येक खिलाड़ी को समर्पित है।"
**- शिवम शर्मा,** कप्तान, कारपीडियम इंडिया

"टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में हमारी टीम सुपर ओवर में हारकर उप-विजेता बनी थी। खिलाड़ियों की मेहनत और जुनून के दम पर इस बार चैंपियन बनने की खुशी है।"
**- राकेश शर्मा,** कोच, कारपीडियम इंडिया

## मनोरंजन

# अजय और वाणी ने पूरी की रेड 2 फिल्म की शूटिंग

साल 2018 में प्रदर्शित अजय देवगन अभिनीत फिल्म रेड की सीक्वल रेड 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिलहाल इस फिल्म को 15 नवंबर को प्रदर्शित किए जाने की योजना है। अजय के साथ वाणी कपूर और रितेश देशमुख अभिनीत इस फिल्म की शूटिंग जनवरी में मुंबई से शुरू हुई थी। पिछले महीने दिल्ली में फिल्म का फाइनल शेड्यूल शूट करके फिल्म की शूटिंग को पूर्णविराम दिया गया। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, फिल्म का पहला शेड्यूल मुंबई में अजय और रितेश देशमुख के साथ फिल्माया गया था। उसके बाद फिल्म की टीम ने लखनऊ में शूटिंग की। फिल्म के तीसरे शेड्यूल में टीम राजस्थान पहुंची। जहां खिमसर के रेत के टीलों, मेहरानगढ़ किले और जोधपुर के अन्य भागों में शूटिंग की गई। इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। हिंदी सिनेमा में ग्लैमरस अभिनेत्री की छवि बना चुकी वाणी का दावा है कि इस फिल्म में उनकी भूमिका में कुछ नयापन दिखेगा। कुछ नया करने की ललक से ही वाणी ने वेब सीरीज मंडला मर्डर्स भी की है।


अब अपनी ग्लैमरस छवि से कुछ अलग करने का मौका तलाश रही हैं वाणी ● @vaanikapoor (इंस्टाग्राम)

## फुले में कुछ भी बनावटी नहीं : अनंत महादेवन


प्रतीक गांधी-पत्रलेखा दिखेंगे ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के किरदार में ● मिडडे

**बायोपिक फिल्मों में** अक्सर उस व्यक्ति का महिमामंडन कर दिया जाता है, जिस पर वह कहानी आधारित होती है। हालांकि निर्देशक अनंत महादेवन का प्रयास है कि वह अपनी आगामी फिल्म फुले को बनावटी न रखें। यह फिल्म शिक्षा और समानता के अधिकारों के लिए लड़ने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले पर आधारित है। दैनिक जागरण से बातचीत में अनंत कहते हैं, 'कई बार बायोपिक्स फार्मूला फिल्मों की तरह बन जाती हैं। ड्रामा ज्यादा होता है। मैंने जिम्मेदारी से फिल्म लिखी और बनाई है। बहुत कम लोगों को पता है कि महात्मा गांधीजी से पहले ज्योतिबा फुले को महात्मा की उपाधि मिली थी। उन्हें यह उपाधि कैसे मिली उसके बारे में स्कूल की किताबों में कम जानकारियां हैं। हमने रिसर्च करके नए तरीके से फिल्म को बनाया है। हम उन जगहों पर गए हैं, जहां से महात्मा फुले का नाता रहा है। वहां से जानकारियों को समेटकर फिल्म बनाई है। साल 1820 का महाराष्ट्र फिल्म में दिखेगा। फिल्म में कुछ भी बनावटी नहीं है।'

## किसी धर्म के खिलाफ नहीं फिल्म हमारे बारह : परितोष

**कई बार कुछ** विवादास्पद या चर्चित विषयों पर आधारित फिल्में करने के बाद कलाकारों का वर्गीकरण इंडस्ट्री में उसी के अनुसार कर दिया जाता है। जनहित में जारी फिल्म के अभिनेता परितोष त्रिपाठी सात जून से प्रदर्शित हो रही फिल्म हमारे बारह में शहनवाज अली खान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर और ट्रेलर जारी होने का बाद एक वर्ग द्वारा इस फिल्म को एक समुदाय विशेष पर निशाना साधने वाली फिल्म बताया जा रहा है। इस बारे में दैनिक जागरण से बातचीत में परितोष कहते हैं, 'फिल्म में अगर मुझे कुछ गलत या ऐसा दिखता, जिससे मुझे नुकसान उठाना पड़ेगा तो मैं इस फिल्म का हिस्सा न बनता। यह महिला सशक्तीकरण पर आधारित एक भावनात्मक फिल्म है। यह उस आवाज को चौखट के बाहर लाने की फिल्म है, जो सिर्फ एक कमरे या रसोई में घुट कर रह जाती है। मैं सिर्फ विवादों की बात नहीं करूंगा। मुझे सकारात्मक टिप्पणियां भी मिल रही हैं। इससे पहले सती प्रथा, दहेज और विधवा विवाह के विषयों पर भी कई फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन हम उन फिल्मों को हिंदुत्व के खिलाफ तो नहीं कहेंगे। यह फिल्म भी ऐसे ही एक विषय पर आधारित है, किसी धर्म के खिलाफ नहीं।'


हमारे बारह में शहनवाज की भूमिका में होंगे परितोष ● टीम परितोष

## सलमान के बाद अब कार्तिक बनेंगे सूरज के प्रेम

**अभिनेता सलमान खान** की पहली फिल्म मैंने प्यार किया हो या हम आपके हैं कौन या हम साथ साथ हैं, फिल्मकार सूरज बड़जात्या की इन सभी फिल्मों में सलमान के किरदार का नाम प्रेम रहा। प्रेम नाम की भूमिकाओं में उनकी लोकप्रियता कुछ यूं रही कि सूरज के अलावा उन्होंने अन्य निर्देशकों की अंदाज अपना अपना, जुड़वा, दीवाना मस्ताना, बीवी नंबर 1 समेत कई अन्य फिल्मों में इस नाम के किरदार निभाए। साल 2015 में प्रदर्शित फिल्म प्रेम रतन धन पायो के बाद सूरज एक बार फिर सलमान के साथ फिल्म प्रेम की शादी नामक फिल्म बनाना चाहते थे। हालांकि, सलमान फिलहाल कोई रोमांटिक फिल्म करने के मूड में नहीं हैं, तो यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। उसके बाद सूरज अपनी अगली पारिवारिक ड्रामा फिल्म की तैयारियों में जुट गए। अब खबरें हैं कि अपनी अगली फिल्म के लिए सूरज ने अभिनेता कार्तिक आर्यन से संपर्क किया है। यानी कि सलमान की जगह अब कार्तिक प्रेम बन सकते हैं। सिनेमाई गलियारों की रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म के लिए कार्तिक और सूरज की एक मुलाकात हो चुकी है। कार्तिक को फिल्म की कहानी काफी पसंद आई है। 14 जून को फिल्म चंदू चैंपियन प्रदर्शित हो जाने के बाद कार्तिक और सूरज की आगे इस फिल्म पर बातचीत होगी।


अब कार्तिक के साथ अपनी अगली पारिवारिक ड्रामा फिल्म बनाने जा रहे हैं सूरज ● मिडडे आर्काइव

********

## एक नजर में

### दो लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़े, नकदी बरामद

**पश्चिमी दिल्ली** : निहाल विहार थाना पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चोरी किया हुआ पर्स और 1,200 रुपये की नकदी बरामद हुई है। आरोपित योगेश और कुलदीप निहाल विहार के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले थाने में एक पीसीआर काल प्राप्त हुई थी जिसमें पीड़ित द्वारा बताया गया कि उनकी जेब से किसी ने पर्स चुरा लिया है जिसमें नकदी के साथ उनके कुछ जरूरी दस्तावेज भी थे। सूचना पर पहुंची ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जिसमें दो संदिग्ध युवक नजर आए। फिर पुलिस ने मुखबिर की मदद से आरोपितों की पहचान कर उन्हें निहाल विहार से ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह शराब के आदी हैं, इसलिए उन्होंने ऐसा किया। (जासं)

### नाबालिग सहित दो लुटेरे पकड़े गए, चाकू बरामद

**दक्षिणी दिल्ली** : दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस ने नाबालिग सहित दो लुटेरों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपितों से लूट का मोबाइल, चाकू व नकदी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बालिग आरोपित की पहचान जमरूदपुर निवासी पवन उर्फ नेपाली के रूप में हुई है। आरोपित ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर चार जून को ग्रेटर कैलाश थानाक्षेत्र में एक युवक को चाकू दिखाकर जीके एक एन ब्लाक में मोबाइल व नकदी लूट ली थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद शातिरों को अमर कालोनी से गिरफ्तार किया। इनका तीसरा साथी मौके से फरार हो गया। (जासं)

### गाली गलौज का विरोध करने पर युवक को मारी गोली

**पूर्वी दिल्ली** : सीमापुरी इलाके में गाली गलौज का विरोध करने पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने एक युवक के सीने में गोली मार दी। जख्मी हालत में कैफ को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कैफ की शिकायत पर सीमापुरी थाने ने हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि मंगलवार रात 12:30 बजे उनकी टीम को सूचना मिली थी कि सीमापुरी में एक युवक को गोली लगी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला घायल को पहले ही अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। (जासं)

### चोरी के वाहनों को खरीदकर बेचता था पार्ट्स, गिरफ्तार

**पश्चिमी दिल्ली** : पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक स्क्रैप डीलर को धर दबोचा है। आरोपित पैसा कमाने के लालच में चोरी की मोटरसाइकिलें खरीदकर उनके पार्ट्स को पुराने दामों में बेच देता था। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से नौ मोटरसाइकिलें, छह नंबर प्लेट, दो इंजन, 50 मोटरसाइकिलों के टायर, 58 स्कूटी के टायर और अन्य सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपित का नाम जसवंत सिंह है। आरोपित की गिरफ्तारी ने पुलिस ने चोरी के 15 मामलों के सुलझने का दावा किया है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि एक जून को स्पेशल स्टाफ को मादीपुर में चोरी की मोटरसाइकिलों के एक डीलर के सक्रिय होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद टीम ने मादीपुर गांव स्थित फैक्ट्री पर छापा मारा, जहां पर चोरी की मोटरसाइकिलों को नष्ट किया जा रहा था। तभी पुलिस ने मालिक जसवंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

सबको आजमाया बार-बार
हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुक्करनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पाये।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलन सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

# यात्रियों के रास्ते में बाधक बन गया 'फुटपाथ बाजार'

## देश के अति व्यस्त रेलवे स्टेशनों में एक पुरानी दिल्ली की डगर कठिन, स्टेशन के बाहर 250 रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा, लोग परेशान

नेमिष हेमंत ● जागरण

**200** से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं यहां से प्रतिदिन

**2** लाख से अधिक यात्री रोजाना करते हैं यात्रा

**नई दिल्ली** : बच्चों की गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं तो गर्मी और उमस का सितम जारी है। ऐसे में दिल्ली वाले बड़ी संख्या में घूमने बाहर जा रहे हैं, लेकिन उनकी राह में पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का 'फुटपाथ बाजार' रोड़ा बन रहा है। स्थिति यह है कि स्टेशन के ठीक बाहर 250 से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा हो गया है। फुटपाथ से लेकर साइकिल ट्रैक भी अतिक्रमण की जद में है। यहीं नहीं, फीडर बसों का अवैध स्टैंड भी चल रहा है, जिसके कारण प्रतिदिन हजारों रेल यात्री परेशानियों से गुजरते हुए स्टेशन आ-जा रहे हैं। स्टेशन में सामान के साथ क्या अकेले भी स्टेशन में प्रवेश के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। उसमें अगर यात्री से किसी दुकान का सामान छू जाता है तो रेहड़ी-पटरी वाले मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। गुरुग्राम से उत्तर प्रदेश के लिए ट्रेन पकड़ने आए राहुल शर्मा ने बताया कि उनका बैग ठेले पर रखे सामानों से छू गया तो दुकानदारों से झगड़े की नौबत आ गई। यहां काफी खराब स्थिति है।


पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के आगे सर्विस रोड पर चल रहा ढाबा, जिससे स्टेशन जाने वालों को होती है असुविधा ● ध्रुव कुमार

चांदनी चौक में स्थित ऐतिहासिक पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन देश के अति व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक है। यहां से 200 ट्रेनें गुजरती हैं, जबकि दो लाख यात्री प्रतिदिन गुजरते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी होते हैं। यहां से देश के सभी भागों के लिए ट्रेनें मिलती हैं। इसलिए यहां दिल्लीभर से यात्रियों का पहुंचना होता है, लेकिन यहां पहुंचते ही स्टेशन तक का सफर काफी मुश्किलों भरा रहता है। सड़क से लेकर फुटपाथ और साइकिल ट्रैक तक पर छोले-भटूरे, चावल, समोसे समेत अन्य खाने-पीने की दुकानें लगी है तो कपड़े, जूते, बेल्ट, बैग समेत अन्य सामान भी बिक रहे हैं। इसके लिए लोग एमसीडी और दिल्ली पुलिस की लापरवाही को जिम्मेदार मानते हैं। चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय भार्गव के अनुसार, यहां की स्थिति काफी बदतर है, क्योंकि इससे न सिर्फ यात्रियों को परेशानी हो रही है, बल्कि मुख्य मार्ग पर जाम लग रहा है।

### बस स्टैंड भी कब्जे में, टूटा है फुटपाथ

स्थिति यह कि पुरानी दिल्ली का बस स्टैंड भी अतिक्रमण की जद में आ गया है। यहां भी दुकानें खुल गई है तो गदंगी की भरमार है, जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कमोबेश यही हाल फुटपाथों का है। जिसमें गड्ढे पड़े हुए है, जिसके कारण यात्री चोटिल होते हैं तो ट्राली बैग का पहिया निकल जाता है।

### साइकिल ट्रैक का संकेत चिढ़ा रहा मुंह

रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण में रही-सही कसर ई-रिक्शा की पार्किंग व अवैध रूप से चल रहा फीडर बस स्टैंड पूरी कर रहा है। स्थिति यह कि लाल बत्ती भी अतिक्रमण से ढकने के कगार पर है तो साइकिल ट्रैक पर लगा संकेतक प्रशासन को मुंह चिढ़ा रहा है।


पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के आगे की सर्विस रोड और साइकिल ट्रैक पर इस तरह किया गया है अतिक्रमण ● ध्रुव कुमार



पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के आगे दुकानदारों की ओर से किया गया अतिक्रमण, जो यहां से गुजरने वाले यात्रियों की परेशानी का कारण बना हुआ है ● ध्रुव कुमार

### पांच सेकेंड में हैंडल का लाक तोड़ पार कर दी बुलेट बाइक

**जासं, बाहरी दिल्ली** : रिठाला गांव के एसबीआइ बैंक के पास से एक बुलेट बाइक चोर ने पांच सेकेंड के अंदर पार कर दिया। तीन सेकेंड में हैंडल का लाक तोड़ा, फिर दो सेकेंड में बाइक स्टार्ट कर फरार हो गया। इस वारदात को अंजाम देने वाले दोनों चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। जिनका इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वीडियो प्रसारित हो रहा है।

पीड़ित डेंटल हाइजीनिस्ट नित्य प्रकाश ने इसकी शिकायत बुध विहार थाना पुलिस से की है। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी आरोपितों का कोई पता नहीं चल सका है। डेंटल हाइजीनिस्ट नित्य प्रकाश रोहिणी सेक्टर-07 में रहते हैं। इनका क्लीनिक रिठाला गांव स्थित एसबीआई बैंक के पास है। नित्य प्रकाश ने बताया कि वह बीते 31 मई को क्लीनिक पर पहुंचने से पहले अपनी बाइक पास में ही एसबीआई बैंक के पास गली में खड़ी की थी। थोड़ी देर बाद लौटे तो बाइक गायब मिली। सीसीटीवी कैमरों को चेक करने पर पता चला कि दो आरोपित बाइक चोरी कर ले गए इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि दो युवक बाइक के पास आते हैं।

# डीडीए ने लगाए तीन हजार से अधिक पौधे

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली** : दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की तरफ से बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर राजधानी में तीन हजार पौधे लगाए। इसके तहत नेहरू प्लेस स्थित आस्था कुंज पार्क में 100 से अधिक देशी किस्म के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भी पौधारोपण किया। उपराज्यपाल ने कहा कि पार्क की पारिस्थितिकी को बढ़ाने के लिए, नीलो गुलमोहर, गुलमोहर, कचनार, अर्जुन, मौलश्री और जामुन सहित अन्य पौधे लगाए गए हैं। आस्था कुंज 200 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है। यह बहाई मंदिर, कालकाजी मंदिर और इस्कान मंदिर जैसे पूजा केंद्रों से घिरा हुआ है। डीडीए ने विश्व पर्यावरण दिवस पर स्थानीय आरडब्ल्यू, पार्क आगंतुकों और स्कूली बच्चों के साथ मिलकर दिल्ली भर में अपने कई अन्य हरित क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाया। इसके तहत वसंत विहार में जिला पार्क वसंत उद्यान, मिलेनियम पार्क, जेपी सिटी फारेस्ट, सेक्टर-5 द्वारका में जिला पार्क, कैक्टस गार्डन, नरेला, विकास पुरी, पश्चिम विहार, जनकपुरी, सत्य पार्क, राजौरी गार्डन पार्क (झील क्षेत्र) पीतमपुरा, अशोक विहार में ग्रीन बेल्ट, अशोका गार्डन, नेपाल वाला बाग, राज गार्डन, स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी, बसंत कुमार विश्वास पार्क, रोहिणी के विभिन्न सेक्टरों में पौधे लगाए गए। डीडीए ने पांच वर्षों में 33.88 लाख का पौधारोपण किया है। इस वित्तीय वर्ष के लिए, डीडीए ने पार्कों और जैव विविधता पार्कों में पेड़ों और झाड़ियों के कुल रोपण का लक्ष्य 9.10 लाख रखा है।


नेहरू प्लेस स्थित आस्था कुंज पार्क में पौधा लगाने के बाद पानी देते उपराज्यपाल वीके सक्सेना ● सौ. उपराज्यपाल कार्यालय

### सनलाइट कालोनी में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**जासं, दक्षिणी दिल्ली** : दक्षिण पूर्वी जिले के सनलाइट कालोनी थानाक्षेत्र में युवक की बुधवार को बदमाशों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गए। देर रात तक पुलिस को हत्यारों का सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि मृतक की पहचान सराय काले खां स्थित हरिजन बस्ती निवासी 27 वर्षीय रोहित उर्फ मोगली के रूप में हुई है। पुलिस ने एक आरोपित की पहचान की है। पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया।

आरोपितों ने सराय काले खां में स्टेशन रोड पर रोहित को घेरा था। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस पहुंची तो रोहित घायल था। उसके शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से वार किए गए थे। उसे तत्काल एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# साधु और साध्वी ने की थी हत्या, गिरफ्तार

साधुओं की हत्या का मामला

**जासं, नारनौल** : जिले के गोद बलाहा गांव से सटे राजस्थान के झुंझुनू जिले के गांव नावता में दो साधुओं की हत्या का राज खुल गया है। पचेरी पुलिस ने इस मामले में हत्या आरोपित साधु व एक साध्वी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की रात को साधुओं ने भोजन आश्रम में शराब पी थी और इस दौरान मृतक साधु महंत त्रिशिवगिरी ने खाना बनाने वाली साध्वी पर खाने में जहर देने का शक जता दिया था। इस बात को लेकर आरोपित साधु और साध्वी ने ईंट से हमला कर त्रिशिवगिरी और उनके शिष्य गौतमगिरी की हत्या कर डाल दी थी और शवों को नावता गांव के पास कच्चे रास्ते में डाल दिया था। शनिवार को दोनों शव मिलने पर पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की थी। पचेरी पुलिस थाना प्रभारी राजपाल यादव ने बताया कि इस मामले में आरोपित साधु छोटे सिंह उर्फ लखनदास महाराज और अनसुईयादास त्यागी नामक साध्वी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से साध्वी को जमानत दे दी गई और आरोपित साधु को सात जून तक के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि घटना की रात को भोजन आश्रम में मृतक साधुओं ने आरोपित के साथ बैठकर शराब पी थी। इस दौरान साध्वी अनसुईयादास त्यागी ने उनके लिए खाना बनाया था। मृतक साधु ने साध्वी पर खाने में जहर मिलाने का आरोप लगा दिया और इस बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान आरोपितों ने त्रिशिवगिरी और उनके शिष्य गौतमगिरी के सिर में ईंट मारकर बुरी तरह घायल कर दिया और उनकी मौत हो गई। इसके बाद शवों को ठिकाने लगाने के लिए, नावता गांव के कच्चे रास्ते में डाल दिया गया।


पुलिस की हिरासत में दो साधुओं की हत्या के आरोपित साधु व साध्वी ● सौ. पचेरी पुलिस

# दिल्ली की युवती डीएलएफ में चला रही थी अवैध हुक्काबार

- कैफे की आड़ में चल रहा था धंधा, तीन गिरफ्तार, शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र का मामला
- वीडियो प्रसारित होने के बाद टूटी पुलिस की नींद, बरामद किए गए11 हुक्का

**जागरण संवाददाता, साहिबाबाद** : शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजीव कालोनी डीएलएफ में टैरेस कैफे की आड़ में अवैध हुक्काबार का पर्दाफाश किया है। हुक्काबार का संचालन दिल्ली की युवती कर रही थी। पुलिस ने तीन ग्राहक और संचालिका को गिरफ्तार कर 11 हुक्के बरामद किए हैं। एक्स पर हुक्का बार का वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस की नींद टूटी। तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

एक्स पर हिंदू गौरव नाम के एक्स अकाउंट से बुधवार दोपहर को एक 18 सेकेंड का वीडियो अपलोड किया गया। इसमें दिख रहा है कि टैरेस कैफे की आड़ में बैठकर युवक हुक्का गुड़गुड़ा रहे हैं। लाइटें जल ही रही। अलग अलग टेबल पर अन्य युवक दिख रहे हैं। वीडियो के साथ संदेश लिखा गया है कि गाजियाबाद में अवैध हुक्काबार का संचालन हो रहे हैं। यह वीडियो शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजीव कालोनी डीएलएफ का बताया गया है। वीडियो प्रसारित होने के बाद शालीमार गार्डन पुलिस की नींद टूटी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। पुलिस ने वहां से एक संचालिका और तीन ग्राहक को गिरफ्तार किया। संचालिका की पहचान दिल्ली नंदनगरी की नंदिनी के रूप में हुई। ग्राहक नंदनगरी दिल्ली के दीपक कुमार व गर्वित और रुद्रप्रयाग उत्तराखंड के रोहित हैं। पुलिस की ओर से सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।


अवैध हुक्काबार में पकड़े गए युवक और उनसे बरामद हुक्का ● सौ. पुलिस

सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर अवैध हुक्काबार चलाने वाली संचालिका और तीन ग्राहक को गिरफ्तार किया है। मौके से 11 हुक्के और तंबाकू बरामद हुआ है। पुलिस की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।
– सिद्धार्थ गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त, शालीमार गार्डन।

### एक माह से हो रहा था संचालन

पुलिस की जांच में सामने आया है कि एक माह पूर्व ही युवती ने यहां पर किराये पर जगह लेकर कैफे खोला था। यह स्थान डीएलएफ कालोनी में है, जो दिल्ली से मात्र सौ मीटर की दूरी पर है। दिल्ली से कम किराये में यहां पर स्थान लेकर युवाओं को नशा परोसा जा रहा था। लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

### बदला लेने के लिए पिस्टल की बट से किए वार

**जासं, पूर्वी दिल्ली** : हर्ष विहार इलाके में पुराने झगड़े का बदला लेने के लिए तीन लोगों ने एक युवक पर पिस्टल की बट से हमला कर दिया। पिस्टल तानकर उसपर गोली चलाने की भी कोशिश की। इससे पहले लात घूंसों से उसे जमकर पीट दिया। युवक को अधमरा करके आरोपित फरार हो गए। घायल हालत में सचिन को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मारपीट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है।

सचिन मंडोली एक्सटेंशन में रहता है। कुछ माह पहले उसका अल्ताफ नाम के शख्स से झगड़ा हुआ था, उस दौरान लोगों ने बीच बचाव करवा दिया था। पीड़ित मंगलवार को अपने पड़ोसी के घर के बाहर खड़ा हुआ था। आरोप है कि उसी दौरान अल्ताफ दो साथियों के साथ वहां पर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। उसने पीड़ित पर पिस्टल तानकर गोली मारने की धमकी दी। युवक ने वहां से भागने की कोशिश की तो आरोपितों ने पकड़कर उसपर लात घूंसे बरसा दिए।

# झगड़ा होने पर कर दी थी चाकू मारकर हत्या, आरोपित धरा

**जासं, पश्चिमी दिल्ली** : पालम गांव थाना पुलिस ने हत्या से जुड़े एक मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर मामला सुलझाने का दावा किया है। इस मामले में शराब के नशे में आरोपित और मृतक नितेश के बीच पहले झगड़ा हुआ था, फिर सुबह के समय गुस्से में आकर उसने नितेश पर चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपित के पास से दो चाकू बरामद किए हैं। आरोपित गोविंदा अंबेडकर नगर का रहने वाला है। उसने सातवीं कक्षा तक ही पढ़ाई की है और वह रेहड़ी पर काम करता था।

दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि चार जून को पालम गांव में महावीर एन्क्लेव शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर घटनास्थल की जांच की। इसके बाद क्राइम टीम ने घटनास्थल से नमूने लिए। जानकारी करने पर पता चला कि मृतक नितेश पालम स्थित महावीर एन्क्लेव के रहने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने शव दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। मामले की जांच करने पर पुलिस को मुखबिर के जरिए जानकारी मिली, जिसके आधार पर टीम ने दशरथपुरी के अंबेडकर नगर से आरोपित गोविंद को धर दबोचा।

आरोपित गोविंदा ने बताया कि रात में नितेश अपनी महिला मित्र के साथ उसके कमरे पर आया और दोनों ने मिलकर शराब का सेवन किया। सुबह करीब चार बजे उसने नितेश को अपने कमरे से बाहर जाने के लिए कहा क्योंकि वह सोना चाहता था। इस पर नितेश नाराज हो गया। फिर सुबह छह बजे नितेश ने उसे अपने कमरे के नीचे वाली गली में मिलने के लिए बुलाया। जब वह मृतक नितेश से मिलने गया तो उसने आरोपित को थप्पड़ जड़ दिए।

# दुर्घटना मामले में देना होगा 24 लाख मुआवजा

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली** : बस का बीमा न कराना उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) को भारी पड़ गया। इनकी बस से दुर्घटना के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर स्थित मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ने घायल के लिए 24.25 लाख रुपये मुआवजा राशि तय की है। ट्रिब्यूनल ने आदेश देते हुए कहा है कि यूपीएसआरटीसी इस राशि का भुगतान करे, क्योंकि उनकी बस का बीमा नहीं था।

गणेश नगर एक्सटेंशन-दो निवासी शिवम यादव आठ जुलाई 2014 को यूपीएसआरटीसी की बस से दुर्घटना में घायल हुए थे। शिवम ने यूपीएसआरटीसी और उसके बस चालक बदायूं निवासी कल्याण सिंह के खिलाफ वाद दायर करते वक्त ट्रिब्यूनल को बताया था कि वह अपने तीन रिश्तेदारों के साथ कार में दिल्ली से गन्नौर जा रहे थे।

बुलंदशहर में नरौरा से एक किलोमीटर पहले एनएच-13 पर तेज व गलत साइड से आ रही यूपीएसआरटीसी की बस ने उनकी कार में टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हुए थे, रिश्तेदारों को भी चोटें आई थी।


कड़कड़डूमा कोर्ट ● जागरण आर्काइव

### ये है कानूनी प्रविधान

वाहन का बीमा कराना हर किसी के लिए उचित होता है। कड़कड़डूमा कोर्ट के अधिवक्ता रक्षपाल सिंह ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत दुर्घटना होने पर घायल को मुआवजा दिया जाता है। वाहन का बीमा होने पर मुआवजा राशि का भुगतान करने का दायित्व बीमा कंपनी की झोली में जाता है। बीमा न होने पर वाहन मालिक को अपने स्तर पर भुगतान करना होता है।

इस मामले में नोटिस पर बस चालक ने लिखित जवाब दाखिल करते हुए अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत करार दिया। साथ ही आरोप लगाया था कि शिवम गलत तरीके से चला रहा था, जिसकी वजह से टक्कर हुई।

ट्रिब्यूनल ने इस मामले की एफआइआर और साइट प्लान से पाया कि गलती बस चालक की ही थी। साथ यह भी पाया कि दुर्घटना की वजह से शिवम का शरीर 69 प्रतिशत अक्षम हो गया। इससे उनकी भविष्य की आय भी प्रभावित हुई है। इसे देखते हुए मुआवजा राशि तय की।

# तीसरे जज के फैसले के खिलाफ हुड्डा फिर हाई कोर्ट में

दयानंद शर्मा ● जागरण

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बहनोई रावर्ट वाड्रा से जुड़े गुरुग्राम में विवादास्पद भूमि सौदों की जांच का मामला
- हुड्डा की दलील, आयोग पर तीनों जज की राय अलग, स्पष्ट राय के लिए नए सिरे से निर्णय की आवश्यकता

**चंडीगढ़** : हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बहनोई राबर्ट वाड्रा से जुड़े गुरुग्राम में विवादास्पद भूमि सौदों की जांच के लिए गठित जांच आयोग की निरंतरता के मुद्दे पर तीसरे न्यायाधीश की राय में कोई स्पष्टता नहीं होने का दावा करते हुए स्पष्ट राय के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हुड्डा के अनुसार, इस मामले पर स्पष्ट रूप से तीनों जजों ने अलग-अलग राय रखी है इसलिए इस पर नए सिरे से निर्णय की आवश्यकता है।

हुड्डा मुख्य रूप से जस्टिस एसएन ढींगरा आयोग की संवैधानिक वैधता और मामले में आगे की जांच जारी रखने के संबंध में एक खंडपीठ के विपरीत निष्कर्षों पर अपनी राय देते हुए जस्टिस खेत्रपाल द्वारा पारित नौ मई के आदेश से व्यथित हैं। इस मामले में जस्टिस खेत्रपाल के फैसले पर सवाल उठाने वाली अपनी याचिका में हुड्डा ने अब कहा है कि जस्टिस अनिल खेत्रपाल ने दूसरे जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल की राय से स्पष्ट रूप से सहमति व्यक्त की है हालांकि उसी फैसले में उन्होंने पहले जज अजय कुमार मित्तल द्वारा अपनाए गए इस तर्क का सहारा लेने की राय दी है कि आयोग को जांच आयोग अधिनियम की धारा 8 बी के तहत नोटिस जारी करने के चरण से कार्यवाही शुरू करने की छूट होगी।

हुड्डा ने अपनी याचिका में कहा है, क्योंकि जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल ने हरियाणा राज्य को केवल उसी विषय पर जांच आयोग नियुक्त करने की स्वतंत्रता दी है, क्योंकि ढींगरा आयोग की अवधि समाप्त हो जाने के कारण कानून में इसे जारी रखने की अनुमति नहीं थी। यह भी कहा गया है कि वास्तव में, तीसरे जज ने संदर्भ की शर्तों के अनुसार खंडपीठ के किसी भी जज से सहमति नहीं जताई है और एक स्वतंत्र राय बनाई है जो दोनों का मिश्रण है। जांच आयोग की रिपोर्ट को खारिज किए जाने के बाद भविष्य में की जाने वाली कार्रवाई के मुद्दे पर तीन समान रूप से विभाजित राय हैं।

हाई कोर्ट को बताया गया कि हाई कोर्ट के नियमों के अनुसार, जांच आयोग की रिपोर्ट को खारिज करने के बाद भविष्य में की जाने वाली कार्रवाई का बिंदु इस मामले को अंतिम निर्णय के लिए एक या अधिक न्यायाधीशों के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, क्योंकि मामले की सुनवाई करने वाले तीनों जज ने अलग-अलग और समान रूप से विभाजित राय व्यक्त की है और इस पर जजों के बीच बहुमत की राय का अभाव है।

### ढींगरा आयोग की रिपोर्ट के अस्तित्व पर पूर्व में उठाए जा चुके सवाल

इससे पहले जनवरी 2019 में, हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने माना था कि गुरुग्राम में इन विवादास्पद भूमि सौदों की जांच करने वाले जस्टिस एसएन ढींगरा आयोग की रिपोर्ट "नान-एस्ट" (अस्तित्व में नहीं है) है। हालांकि, इस मुद्दे पर खंडपीठ के दोनों जजों के अलग-अलग विचार होने के कारण कि क्या वही ढींगरा आयोग नए सिरे से रिपोर्ट तैयार करना जारी रखेगा या किसी अन्य आयोग को मामले की जांच करनी चाहिए, उनके विचार के लिए तीसरे जज को भेज दिया गया था। अपना मत देते हुए हाई कोर्ट के तीसरे जज अनिल खेत्रपाल ने अब स्पष्ट किया है हरियाणा सरकार आयोग को फिर से जांच जारी रखने के लिए कह सकती है। यह आदेश पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की याचिका पर पारित किया गया, जिन्होंने ढींगरा आयोग की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी थी। खंडपीठ ने इस मुद्दे पर अलग-अलग राय दी कि क्या ढींगरा आयोग जारी रह सकता है और एक नई रिपोर्ट तैयार कर सकता है या मामले की जांच के लिए कोई अन्य आयोग गठित किया जाना चाहिए। जांच के लिए ढींगरा आयोग को जारी रखने के मुद्दे को फिर तीसरे जज के पास भेज दिया गया था।

*********

क्या आप मानते हैं कि दिल्ली समेत एनसीआर में पानी संकट विगत कुछ वर्षों में बढ़ा है? **90% हां**


क्या आप मानते हैं कि दिल्ली समेत एनसीआर में पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ठोस नीति का अभाव है? **94% हां**

मुद्दा से संबंधित अपनी राय, सुझाव और प्रतिक्रिया muddad@jagran.com पर भेज सकते हैं।

दैनिक जागरण IV
नई दिल्ली, 6 जून, 2024
www.jagran.com

दिल्ली में जल संकट का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि पानी के टैंकर के इंतजार में लोग भोर से ही लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। टैंकर आते ही पानी भरने के लिए मारामारी शुरू हो जाती है और देखते ही देखते 10-15 मिनट में टैंकर खाली हो जाता है। राजधानी के अधिकांश इलाकों में यही स्थिति है। एक दशक से दिल्ली सरकार इस मसले पर पड़ोसी राज्यों को कोसने के सिवाय और कुछ भी नहीं कर सकी है। कोई नई योजना तो शुरू नहीं की गई, हां संकट का और विस्तारीकरण जरूर हुआ है। यमुना किनारे तालाब बनाने की योजना गड्ढे खोदकर छोड़ दी गई। देखा जाए तो राजनेताओं के संरक्षण में फलफूल रहे जल माफिया ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी के संकट को कभी खत्म होने ही नहीं दिया। आंकड़े बताते हैं कि जनता के हिस्से का पीने योग्य पानी आधे से अधिक करीब 52 प्रतिशत चोरी या बर्बाद हो जाता है, जो जल संकट का एक और सबसे बड़ा कारण है। पानी की इस चोरी से सरकार के संरक्षण में पोषित हो रहे माफिया की जेब भर रही है। 52% पानी की चोरी का तथ्य आर्थिक सर्वेक्षण में लिखित में है। बावजूद इसके जल बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारी इस मसले पर मौन रहना ही उचित समझते हैं? ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या वाकई जल संकट राजनीति करने और महज बयानबाजी का मुद्दा है? जिम्मेदार सरकार इस संकट को खत्म कर लोगों तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित क्यों नहीं करती? दिल्ली की दो करोड़ आबादी को पानी मिल सके, पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए क्या किए जाने चाहिए उपाय? इसी की पड़ताल करना हमारा आज का मुद्दा है :

# राजनीति का शोर, पानी ले गए 'चोर'




इलस्ट्रेशन : अवधेश

**जल उपलब्धता 94 एमजीडी बढ़ी**

| | |
|---|---|
| 2014 | 906 |
| 2024 | 1,000 |

**प्रतिव्यक्ति पानी की खपत**

- महानगरों में : 150 एलपीसीडी
- दिल्ली में : 272
- नोट: लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी)

**नौ जल उपचार संयंत्र**

**5,726** ट्यूबवेल और रेनीवेल | **15,473** किलोमीटर लंबी पाइप लाइन | **117** से अधिक भूमिगत जलाशय

**1000** एमजीडी पेयजल उपलब्ध कराने का दावा करता है जल बोर्ड, इसमें से लगभग 52 प्रतिशत चोरी हो जाता है या बर्बाद हो रहा है। 20 प्रतिशत बर्बादी रोकने पर 200 एमजीडी पानी उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होगा।

# कहने नहीं, काम करने से दूर होगा जल संकट



आरएस त्यागी
पूर्व तकनीकी सदस्य, दिल्ली जल बोर्ड

गर्मी के दिनों में पानी की खपत स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। इस कारण पानी की मांग भी बढ़ती है। बढ़ी हुई मांग पूरी करने के लिए ठोस तैयारी नहीं होती है। इसका परिणाम है कि दिल्ली में कई स्थानों पर पानी की किल्लत हो रही है। अब समस्या ये है कि वर्तमान सरकार इस पर राजनीति तो खूब कर रही है, लेकिन पानी की उपलब्धता बढ़ाने का प्रयास नहीं हो रहा। पहले सिर्फ दिल्ली सब ब्रांच (डीएसबी) नहर के माध्यम से हरियाणा से पानी मिलता था। कच्ची नहर में होने वाले रिसाव से लगभग 25 प्रतिशत पानी बर्बाद हो जाता था। इस समस्या के समाधान के लिए पक्की नहर कैरियर चैनल कनाल (सीएलसी) बनाया गया। इसके लिए दिल्ली ने हरियाणा सरकार को लगभग पांच सौ करोड़ रुपये दिए थे। अदालत के निर्देश पर हरियाणा ने वर्ष 2014 में इस नहर के माध्यम से दिल्ली को उसके हिस्से का पूरा पानी देना शुरू किया है। इससे द्वारका, बवाना व ओखला तीन जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) शुरू हो सका है। उसके बाद से पानी की उपलब्धता बढ़ाने का कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाया गया।

मुनक नहर में हरियाणा से साढ़े पांच सौ से अधिक क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है जिससे कि 425 क्यूसेक पानी वजीराबाद जलाशय में पहुंच सके। चंद्रावल व वजीराबाद प्लांट के लिए इतना पानी जरूरी है। मुनक नहर से ड्रेन नंबर आठ से पानी पल्ला के पास यमुना में गिराया जाता है। यमुना से पानी वजीराबाद जलाशय में आता है। एक दशक से इस जलाशय की सफाई नहीं हुई है। इस कारण गाद जमा होने से जलाशय की भंडारण क्षमता कम हो गई है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रत्येक दो से तीन वर्ष में जलाशय की सफाई जरूरी है। जल बोर्ड यह काम नहीं कर रहा है। अपनी नाकामी छिपाने के लिए हरियाणा को दोष दिया जा रहा है।

मानसून में बाढ़ आने पर नदी के किनारों में पानी जमा हो जाता है। सर्दी के मौसम में पानी रिसकर अपने आप यमुना में आता रहता है, फरवरी तक इससे भी कुछ पानी मिल जाता है। गर्मी के दिनों में सभी जगह पानी की कमी होती है। इस कारण हरियाणा भी समझौते से अधिक पानी नहीं देता है। वाष्पीकरण से नहर से आने वाली पानी का नुकसान भी बढ़ जाता है। नदी के किनारों में जमा पानी भी समाप्त हो जाता है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने कुछ वर्ष पहले यमुना किनारे तालाब बनाने की घोषणा की थी। कुछ तालाब बनाए भी गए थे परंतु उनका रखरखाव नहीं होने के कारण बाढ़ आने से नष्ट हो गए। यदि यमुना किनारों पर पानी भंडारण की व्यवस्था होती तो गर्मी के मौसम में इस तरह परेशानी नहीं होती।

दिल्ली जल बोर्ड एक हजार एमजीडी पेयजल उपलब्ध कराने का दावा करता है। इसमें से लगभग 52 प्रतिशत या तो चोरी या बर्बाद हो रहा है। 20 प्रतिशत बर्बादी रोकने पर 200 एमजीडी पानी उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होगा। इसके लिए निगरानी तंत्र को बेहतर बनाने के साथ उपभोक्ताओं को जागरूक करना होगा। कई स्थानों पर पाइपलाइन टूटी हुई हैं जिससे पानी बर्बाद हो रहा है। कई स्थानों पर जमीन के अंदर रिसाव होता रहता है जिससे होने वाले नुकसान का पता नहीं चलता है। यूरोप, अमेरिका, सिंगापुर, जापान में बर्बादी रोकने के लिए प्रत्येक स्तर पर पानी का आडिट होता है। उपभोक्ताओं द्वारा पानी की खपत का भी आडिट किया जाता है जिससे घरों में होने वाली बर्बादी का पता लगाकर उसे रोकने के कदम उठाए जाते हैं। दिल्ली में 70 प्रतिशत पानी का उपयोग सिंचाई, वाहनों की सफाई, शौचालय जैसे गैर पेयजल के लिए होता है। वहीं, एसटीपी से मिलने वाला पानी नाले में बहाया जा रहा है। रिज एरिया में इस पानी को संग्रहित किया जाना चाहिए जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा। इन कार्यों के मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति की जरूरत है।

-संतोष कुमार सिंह से बातचीत पर आधारित

# एसटीपी अपनी क्षमता से करें काम तो मिल सकता है समाधान



प्रो. शशांक शेखर
भूगर्भ शास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

राजधानी में फिलहाल 650 एमजीडी पानी ही शोधित किया जा रहा है। इसकी गुणवत्ता भी ऐसी नहीं है कि उसे यमुना में इस्तेमाल किया जा सके। दिल्ली में हर गर्मियों में पानी की किल्लत का यह प्रमुख कारण है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता और गुणवत्ता ठीक कर ली जाए, तो पानी की समस्या का समाधान हो सकता है। वर्तमान में दिल्ली में जो समस्या दिख रही है, उसका कारण एकत्र किए गए पानी की कमी है। गर्मियों में यह लाजिमी भी है। यहां का पानी वाष्प बन जाता है। भूजल का स्तर भी नीचे चला जाता है। पूरे हालात पर नजर डालें तो दिल्ली दो तिहाई पानी के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है। फिलहाल समस्या का समाधान नहीं है कि उत्तर प्रदेश व हरियाणा अगर 30 से 40 एमजीडी पानी दें, तो ही जनता की प्यास बुझाई जा सकती है। अगर ऐसा नहीं होता है तो ट्यूबवेल के जरिये पानी टैंकर से लोगों तक पहुंचाया जाए, यही तरीका सरकार अपना भी रही है। लेकिन, नलों में पानी पहुंचाने के लिए उन्हें स्थायी समाधान चाहिए। वर्तमान में दिल्ली में हर साल औसत 1,170 एमजीडी पानी की जरूरत होती है। फिलहाल लगभग 1,000 एमजीडी पानी का उत्पादन हो रहा है। इसमें 20 प्रतिशत लाइन से बाहर चला जाता है। कुल 25 प्रतिशत पानी कम उपलब्ध हो रहा है। गर्मियों में आपूर्ति घटने से अब समस्या विकराल हो गई है। वर्तमान में जो पानी राजधानी के लोगों को मुहैया कराया जा रहा है, उसका 87 प्रतिशत नदियों से आता है। शेष 13 प्रतिशत में नौ प्रतिशत भू-गर्भ का जल है और चार प्रतिशत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से दोबारा उपयोगी बनाकर दिया जा रहा है। नदियों के 87 प्रतिशत जल में 30 प्रतिशत अपर गंगा कैनाल से, 32 प्रतिशत सतलज और यमुना का मुनख से व 37 प्रतिशत यमुना से लिया जा रहा है। बरसात में 1063 एमजीडी पानी प्राकृतिक तौर पर मिलता है, लेकिन उसे एकत्र नहीं किया जा पाता। पांच राज्यों के समझौते के तहत 250 एमजीडी उपचारित किया हुआ पानी यमुना में सरकार को डालना ही है। इसलिए दूसरा रास्ता भी खोजना होगा। सरकार बाढ़ के मैदानी इलाकों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है। राजधानी में 97 किलोमीटर क्षेत्र बाढ़ का मैदानी क्षेत्र है। इसमें फिलहाल 12 किलोमीटर क्षेत्र में ट्यूबवेल लगाकर पानी निकाला जा रहा है, जबकि इस पूरे क्षेत्र का इस्तेमाल कर पानी लिया जा सकता है। हालांकि, यह विज्ञानी तरीके से होगा। कितनी मात्रा में पानी निकालना है, ट्यूबवेल के बीच समुचित दूरी रखनी है। नदी से भी समुचित दूरी रखकर ट्यूबवेल खोदने होंगे। पूरे क्षेत्र का एक डिजाइन तैयार करना होगा। इसके बाद यहां से पानी की आपूर्ति गर्मियों में की जा सकती है। जब बरसात आएगी तो पूरा इलाका में पानी भर जाएगा और जितना जल दोहन किया गया है, वो बराबर हो जाएगा। अभी वजीराबाद से ऊपर पल्ला क्षेत्र में 100 नलकूप सरकार ने लगाए हैं। इनसे 30 एमजीडी पानी हर रोज निकाला जाता है। मानसून में इस इलाके में पानी का स्तर इतना ही हो जाता है, जितना इससे पहले था। इनके लगने के बाद से 22 वर्षों में दो लाख 41 हजार एमजीडी पानी निकाला जा चुका है। पर, भूजल के स्तर में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। इसलिए, यहां से 60 एमजीडी पानी निकाला जा सकता है। ऐसा ही यमुना विहार और ओखला बैराज के मैदानों में भी किया जा सकता है। सरकार इन नलकूपों से 100 एमजीडी तक पानी निकाल सकती है। इससे समस्या का समाधान हो सकता है। यह तो वर्तमान समस्या की बात है, भविष्य में दिल्ली की आबादी और बढ़ेगी। तब लोगों को 1,332 एमजीडी पानी की जरूरत होगी। उसके लिए सरकार के पास फिलहाल कोई योजना दिखाई नहीं देती। 200 एमजीडी पानी लाइन लास को हटा लें, तो 532 एमजीडी की जरूरत भविष्य में पड़ेगी। नदियों से पानी नहीं ले सकते। नलकूपों से कुछ भार कम जरूर होगा, लेकिन 300 एमजीडी पानी के उत्पादन की जरूरत पड़ेगी। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से साफ पानी का उत्पादन कर इसे बढ़ाया जा सकता है। उसके लिए सरकार को स्थायी और मजबूत योजना बनानी होगी।

-उदय जगताप से बातचीत पर आधारित

# प्यासी दिल्ली, झूठे वादे


राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों का यह दुर्भाग्य ही कहेंगे कि यहां पानी की आपूर्ति कभी भी मांग के मुताबिक नहीं हो सकी। गर्मी शुरू होने के साथ ही जैसे-जैसे पानी की मांग बढ़ती है, वैसे-वैसे राजनीति शुरू हो जाती है। नतीजा, संकट के समाधान का रास्ता निकालने के बजाय बयानबाजी में ही साल कट जाता है। अब भी देखें तो दिल्ली में एक दशक में पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए सुधार की दिशा में कोई उपाय नहीं हुए, योजनाएं बनीं, गति नहीं मिली।



**फरीदाबाद में पानी के स्रोत**

- 22 रेनीवेल और 1,713 ट्यूबवेल से पानी सप्लाई होता है
- मिर्जापुर में छह ट्यूबवेल और 10 रेनीवेल लगाए गए है। ट्यूबवेल से छह एमएलडी और 10 रेनीवेल से 35 एमएलडी पानी की बढ़ोतरी हुई।
- प्रति व्यक्ति पानी की जरूरत : 135 लीटर

उपलब्धता : 100 लीटर




दिल्ली आर्थिक सर्वेक्षण (वित्त वर्ष 2023-24) के अनुसार राजधानी में कुल 20 अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (एसटीपी) हैं।

**632** एमजीडी शोधित क्षमता | **550.07** एमजीडी शोधित होता है | **792** एमजीडी अपशिष्ट जल उत्सर्जन

**दिल्ली में पेयजल उपलब्धता बढ़ाने को प्रस्तावित योजना**


**रेणुकाजी बांध** : हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में दधाऊ नदी पर वर्ष 2028 तक बनने की उम्मीद

**किशाऊ बांध** : उत्तराखंड के देहरादून और हिमचाल प्रदेश के सिरमौर जिले में यमुना की सहायक नदी टोंस पर प्रस्तावित


**लखवार बांध** : उत्तराखंड के देहरादून जिले में यमुना पर प्रस्तावित इस बांध से दिल्ली को जल मिलेगा।

दिल्ली को पानी यमुना, गंगा (उत्तर प्रदेश) और दिल्ली जल बोर्ड के ट्यूबवेल व रेनीवेल से उपलब्ध होता है। विभिन्न नहरों से यमुना व गंगा का पानी दिल्ली तक पहुंचाया जाता है।


**गुरुग्राम में पानी की खपत, उपलब्धता और अंतर**




**फरीदाबाद**





**गौतमबुद्ध नगर की स्थिति**




**गाजियाबाद का हाल**

**97** जगह कार्रवाई की गई 2022-23 में | **157** जगह कार्रवाई की गई 2023-24 में | **गाजियाबाद** अवैध आरओ प्लांट, सर्विस सेंटर और बोरवेल पर कार्रवाई




**गुरुग्राम में पानी की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास**

गुरुग्राम में चंदू बुढेड़ा और बसई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 150 एमजीडी है। एक दशक में इनकी क्षमता जरूरत के अनुसार बढ़ाने का कार्य चल रहा है। दोनों प्लांटों पर दो यूनिट की क्षमता 26 एमजीडी (प्रत्येक यूनिट की) बढ़ाने का कार्य चल रहा है। जनवरी 2025 तक यह कार्य पूरा होने की उम्मीद।

**पानी के स्रोत: नहरी पानी** : 150 एमजीडी
**नगर निगम के 600 बोरवेल से** : 30 एमजीडी

**गौतमबुद्ध नगर में यहां चल रहा काम**

- 80 क्यूसेक गंगाजल की लाइन का काम चल रहा है। इसमें से 45 एमएलडी गंगाजल की उपलब्धता हो गई है, वर्ष के अंत तक परियोजना का काम हो जाएगा। इसके बाद करीब 39.62 एमजीडी गंगाजल की उपलब्धता बढ़ जाएगी। इसके बाद भूजल के दोहन की आवश्यकता काफी कम हो जाएगी।
- रेनीवेल दुरुस्त करा रहा है प्राधिकरण। दो नए रेनीवेल जनवरी 2025 तक चालू हो जाएंगे। जिससे करीब 18 एमएलडी पानी की उपलब्धता बढ़ जाएगी।
- वर्ष 2022 में 800 करोड़ रुपये लागत की 85 क्यूसेक गंगाजल परियोजना की शुरुआत हुई। 38 सेक्टरों को गंगाजल मिलना शुरू हुआ। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में तीन जलाश्यल का निर्माण हो रहा है।

| गाजियाबाद में स्रोत | |
|---|---|
| नलकूप | 70 |
| गंगाजल | 14.52 |
| रेनीवेल | 1.84 |
| नोट : एमजीडी में | |


**योजनाएं**

- चार रेनीवेल का काम अंतिम चरण में।
- जल निगम अमृत योजना के तहत 2.64 एमजीडी पानी की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी।

**130** लीटर प्रति दिन प्रति व्यक्ति पानी की खपत

**135** लीटर आदर्श स्थिति

**दिल्ली : स्रोत और जल आवंटन**




**नोट:** इसके अतिरिक्त यमुना नदी से भी पानी लिया जाता है।

# भारत लोकतंत्र की जननी है : डा. राजशरण शाही

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** भारत का लोकतंत्र निरंतर समृद्ध तथा सशक्त होकर पूरे विश्व को एक सकारात्मक दिशा दिखा रहा है। भारत लोकतंत्र की जननी है, इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से देश में सकारात्मक वातावरण उत्पन्न हुआ है।



डा. राजशरण शाही

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राजशरण शाही ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गुजरात में आयोजित एक दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की सशक्तता, बंधुत्व तथा समानता जैसे श्रेष्ठ मूल्यों का मूल राष्ट्र में प्राचीन समय से रहा है, जिसे निरंतर विकसित करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक मूल्यों को लोक जीवन में स्थापित करने के निरंतर महत्वपूर्ण प्रयास किए जाने चाहिए।

# बहादुरगढ़ नप के पूर्व प्रधान से मांगी दो करोड़ की रंगदारी

**जागरण संवाददाता, बहादुरगढ़:** नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं गणपति औद्योगिक क्षेत्र के प्रधान अशोक गुप्ता से गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के नाम पर दो करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। फोन करने वाले ने खुद को नंदू बताया है और मैसेज लिखा कि पैसे नहीं दिए तो नफे सिंह राठी जैसा हाल होगा।

नफे सिंह राठी की हत्या के पीछे भी गैंगस्टर नंदू का हाथ होने का आरोप है। अशोक गुप्ता दिल्ली में रहते हैं। ऐसे में वहीं पर फोन आया तो दिल्ली के पश्चिम विहार थाने में केस दर्ज किया गया है। दिल्ली पुलिस ने अशोक गुप्ता को सुरक्षा मुहैया करवा दी है। 10 पुलिसकर्मी उनकी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। अशोक गुप्ता के पास नंदू के नाम पर रंगदारी तब मांगी गई है, जब बहादुरगढ़ के पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गैंगस्टर नंदू की सीबीआइ को तलाश है। नफे सिंह हत्याकांड की जांच सीबीआइ कर रही है।

**10** बार काल आई, मगर अशोक गुप्ता ने नहीं रिसीव की गैंगस्टर की काल

- पूर्व प्रधान और गणपति औद्योगिक क्षेत्र के प्रधान अशोक गुप्ता को पुलिस ने दी सुरक्षा
- गैंगस्टर ने वाट्सएप मैसेज में लिखा, पैसे नहीं दिए तो नफे सिंह राठी जैसा हाल होगा

फोन करने वाला नंदू ही है या कोई और, इसकी अभी पुष्टि होने से पुलिस इन्कार कर रही है। अशोक गुप्ता मंगलवार की शाम करीब सात बजे जब अपने घर पर थे, तब उनके पास वाटसएप पर काल आई। एक बार उन्होंने फोन उठाया तो कालर ने पहले उनका नाम पूछा। फिर बोला.. मैं नंदू बोल रहा हूं। इतना कहते ही अशोक गुप्ता ने फोन काट दिया।

इसके बाद भी उनके पास काल आती रही। कुल 10 बार काल आई मगर उन्होंने रिसीव नहीं की। अशोक गुप्ता ने फोन नहीं उठाया तो उनके पास उसी नंबर से नौ मैसेज आए। इनमें कहा गया कि दो करोड़ की प्रोटेक्शन मनी चाहिए नहीं दी तो तुम्हारा भी वही हाल करेंगे जो नफे सिंह का किया। 50 गोलियों से स्वागत होगा। मैसेज में यह भी लिखा गया कि तुमने नफे राठी की बहुत मदद की है। अब अपनी तैयारी कर लो। धमकी देने वाले ने अशोक गुप्ता को यह भी मैसेज में बताया कि उनका आफिस कहां पर है। इसके बाद अशोक गुप्ता ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी। बाद में उनकी शिकायत पर केस दर्ज किया गया। दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इधर, अशोक गुप्ता का कहना है कि 20 साल से तो वे नफे सिंह से वैसे ही दूर रहे हैं।

# स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए पौधारोपण की जरूरत : श्रीवास्तव

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** विश्व पर्यावरण दिवस पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि भूमि की गुणवत्ता बहाल करने और स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए पौधारोपण जैसी पर्यावरण संरक्षण प्रथाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। मीडिया को जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन और बढ़ते मानव या मानव निर्मित हस्तक्षेप के कारण भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण से हमारे पारिस्थितिकी तंत्र, खाद्य सुरक्षा और आजीविका को खतरा है।



एनजीटी के चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव

एनजीटी के चेयरमैन ने कहा कि हमें अधिक पौधे लगाने, पानी की खपत कम करने और पर्यावरण संरक्षण प्रथाओं का समर्थन करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कचरे के निपटान में कुप्रबंधन, बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के कारण मरुस्थलीकरण और भूजल के अत्यधिक दोहन के कारण भूमि की गुणवत्ता खतरे में पड़ गई है।

********